आदर दीन सु कब्बी। आसन आछादि रोहि तिय तथ्थं ॥
निज प्रारथना राजं। गोमक्ष्क्षे ग्रेह साजनं साजः ॥ छं० ॥ २६३ ॥

कविचंद की स्त्री का समझाना।

चौपाई ॥ तब ग्रेहनि बरदाइ सु आइय। अंचल गंठि विलग्गिय धाइय ॥
को [2]अति जात अप्प जम आनै। अनि सिर मत्य अप्प सिर तानै॥
छं० ॥ २६४ ॥
जिन कैमास रिद्धि रज रष्पी। जिन कैमास मंच सिर सष्पी ॥
जिन कैमास देस नव आने। सो कैमास हत्यौ निज बाने ॥छं०॥२६५॥

---

(१) मो-दरवार नूर।

* इस छन्द को चारों प्रतियों भुजंगी नाम से सम्बोधन किया गया है। मूल पाठ भी "उगियं भान पायान पूरं, वज्जियं देव दर संख तूरं। कलत्र कैमास चढ़ वरन साला। देवी बरदाय वर मंगवाला।" यह है परन्तु यह भुजंगी नहीं है। भुजंगी छन्द में चार यगण होता है। मालूम होता है लेख की भूल से कुछ हेर फेर होगया है अस्तु हमने इस छन्द को पूर्व्वोक्त पद्धरी में मिला कर पाठान्तर दे दिए हैं। (२) ए. कृ. को.-अनिं।

तू भूल्यौ वरदाय विचारं। अच्छिर सुचिसुद्द मन द्वारं॥
जे जमग्रेह न अप्प ढुंढाने। सो जग्गवै काय विनसाने॥
छं० ॥ २६६ ॥

कवित्त ॥ जा जीवन कारनह। धम्म पालहि व्रत टारहि॥
जा जीवन कारनह। अथ्थि दै चित्त उवारहि॥
जा जीवन कारनह। द्रुग्ग हय देसति [1]अप्पहि॥
जा जीवन कारनह। होम करि नव ग्रह जप्पहि॥
जा जीवन सांई सुपन। न्टपति वहुत जाचिय अभौ॥
सुक्के सु सरोवर हंस गौ। कालि वुझ्झै चधियार [2]भौ॥छं०॥२६७॥

जो मनुच्छ धर धम्म। मरम जानै न मरम जप॥
सास आस वंधयौ। आस आसना करै अप॥
जग्ग जोग तप दान। सास वंधन जग्गो जुअ॥
मोर वीर अनुकार। सास नन असन वंध धुअ॥
छिन देह भंग विज्जल छटा। सजय विजय [3]वंधय सु जिय॥
गुर गल्ह रहै भल पत सुचौ। दुप्प न करो महंत पिय॥छं०॥२६८॥

मात गरभ वस करी। जम्म वासुर वस लभ्भय॥
पिनन नग्गि पिरदाय। मुदय पिन हंस अलुभ्भय॥
वपु विसप्प वढ्ढयौ। अंत रुद्धह डर डरयौ॥
कच तुच दंत जरार। धार किम किम उच्चरयौ॥
मन भंग मग्ग मुक्कत सयल। निपत निमेषन चुक्कयौ॥
पर कज्ज अज्ज मंगौ न्टपति। सकै न [4]प्रान पमुक्कयौ॥छं०॥२६९॥

दूहा ॥ समरि जाय कविचंद वर। वर लद्धौ हुंकार॥
राज दरह सम्हौ चलैं। मरन सुमंगल भार॥ छं० ॥ २७० ॥

स्त्री के समझाने पर कवि का दरबार में जाना और राजा से कैमास की लाश मांगना।

(१) मो.-अथ्थह। (२) मो. सौं।
(३) मो.-वंधिय। (४) ए. कृ. को.-"प्रान पमुक्कयौ।

कवित्त ॥ रष्षि सरनि सह गवनि । मरन संगरु अपुब्ब किय ॥
दरलि पिष्षि दरबार । रक्षि सक्यौ न मग्ग दिय ॥
जग्गि जल्लनि प्रथिराज । नैंन नेनं जब दिप्यौ ॥
अति करना रस बीर । करी संकर रस लिप्यौ ॥
बुल्ल्यौं न बेन तब दीन हुअ । कनक काम कवि अच्छयौ ॥
तुम देव किति कुहलिय कमल । धरनि धरनि तन सुक्कयौ ॥
छं० ॥ २७१ ॥

दूहा ॥ रहि सु भट्ट अंतर करन । कविन अम्म धर भूर ॥
इह अअम्म लग्गहि उरह । क्रम्म उरक्कहि जर ॥ छं० ॥ २७२ ॥

गाथा ॥ बाला न मंगि वरयौ । काउ वासंत भट्ट [1]सियाइं ॥
ना तुअ गति संभरवै । संभरि वै राय रासं ॥ छं० ॥ २७३ ॥

पृथ्वीराज का नाहीं करना ।

दूहा ॥ पढ़िय किति बुल्लिय वयन । दिल्ली पुरउ नरिंद ॥
दाहिम्मौ दाहर जहर । को कहु कविचंद ॥ छं० ॥ २७४ ॥

कवि का पुनः राजा को समझाना ।

कवित्त ॥ रावन किन गह्यौ । क्रोध रघुराय बान दिय ॥
बालि सु कित गह्यो । चीय सुग्रीव जीय लिय ॥
चंद किन्न गह्यौ। कियौ [2]गुरवारस हिल्लह ॥
[3]रविन पंग गह्यौ । पुच्छि सहदेव पहिल्लह ॥
गड़्यौ न इंद्र गोतम रिषह । सिव सराप छंडन जनी ॥
इन दोस रोस प्रथिराज सुनि । मति गह्य संभरि धनी ॥
छं० ॥ २७५ ॥

ना राजन कुर नंद । [4]नाक वत्ती [5]कन कट्टी ॥
अअम्म वीर विक्कम्म । सक्क वंधी कल [6]मिट्टी ॥
पंजर सद्द सु रारि । दिष्षि गंध्रव न्रप भंजों ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सिरयाई, सिरपाई । (२) कृ.-गुरवास हिल्लह ।
(३) ए.-रवनि ।
(४) ए. कृ. को.-नाक वित्ती । (५) मो.-कट्टी । (६) मो.-कट्टी

तमकि तास अगि मारि। किति पुत्त मुक्किय अग्गौं ॥
सो सत्ति वात आतम पुरिसि। तामस इह आपुन मिटै ॥
किं जान खोय किं किं ¹जपह। किति तोय वहु न्नप नटै ॥
छं० ॥ २७६ ॥

कवि का कैमास की कीर्ति वर्णन करना।

मति कैमास मति मेर। दोस दासी न हनिज्जै ॥
मति कैमास मति मेर। सामि दो हौ न गनिज्जै ॥
मति कैमास मति मेर। दंड कुब्बेर भरिज्जै ॥
मति कैमास मति मेर। दाग विन धरनि धरिज्जै ॥
वहि गई सरक नगौर की। मंच जोर सेवर कहर ॥
चहुआन राव चिंतारि चित। गज्यौ कढ़ि दै करि न हर ॥
छं० ॥ २७७

दूहा ॥ दासि संग कैमास कढि। जग दिष्षवै नरिंद ॥
वरै वरनि अंगन परी। वर मंगै कविचंद ॥ छं० ॥ २७८ ॥

कैमास की लाश उसके परिवार को देना।

कवित्त ॥ रीस मेल्ही दासी सु। राज लिन्नौ अध खिष्यौ ॥
सो नट्ठी तिन वेर। कढ़ि कैमासह दिष्यौ ॥
कविय हथ्थ अप्पयौ। अप्प वरनी वर लिन्नौ ॥
पुत्र वीर दाहिम्म। हथ्थ कविचंद सु दिन्नौ ॥
तिहि तरुनि मिलत तारुनि करिनि। पेम पंसि विधि विधि करै ॥
कविचंद छंद इम उच्चरै। भावी गति को उब्बरै ॥ छं० ॥ २७९ ॥

राजा का कैमास के पुत्र को हाँसीपुर का पट्टा देना।

कविय पुत्र कैमास। राज हांसीपुर दिन्नौ ॥
पुब्ब धनं पन अप्पि। गोद नरसिंह ³सु किन्नौ ॥
तिहि सु दिनह प्रथिराज। बीर दुरबार सजोइय ॥
वरनि वज्जि नीसान। रोस छिम सात्वक होइय ॥

(१) ए. कृ को.-जयियं। (२) मो.-कैवास। (३) ए. कृ. को.-सु दिन्नौ।

सुरतान गहन मोषन न्टपति । पंग चीय पातुर दरसि ॥
दिषि चीय सभा मन पंग कौ । छवि संमुह बरि बरि बिरसि॥
छं० ॥ २८० ॥

दूहा ॥ प्राहारी कैमास न्टप । सो अप्पे विह सत्त ॥
न्टप पुच्छत कबिचंद कौं । अरु गुर राज सहित्त ॥छं०॥२८१॥

पृथ्वीराज का गुरुराम और कविचन्द से पूछना कि किस पाप का कैसे प्रायश्चित्त होता है।

तुम गुर न्टप अरु गुर कवी । तुम जानौ वहु काम ॥
किहि परि गह लंछन लगै । [1]को मेटै लगि साम ॥ छं० ॥ २८२ ॥

कविचन्द का उत्तर देना। (सामयिक नीति और राज नीति वर्णन)

पद्धरी ॥ उच्चरै चंद गुर राज साज । कल कहै वत्त सो नीत राज ॥
संभरहु स्तूर सोमेस पुत्त । कल धूत धूत [2]जग धूत धुत्त ॥
छं० ॥ २८३ ॥

सम वर प्रधान सम तेज राज । सम दान मान सामत्ति साज ॥
पलटै कि राज लछ्छन लीन । बहु भंति कुलह विग्गरै तीन ॥
छं० ॥ २८४ ॥

विग्गरै स्तूअ हंकार मभ्झ । वर जाय अप्प रस अम्म रज्ज ॥
विग्गरै राज राजन अन्याइ । विग्गरै ग्रेह चीया अछाय ॥
छं० ॥ २८५ ॥

उद्दिम सु हीन न्टप राज राइ । तिन चंद चंद प्रातह दिषाइ ॥
विग्गरै इष्टपन कट्ठ नेह । विग्गरै सोय निज लोभ ग्रेह ॥
छं० ॥ २८६ ॥

विग्गरै मोह भर समर साज । विग्गरै लच्छि बौहरे लाज ॥
प्रसट्ठै अध्रम्म विगरै ध्रम्म । संभरि सु राज राजन सु भ्रम्म ॥
छं० ॥ २८७ ॥

(१) मो.-"के मेटन लागी काम"। (२) ए. कृ. को.-जग।

साधुम्म सेव गरुअत्त जीव । चिय राज नीति राजह न सीव ॥
विग्गरै पुन्य धीरह सु ब्रूव । भादक्क ग्रेह वहु दुष्ट ह्लव ॥
छं० ॥ २८८ ॥

विग्गरै राज परदार [1]पान । लोभिष्ट चित्त चंचल प्रमान ॥
विग्गरै राज सुय वाल ह्लर । संचरै वहुत सपि मक्रूक्त दूर ॥
छं० ॥ २८९ ॥

विग्गरै दुज्ज ग्रह अंत दान । विग्गरै तप्प क्रोधह प्रमान ॥
विग्गरै राज राजन सु जानि । जो सुनै वत्त दुष्टं सु वानि ॥ छं० ॥ २९० ॥

परनारि [2]पित्त आचरन होइ । विग्गरै राज निज संच सोइ ॥
तन सद्दै राज चिंतन प्रमान । पुच्छहि सु बोल कनवज्ज जान ॥
छं० ॥ २९१ ॥

पुच्छि मंच राय संभरि नरेस । तत अद्दै राज नीतह सुरेस ॥
उच्चऱ्यौ राव जंवू नरेस । संभरिय राज संभरि नरेस ॥ छं० ॥ २९२ ॥

[3]तव वंस भाव जरतित्त मान । संभरी हुत ऊपत्ति थान ॥
तिहि सेन राजनीतह सु राज । सो नीत राज जित [4]सुरग राज ॥
छं० ॥ २९३ ॥

रिसराज जोर तिन तह प्रमान । वंधयौ सकल तिन राज [5]थान ॥
कसि असक ओर कसि द्रव्य दंड । दिज्जियै ओर जोगिंद डंड ॥
छं० ॥ २९४ ॥

भंजियै वंक कै वंक साख । भजि कठिन कंक कौ कठिन वाख ॥
वल पुच [6]माय सम सुमति जाइ । आनयौ पुष सज्ज रहिस धाय ॥
छं० ॥ २९५ ॥

[7]पंडिय सु दोस दुज दान प्रीय । न्रप दुरै झूठ कित्ती सु [8]दीय ॥
न्रप नीति भ्रम्म समकाल लोय । वंकै कटाछ्य वंके न कोय ॥
छं० ॥ २९६ ॥

(१) ए. कृ. को.-थान । (२) ए. कृ. को.-पित्त । (३) ए. कृ. को.-तम ।
(४) ए. कृ. को.-सुग्गि । (५) ए. कृ. को.-थान । (६) ए. कृ. को.-न्याय ।
(७) ए. कृ. को-"भंडिय सुदेस हुज दान प्रीति" । (८) ए. कृ. को.-दीत ।

संसार नीति किय तत्त पंथ। विभ्भूत नीति मुनि नीति ग्रंथ॥
सह अग्ग पुच्छ तत्तं प्रमान। नित साम धास ब्रह्मा सु ध्यान॥
छं० ॥ २९७॥

रषिये सु अत्य रष्यन सु लच्छि। फिरि हीत ताहि हित तत्त अच्छि॥
न्रिप भजै नीति उमराव होति। न्रिप [1]रहै नीति जो हैत प्रीति॥
छं० ॥ २९८॥

न्रप जानि बीर भौ ताहि भेद। दुह भरनि बीर ज्यों प्रवह बेद॥
न्रप भेटि करै समता सरीर। बुझ्झवै अगनि जिम वरसि नीर॥
छं० ॥ २९९॥

भोग वैं राज परिगह संजुत्त। मति ग्रान करै सा अस्स पुत्त॥
रिषियै सु अत्य इन भांति मान। ते सामि काम अमरित्त जान॥
छं० ॥ ३००॥

सा अस्स सहै सो मित्त सेय। जानै न सामि उत्तर न देव॥
न्रप धास बत्त इह भांति जानि। कवि बहि लज्जि गंभीर वानि॥
छं० ॥ ३०१॥

न्रप सुनी बत्त परि कहि न जाइ। ज्यों जल तरंग जल में समाइ॥
हय गय सु मांहि धुम्र परी लुम्भ। सम्भाइ जेम जल छांह कुम्भ॥
छं॥ ३०२॥

समसान अग्गि निधि न्रपति जीय। न्रप चित्त अंग कीटी [2]सु लीय॥
रष्यो सु अंब जो न्रपत रूप। वय ससी चित्त लज्जी सरूप॥
छं० ॥ ३०३॥

जन हथ्थ भ्रान पंकी सु रंग। तामंस लोह जनि [3]मनित पंग॥
सुरतान चित्त जब होय लोय। उन चिंत सदा कलपंत होइ॥
छं० ॥ ३०४॥

सा अस्स बिना परि गहन काच। रूपं न रत्त दरबार साच॥

---

(१) ए. दहै।
(२) मो.-तीय।
(३) ए. कृ. को.-मन पतंग।

दुज सफर जम्म [1]नाही सनान । संसार रतन नृप परष दान ॥
छं० ॥ ३०५ ॥

दूहा ॥ इह मंची नृप काज अरु । सब परिगह इन भीत ॥
राजनीति राजन रहै । जस धन ग्रहन न जीत ॥ छं० ॥ ३०६ ॥

राजा का कहना कि मुझे जैचन्द के दरबार में ले चलो ।

होय कंठ लग्गिय अगनि । नयन जलग्गि ललान ॥
अंब जीव वंछै अधिक । कहि कवि कोन सयान ॥ छं० ॥ ३०७ ॥
तौ अप्यों कैमास तो । जो मेटै उर अंदेस ॥
दिष्या वहि पहु पंगुरौ । जै जैचंद नरेस ॥ छं० ॥ ३०८ ॥

कवि का कहना कि यह क्यों कर हो सकता है ।

षिनक न मन धीरज धरहि । अरि दिष्यत तिन काल ॥
अति वर वर बुल्लै नहीं । सुकिम [2]चलहि भूपाल ॥ छं० ॥ ३०९ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि हम तुम्हारे सेवक बन कर चलेंगे ।

मुरिल्ल ॥ चलौं भट्ट सेवक होइ सथ्थह । जौ बोलूं तो हथ तुम मथ्थह ॥
जबह जानि संमुह हूअ । तब संम्मरु अंग करौं दोउ भूअ ॥
छं० ॥ ३१० ॥

कवि का कहना कि हां तब अवश्य हमारे साथ जाओगे ।

अरिल्ल ॥ अब उपाय समझयौ इह संचौ । सुनि कवि मरन मिटै नह रंचौ ॥
समर तिथ्थ गंगाजल पंचौ । अवसर अवसि पंग ग्रह नंचौ ॥
छं० ॥ ३११ ॥

राजा का प्रण करना ।

दूहा ॥ आनंद्यौ कवि के वयन । न्रप किय संच विचार ॥

---

(१) ए. कृ. को.-तीही ।　　(२) मो.-चलहु ।

मरन गरुत्र सिर हलुत्र है। जियन हरूत्र सिर भार ॥छं०॥३१२॥

*चान्द्रायन॥ अप्पौ पहु कैमास सती सत्त संचन्यौ।
मरन लगन विधि हथ्य तत्थ कवि उच्चरयौ॥
धर भर पंग प्रगट्ट रुठट्ट विहंडिहौं।
इन उपहास विलास न प्रानय षंडिहौं॥ छं० ॥ ३१३॥

कैमास की स्त्री का उसका मृतकर्म करना, राज महलों की शुद्धता होनी, सब सामंतों का दरबार होना।

पद्धरी॥ अप्पौ सु कविय कैमास राज। बरदाय क्रित्ति मन्यो सु काज॥
दीनौ सुं हथ्थ सह गमनि तथ्थ। लै चली बाहि 'क्रत न्नि सथ्थ॥
छं० ॥ ३१४॥

बोलयौ सुतन कैमास हंस। दुत्र तिय वरष्ष ऋति रूत्र रंस॥
दीनौ जु तथ्थ सिर राज हथ्थ। यप्पौ सु थान परि तुय परथ्थ॥
छं० ॥ ३१५॥

दुत्र घटिय पंच पल आदि जाम। किन्नौ सु महल चहुआन ताम॥
बोले सु सब्ब सामंत सूर। आदर अदब्ब दिय अत्ति जूर॥
छं० ॥ ३१६॥

कयमास घात अपराध दासि। सब कही सुभट सुम्भा सु भासि॥
अप्पान छत्य मन्यो सु अप्प। जानहु सु रीति राजंग दप्प॥
छं० ॥ ३१७॥

इम कहिय कन्ह नरनाह बोलि। अप्पी सु तेग हमकौं सु षोलि॥
किय सुमन सूर सामंत सव्व। हुत्र ग्रेह ग्रेह आनंद नव्व॥
छं० ॥ ३१८॥

सब नैर बासि आनंद मन्नि। षोले किपाट न्रप जुगति गन्नि॥
उद्यौ सु महल सब सुचित कीन। पारनें काज द्वादसी दीन॥
छं० ॥ ३१९॥

*इस छन्द को चारों प्रतियों में मुरिल्ल करके लिखा है। (१) मो.-क्रम।

कैमास के कारण सबका चित्त दुखी होना।

वहुरेव सूर सामंत ग्रेह। कयमास दोस मन्यो सु देह॥
कीने सुभट्ट सब सुचिंत राज। उर मन्यौ अप्प आनंद काज॥
छं० ॥ ३२० ॥

पालहि सु नीति विधि कित्ति अंग। विन सच्च रच्च दाहिम्म रंग॥
भंगीर धीर मति वीर अत्ति। [1]सुभ्भै सुमन्न अंतर उरत्ति॥
छं० ॥ ३२१ ॥

राजा का कैमास के पुत्र को कैमास का पद देना।

दूहा॥ उरसल्लो कैमास नृप। पुच परट्ठिय पट्ट॥
चित चंचल अच्चल करिय। दिय हय गय वर थट्ट॥
छं० ॥ ३२२ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके चावंडराय वेरी भरन कन्नाटी दासी षून कैमास बधनो नाम सत्तावनवों प्रस्ताव संपूरणम्॥ ५७॥

(१) मो.-मुझै।

अथ दुर्गा केदार सम्यौ लिष्यते ।

(अट्ठावनवां समय ।)

पृथ्वीराज का कैमास की मृत्यु से अत्यंत शोकाकुल होना ।

दूहा ॥ नह सच सुष्प गवष्प यह । नह सच अंदर राज ॥
उर अंतर कैमास दुष । सामंता सिरताज ॥ छं० ॥ १ ॥

कवित्त ॥ न्रप क्रीड़त चौगान । संथ्य सामंत सूर भर ॥
जब रामति रसरंग । तब्ब संभरै मंचि वर ॥
जब क्रीड़त जल केलि । चित्त कैमास उहासै ॥
बारावन्नि बिहार । तथ्थ दाहिम वर भासै ॥
जब जब सु गान कोतिग कला । पुहप सुगंधह [1]वास रस ॥
जब जबह अवर सुष संभवै । तब उर सल्लै सहिय तस ॥ छं० ॥ २ ॥

दूहा ॥ अति उर साले मंचि दुष । करै न प्रगट समुझ्झ ॥
मानो कूआ छांह ज्यौं । रहत रात दिन मझ्झ ॥ छं० ॥ ३ ॥

सामंतों का गोष्ठी करके राजा के शोक निवारण का उपाय विचारना ।

कवित्त ॥ तब सु कन्ह चहुआन । राव जैतह सम बुझ्झिय ॥
षीची राव प्रसंग । जाम जद्दव घन सुझ्झिय ॥
चंद्र सेन पुंडीर । राव गोयंद राज वर ॥
लोहानौ आजान । राम रामह बड़गुज्जर ॥
पुछ्यौं सु मंच सब मंच मिलि । राज दुष्य कैमास मिति ॥
नन कहै [2]कवन सो मन वचन । मिटै सोइ मंडौ सुमति ॥
छं० ॥ ४ ॥

सामंतों का राजा को शिकार खेलने लिवा जाना ।

---

(१) ए. कृ. को.-वास । (२) ए. कृ. को.-वचन ।

कही जाम जद्दो जुवान। सुनि कन्ह नाह नर ॥
चंद्र सेन पुंडीर। राय गोयंद राज वर ॥
आषेटक प्रथिराज। सह अंतर गति आदै ॥
द्वै समद्धि संक्रमौ। करौ इन बुद्धि सवादै ॥
मन्नौ सु सब्ब सामंत मिलि। थपि सामंतन सत्ति करि ॥
बरनौ सु जाम जद्दव न्रपति। तबहि राज म्रगया सुभरि ॥ छं० ॥ ५ ॥

सज्जि सब्ब सामंत। चल्यौ चहुआन पान भर ॥
अटल अवनि आभंग। सज्जि सक कन्ह नाह नर ॥
गरुअ राव गोयंद। अतत्ताईय ई वर ॥
चढ़िय निडर रट्ठौर। सलष लष बघेल भर ॥
सामंत सूर मिलि इक्क हुअ। " । सथ्थ राजन ररिय ॥
औछंग अंग सन्नाह लै। इम सु राज म्रगया करिय ॥ छं० ॥ ६ ॥

प्रनित सब्ब सामंत। चल्यौ चहुआन अनब्बर ॥
सथ्थ सूर सामंत। विरद अन्नेक बहत सिर ॥
सथ्थ लीन सन्नाह। अवर परकार साथ सजि ॥
बानगीर हथ नारि। धारि दिढ़ मुट्ठि [1]हथ्थ रजि ॥
घन लीन सज्जि सथ्थें [2]सयन। करि टामंक सु कूचकिय ॥
क्रीड़न सु राज म्रगया चल्यौ। सब आषेटक साजलिय ॥ छं० ॥ ७ ॥

पृथ्वीराज के शिकारी साज सामान का वर्णन।

पद्धरी ॥ आषेट चल्यौ प्रथिराज राज। सथ लिये सूर सामंत साज ॥
रस अग्ग सून्य सो तुंग एक। सथ लिये तुंग सो भषन तेक ॥
छं० ॥ ८ ॥

पंच सै मद्धि नाहर पछारि। जीव लैं जाव वच्छंतिवार ॥
इक सहस बधन वादाह तेज। जुटि पटकि भुम्मि कट्टत करेज ॥
छं० ॥ ९ ॥

(१) मो.-रथ्थ। (२) ए. कृ.- को.-सथन।

सारद्ध सहस बल गनै कौन। धावंत भूमि भुल्लाइ पौन ॥
छल छेद भेद जीवन लपंति। जुट्टंति अंत पसु पल भपंति ॥
छं० ॥ १० ॥

पय तरह रत्त सुप अग्र जास। रत्ती सु रसन कोमल सु भास ॥
नप वीह अग्र कै वीय चार। चौंरार पुंछ तिष्पे सु तार ॥छं०॥११॥

कर पदह थोर जड्डे सजोर। नप तिष्प विद्ध गिरि वज्र रोर ॥
कटि क्रसल थूल नित्तंव जानि। उर थूल लंक केहरि समान ॥
छं० ॥ १२ ॥

गररत्त गरुअ विस्साल भाल। तिष्पे सु दसन दंपति कराल ॥
कप्पोल सरल वल प्रथुल रुच्च। सोभंत गात वैताल रुच्च ॥
छं० ॥ १३ ॥

विन अंग रोम के प्रथुल रोम। अन्नेक जाति दिसि विदिसि भोम ॥
द्रिग अनत तेज जोतिष्प जास। जघनं सु गत्ति म्रगराज ग्रास ॥
छं० ॥ १४ ॥

जर हेम पट्ट के डोरि पट्ट। सेवक्क एक प्रति उभय धट्ट ॥
धावंत धरनि आजानवाह। वर वेग पवन मन लच्छि गाह ॥
छं० ॥ १५ ॥

नर जान रोह के अस्व जान। आरुढ़ मकट के रुपभ थान ॥
तुंगह सु पंच तोमर पहार। अन्नेक देस साजोति सार ॥
छं० ॥ १६ ॥

सत तुंग भपन लंगीस राव। तुंगह सु पंच जामानि ताव ॥
पम्मार जैत चव तुंग सथ्थ। द्वै तुंग भपन लोहान नथ्थ ॥
छं० ॥ १७ ॥

चय तुंग चंद पुंडीर धीर। द्वै तुंग राम गुज्जर [1]गहीर ॥
वलिभद्र एक्क सारद्द तुंग। परसंग राव द्वै तुंग जंग॥ छं० ॥ १८ ॥

द्वै तुंग मदन परिहार सार। चय तुंग वरुन बंधव सहार ॥
षेलंत सब्ब प्रथिराज संग। गिरवर विहार थल वद्धि रंग ॥
छं० ॥ १९ ॥

(१) ए. क्रु. को.-सहीर।

सारद्ध दून सें चित्त साज। वर साज वह्ल के भास भाज॥
हय रोय कैय आरोहि पिट्ठ। सौ गोस केस जन्नाव यट्ठ॥
छं०॥२०॥

फंदैत कुरँग सें दून सार। जर हेम [1]पट्ट डोरी मषार॥
जुर वाज कुही तुर सतिय जुत्त। को गनै अवर पंषी अभुत्त॥
छं०॥२१॥

[2]षेदा सु सहस सारद्ध एक। तरिया सु सहस चौ जूवि मेक॥
सें पंच मूल धारी अभूल। द्रिग दिट्ठ अंत आनै समूल॥ छं०॥२२॥
आवै सु मध्य पावै न जानि। कौडुंन राज सम विषम थान॥
.... । .... ॥ छं०॥२३॥

शहाबुद्दीन का दिल्ली की ओर दूत भेजना।

कवित्त॥ मन चिंतै सुरतान। आज संभरिपति भंजिय॥
पानी पन्न प्रवास। सबै सुष तिन दुष तज्जिय॥
तिन सु वैर उर चिंति। प्रात अष्षिय सम [3]दूतन॥
तुम दिल्लिय पुर जाहु। जहँ चहुआन सु धूतन॥
लिषि पत्र साह ध्रम्मान सम। सुष वानी इम रट्टियौ॥
कैमास कृत्य सामंत सम। षबरि विवरि सब पट्ठियौ॥ छं०॥२४॥

दूहा॥ दूत सपत्ते साहि तब। जहं कायथ ध्रम्मान॥
भेद राज सामंत कौ। लिषि दीजै अब्बान॥ छं०॥२५॥

ध्रम्मायन कायस्थ को शाह का दिल्ली की सब कैफियत लिखना।

ध्रम्माइन काइथह तब। जो [4]कछु वित्त कवित्त॥
चाहुआन सामंत के। सब लिखि दिये चरित्त॥ छं०॥२६॥

दूतों का गजनी पहुंच कर शाह को धम्मायन का पत्र देना।

---

(१) ए. कृ. को.-घट्ट। (२) ए. कृ. को.-दोषा।
(३) ए. कृ, को.-दूतह, धूतह। (४) ए. कृ. को.-चिन्त।

दूत सपत्ते गज्जनै । जहँ गोरी सुरतान ॥
तपै साह साहाब बर । मनों भान मध्यान ॥ छं० ॥ २७ ॥
दिन चड़तें साहाब दर । आनि कगर कर दीन ॥
मुदित चित्त भए मीर सब । मन उछाह सब कीन ॥ छं० ॥ २८ ॥

दुर्गा भाट का देवी से कविचन्द पर विद्या वाद में विजय पाने का वर मांगना ।

कवित्त ॥ निसा एक निज ग्रेह । भट्ट साहाब द्रुग्ग बर ॥
धरिय देवि उर ध्यान । इष्ट चिंतन सु अप्प करि ॥
निसा अद्ध सुत जानि । देवि आई सुहित्त धरि ॥
कहै चंडि सुनि चंड । मुझ्झ विग्यान इक्क वर ॥
बरदाइ चंद चहुआन कौ । सुनिय अपूरब कथ्य तस ॥
सम वाद विद्य मंडौ रसन । जौ पाऊं देवी दरस ॥ छं० ॥ २९ ॥

देवी का उत्तर कि तू और सब को परास्त कर सकता है, केवल चन्द को नहीं ।

कहै देवि सुनि द्रुग्ग । उभय पुत्तह नह अंतर ॥
दीरघ चंद सु चारु । अनुज केदार कलाधर ॥
वाद विवाद जु कोइ । जाय चंदह सम मंडै ॥
छीन होइ मति हीन । ख्याति तिन वानी पंडै ॥
जित्तनह अवर जग मझ्झ तुम । एक चंद अंतर सुचिर ॥
अनि वत्त विवह अप्पों अनत । पुच सु पुज्जन प्रेम धर ॥ छं० ॥ ३० ॥

हनूफाल ॥ उच्चरिय देविय गाजि । सुनि भट्ट तूं कविराज ॥
कविचंद दीरघ सेव । तुम अनुज अंतर भेव ॥ छं० ॥ ३१ ॥
नन करहु तिन सम वाद । आन देस जिप्पन स्वाद ॥

दुर्गा का कहना कि मैं पृथ्वीराज से मिलना चहता हूं इस पर देवी का उसे वरदान देना ।

केदार अष्पय एम । चहुआन देषन प्रेम ॥ छं० ॥ ३२ ॥

जो हुकम अप्पै मात। सुविहान पुच्छौं बात॥
बोली सु देवी बेंन। तुम चलौ दिल्लिय चेंन॥ छं०॥ ३३॥
साहाब दैहै सीष। चहुआन पेम परीष॥
हय गय सु वाहन हेम। ग्रामेक पत्र परेम॥ छं०॥ ३४॥
सत बाज हथ्थिय तीस। समपै सु दिल्लिय ईस॥
अषेट लब्भय राज। पानीय पंथ समाज॥ छं०॥ ३५॥

प्रातःकाल दुर्गा भाट का दरबार में जाना।

गाथा॥ निसि गत जग्गिय भट्ट। उर आनंद मानि मन अप्पं॥
जहां साहिब सुरतानं। तत्थं पत्तौ अप्पं कब्बी॥ छं०॥ ३६॥
दूहा॥ ऊगि ग्रहं निय ग्रह दिसा। सयन अप्प तजि बंध॥
ज्यौं कंचन जिय चिंतइय। ज्यौं पंडित गुन अंध॥ छं०॥ ३७॥
गाथ॥ कवि पहुंच्यौ दरवारं। करि सलाम साह वर गोरी॥
दिट्ठे वासव सेनं। पेंसत दिठ्ठाइ गोरियं साहिं॥ छं०॥ ३८॥

दुर्गा भट्ट का शहाबुद्दीन से दिल्ली जाने के लिये छुट्टी मांगना।

कोलाहल कवियानं। सनमानं साहिबं होयं॥
[1]वारिज विपनह मझ्झै। ना सूझंत हत्थ गरुआई॥
छं०॥ ३९॥
भुजंगी॥ दिषे साहि गोरी दरबार थानं। करै भट्ट केदार [2]ताके बषानं॥
मनो पावसं अंत आभा सु रंगं। दिषे साहि दरबार बहु मेछ रंगं॥
छं०॥ ४०॥
कही बागबानी प्रमानी सु अल्ली। दियौ साह सीषं चलैं भट्ट दिल्ली॥
.... । .... ॥ छं०॥ ४१॥

तत्तार खां का कहना कि शत्रु के घर मांगने जाना अच्छा नहीं।

(१) मो.-ज्यो वाज दिन संझने। (२) ए. कृ. को.-ताकि।

कवित्त ॥ सुनिय वचन सुरतान । दिष्षि बोल्यौ ततार वर ॥
भट्ट चलै मंगना । जहां बंध्यौ सु अप्प कर ॥
अरिसों ना हिय मिलन । मगन तिन ठाउन जाइय ॥
मान भंग जहां होइ । पास तिन मग नन पाइय ॥
अप्पिहै दान अप्पन कुटिल । अप्प कित्ति तौ [१]हान मम ॥
वरदाय भट्ट द्रुग्गा सु तुम । इच्छ होइ तौ करहु गम ॥ छं० ॥ ४२ ॥

शाह का कविचन्द की तारीफ करना ।

दूहा ॥ सुनि सहाव हसि उच्चरिय । दिष्षहु चंदह सत्त ॥
सुपनेंज धर गज्जनें । मंगन नायौ इत्त ॥ छं० ॥ ४३ ॥

इस पर दुर्गा भट्ट का चकित चित्त होना ।

सुनय बयन सुरतान मुष । कवि उत्तर नन आइ ॥
मानों उरग [२]छछोंदरी । डारैं बनै न षाय ॥ छं० ॥ ४४ ॥

शहाबुद्दीन का दुर्गा भट्ट को छुट्टी देना और भिक्षावृत्ति की निन्दा करना ।

घरी एक विसमति भयौ । मुष दिष्षै सुरतान ॥
मोहि भट्ट पुंछहु कहा । जाहु जहां तुम जान ॥ छं० ॥ ४५ ॥
तिन तें तुस तें तूल तें । फेंन फूल तें जानि ॥
हसि जंपै गोरी गरुअ । मंगन है हरुआन ॥ छं० ॥ ४६ ॥

दुर्गा केदार का दरबार से आकर दिल्ली जाने की तैय्यारी करना ।

सुनत बचन सुरतान मुष । भट्ट संपतौ धाम ॥
तजि विराम चित्तह चल्यौ । जुग्गिनिवै पुर ठाम ॥ छं० ॥ ४७ ॥
पिता पुत्र सों बत्त कहि । मंगन मन चहुआन ॥
स्वामि बैर दातार घन । साहि कही इह बानि ॥ छं० ॥ ४८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-दान मम ।　　(२) ए. कृ. को.-छछुंदरी ।

कवित्त ॥ [1]चल्लिय भट्ट बर ताम। नाम द्रुग्गा केदार बर ॥
संभरेस अवदेस। लष्ष अप्पै विलष्ष गुर ॥
अति उतंग चहुआन। मान मरद्दन षल पानं ॥
अरब षरब उप्परैं। कोरि अप्पै करि दानं ॥
संभरिय राउ सोमेस सुअ। आसमान अभिलाष षल ॥
भिद्दै न [2]जाहि माया प्रबल। मनों नीर मझ्झैं कमल ॥ छं० ॥ ४९ ॥

दुर्गा केदार का ढाई महीने में पानीपत पहुंचना।

दूहा ॥ [3]पष्ष पंच पंथह गवन। आतुर षरि उत्ताव ॥
सुनिय राज संभर धनी। पानी पंथ प्रभाव ॥ छं० ॥ ५० ॥
गिरिवर डुंगर [4]गह्वर वन। नद विहार जल थान ॥
क्रीड़त देसह आनि किय। पानी पंथ मिलान ॥ छं० ॥ ५१ ॥

शिकार में मृत पशुओं की गणना।

कवित्त ॥ पानी पंथह राइ। आय षेलत आषेटक ॥
सत्त एक एकल बराह। हत्ते सु गात सक ॥
अवर सत्त षट तथ्थ। घत्त हत्ते करवानह ॥
सौ कुरंग संग्रहै। [5]दून सौ हनै चितानह ॥
को गनै अवर सावज [6]अनंत। हनें [7]पसू अरु पंषि जहां ॥
उत्तंग छाह जल थान पिषि। चित्त उल्हस अनु सरिय तहां ॥
छं० ॥ ५२ ॥

राजकुमार रैणसी का सिंह को तलवार से मारना।

नीसानी ॥ अहो सिंघ न वल्ल इक आया निध्धारे।
संभल्ल हक्क गहक्क ही उट्या [8]भूभारे ॥
उत्तरिया असमान थी किनि कस्या भूफारे।
कंध बिबध्धा प्रथु कपोल तिष दंत करारे ॥ छं० ॥ ५३ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-चल्यौ। (२) ए. कृ. को.-नाहि।
(३) ए. कृ. को.-पक्ष। (४) ए. कृ. को. गहन। (५) मो.-दूत।
(६) ए. कृ. को. अनंग। (७) ए. कृ. को.-अनंतीति। (८) ए. कृ. को.-मारे।

जीह झाक झक झकै मनों बीज पयारे।
नैन विसोहै जामिनी गुरु सुक्रह तारे॥
लग्गी भट्ट टगट्टगी मनों [1]मुस्सारे।
संभरिया पंच मुष्प थापें देष्या दस वारे॥ छं०॥ ५४॥
आया कुंअर उप्परे पावास निहारे।
आडा आया संकडा परवार पचारे॥
आवत [2]सीस उझकिया सिर सिंगी झारे।
हथ्थल षग्ग पछट्टिया कोय पिंड पछारे॥ छं०॥ ५५॥
रेंनि करष्षे कोपिया झुक्या असि झारे।
वहिया कांध विसंध होय दोय टूक निनारे॥
मनों सारे म्रत पिंड हो धग्गा कुल्लारे।
पड़िया सीस धरट्ट है परसह पहारे॥ छं०॥ ५६॥
जानि परे गिरि शृंग होहारि वज्र प्रहारे।
जानि कि कन्हा कोपिया दोइ मल्ल पछारे॥
कै अप्प कुपे रघुनाथ ने सिर रावन झारे॥
जानि अलुझ्झी गुज्जरी दधि मट्ट फुटारे॥ छं०॥ ५७॥
कूर कवारी कुट्टिया तरु उंच कुठारे।
रेनि कहंदे धन्य हो जै सद्द उचारे॥ छं०॥ ५८॥

पानीपत के मैदान में डेरा पड़ना।

कवित्त॥ आषेटक संभरिय। कुंअर म्रगराज प्रहारे॥
जामदेव जद्दों। पुंडीर का कन्ह विचारे॥
दस दिस अरिय प्रचंड। तुच्छ सिकार सथ्थ हम॥
मिलि चिन्हय चहुआन। अप्प पिल्लियै भोमि क्रम॥
सुनि राज अप्प मन फिरन हुअ। मानि मंत सामंत किय॥
सित माह प्रथम वर पंचमी। पानीपंथ मेलान दिय॥ छं०॥ ५९॥

गोठ रचना।

(१) ए. कृ. को.-मुछारे। (२) ए.-सीर।

दूहा ॥ तहां उतरि प्रथिराज पहु । करिय गोठि तथ्याहु ॥
घन पक्वान सुअन अनत । गनै कोन जी हांहु ॥ छं० ॥ ६० ॥

गोठ के समय दुर्गा केदार का आ पहुंचना ।

कवित्त ॥ भई गोठि जब राज । सह परिहार सवन किय ॥
आय सूर सामंत । अवर बरदाय बोल लिय ॥
तथ्य समय इक भट्ट । नाम दुग्गा केदारह ॥
सपत दीप दिन जरहि । सथ्थनो सर नीसारह ॥
सिर हेम छत्र उप्पर उरग । अंकुस तस कर दंड सम ॥
आसीस आय दीनी न्रपति । मिलि पहु पुच्छिय मति मरम ॥
छं० ॥ ६१ ॥

चौपाई ॥ आषेटक संभरि न्रप राई : वट छाया वैठे [1]तहां आई ॥
दानवंत बलवंत सलज्जौ । सुवर राज राजन प्रथिरज्जौ ॥छं०॥६२॥

कवि के प्रति कटाक्ष वचन ।

दूहा ॥ भट डिंभी आडंबरह । अरु पर जानन वित्त ॥
अप्प सु कवि कब्बी कहै । किय न्रप सज्हौ चित्त ॥ छं० ॥ ६३ ॥

कवि की परिभाषा ।

गाथा ॥ भट्ट उचरियं बानी ॥ [2]उगतिं लहरि तरंगं रंगं ॥
[3]जुगतिं जल जंभायं । रतनं तर्क वितर्कयं जानं ॥ छं० ॥ ६४ ॥

कवित्त ॥ जानन तर्क वितर्क । सरल बानी सुभ अच्छिर ॥
च्यारि बीस अरु च्यार । रूप रूपक गुन तच्छिर ॥
सुंदर अठ गन ग्रेह । लघू दीरघ बल नच्चै ॥
जुगति उगति घन संचि । लेइ गुन औगुन [4]बच्चै ॥
बुधि तोन बान बर भलक करि । वर विधान मा बुद्धि कबि ॥
बिय गुनिय देषि ग्रब्बह गरै । ज्यौं तम भगत देषंत रबि ॥
छं० ॥ ६५ ।

(१) ए. कृ. को.-नृप छाई । (२) मो.-उकतं लहर तरंगयं रंगं ।
(३) मो -जुगत । (४) मो.-वंचे ।

दुर्गा केदार कृत पृथ्वीराज की स्तुति और "आशीर्वाद"।

पद्धरी ॥ मिलि भट्ट दिष्ट न्रपती प्रमान। बुलि छंद बंध सम चाहुआन ॥
तुहि इंद्रप्रथ्थ आजानबाह। तुहि अग्गि तूल चालुक्क दाह ॥
छं० ॥ ६६ ॥

तुंहि भंजि जुद्ध परिहार धाइ। तुंहि पंच पथ्थ प्रथिराज राइ ॥
तुंहि भंजि मान जैचंद पंग। तुंहि बीर सुरवि तुंहि काम अंग ॥
छं० ॥ ६७ ॥

तुंहि सूर रूप तुंहि अम्मराइ। तुंहि भेद अभेदन बेद गाह ॥
तुंहि भोज त्याग दिष्यौ न ईस। नन सर वरीस धन्नाधि तीस ॥
छं० ॥ ६८ ॥

विक्रम्म पच्छ सब बंध तूंहि। तुंहि साह पंग सुरतान तूंहि ॥
मम दिष्ट वाद श्रोतान लग्ग। सोइ देषि आज प्रथिराज द्रिग्ग ॥
छं० ॥ ६९ ॥

दूहा ॥ दिय असीस प्रथिराज कों। बहुत भाव गुन चाव ॥
साम दाम दँड भेद करि। तब तिन बेध्यौ राव ॥ छं० ॥ ७० ॥

कवित्त ॥ बैनह बेध्यौ राव। चाव बेध्यौ चहुआनं ॥
गगन भान गाहतौ। भोमि गाहै पल पानं ॥
सूर गरूअ [1]गुर बीर। बीर बीराधि सु बीरं ॥
छत्रपती छिति सोभ। सूर सामंत सु धीरं ॥
सुरतान गहन मोषन सुवर। उभय बेद एकत्त कर ॥
हिंदवान लाज सोभै सु उर। कहैं भट्ट द्रुग्गा सु वर ॥ छं० ॥ ७१ ॥

पृथ्वीराज का दुर्गा केदार को सादर आसन देना।

करि जुहार चहुआन। भट्ट आदर बहु किन्नौ ॥
मुक्कि न्रपति आषेट। चिंति मुकाम सु दिन्नौ ॥
संझ महल परमान। भट्ट दोउ रस बड्ढे ॥

(१) मो.-गुर, उर।

उज उचार उच्चरत। वाद दोऊ तब बद्दे ॥
उच्चर्‍यौ द्रुग्ग केदार बर। क्यों बरदा अप्पन ग्रद्दै ॥
मानो तो साच बरदाय पलु। जो द्रुग्गा सँमुष कद्दै ॥ छं० ॥ ७२॥

दुर्गा केदार का निज अभिप्राय कथन।

दूहा ॥ कद्दै भट्ट न्रप राज सुनि। मुद्दि मति बुद्धि अगाध ॥
सुनिय चंद बरदाय है। आयौ बद्दन बाद ॥ छं० ॥ ७३ ॥

उसी समय कविचन्द का आना और राजा का दोनों कवियों मे बाद होने की आज्ञा देना।

कवित्त ॥ दिय असीस कविचंद। आय तिन बेर प्रमानं ॥
उभय ध्रम्म हिंदवान। आइ बैठे इक थानं ॥
उभय बेद रह जानि। उभय बरदाय उभय बर ॥
उभय बाद जित वान। उभय वर ह्वर सिद्ध नर ॥
न्रप राज ताम पुच्छै दुअनि। गुन प्रबंध कवितह रचिय ॥
बरनौ दुबीर तुम बाद बद। ध्यान धरे [1]उभया सचिय ॥
छं० ॥ ७४ ॥

दोनों कवियों का गूढ़ युक्ति मय काव्य रचना।

दूहा ॥ थल अप्पौ सु दुहून कवि। ससि बरनौ इक बाल ॥
इक पूरन बरनौ ससौ। इक जंपो वै काल ॥ छं० ॥ ७५ ॥
इक्क कहौ रितु राज गुन। जुगतें जुगति प्रमान ॥
कद्दै राज कविराज हौ। तत्तहि तत्त बषान ॥ छं० ॥ ७६ ॥
मिलिय चंद भट तास सम। किय सादर सनमान ॥
सु गुन [2]प्रसंसिय अप्प कर। करौ वाद विद्यान ॥ छं० ॥ ७७ ॥
बाल चंद अरु बाल ससि। द्वै विधि चंद सु मत्ति ॥
वर वसंत पूरन्न ससि। विधि द्रुग्गा किय सत्ति ॥ छं० ॥ ७८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-उमया। (२) मो.-प्रसंसित।

कविचन्द का वचन।

कवित्त ॥ चंद चंद विध कह्यौ। सुनो प्रथिराज राज वर ॥
मदन वाज नष लस्यौ। मदन वांनी [1]नवक्क सर ॥
समर सार कत्तरी। दिसा सुंदरि नष घित पिय ॥
चक्र काटि मनमथ्य। उभय किय तोरि ताहि विय ॥
दसि अधर बधू मानोज ससि। सिंघ काटि नष बड्डियौ ॥
कटाच्छ सुरति वंकौ विषम। कौ काम दीप हुप सड्डियौ ॥छं०।७९॥

गाथा ॥ जं कहियं कविचंदं। संभरि रायान रावतं कहियं ॥
चौपानं सहु राजन। सा जंपी कित्तियं भट्टं ॥ छं० ॥ ८० ॥

दुर्गा केदार का वचन (वैसन्धि)

कवित्त ॥ कहै भट्ट द्रुग्गा प्रमान। वैसंधि उचारिय ॥
पत्र झार अंकुरित। डार नव सुभित कुँमारिय ॥
कोकिल सुर सजि रहिय। भ्रंग सजि पंघ उड़ावन ॥
सीतल मंद सुगंध। पवन विममौ [2]भौ भावन ॥
वासंत विना इन सकल वुधि। सब्ब मनोरथ रह्यौ मन ॥
लहरी समुद्र हंससमुद्र में। उलसि उलसि मध्यें सु तन ॥छं०॥८१॥

कविचन्द का उत्तर देना।

कहै चंद वयसंधि। आय ऐसें गति धारिय ॥
सैसब वपु सिकदार। सु वन पत्तह [3]उत्तारिय ॥
सिसिर थान छुट्टयौ। पट्ट जोवन लै धारित।
काम न्रपति दै आन। कढ्ढि सैसब तन पारित ॥
जागित्त जुब्ब तव भ्रंग तर। [4]सिसिर कढ्ढि भए बंधयौ ॥
नव भए सगुन अचिज्ज तन। आन दीप दोय रुंधयौ ॥ छं० ॥ ८२ ॥

दूहा ॥ के छुट्टा तुट्टाति के। के अति घोट उचार ॥

---

(१) ए. कृ. को.-नित्रक्क। (२) मो.-मै।
(३) ए. कृ. को.-उच्चारिय। (४) ए.-समिर।

अष्षर कुकवि कवित्त ज्यौं । गति जुन तुट्टाहार ॥
विधि विधि [1]वरन सु अर्थ लिय । अति ढंक्यो न उघारि ॥
अष्षर सु कवि कवित्त ज्यौं ज्यौं । चतुर स्त्री हार ॥ छं० ॥ ८४ ॥

दोनों कवियों में परस्पर तन्त्र और मंत्र विद्या सम्बन्धी वाद वर्णन ।

सो सरसत्तिय सुष दियन । वाद बरन्न न भट्ट ॥
चित्त मंडि का करन पल । मत कवित्त वढ़ि घट्ट ॥
छं० ॥ ८५ ॥

केदार के कर्त्तव्य से मिट्टी के घट से ज्वाला का उत्पन्न होना और विद्याओं का उच्चार होना ।

पद्धरी ॥ केदार कहै सुनि चंद भट्ट । सत अग्र मुष्ष इक मंडि घट्ट ॥
सब मुष्प होंहि ज्वाला प्रचार । [2]मुष मुष्ष वेद विद्या उचार ॥
छं० ॥ ८६ ॥

कविचंद कहैं सुनि भट्ट राज । प्रगटौ जु अप्प विद्या सु साज ॥
केदार ताम मंड्यौ जु घट्ट । उच्चर्‌यौ मुष्ष प्रति अंग षट्ट ॥
छं० ॥ ८७ ॥

सब मुष्ष प्रगटि पावक ज्वाल । किल किला सद्द श्रुति बंचि नाल ॥
मंड्यौ सु घट्ट बरदाय चंद । उच्चर्‌यौ मुष्ष प्रथु प्रथुल छंद ॥
छं० ॥ ८८ ॥

दस च्यार मुष्ष विद्या उचार । ज्वाला सु मद्धि सब वारि धार ॥
हुंकार सद्द किलकार हांक । पूरौ सु चंद देवी भिलाष ॥
छं० ॥ ८९ ॥

बंधी जु गत्ति जब चंद भट्ट । केदार ताम करि अवर यट्ट ॥
केदार कहै सुनि कवि विवेक । [3]बुल्लाउं बाल जो मास एक ॥
छं० ॥ ९० ॥

---

(१) मो.-वन्नन ।
(२) ए. कृ. को.-सब मुष्ष वेद विद्या विचार ।
(३) ए. कृ. को. बुल्लाउ ।

कविचन्द के बल से घोड़े का आशीर्वाद पढ़ना।

कविचंद कहै सुनि चंडिपाल। जंपै छ भाप दिन एकवाल ॥
ठट्ठौ जु अग्ग जकि बाज राज। दिय अपित सीस केदार साज ॥
छं० ॥ ९१ ॥

है राज राज दीनी असीस। उट्ठि विचंद दिय कुसुम सीस ॥
उच्चर्यौ बाज गाथा सु एक। आसीस राज वर विधि [1]विवेक ॥
छं० ॥ ९२ ॥

गाथा ॥ जिन सारथ सजि पथ्यौ। निज रष्यौ सु गब्भ उत्तरया ॥
जिन रष्यौ प्रह्लादौ। सो करो रष्या राज प्रथिराजं ॥ छं० ॥ ९३ ॥

दुर्गा केदार का पत्थर की चट्टान को चलाना और उसमें अंगूठी बैठार देना।

हनूफाल ॥ वै संधि वाल प्रमान। घट घटिय द्रुग्गा पान ॥
पढ़ि छंद मंच विसाल। नर रीझि देवन माल ॥ छं० ॥ ९४ ॥
भय अग्ग जंगम अंग। गति लही थावर जंग ॥
रिंगि चल्यौ पाहन पंग। नय जानि जमुन तरंग ॥ छं० ॥ ९५ ॥
[2]थुति करत सामँत सूर। धनि चंद मंच गरूर ॥
कढ़ि मुद्र कीनिय पानि। नंषीति मध्य प्रमान ॥ छं० ॥ ९६ ॥
गुन पढ़त रह्यिय सुभट्ट। भय प्रथम उपल सु घट्ट ॥
कर मंगि मुद्रिक चंद। नन दई मुद्रि कविचंद ॥ छं० ॥ ९७ ॥
कीनी सु विद्य प्रमान। फिरि बाद मंडिय जान ॥ छं० ॥ ९८ ॥

कविचंद का शिला को पानी करके अंगूठी निकालना।

दूहा ॥ प्रथम वाद पाहन कियौ। फिरि मंड्यौ बिय वाद ॥
चंद सिला पानी करी। दुग्गा आनि प्रसाद ॥ छं० ॥ ९९ ॥

साटक ॥ छत्रं सीस विराजमान बरयं राजेंद्र राजं बरं ॥

---

(१) ए. कृ. को.-विसेक। (२) ए. कृ. को.-छत, छुत, छुति।

ब्रह्म सास्त्र विरत्त [1]मंचति कवी बरदाय गुर सिद्धयौ ॥
केदाराय सु भट्ट किंन चरितं हिंद्वान साषी बरं ॥
जै द्रुग्गा बरदान देवि सुषयौ तर्क्क बरं भासितं ॥ छं० ॥ १०० ॥

दुर्गा केदार का अन्यान्य कलाएं करना और चन्द का उत्तर देना।

चौपाई ॥ कला बहुरि द्रुग्गा बहु किन्नी। पुच काटि सिर जू जू दिन्नी ॥
धर धावै सिर पढ़ै सु छंदं। इसौ दिष्षि अच्छौ भय चंदं ॥
छं० ॥ १०१ ॥

दूहा ॥ बर प्रसन्न द्रुग्गा कियौ। विविध चरित्र विचार ॥
ए सुजानि [2]नर बीर गति। बहु बंधाना भार ॥ छं० ॥ १०२ ॥

देवी का वचन कि मैं कविचंद के कंठ में सम्पूर्ण कलाओं से विराजती हूं।

अरिल्ल ॥ मात कहै सुनि चंदर भासं। एक दिना ठाढ़ी पित पासं ॥
याप तात कौ संध्यौ पंठ। हुं तब छंडि [3]बसी तो कंठ ॥
छं० ॥ १०३ ॥

अनि कवि कंठ बसी परिमानं। कला पाव कै अच्छी जानं॥
तो में बसी सबै गुन लीनी। [4]दुती देह नह जानै भीनी॥छं०॥१०४॥

अन्तरिक्ष में शब्द होना कि कविचंद जीता।

झाई सी बोल्लिय घट मांही। चंद जीभ बोल्यौ गहराही ॥
षिझ्झयौ सुन द्रुग्ग केदारं। अंतरिष्ष बोल्यौ गुन हारं ॥छं०॥१०५॥

दुर्गा केदार का हार मान कर राजा को प्रणाम करना और राजा तथा सब सामंतों का दुर्गा केदार की प्रशंसा करना।

(१) ए. कृ. को.-मतृति। (२) ए. कृ. को.-नर।
(३) मो.-नसी। (४) मो..दुनी।

दूहा ॥ हारि बोलि उर सकल वर। गयौ पास प्रथिराज ॥
सकल सूर आचिज भयौ। विधि विधान विधि साज ॥ छं० ॥१०६॥

कवित्त ॥ विधि विधान विधि साज। हारि अंतरिप बुलिय वर ॥
कहिय अप्प प्रथिराज। कला केदार करिय गुर ॥
थुति जंपै दनु देव। नाग जंपैति असुर नर ॥
सकल सूर सामंत। कित्ति जंपैति कित्ति कर ॥
सिर कट्टि पुच माया विभग। छंद बंध मुष उचरै ॥
सामंत सकल सेना सुवर। जै जै जै बानी करै ॥ छं० ॥ १०७ ॥

सरस्वती का ध्यान।

साटक ॥ सेतं चीर सरीर नीर सुचितं स्वेतं सुभं निर्मलं ॥
स्वेतं संति सुभाव स्वेत ससितं हंसा रसा आसनं ॥
वाला जा गुन वृद्धि मौर सु श्रितं न्त्रिभे सुभं भासितं ॥
लंवी जा चिहु राय चंद्र वदनी दुर्गं नमो निश्चितं ॥ छं० ॥१०८॥

सरस्वती देवी की स्तुति।

भुजंगी ॥ सधी सद्धियं वीर वीरं प्रमानं। हँसी देषि मातंग मातंग न्यायं ॥
करै मुक्ति कौ काज सब्बैति देवं। तहां मुक्ति कौ तत्त आवै सु भेवं ॥
छं० ॥ १०९ ॥
करै रिद्धि कौ काज सब्बै विहंसं। तहां सिद्ध आवै न सेवे वरंसं ॥
करै रिद्ध कौ पास गन्नै सछंडै। तहां रिद्धि आवै न पासै विषंडै ॥
छं० ॥ ११० ॥
इतं वात जानै न तो वाद जीतं। ननं सस्त्र वीरं मनं वीर रीतं ॥
जरी ग्ग्ह्ल सों जंच जालंधरानी। सबै तेज मातंग तूही समानी ॥
छं० ॥ १११ ॥

कवित्त ॥ तू माया तूं मोह। मोह तत भेदन तूंही ॥
तूं जिह्वा मोथान। तूंव गुन में गुन भोंई ॥
तो बिन एक न होय। एक पच्छै कवि राजं ॥
मंच सुनै सह बद्ध। लष्य लष्यन सिरताजं ॥

तजि मोह बीर बंछै सु कवि। तत्त भेद नन अंग तिहि ॥
मो समरि मं डोलै नहीं। उभय आस छंडै जु कहि ॥ छं०॥ ११२ ॥

देवी का वचन।

दूहा ॥ सु कवि सों सरसति कहै। मो तो अंतर नाहि ॥
सूर तेज कोइ हो कहै। ससि अस अम्रत छांह ॥ छं० ॥ ११३ ॥

लीलावती ॥ हह तूं हह तूं नहं तूं नह तूं। ननंहु ननंहुं ननंहु तुं नांही॥
भयं तो भयं तो महं तो महं तो। कथं तूं कथं तूं जनं ह्रूं ननं ह्रूं ॥
॥ छं ॥ ११४ ॥

गुनं तो गुनं तो हु जंची हु जंची। तु जंचं तु जंचं कयंती पढ़ंती ॥
कथंती कथंती न्रतंती न्रतंती। भ्रमंती भ्रमंती नतंती नतंती ॥
छं० ॥ ११५ ॥

छमे छेमवंती जमंती जमंती। .... ॥ छं० ॥ ११६ ॥

कवित्त ॥ पय दष्षन कर उंच। मुष्प बोले तूं है वर ॥
कहै सु वर प्रथिराज। बत्त जंपै सु क्रंम गुर ॥
ब्रह्म विष्णु उप्पनौ। ब्रह्म देवी जुग जन्ना ॥
सूर बंस न्रप आदि। चंद बंसी नर दुन्ना ॥
रचि बालय ब्रन्नन तेज बन। किय जमुन्न जगि सुमन किय ॥
उच्चर्‍यौ संत सत्ता सु गति। मति प्रमान जंपैति सिय ॥ छं०॥ ११७॥

दुर्गा केदार का कवि को पुनः प्रचारना।

दूहा ॥ पाषंड न जित्या अमर। सिला दिष्ट बँध कीन ॥
अब जानै बरदाय पन। उमया उत्तर दीन ॥ छं० ॥ ११८ ॥
जु कछु कहै कविचंद सो। [1]करै बनै कवि सोय ॥
जु कछु बत्त तुमसों कहों। सो उतर द्यौ मोय ॥ छं० ॥ ११९ ॥
जो पाषान सु पुत्तरी। अस्तुति करै जु आय ॥
जो उमया सेंमुष कहै। तो सांचो बरदाय ॥ छं० ॥ १२० ॥

कविचन्द का वचन।

जासों तू पाषंड कह। सो रचि मोहि दिषाउ ॥
हो नंषों बर सुंदरी। तूं कर कढ्डि सु ताउ ॥ छं० ॥ १२१ ॥

(१) ए. क्र. को.: फरै बनें सब कोइ।

एक संधि वै बरनवों। इक चंद छन्दों अट्ट ॥
दो बर साधि उमा कहै। अंतर मझ्झ सु घट्ट ॥ छं० ॥ १२२ ॥

घट के भीतर से लालो प्रगट होकर देवी का कविचन्द को आस्वासन देना।

कवित्त ॥ सुनि सैसव विछुरत्त। बाल पिय अमर अरुन द्रिग ॥
बान जगावन काज। रह्यौ [1]पिलदार जानि ढिग ॥
छीनत्त उन्नित बढ़ै। घटै करकादि मकर जिम ॥
कामसाल गति पढ़ति। चिंति उतरादि सूर भ्रम ॥
इच्छह जु अंछि बंके कारन। संका [2]लज्ज बसंकरी ॥
ग्रह ग्रहन फिरत बल दिष्पिए। श्रवन कथा रसनन चरी ॥
छं० ॥ १२३ ॥

गज निसि अंकुस चंद। कन्न तारक विहीनी ॥
कै प्राची दिसि त्रिया। विंद कै कंद्र छीनी ॥
कै कुंचिका शृंगार। काम द्रप्पत वर लोभै ॥
गाहनि काननि [3]ग्रनो। सिंघ नष गज सुप सोभै ॥
मनमथ्थ भुवन सोभै सुकवि। नष पच्छिम दिसि वधुअ सुष ॥
मनमथ्थ धजा मनमथ्थ रथ। चक्र एक एक इति रुप ॥
छं० ॥ १२४ ॥

रोला ॥ घट मंझै कविचंद। कवित उभया सुनि सुन्नी ॥
अति रिझ्झय वरदाय। सुरंग यासों सर धुन्नी ॥ छं० ॥ १२५ ॥

*चान्द्रायना ॥ विजै है मति राज। उकत्ति जो बहु धर्‍यौ।
मोहि चंद वरदाय। सु अंतर मति कर्‍यो ॥ छं० ॥ १२६ ॥

चौपाई ॥ सो विन अक्षर एक न होई। घट घट अंतर कव्विन गोई ॥
तुम बहु जुगति दुगति कवि आनौ। मो कविचंद न अंतर जानौ ॥
छं० ॥ १२७ ॥

---

(१) मो.-पिलवार। (२) ए. कृ. को.-लंक। (३) ए. कृ. को.-गनी।

* चारों मूल प्रतियों में रोला छन्द को चौपाई करके लिखा है इस चांद्रायन का नाम ही नहीं दिया है।

चन्द कृत देवी की स्तुति।

भुजंगी ॥ तुंही ए तुंही ए तुंही तुं जुगंतं। तुंही देव देवा [1]सुरेतं समंतं ॥
मरालंति बालं अलिं सास ओरै। कियं कै सभुक्कं उगस्सं विढोरै ॥
छं० ॥ १२८ ॥

लिलाटं न चंदं विराजै कला की। प्रभातं तइंदं बंदै लोय जाकी ॥
दरें रत्त सोभै बरन्नं सु चंदं। धसे गंग हेमं झुले माहि इंदं ॥
छं० ॥ १२९ ॥

पढ़ै तुंमरं ताहि पावै न पारं। दियौ चंद कव्वी हयं जा हुंकारं ॥
छं० ॥ १३० ॥

पुनः दुर्गा केदार का अपनी कलाएँ प्रगट करना और कविचन्द का उन्हें खण्डन करना।

पद्धरी ॥ केदार वत्त तब जंपि एह। दिष्पाउं तोहि बरसाय मेह ॥
प्रथमं सु पवन तब वज्जि जोर। गज्जीय गगन घन गरजि सोर ॥
छं० ॥ १३१ ॥

नभ छाइ स्याम बद्दल विसाल। भइ अंध धुंध जनु हुअ निसाल ॥
तरकंत तड़ित चिहुं ओर जोर। लग्गे सु करन कल मोर सोर ॥
छं० ॥ १३२ ॥

झम झमक बूंद बरसन्न लाग। इह चरित मंडि केदार बाग ॥
आचिज्ज हुअ [2]स० सभा एह। दिष्षय बसंत कविचंद तेह ॥
छं० ॥ १३३ ॥

आघात वात चलि फारि मेह। न्निम्मलिय नभ्भ रवि तयन छेह ॥
हुअ अंब मौर फुल्लिगपलास। द्रुम सघन फुल्लि पंषिन हुलास ॥
छं० ॥ १३४ ॥

भ्रमि भंग जुथ्थ गुंजार भार। कलयंठ कुहुकि द्रुम बैठि डार ॥
[3]सभ सकल मोहि रहि इन सु छंद। किन्नी अभूत बत्तह सु [4]चंद ॥
छं० ॥ १३५ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-अग्रारं। (२) ए. कृ. को.-सम सकल।
(३) ए. कृ. को.-सम। (४) ए. कृ. को.-छंद।

जे जेय विप्र देषी केदार। ले तेय चंद दिषिय [1]विचार ॥
बैठवा सु राज सिल एक तथ्य। दिष्षिय सु चंद उच्चरिय काथ्य ॥
छं० ॥ १३६ ॥

सुनि वत्त अहो दुग्गा केदार। प्रगटौ [2]सु विद्य जौ अग्र सार ॥
गुन पढ़ौ याहि अग्गें सु छंद। हुअ उपल गलित तो विद्यवंत ॥
छं० ॥ १३७ ॥

चिंत्तिय सु चिंत्त वरदाय देय। मन लच्छ क्रम्म आचिंति तेव ॥
लगि पढ़न चंद देवी चरित्त। वर वानि ग्यान सम्यौ सु मंत ॥
छं० ॥ १३८ ॥

कुहलाय उपल हलहलिय अंग। झलमलगि जानि पारद सुरंग ॥
भियौ सु वज्र गिरि पंक जानि। मुद्रिकिय नंषि कवि मध्य थान ॥
छं० ॥ १३९ ॥

डुब्बी सु मध्य मुद्रिक अभिंदु। भयौ वज्र वान [3]सरिवरि कविंद ॥
कविचंद कहै वर वदों तोहि। अप्पौ जौ काढ़ि मुद्रिय सु मोहि ॥
छं० ॥ १४० ॥

लग्यौ जु पढ़न केदार वानि। वर भास छंद अन्नेक आनि ॥
भेदै न उपल कछु अंग ताहि। थक्यौ अनंत करि करि उपाय ॥
छं० ॥ १४१ ॥

फिरि लग्यौ पढ़न कविचंद मंत। किल किलवि मध्य देवी हसंत ॥
अन्नेक बीज मंचह उचार। पढ़ै सु वानि कविचंद सार ॥
छं० ॥ १४२ ॥

फिरि भयौ गलित गिरिवर सु अंग। काढ़िग सु चंद मुद्रीय नंग ॥
*लग्यौ सु पाय केदार तत्र। सम तोहि दिपि न त्रिभुवन्न कत्र ॥
छं० ॥ १४३ ॥

कविचंद प्रसंसिय ताम भट्ट। वर विमल तुंही वानी सु घट्ट ॥ छं० ॥ १४४ ॥

कवित्त ॥ लज्जि बीर केदार। वाद मंड्यौ मरनं चित ॥
सुवर [4]कट्ठ पुत्तरी। देहि उत्तर सजीव हित ॥

---

(१) ए. कृ. को.-चिथार। (२) ए.-जु। (३) ए. कृ. को.-सरी।
* ये अन्तिम दो पंक्तियां मो-प्रति में नहीं हैं। (४) ए. कृ. को.-काष्ठ।

तब चंद वंदि आराधि। घट्ट जल बंधि उड़ायौ॥
गंग छेत बरदाइ। बरनि नौ रस्स पढ़ायौ॥
द्रुग्गा केदार घट भंजि कै। कर अंतर भ्रमत करि॥
घिरयौ न सुजल अंतर रह्यौ। सो ओपम कविचंद हरि॥छं०॥१४५॥

दूहा॥ नीर थ्रम तजि पिष्यियै। घट पष्यौ कविचंद॥
मानौ [1]किरनि पतंग की। षेलत पारस मंडि॥ छं०॥ १४६॥

चौपाई॥ एह चरित्त चंद कवि दिष्यिय। भला भला ऐसा तुम अष्यिय॥
चंद सूर दोऊ करि सष्यिय। वाद विवाद परस पर रष्यिय॥
छं०॥ १४७॥

कवित्त॥ पढ़त मंच बरदाय। चल्यौ पाषान सुरंग कल॥
घट वद्दै रिति कलिय। दिन्न आसीस हय सु बल॥
बर सुंदरि कढ़ि नंषि। और आरंभ सु किन्नौ॥
जंच मंच बहु जुगति। मंगि फिर बोल सु दिन्नौ॥
ठठुक्यौ सु दुर्गा केदार वर। देव विष्ट नंषे सुमन॥
जीत्यौ न कोय हाऱ्यौ न को। सुनिय कथ्थ प्रथिराज उन॥
छं०॥ १४८॥

अन्त में दोनों का वाद बराबर होना।

दूहा॥ वाद विवादन बीर [2]कवि। सत्ति सुभाव सुधीर॥
द्रुग्ग सत्ति तौ संचरी। जौ चंद वयट्ठौ नीर॥ छं०॥ १४९॥

दोनों कवियों की प्रशंसा।

नीसानी॥ पुब्ब राह पढ़मष्यरां हिंदू तुरकाना।
दोई राज सु दीन दो गोरी चहुआना॥
दोई सास्त्र विचार दो कौरान पुराना।
इल उप्पर त्यों भट्ट दो ज्यों राति विहाना॥ छं०॥ १५०॥
इक्कौ पुच विवद्ध कर इक नीर पषानां।
दोई राजन मंनिया सामंत सवानां॥ छं०॥ १५१॥

---

(१) ए. कृ. को.-किराती। (२) मो.-कोइ।

पृथ्वीराज का दुर्गा केदार को पांच दिन मेहमान रख कर बहुत सा धन द्रव्य देकर बिदा करना।

कवित्त ॥ वाद वीर संवाद। [1]रहै मन मझ्झ मनोरथ ॥
[2]कोप छाह सिंधु तरँग। लग्यौ कि बान पथ्थ ॥
संझ परत प्रथिराज। रहै ऐसे मन धारिय ॥
बहुत बाद उच्चार। चंद जीतौ गुन चारिय ॥
न्रप दीन भट्ट दिष्यौ बदन। सो दिन सरसत्तिय बिरस ॥
अप्पयौ दान उच्चित सु अति। सु कवि दिष्षि तार्थे सरस ॥
छं० ॥ १५२ ॥

रष्षि पंच दिन राज। चंद आदर बहु दिन्नौ ॥
भोजन भाव भगत्ति। प्रीति मह्मिान सु किन्नौ ॥
गेंवर सज्जिय तीस। तुंग साकति सिंगारिय ॥
तरल तुरँग सजि बेग। सत्त दिय परिकर सारिय ॥
कोटेक द्रव्य दीनौ न्रपति। अवर गिनै को विविध वरि ॥
सामंत सब्ब दिनौ सु दुत। कवि सु प्रसंसित कित्ति करि ॥
छं० ॥ १५३ ॥

दूहा ॥ हैवर सत गज तीस सुभ। मोती माल सु रंग ॥
लाल माल उभ्भय करन। दै राजन रस रंग ॥ छं० ॥ १५४ ॥

स्लोक ॥ यावच्चंद्रो दिवानाथ। यावत् गंगा तरंगयोः ॥
तावत् [3]पुत्र प्रपौत्रस्य। दुर्गा ग्रामं [4]विलोकयेत् ॥ छं० ॥ १५५ ॥

कवित्त ॥ बर समोधि न्रप भट्ट। रोस छिम्माय प्रमोध्यौ ॥
तापच्छैं कविचंद। भट्ट गुन करि गुन सोध्यौ ॥
प्रसन बीर प्रथिराज। लच्छि चतुरंग सु अप्पी ॥
इंद्रप्रस्थ वै थान। ग्राम दस अघटह अप्पी ॥

---

(१) ए. कृ. को.-रहेन। (२) ए. कृ. को.-कूप छांह।
(३) ए. कृ. को.-पौत्रस्य। (४) ए. कृ. को.-विलोकयत्।

*

आजन्म जन्म दारिद्र कपि। भट्ट भारद्द सरद करिय ॥
आदर अद्ब पहुंचाय करि। सब प्रसंस परसाद किय ॥
छं० ॥ १५६ ॥

दुर्गा केदार कवि का राजा को आशीर्वाद देकर विदा होना।

प्रथीराज चहुआन। दान गुन जान षग्ग धर ॥
अवलोकत से दून। पंच से देइ वाच वर ॥
जानि समप्पै सहस। सहस वत्तह जो दिज्जै ॥
बर विद्या रंजवै। तास दारिद्र न छिज्जै ॥
सोमेस सुअन सब जान गुन। दानह अंकन वालियौ ॥
केदार कहै सब कुसल कल। कवि लहु सुत परि पालियौ ॥
छं० ॥ १५७ ॥

दूहा ॥ चल्यौ भट्ट केदार जब। दिय प्रथिराज असीस ॥
करि सुभाव सामंत सब। उठि रुचि नायौ सीस ॥ छं० ॥ १५८ ॥

कवि की उक्ति।

पिथ्थ वलिय चहुआन पें। बामान ह्वै कवि आय ॥
[1]लिये दान केदार कह। फुनि ब्रह्मंड नमाय ॥ छं० ॥ १५९ ॥

कवि का शहाबुद्दीन से रास्ते में मिलना।

चल्यौ भट्ट गज्जन पुरह। मझ्झ रह मिल्यौ सहाब ॥
लिये सथ्थ घन सेन बर। हय गय [2]तथ्थ तहाव ॥ छं० ॥ १६० ॥

गजनी के गुप्तचर का धर्म्मायन के पत्र समेत सब समाचार शाह को देना।

* इस छन्द में "चरलावानि सामंत सूर सब सेना थप्पी" यह पंक्ति चारों प्रतियों में अधिक है। कहीं कहीं कवि ने इसी कवित्त छन्द को ८ पंक्ति का मान कर "डोढ़े के नाम से लिखा है परन्तु यहां पर न तो इसके जोड़ की दूसरी पंक्ति है न इसका पाठक्रम समयोचित है इस लिये हमने इस पंक्ति को मूल छन्द से बिलकुल निकाल कर अलग पाठान्तर में लिखा है।

(१) ए. कृ. को.-पाये। (२) मो.-सथ्थ।

कवित्त ॥ सोइ ग्राम सोइ ठाम। मान अप्पौ चहुआनं ॥
आदर सादर समुह। भट्ट गोरी सुरतानं ॥
ताहि सथ्य वर दूत। रहै ऐसे परिमानं ॥
जल महि ज्यों गति जोक। भेद कोई नन जानं ॥
मुक्कयो वाद वद्दे सु कवि। गए पास सुरतान चर ॥
आघात साहि गोरी सुवर। आषेटक चहुआन धर ॥ छं० ॥ १६१ ॥
अद्ध सथ्य चहुआन। राज आषेटक पिल्लै ॥
हय हथ्थी वर साज। सवै जुग्गिनिपुर मिल्लै ॥
अप्पानो अपजोग। पुच्छि तत्तार प्रमानं ॥
कही सु दूतय वत्त। तत्त जंगली निधानं ॥
निय भट्ट वाद हाऱ्यौ सु [1]निय। कछु कछु तत जंपे सगुर ॥
छुम्मान वीर कग्गद लिय। करो साहि सो सत्ति धुर ॥ छं० ॥ १६२ ॥

शहाबुद्दीन का पृथ्वीराज पर चढ़ाई करना।

सुनिय वत्त साहाव। वंचि कग्गर ततार वर ॥
अति आनंदिय चित्त। करिय अति धंघ राज धर ॥
कियौ निसानन घाव। धाक दस दिसि धर फट्टिय ॥
मिले षान अगिवान। चढ़न साहाव सु रट्टिय ॥
दस कोस साहि वर उत्तरिय। सरित तट्ट मुक्काम किय ॥
रंग रत्त पीत डेरा वने। हय गय मीर गँभीर जिय ॥ छं० ॥ १६३ ॥

तत्तार खां का फौज में हुक्म सुनाना।

दूहा ॥ वोलि परिग्गह सूर सब। पुच्छे सकल जिहान ॥
षां षुरसान सु वोलि वर। वर वंध्यौ चहुआन ॥ छं० ॥ १६४ ॥

कवित्त ॥ कहै षान षुरसान। साहि गोरीं परिमानं ॥
वर संभरि चहुआन। दूत भेज्यौ वनि दानं ॥
लहुति लोह लोहार। षग्ग षुरसान षटक्कै ॥
सुनत दूत वर वेन। साह सज्यौति सटक्कै ॥

(१) ए.-निव।

चहुआन सेन सायर मथन। गहन मान पुव्वा कव्यौ ॥
चतुरंग सज्जि बाजित्र सुर। करि गोरी आतुर चव्यौ ॥छं०॥१६५॥

यवन सरदारों का शाह के सम्मुख प्रतिज्ञा करना।

षा षुरसान ततार। साहि सम्हें कर जोरिय ॥
आन दीन सु विहान। एन चहुआन विछोरिय ॥
हसहि मीर कहि धीर। मीर रोजा रंजानहि ॥
पंच निवाज विकाज। [1]जाइ गोरी गुम्मानहि ॥
इन वेर साहि सुरतान वर। करै दीन बत्ता सु गुर ॥
भर सूर सधै बंधै न्रपति। कै जीवत गड्डै सुधर ॥ छं० ॥ १६६ ॥

दूहा ॥ छय मुसाफ सुरतान अग। उंच उंच बंधि तेग ॥
सुबर साहि साहाब सुनि। करै दीन उच वेग ॥ छं० ॥ १६७ ॥
सौगँध मानि साहाव षरि। ढिल्लीवै चहुआन ॥
राति दीह सल्लै सुबर। पुव्व बैर सुरतान ॥ छं० ॥ १६८ ॥

शहाबुद्दीन की चढ़ाई का आतंक वर्णन।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यौ साहि आलम असंभ। उप्पव्यौ जानि सायरन अंभ ॥
जल थल थलंन [2]जल होत दीस। उन्नयौ मेछ बर बैर रीस॥
छं० ॥ १६९ ॥

बज्जहि निसान धुंनित विसाल। हालंत मेज सुरतान हाल ॥
बारुनि बहंत मदगंध बुंद। मानो कि कूट चलि सत रविंद
छं० ॥ १७० ॥

सज्यौति सेन सुरतान बीर। बढ़ि तेज तुंग जानै गंभीर ॥
सम्हौ सु भट्ट मिलि आय राज। अति क्रूर तेज आहत्त साज ॥
छं० ॥ १७१ ॥

सुरतान कहै हो दिल्लि राज। आयौ सु दौरि निय सुनि अवाज ॥
तब दूत कहै साहाब बाचि। आपौ सु भट्ट चहुआन जाचि ॥
छं० ॥ १७२ ॥

---

(१) ए. जोइ। (२) ए. कृ.-को.-मिल।

चहुआन सत्त हय दीय उच्च। सामंत अवर समदिय सरुच्च ॥
गज तीस अप्पि ग्रामह दुसष्प। अप्पिय सु हेम राजन विलप्प ॥
छं० ॥ १७३ ॥

[1]अनि द्रव्य कोट दीनौ सु भाइ। सामंत सब्ब रुचि सीस नाइ ॥
संभरिय वत्त सुरतान वीर। धारेव उअर मझ्झे गँभीर ॥
छं० ॥ १७४ ॥

अग्गें सु बंधि निसुरत्ति पान। दस पंच हथ्थ उत सुव्विहान ॥
पारस्स साहि लक्करिय लाल। मानो कि सुभ्भि परवाल माल ॥
छं० ॥ १७५ ॥

दूहा ॥ सुबर साहि बंचिय निजरि। वर चल्लिय अगिवान ॥
यों पहुंच्यौ असपत्ति गनि। देस दिसा चहुआन ॥ छं० ॥ १७६ ॥

शहाबुद्दीन का सोनिंगपुर में डेरा डालना और वहां पर दुर्गा केदार का उससे मिलना और दूतों का भी आकर समाचार देना।

उतरि साह सोनंग पुर। दिसि दष्पिन वर थान ॥
किय डेरा केदार तब। मीर महुब्बति पान ॥ छं० ॥ १७७ ॥

अरिल्ल ॥ निमां [2]साम वज्जिय नौवत्तिय। किय निमाज उमरावन तत्तिय ॥
सज्जि महल साहाव वयट्ठौ। आयौ महल [3]उम्मरां जिट्ठौ ॥
छं० ॥ १७८ ॥

आय महल दुग्गा केदारह। दीन असीस बिविधि विद्यारह ॥
मिलि सहाव सादर सम्मानिय। पुच्छिय कुसल बिविध दल बानिय ॥
छं० ॥ १७९ ॥

दूहा ॥ पुच्छि कुसल आसन्न दिय। सम द्रुग्गा केदार ॥
तन बिभूत जट सिंग म्रग। आए दूत सुच्यार ॥ छं० ॥ १८० ॥
दिय दुवाह तिन चरच वस। काइम साहि सहाव ॥

(१) ए. कृ. को.-"अति द्रव्य कोर दौनौ सु भाइ"।
(२) मो.-साव। (३) मो.-उमराव।

[1]अग्ग बोलि गोरी गरुअ। तव अति दिष्यौ [2]आव॥ छं० ॥ १८१॥

शहाबुद्दीन का कवि से पृथ्वीराज का समाचार पूछना और कवि का यथा विधि सब हाल कह सुनाना।

गाथा॥ आयस दिय लिय अग्गं। पुच्छिय षवरि विवरि चहुआनं॥
अरु सामंत सु धीरं। पुछियं प्रीति रीति साहावं॥ छं० ॥ १८२॥

अरिल्ल॥ बषत बड़े सुरतान मानि मन। बंधी गास पंग प्रथि मंतन॥
हनिय अप्प कैमास मंच बर। भए चलचित सामंत सूर भर॥
छं० ॥ १८३॥

भरि बेरी चामंड सु बीरं। चमकि चित्त सामंत सधीरं॥
भयौ षीन चहुआन मोंच दुष। गय पिपास निद्रारु षुधा सुष॥
छं० ॥ १८४॥

चढ़ि आषेटक तुच्छ सेन सजि। सथ्थ सूर सामंत चिंति रजि॥
क्रीड़त देस मझि पंथानह। कंपै असि अरि मत्त पयानह॥
छं० ॥ १८५॥

भरि भंगान पुंडि मीना धर। गोरा भरा भज्जियं तज्जिर॥
सहस तीस सब सेन समथ्थह। आए भए रोज दस तथ्थह॥
छं० ॥ १८६॥

रोज तीस मुकाम थथ्यौ थह। उतऱ्यौ आनि मझि जलपंथह॥
बषत समथ साहि साहाव सुनि। चढ़ि अरि गंजि मंजि महरनि रन॥
छं० ॥ १८७॥

सुलतान का मुसाहिबों से सलाह करके सेना सहित आगे कूच करना।

दूहा॥ सुनिय बत्त साहाव चर। दिय निरिघाव निसान॥
अप्प षान मीरं वरा। कहो सजन सब्बान॥ छं० ॥ १८८॥
कही षान षुरसान सम। षा तत्तार निसुरत्ति॥
कही सुचर सुनियै सबै। जुरन याह घर घत्ति॥ छं० ॥ १८९॥

(१) ए. कृ. को.-अंग वाले। (२) ए.-आव।

अरिल्ल ॥ कीय वत्त पुरसान ततारह । आयस आन दीन सेला रह ॥
गय अंदर सयनह सुरतानह । कूच कूच भय सेन सवानह ॥
छं० ॥ १९० ॥

दुर्गा केदार के पिता का दुर्गा केदार को समझाना और धिक्कारना ।

दूहा ॥ अप्प अप्पयह उम्मरा । आए सज्जित सब्ब ॥
चमकि चंड कैदार मन । आयौ तात [1]सु तब्ब ॥ छं० ॥ १९१ ॥
सुनिय वत्त कवि विविध वर । पति आषेटक साज ॥
सोमेसर सुअ जुद्ध थिर । सलिल [2]लज्ज सिंधु पाज ॥ छं० ॥ १९२ ॥
द्रग्ग मत्ति सुत सों कहिय । तुम जानहु चहुआन ॥
पहिली भट अपराध वहु । माधव कियौ विनान ॥ छं० ॥ १९३ ॥

कवित्त ॥ दल मोगर मेवात । राज सुत्तौ परिमानं ॥
माधौ पच्छैं भट्ट । राज वैसास न आनं ॥
करौ वत्त न्रप हित्त ॥ कपट दिष्यौ सुरतानं ॥
जाहु पास प्रथिराज । पवरि अप्पौ सु निदानं ॥
धनि ध्रम्म वंध संभरि न्रपति । निगम मोह संम्हौ मिलिय ॥
उज्जेंन राज श्रीफल उदित । दे कग्गद संम्हौ चलिय ॥
छं० ॥ १९४ ॥

दुर्गा केदार के भाई का पृथ्वीराज के पास रवाना होना ॥

दूहा ॥ लघु बंधव कविदास तिन । दरक चढ़ाइय सु वेग ॥
जाहु सु पानी पंथ तुम । करहि नरह उद्वेग ॥ छं० ॥ १९५ ॥

कवि का पृथ्वीराज प्रति संदेसा ।

कुंडलिया ॥ दिष्य फौज सुरतान कीं । बंधव मोकलि भट्ट ॥
तुम उप्पर गोरी सुवर । है गै सज्जे थट्ट ॥
है गै सज्जे थट्ट । सज्जि आयौ सुरतानं ॥
तिरि भर जल गंभीर । भीर सज्जे बहु षानं ॥

(१) मो.-सुन । (२) मो.-लाज ।

तीस लष्य में साहि। [1]थट्ट तारे दस दष्षे ॥
तिन में पंच सु लष्य। लष्य में लष्य सु दिष्षे ॥ छं० ॥ १९६ ॥

कवित्त ॥ सीर फिरस्ते टारि। दब्ब मार्‍यौ सिंधु तट्टे ॥
सिंधु विछष्यै वीच। साह पुल्ल बंधज घट्टे ॥
हुय मुसाफ तत्तार। मरन केवल विचारे ॥
सज्जि साथ चहुआन। काल्हि उतरिहैं पारे ॥
उप्परे डेर मुक्काम तजि। सेन काज [2]पुंटिय बजे ॥
नीसान हवाई सुंदरी। गज घंटानन डर सजे ॥ छं० ॥ १९७ ॥

दूहा ॥ जाय राज प्रथिराज पहि। विवरि षवरि सुरतान ॥
कहियो [3]वेगौ सेन सजि। आयौ पंथ चंपान ॥ छं० ॥ १९८ ॥

कविदास की होशयारी और फुर्ती का वर्णन।

कवित्त ॥ चल्यौ चंड कविदास। दमकि उठ्यौ दा सेरक ॥
मनु वामन किय वृद्ध। क्रम्म चयलोक मले सक ॥
[4]कुसा तिष्य कर कढ्ढि। अग्र द्रिय वक्र निरष्षै ॥
मनों कुलटानि कटाच्छ। मध्य गुर जन सम लष्षै ॥
संचर्‍यौ एम संमीर वर। प्रोथ बात रोह्यौ प्रबल ॥
अध धर्‍यौ चक्र कर जेम हरि। मनुं जंबूर स छुट्टि कल ॥
छं० ॥ १९९ ॥

दास कवि का पानीपत पहुंचना और पृथ्वीराज से निज अभिप्राय सूचक शब्द कहना।

दूहा ॥ चल्यौ चंड कविदास तब। पहर एक निसि जंत ॥
अनल वेग हक्यौ दरक। आयौ पानी पंथ ॥ छं० ॥ २०० ॥

कवित्त ॥ उत्तम न्रिम्मल सु द्रह। पुलिन वर पंसु झीन सम ॥
करत राज जल केलि। सुमन कसमीर अगर जम ॥

(१) मो.-हथ्थ। (२) ए. कृ. को.-बुंटिय।
(३) ए. कृ. को.-वेगी। (४) ए.-कसा।

सथ्थ सूर सामंत। मत्त षेलत हड्डूअ ॥
.... | .... ॥
दिन सेष धरी सत्तरु दुअह। [1]हहकि दरक मन वेग तहाँ ॥
कविदास आय तव जंपि न्रप। करौ सिलह सामंत सह ॥
छं० ॥ २०१ ॥

*दूहा ॥ मो दिष्पै न्रप दिष्पियौ। गोरी साहि नरिंद ॥
हसम हयग्गह सज्जि कै। दल वद्दल वर इंद ॥ छं० ॥ २०२ ॥
साहवदी सुरतान अव। तुम पर साज्यौ सेन ॥
[2]मों देष्पै देषौ न्रपति। घरी एक अप नेन ॥ छं० ॥ २०३ ॥

कवि के वचन सुनकर राजा का सामंतों को सचेत करना और कन्ह का उसी समय युद्ध के लिये प्रवन्ध करना।

छन्दभ्रमरावली ॥ सुनियं तव राजन चंड तनं [3]वयनं।
तव जग्गिय वीरह धीर तनं नयनं ॥
तव सद्दिय सब्बह एक किए अयनं।
सव सामँत सूरह सीस सजे गयनं ॥ छं० ॥ २०४ ॥
पहु आवरि वीरह अप्प तनं तयनं।
मुष रत्तह व्यंवह श्रोन समं नयनं ॥
भिरि मुच्छह भौंहह भोंह समं पयनं।
सवं आवध सज्जिय मत्तह जे हयनं ॥ छं० ॥ २०५ ॥

कवित्त ॥ तव सज्जि सेन प्रथिराज। मंत सव सामँत पुच्छिय ॥
हय अरोहि धुज जुरहि। काय [4]पथ होइ सुमत्तिय ॥
कहिय कन्ह चोंहान। सु थल या अग्गें वेहर ॥
पुट्ठि सुने दिसि वाम। पूर जल किन्न सु केहरि ॥
मंडियै जुद्ध हय छंडि सव। इक भाग रष्यौ चव्यौ ॥
मंनी सु बत्त सामंत न्रप। भल भल सव सेना पव्यौ ॥छं०॥२०६॥

(१) ए. कृ. को.-हक्कि। *यह दोहा मो.-प्रति में नहीं है।
(२) ए. कृ. को.-मैं। (३) ए. कृ. को.-वनयं। (४) ए. कृ. को.-पय।

चहुआन सेना की सजाई और व्यूह रचना।

भुजंगी ॥ सथं सज्जियं व्यूह प्रथिराज राजं। सुरं वीर रस उंच वाजिच बाजं॥
भरं मंडलं मंडियं संडि अन्नी। [1]रसं सूर सामंत सा सूर मन्नी॥
छं० ॥ २०७॥

भरं सहस वा बीस हय छंडि बीरं। तिनं रच्चियं व्यूह जल जात धीरं॥
नरं कन्ह चौहान गोयंद राजं। भरं जैत पर सिंघ बलिभद्र साजं॥
छं० ॥ २०८॥

बडं गुज्जरं दून हड्डा हमीरं। रचे अट्ठ सामंत वा पच भीरं॥
बरं बग्गरी देव पज्जून राजं। सुतं नाहरं सिंह परिहार सार्जं॥
छं० ॥ २०९॥

भए च्यार सामंत सो कर्णि कारं। बियं सब्ब धीरं परागं सु ढारं॥
भयो नारि पम्मारि जैतं समथ्थं। भयौ सध्य मेही प्रथीराज तथ्थं॥
छं० ॥ २१०॥

भरं मध्य उद्दिग्ग बाहं पगारं। तिनं मद्धि जद्दौं सु जामानि सारं॥
सजे मध्य चंदेल भौंहा सु धीरं। तिनं मद्ध सोहान सा विंझ बीरं॥
छं० ॥ २११॥

चढ़े रष्षिनं दष्षिनं रा पहारं। सहस्सं च अट्ठं चढ़े सूर सारं॥
छं० ॥ २१२॥

शहाबुद्दीन का आ पहुंचना।

दूहा ॥ सज्जि सेन साहाब सुर। आयौ आतुर हंकि॥
दिष्षि रेन डंबर डहसि। भर चहुआन असंषि॥ छं० ॥ २१३॥
गंभीरां सुरतान दल। अति उतंग [2]बरजोर॥
मिले पुब्ब पच्छिमहु तें। चाहुआन चित घोर॥ छं० ॥ २१४॥

यवन सेना की व्यूह रचना।

कवित्त ॥ अनिय बंधि पतिसाह। जुद्ध जीपन चहुआनं॥
षां मुस्तफा दलेल। पुट्ठि रष्षे गिरवानं॥

---

(१) मो.-रसे। (२) ए. कृ. को.-अति।

सजे सेन चतुरंग। दंद दंती वनि घट्टा॥
सुवर वीर सुरतान। वान [1]उव्वरि जल छुट्टा॥
चहुआन सुन्यौ आचंभ चर। सिंधु उतरि संम्हौ मिल्यौ॥
दोउ दीन आय आवरि सुभर। पग्ग कढ्ढि पग्गह पुल्यौ॥
छं० ॥ २१५॥

यवन सेना का युद्धोत्साह और आतंक वर्णन।

छनूफाल॥ आयो सु सज्जि सहाव। [2]उल्लथ्यौ सायर आव॥
है लष्य सारध एक। प्रति रची फौज विमेक॥ छं० ॥ २१६॥
जति अनंत वज्जै वज्ज। गिरधरनि अंवर गज्जि॥
भर सिलह वंधिय वीर। तजि आस जीवन धीर॥ छं० ॥ २१७॥
सजि कसे आवध सब्ब। वर लज्ज देषिय [3]ग्रब्ब॥
मद गज्ज अट्ठौ अट्ठ। वर वेग राह सु घट्ठ॥ छं० ॥ २१८॥
करि दौरि आयौ साहि। पंचास कोस [4]पहाहि॥
विच राज जोजन एक। विश्राम सज्जिय सेक॥ छं० ॥ २१९॥
तहां सिलह है गै भार। परसंसि मीर झुझार॥
उन्नमिय नेज उतंग। गनि जाइ रुवन रंग॥ छं० ॥ २२०॥
षुर षेह उड्डिय रेन। आकास मुंदिय तेन॥
गहगही सद्द सु गाह। रन गहर पष्पर पाह॥ छं० ॥ २२१॥
वानैति वानैं साज। रस वीर धरिय सु गाज॥
भय निजरि दूनिय सेन। भर भीर चिंतिय तेन॥ छं० । २२२॥
वज्जंत रन रनतूर। निज ध्रम्म संभरि सूर॥
जब देषि हिंदु उतारि। उच्चर्यौ षान ततार॥ छं० ॥ २२३।

तत्तार का खां आधी फौज के साथ पसर करना, बादशाह का पुष्टि में रहना।

दूहा॥ कह्वि ततार साहाव सों। किय दल हिंदु उतार॥
हम उत्तरियै मीर सब। तुंम रहौ पुट्ठि साधार॥ छं० ॥ २२४॥

---

(१) मो.-उच्चरि। (२) ए. कृ. को.-उद्धर्यो।
(३) ए. कृ. को.-पब्ब। (४) ए. कृ. को.-पहाड़।

कवित्त ॥ लष्प एक है छंडि । कियौ तत्तार उतारह ॥
अद्ध लष्प दल चढ्यौ । रह्यौ सुरतान सुभारह ॥
मीर मसंद मसंद । अग्ग सज्जे भर सुब्भर ॥
कुल अरेह अस्लील । बोलि पित पिच्च नाम नर ॥
अग्गै सु भार हथनारि धरि । बानग्गीर बानेत तँह ॥
सजि सेन गरट चलि मंद गति । लग्गे बज्जन बीर रह ॥
छं० ॥ २२५ ॥

दोनों सेनाओं का परस्पर साम्हना होना ।

दूहा ॥ बज्जे बज्जन लाग दल । उभै हंकि जगि वीर ॥
विकसे सूर सपूर बढ़ि । कंपि कलच अधीर ॥ छं० ॥ २२६ ॥

हिन्दू मुसल्मान दोनों सेनाओं का घोर घमासान युद्ध वर्णन ।

गीतामालची ॥ छुट्टियं हथनारि दुअ दल गोम व्योमह गज्जियं ॥
उड्डियं आतस झार झारह धोम धुंधर सज्जियं ॥
छुट्टियं बान कमान पानह छाह आयस रज्जियं ॥
निरषंत अच्छरि सूर सुब्बर सज्जि पारथ मज्जियं ॥ छं० ॥ २२७ ॥
सज्जे वि सुब्भर देवि ईसर आय गंध्रव किन्नरं ॥
नारद नद्दह मंडि मद्दह इष्षि नंचि अचंभरं ॥
हिंदू स जंपिय राम रामह सांइ अग्या सद्दयं ॥
असुरेव जंपिय दीन दीनय [1]पीर मीर महम्मयं ॥ छं० ॥ २२८ ॥
मिलि फौज दूनह एक सेकह झार धारह बज्जियं ॥
हक्क दुसाइय अप्प अप्पह वाहि आवध गज्जियं ॥
तन तेग [2]तुट्टय सीस लुट्टय कमध नच्चय केभरं ॥
वहि श्रोन पूरह काल कालरह किलकि जोगिनि जे सुरं ॥ छं० ॥ २२९ ॥
नच्चंत बीर बिताल तालिय घरहरंत सु सद्दयं ॥
नच्चंत ईसुर रज्जि भीसुर डमक्कि डौंरुअ नद्दयं ॥
रस रूक बाहै धाक धाहै झाक आवध ओझरं ॥

(१) मो.-पदि नीर । (२) ए. क. को.-तुट्टहिं, लुट्टहि ।

असि पटापेलय सेल [1]मेलय सूर तुट्टहि सुभ्भरं ॥ छं० ॥ २३० ॥
परि सीस हक्कहि धर हहक्कहि अंत पाइ अलुभ्भरं ॥
उठि उट्टि क्कसि केम उक्कसि सांइ सुध्यल [2]जुभ्भरं ॥
एकेक चंपहि पीठ नंषहि धरनि धर परिपूरयं ॥
हकियं सु वेगं अलिय महमद करिय द्रग्ग करूरयं ॥ छं० ॥ २३१ ॥
सम चले गज्जह देषि रज्जह जीह हनि हनि जंपियं ॥
आवंत दून मसंद राजह देषि चच्चर चंपियं ॥
हनि संग जरह प्रान पूरह दो कलेवर गोइयं ॥
विद्धवि राजह परे गाजह संगि एक परोइयं ॥ छं० ॥ २३२ ॥
रस रुद्र बीर भयान मच्चिय काल नच्चिय नोदयं ॥
हकीय राज दुअप्प सुभ्भर बीर बीरह मोदयं ॥
हँकि सूर मंत गयन्न लग्गिय बाह चंपिय आवधं ॥
ढिलि असुर सयंन पिंड पंचह चंपि जंपिय सावधं ॥ छं० ॥ २३३ ॥
जामेक जुद्ध अरुद्ध लग्गिय बीर जंपिय बीरयं ॥
सिद्धीय सिद्धय संत रासह ग्रभ्र खोनह सीरयं ॥
.... ॥
.... ॥ छं० ॥ २३४ ॥

वरनी युद्ध वर्णन।

कवित्त ॥ हय गय हय हय अरथ। रथ्थ नर नर सों लग्गा ॥
हय सों हय पायल सु। पाय करि सों करि भग्गा ॥
ईस आन वर चवै। सूर सूरन हक्कारिय ॥
सार धार झिल्लै। प्रहार बीरा रस धारिय ॥
घरि एक भयानक रुद्र हुअ। सीस माल गंठी सु कर ॥
कविचंद दंद दुअ दल भयौ। सुगति मग्ग षुल्ले विदर ॥छं०॥२३५॥

लोहाना का फुर्तीलापन।

साटक ॥ सीतं [3]गोप सरेत भीतय वरं नर जोति दिष्षी गुरं ॥
रंभं रंभ सुरथ्थयं च अम्रतं आलंब वाहं वरं ॥

(१) ए. कृ. को.-सेलहि। (२) ए. कृ. को.-जुध्यरं। (३) ए. कृ. को.-तोप।

दिष्षी दिष्टि विभारथोवि सरसा भारथ्थ बिय बुद्धयं ॥
गोरी सा सुरतान रक्षति तयं आजानबाहुं वरं ॥ छं० ॥ २३६ ॥

लोहाना और पहाड़राय का शाह पर आक्रमण करना और यवन सेना का उन्हें रोकना।

दूहा ॥ लोहानो आजान वर। लोहा लंगरि राव ॥
कढ्ढे लंबी तेग वर। साह सनंमुष धाव ॥ छं० ॥ २३७ ॥
सज्जि [1]सेन तूंअर सुभर। [2]वढ्ढिय हय चढ्ढि षेत ॥
समुह साहि दिष्यौ सु द्रग। बंध्यौ बंधन नेत ॥ छं० ॥ २३८ ॥

नराच ॥ सु दिठ्ठि दिष्षि फौजयं, पहार साहि सम्मयं।
चल्यौ सु राव सूर मंत, दिष्षि सम्म रम्मयं ॥
बचे सु राम बीर बीचि, साजि गाज उट्टए।
कढ़े सु सस्त्र सारि झारि, मीर सीस तुट्टए ॥ छं० ॥ २३९ ॥
मिलौ दु फौज हक्कि धक्कि, अन्य अन्य आवधं।
जयं सु अप्प बंछि बंधि, वीर संधि सावधं ॥
तुटे सु षग्ग भग्ग भार, दंत उड्डि दामिनी।
वरंत हूर मीर धीर, काम [3]बंछि कामिनी ॥ छं० ॥ २४० ॥
बरंति सूर अच्छरी, सु देह रोहि रथ्थयं।
अहंत अग्नि एक पंति, उर्द्ध जात तथ्थयं ॥
मच्यो करार धार मार, सार सार धारयं।
परंत एक तुट्टि तेग, उड्डि झार मारयं ॥ छं० ॥ २४१ ॥
करें किलक्क बीर हक्क, सद्दि कंठ पूरयं।
रमंत रासि भीर भासि, नंदि नंचि नूरयं ॥
तुटंत सीस रोम रीस हक्कयं धरप्परं।
.... ॥ छं० ॥ २४२ ॥
नचै कमंध तुट्टि रंध [4]अभ्भि रंत संभरं।
अलुझ्झि कंठ कंठ एक तुट्टि तेग दुब्भरं ॥

(१) ए.-फौज। (२) ए. कृ. को.-कढ्ढिय।
(३) ए. कृ. को.-बंधि, बंदि। (४) ए. कृ. को.-भर।

वहंत सार वार पार ता रुरंत अंतरं।
ग्रहंत दंत दंत एक कंठ कंठ संतरं ॥ छं० ॥ २४३ ॥
झटा सु हाक झाक धाक साल सेल संमुहं।
करंत घाव जंम [1]डाव घाव घाव रंमहं ॥
हुअंत षंड षंड घाउ सुन्नरं वगत्तरं ॥
परंत बाजि षंड भाजि सुंडरं सु पप्परं ॥ छं० ॥ २४४ ॥
झरंत मत्त सुंड दंत षंड पंड चिक्करं।
ठिले सु मीर एक धीर नट्ठि षेत लिक्करं ॥
रुनी सु फौज लष्षि साहि रोहि गज्ज सज्जियं ॥
हकारि मीर बक्कारि पग्ग धारि गज्जयं ॥ छं० ॥ २४५ ॥

क्षत्रिय वीरों का तेज और शाह के वीरों का धैर्य्य से युद्ध करना।

कवित्त ॥ वीर वीर षुट्टए। वीर बीरह आहुट्टे ॥
सार धार वज्जे प्रहार। मद ज्यों दुअ जुट्टे ॥
रन हक्कारें राव। सिंघ पर एन सु छुट्टे ॥
वर उतंग भर सुभर। अप्प पर अनत न छुट्टे ॥
बर वीर साहि दिष्षौ निजरि। सां पुल्लै कुल चाढ़ि सहु ॥
जाने कि काल जीहा उक्कसि। उद्दिग बाह [2]पगार बहु ॥
छं० ॥ २४६ ॥

दूहा ॥ हय गय रथ्थ अरथ्थ हुअ। नर सों नर नर लग्ग ॥
सघन घाइ उर बज्जने। भय भींभर द्रग भग्ग ॥ छं० ॥ २४७ ॥
हुअ हकार गज्जिय सु भर। जुटे साहि तसील ॥
मानों मत्त गयंद दो। जुटि अंकस बिन पील ॥ छं० ॥ २४८ ॥

उक्त दोनों वीरों का युद्ध और अन्य सामंतों का उनकी सहायता करना।

(१) ए. कृ. को.-दावं। (२) मो. पसार।

भुजंगी ॥ जुटे जोध जोधं अभंगं करालं। उठे मुष्य नासा नयन्नं बरालं॥
मिले छोह कोहं असम्मान लग्गे। परे लोह लत्तं निधत्तं करग्गे ॥
छं० ॥ २४९ ॥

दुअं दीन दीदेर ते लोह [1]छक्के। फिरै गेन देवी हकारंत हक्के ॥
भए चाल बंधं [2]मसंदं मसंदं। करें हूक हक्कं सु आहुत सद्दं ॥
छं० ॥ २५० ॥

ढरें संध बंधं बहैं षग्ग धारें। मनों चक्क पंकं कुलालं उतारें ॥
लगे [3]सेंग अंगं कढ़ें वार पारं। बहै जानि जादक्क श्रोनं प्रनारं ॥
छं० ॥ २५१ ॥

लगै गुर्ज सीसं दुअं हथ्थ जोरं। दधी भाजनं जानि हरि ग्वाल फोरं॥
मिले हथ्थ बथ्थं गहै सीस केसं। जरे जम्म दड्ढं महा मल्ल भेसं ॥
छं० ॥ २५२ ॥

करें छल्लिका जुद्ध [4]कित्तेति बीरं। दिषें भेज अंगं मनों सुंड चीरं॥
रुपे बीर सामंत डिग्गे न पग्गं। तुटै सीस धक्कै धरं हक्क अग्गं ॥
छं० ॥ २५३ ॥

चले श्रोन षारं मची कीच भूमी। अभूतं सु कंकं महाबीर झूमी॥
जहां षान तत्तार रुपि राह रूपं। तहां चक्क रुपी प्रथीराज भूपं॥
छं० ॥ २५४ ॥

मिले मुष्य गोयंद चहुआन कन्हं। जुरे जैत बलिभद्र परसंग नन्हं ॥
परे मेच्छ व्यूहं सु पावै न जानं। करी पारसं कोपि चहुआन आनं॥
छं० ॥ २५५ ॥

गहों साहि गोरी हरों स्वामि त्रासं। बहै सथ्थ लोहान ज्यों काल ग्रासं॥
मुऱ्यौ षान तत्तार अप्पार मारं। परे षेत अंगं अभंगं अपारं ॥
छं० ॥ २५६ ॥

लिये जीति वाजिच हस्ती तुरंगं। तक्यौ तोमरं साहि सज्यौ कुरंगं॥

(१) ए. कृ. को.-छक्कं, हक्कं। (२) ए. कृ. को.-मसंधं।
(३) ए. कृ. को.-संग। (४) मो.-कित्ते सु।

* .... । .... ॥ छं० ॥ २५७ ॥

यवन सेना का पराजित होकर भागना।

कवित्त ॥ [1]लुथ्थि लुथ्थि आहुट्टि। लुथ्थि पर लुथ्थि अहुट्टिय ॥
षां षुरसान ततार। षान रुस्तम वे जुट्टिय ॥
अवर सेन अध लष्य। तेह घाइल भर भग्गिय ॥
सहस [2]सत्त परि षित्त। सुष्प सामंत विलग्गिय ॥
मत्तंति लोह छक्के गरुअ। हरुअत्तन करि गरुअ किय ॥
भग्गौ सु तूल सुरतान दल। क्रम्म क्रम्म उद्दं वरिय ॥ छं० ॥ २५८ ॥

छः सामंतो का शाह को घेर लेना।

चढ़त गज्ज साहाव। दिठ्ठ पाहार सु दिष्षिय ॥
रा जद्दव जामानि। राव भोंहा भर लष्षिय ॥
लोहानों आजान। वाह उद्दिग पग्गारह ॥
विंझराज चालुक्क। देषि घट सामँत सारह ॥
दौरे सु सज्जि असिवर सुमुष। गहो गहो जंपेव सुर ॥
आए मसंद अड्ड दुदस। मुझ्झ अलुझ्झिझय साह पर ॥
छं० ॥ २५९ ॥

उत्तह वीस मसंद। इत्त सामंत सत्त घट ॥
वज्जै सार करार। झार उड्डंत रूक झट ॥
[3]पसरन श्रोन प्रवाह। गाहि रन वीर समथ्थं ॥
परे मसंद मसंद। धरनि सामंत सु हथ्थं ॥
चंप्यौ सु गज्ज गोरी गरुअ। रा भोंहा हय सीस गय ॥
घेर्यौ सु सब्ब सामंत मिलि। लोहानों गज रोह हय ॥ छं० ॥ २६० ॥

लोहाना का शाह के हाथी को मार गिराना।

दूहा ॥ हक्कि तुरी लोहान तव। हन्यौ कंध गज मग्ग ॥
ढरिग सीस पुंतार सम। धरिनि दंत दोय लग्ग ॥ छं० ॥ २६१ ॥

---

*मालूम होता है यहां के कुछ छन्द खण्डित हो गए हैं।

(१) मो.-लोथि। (२) ए. कृ. को. सित्त। (३) ए. कृ. को.-पसरत।

शाह का पकड़ा जाना।

कवित्त ॥ ढरत कंध गज साहि। गह्यौ पाहार पंचि कर ॥
कसिय बाह तूंवर सतेन। हय डारि कंध पर ॥
गह्यौ देषि सुरतान। सेन भग्गो सव आसुर ॥
परी लूटि हय गय समूह। बर भरे दरक (२)जर ॥
परे सीर सत्तह सहस। सहस अड्ड हय (३)पंचि गय ॥
दिन अस्त माहि साहाब गहि। दियौ हथ्थ अप्पन सु रय ॥
छं० ॥ २६२ ॥

मृत वीरों की गणना।

दूहा ॥ सय चत्तिय परि हिंदु रन। सत्त एक हय थान ॥
सामंता सब तन कुसल। जय लद्धी चहुआन ॥ छं० ॥ २६३ ॥

लोहाना की प्रशंसा, शाही साज सामान की लूट होना।

कवित्त ॥ लोह हह मंडीय। मोहि विसमै द्रिग खिन्निय ॥
अहत कोट मंडयौ। होम पासंग सु किन्निय ॥
सकति अग्ग दुक्करी। किन्न पूजा कज बढ्ढिय ॥
सुजस पवन छुट्टयौ। कित्ति चाव दिसि फुट्टिय ॥
आवद्ध रतन लोहान बर। लोहा लंगर धाइयां ॥
आजान बाह बहु भूप बल। गहन तेग उच्चाइयां ॥ छं० ॥ २६४ ॥
गह्यौ साहि सुरतान। जोध हय गय तहं भग्गे ॥
जमदढ्ढां जम दड्ढ। असम असिवर नर लग्गे ॥
षासर छत्र रषत्त। तषत्त लुट्टे सुरतानी ॥
बंधि साह सु विहान। सुकर दीनौ चहुआनी ॥
बर बंध गए ढिल्ली तषत। जै बज्जा बज्जे सघन ॥
सोमेस सुअन संभरि धनी। रबि समान तप मान (३)धन ॥
छं० ॥ २६५ ॥

---

(२) ए.-जारन।　　(३) ए. कृ. को.-पंचि।　　(३) ए. कृ. को.-सम।

पृथ्वीराज का सकुशल दिल्ली जाना और शाह से दंड लेकर उसे छोड़ देना।

गहिय साहि आलम्म। गए प्रथिराज अप्प ग्रह॥
पोस मास पंचमिय। सेत गुरवार क्रत्ति कह॥
जोग सकल गहि साह। सज्जि दिल्ली संपत्तौ॥
अति मंगल तोरन। उछाह नीसान घुरत्तौ॥
दिन तीस रष्षि गोरी गरुअ। अति आदर आसन्न वर॥
करि दंड सहस अट्ठह सु हय। गय सु सत्त लिय मुक्कि कर॥
छं० ॥ २६६ ॥

दंड वितरण।

दूहा॥ अर्द्ध दंड [1]प्रथिराज पहु। दीनौ राव पहार॥
अवर पंच सामंत अध। दीनौ प्रथुक पथार॥ छं० ॥ २६७॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराज रासके दुग्गा केदार संवादे पातिसाह ग्रहनं नाम अट्ठावनवों प्रस्ताव संपूर्णम्॥ ५८॥

(१) मो.-पतिसाह।

अथ दिल्ली वर्णनं लिष्यते ।

(उनसठवां समय ।)

पृथ्वीराज की राजसी ।

दूहा ॥ साष साष भट भाष षट । । दर सम वर पुर इंद ॥
तपै सूर सामंत इछ । दिल्लिय चंद कविंद ॥ छं० ॥ १ ॥

दिल्ली के राज्य दरबार की शोभा ।

अति अति रूप अनंत बर । जरि जराब बहु भंति ॥
सभा सिंगारिय सकल भर । मनु सुरपति ओपंति ॥ छं० ॥ २ ॥
मधुरिति छत्र विराज मद्धि । सिंघासन बहु साज ॥
जनु [1]कि मेर उतकंठ मद्धि । सामँत रिद्धि सकाज ॥ छं० ॥ ३ ॥

कवित्त ॥ षट सुभाष षट दंन । बहुत बज्जन तहं बज्जत ॥
रंग राषि षट भजि । करिय सें अट्टह गज्जत ॥
वपु सुमेर गति सप्प । छके षट रिति मद मत्तह ॥
मनहु काम प्रतिबिंब । । लयौ अवतार [2]दिल्लि यह ॥
चल चलत राइ चिहुं चक्क के । आयस रन डंडक गहन ॥
चहुआंन भान सम भान तप । रहन वास उड़पति धरन ॥
छं० ॥ ४ ॥

निगमबोध के बाग की शोभा वर्णन ।

नराच ॥ सुधं निगंम बोधयं, जमंन तट्ट सोधयं ।
तहां सु बाग अच्छयं, बने सु गुल्ल अच्छयं ॥ छं० ॥ ५ ॥
समीर तासु बासयं, फलं सु फूल रासयं ।
बिरष्य बेलि डंबरं, सुरंग पान अंमरं ॥ छं० ॥ ६ ॥
जु केसरं कुमंकुमं, मधुप्प वास तं भ्रमं ।

(१) मो.-जनु किरन्न । (२) ए. तिनह ।

अनार दाष पल्लवं, सु छत्र पत्ति ढिल्लवं ॥ छं० ॥ ७ ॥
श्री षंड थंड [1]वासयं, गुलाब फूल रासयं ।
जु चंपकं कदंबयं, षजूरि भूरि अंवयं ॥ छं० ॥ ८ ॥
सु अंननास जीरयं, सतूतयं जँभीरयं ।
अषोट सेव दामयं, अवाल वेलि स्यामयं ॥ छं० ॥ ९ ॥
जु श्रीफलं नरंगयं, सवद्द स्वाद होतयं ।
चवंत मोर वायकं मनो सँगीत गायकं ॥ छं० ॥ १० ॥
उपम्म बग्ग राजयं, मनों कि इंद्र साजयं ।
...., ... ॥ छं० ॥ ११ ॥

दूहा ॥ उड़ि सु वास गुल्लाल अति। उड़ि अवीर असमान ॥
मनहु भान अंवर सुरत। बजी तंति सुरगान ॥ छं० ॥ १२ ॥

दरबार की शोभा और मुख्य दरबारियों के नाम।

* वेलीविद्रुम ॥ बजि तंति तंचिय बज्जनं। सुरगान [2]सज्जिय सुरगनं ॥
गुल्लाल लल्लिय अंगनं। आरत्त रंगि परंगनं ॥ छं० ॥ १३ ॥
चहुआन ओपिय छत्रयं। वंधान बंधिय सत्रुअं ॥
सामंत दरगह [3]सज्जयं। करतार कोन सु कज्जयं ॥ छं० ॥ १४ ॥
ढरि चमर दुअ भुज ढिल्लयं। मधु उपम मधुवन मिल्लयं ॥
गोयंद निद्दुर सल्लषयं। धुर धरन गद्दिय नष्षयं ॥ छं० ॥ १५ ॥
बनि इंद देव सु वन्नयं। सोमेस बंधव कन्हयं ॥
चष पट्टिय चष्षन यट्टयं। दस लष्ष मीर दवट्टयं ॥ छं० ॥ १६ ॥
रिषि आप आप विधुत्तयं। थिर रहै रिद्धि न युत्तयं ॥
गुरराम पिट्ठ विराजयं। जनु वेद ब्रह्म सु साजयं ॥ छं० ॥ १७ ॥

(१) ए.-वीसयं।

* इस छन्द को मो. प्रति में दण्डमालची करके लिखा है। वास्तव में कौन छन्द ठीक है इसके लिये हमने प्रचलित हिन्दी पिंगलों की छानबीन की परन्तु कुछ भी पता न चला अस्तु हमने ए. कृ. को. तीनों प्रतियों के पाठ को मान कर मो. प्रति के पाठ को पाठान्तर में दिया है।

(२) ए. कृ. को.-सज्जि कि संरगनं। (३) ए.-सज्जियं।

मुष अग्ग चंद [1]सु भष्षनं। रज रीति हद्द सु रष्षनं ॥
पुंडीर चंद सु पाहरं। नर नाथ दानव नाहरं॥ छं० ॥ १८ ॥

वनि अन्यो अन्य सु ठौरयं। सुनि तंति सुरगन सोरयं ॥
पिरै स दिठ्ठय पासनं। रचि अंब सेत हुतासनं॥ छं० ॥ १९ ॥

चावंड लष्य सु लष्यनं। रजि हिंदु राज सु रष्षनं ॥
रनधीर सामँत सुभ्भयं। भिरि भंजि मीर सु द्रभ्भयं ॥ छं० ॥२०॥

मुष अग्ग वाजन ठट्टयं। पहु दीप मझ्झल कट्टयं ॥
दोसत्त जुर रा दुष्पनं। चिहु चक्क चारु सु [2]पिष्पनं॥ छं० ॥ २१ ॥

घुरि चंब सुर तहं वज्जनं। गहि छंड गोरिय गज्जनं॥
रचि महल मधुरिति मधुरयं। भ्रम छंडि मंडि सु पिष्षयं ॥
छं० ॥ २२ ॥

दिल्ली नगर की शोभा वर्णन।

चोटक ॥ घुरि घुम्मिय चंब निसान घुरं। पुर है प्रथिराज कि इंद्रपुरं॥
प्रथमं दिलियं किलयं कहनं। ग्रह पौरि प्रसाद घना सतनं॥
छं० ॥ २३ ॥

धन भूप अनेक अनेक भती। जिन वंधिय वंधन छत्रपती ॥
जिन अश्व चढ़ै [3]घरि असि लषं। वल श्री प्रथु मत्त अनेक भषं॥
छं० ॥ २४ ॥

दह पौरि सु सोभत पिष्य वरं। नरनाह निसंकित दाम नरं॥
भर हट्ट सु [4]लष्पनयं भरयं। धरि वस्त अमोल नयं नरयं॥
छं० ॥ २५ ॥

तिहि बीच महल्ल सतष्षनयं। लष कोटि धजी सु कवी गनयं॥
नर सागर तारँग [5]सुद्ध परें। परि राति सुरायन वादु घरें॥
छं० ॥ २६ ॥

---

(१) मो. सु भूषनं। (२) ए. कृ. को.-चष्षनं। (३) ए. कृ. को.-घटि।
(४) ए. कृ. को.-सुष्पनयं। (५) ए.-सद्ध।

मचि कीच ओगालन हट्ट मझें। दिषि देव कैलासन दाव दझें ॥
[1]रजितार वितारत भंति नवी। परिजानि हुतासन लत्त छवी ॥
छं० ॥ २७ ॥

मनु सावक पावक मद्द क्रिय। विन तार अतारन मारि लिय ॥
इन रूप टगं मग चाहनयं। मनों सूर सबै ग्रह राहनयं ॥
छं० ॥ २८ ॥

तिन तट्ट कलिंदय तट्ट सजं। धर मभ्भन तार अनेक सजं ॥
तिन अग्ग सुभंत सु बग्गतयं। लषि लष्षि चौरासिय उड्डनयं ॥
छं० ॥ २९ ॥

पचि ललिय नीलिय मानकयं। रतनं जतनं मनि तेज कयं ॥
सुभ दिल्लिय हट्ट सु नैर मझैं। करि दंत मिलंत गिरंत सझैं ॥
छं० ॥ ३० ॥

इय सामँत दामित रूप कला। बर वीर उठै धरि सत्त कला ॥
जिन सामँत सामँत सुद्धरयं। घटि बढ्ढि सँडे गिर दुम्भरयं ॥
छं० ॥ ३१ ॥

कवित्त ॥ परिहारह बन बीर। आय हय जोरि सु उभ्भिय ॥
भोजन सद्द प्रमान। तहां [2]प्रथु सामँत सुभ्भिय ॥
सभा विसरजिय सूर। आय बैठक बैठारिय ॥
बहुत मंस पकवान। जबुकि प्रथमी आधारिय ॥
षट अन्न दरग्गह सोम सुभ्र। केसर अगर कपूर उर ॥
सामंत नाथ चरचिय सबन। सिव दझी ढुंढा सहर ॥
छं० ॥ ३२ ॥

राजसी परिकर और सजावट का वर्णन।

तोटक ॥ इह इंद्र पुरं किधों दिल्ल पुरं। इम उप्पिय मंदिर सोम [3]सुरं ॥
इह मेर किधों इंद्र चापनयं। बहु भंति जरे मनि पट्टिनयं ॥
छं० ॥ ३३ ॥

(१) ए. कृ. को.-रचिता विरलारन। (२) ए.-प्रिथा, ए. कृ. को.-प्रिथ।
(३) मो.-सुअ।

सुर मध्य विराजत सूर समं। सु मनों सुर उप्पर भान भ्रमं ॥
घन मद्धि तड़ित्त कला विकलं। पुर धाम सुभट्ट सषा प्रवलं ॥
छं० ॥ ३४ ॥

सुभ रूप तहां गनिका गनयं। भ्रमि मानव सिद्ध सुरं भ्रमयं ॥
गहि तंचिय जंचिय डक्क वजै। जनु मार किधों कुरु कोक सझै ॥
छं० ॥ ३५ ॥

उड़ि वीर अवीर न झारनयं। जनु मेर सुधा गिर धारनयं ॥
लष एक लियै रजनी सजनं। ग्रह रूप अनूपम काम मनं ॥
छं० ॥ ३६ ॥

भरि द्रव्य रमै सव हीर मनं। रमि जूप वदै रमनी गमनं ॥
सव हारि निहारि कोपीन सझै। जव लिद्धिय नारि अपारि दझै ॥
छं० ॥ ३७ ॥

इन मान अमान सु रूप रमै। मनु सिद्धि करामति क्रम्म क्रमै ॥
वनि पंति सुकंत निसान लयं। मुष दिट्ठिय ढिल्लिय मालनयं ॥
छं० ॥ ३८ ॥

मनु रूप अनूप सितं विकनं। भर भीर वढ़ी नह दिट्ठ नयं ॥
[1]घन घोरत सोर अमोघ नयं। मनु वाल सजोवन प्रौढ वनं ॥
छं० ॥ ३९ ॥

सु जहां चहुआन सु भोन सजै। सु मनों ससि कोरन कोर मझै ॥
ग्रह दिष्षिय दासि अवासनयं। तिन सोभ सुकाम करी [2]तनयं ॥
छं० ॥ ४० ॥

बहु रूप रवंन रवंन भती। मुष अम्रत सम्रत प्रान पती ॥
सुर अट्ठ सषी अँग रष्षि कला। मनु सेस वधू प्रभु की अवला ॥
छं० ॥ ४१ ॥

तिन धाम कलस्सन कोर वनी। जनु अंबर डंबर भान घनी ॥

(१) ए. कृ. को.-घन सोर अमोर। (२) ए. कृ. को.-नटयं, नठयं।

सित सत्त कलस्स सु [1]सुंदरयं । तिन मझ्झ सषी बहु सुंदरयं ॥
छं० ॥ ४२ ॥

गज राजत राज सु छत्रपती । प्रथिराज कैमास हन्यौ सु मती ॥
चहुआन बधू दसयं भनयं । भिरि लिद्धि मंडोवर दंपतियं ॥
छं० ॥ ४३ ॥

सुभ इंछिनियं कनयं [2]सुनयं । रिति छत्र कला सुर संपतयं ॥
तिय मिथ्यह व्याह्य पुंडीर कियं । मनु अंबर मद्धि तड़ित्त वियं ॥
छं० ॥ ४४ ॥

अनि नाम चंद्रावति चंद सुती । सुष भाग सुहागन चंद सुती ॥
घर दाहुर दाहिम पुत्ति दयं । तिन पेट रयन्न कुमार भयं ॥
छं० ॥ ४५ ॥

ससि वृत्त सु भंतिय कृष्ण करी । मनु आनिय पीय सु कंध धरी ॥
तिन रूप [3]रूपं मनि लिद्ध रजं । चहुआन सु आनिय देव सजं ॥
छं० ॥ ४६ ॥

वरि लिन्निय षग्ग इंद्रावतियं । जनु मुष्ष सरस्वति गावतियं ॥
कुल भान सती सुत हाहुलियं । जनु किस्न रुक्मनयं मिलयं ॥
छं० ॥ ४७ ॥

ग्रह पान सुती सु पजून घरं । मनु चित्त कि पुत्तरि आनि धरं ॥
रिनथंभ हंसावति काम कला । तिन दीपति छिप्पत चंद कला ॥
छं० ॥ ४८ ॥

सुर अच्छर मच्छर मान वती । किय अप्प [4]जँजोग संजोग सती ॥
वह रूप अनूप सरूप मती । नह दिष्षिय नागिनि इंद्र सुती ॥
छं० ॥ ४९ ॥

मनु काम [5]धनुंक करी चढ़यं । किधों षंभ द्रुमं सु हिमं [6]चढ़यं ॥
सुर कोटि चिषंड नयन्न सुजं । तट तास सुवास जमुंन [7]सजं ॥
छं० ॥ ५० ॥

---

(१) मो.-सन्दरयं । (२) ए.कृ.को.-सुभयं । (३) ए.कृ.को.-रुपमनि । (४) ए.कृ.को..संजोग ।
(५) ए. कृ. को.-धनंक । (६) ए.-वढ़यं । (७) ए. कृ.-सज्जं ।

तिन तट्ट अनेक [1]गयंद सढं। पग नट्ट गिरं पवनंति बढं॥
बहु रूप अनूप सरूप भती। दिषि जानि कला सुर देव पती॥
छं०॥ ५१॥

गज षंभ छुटंत उमद्द मदं। मनु गाजत गज्ज अषाढ़ भदं॥
कि मनों घट्ट उट्ठिय कांठ लयं कि बढ़े मनु उप्पर बद्दरयं॥
छं०॥ ५२॥

बहु रंग सुरंग सु वस्त्र दिपै। तिन मेर [2]सिषंन सुभान छिपै॥
तिन मध्य रयंन कुमार नयं। सुत सूर गयंन विदारनयं॥
छं०॥ ५३॥

दिनप्रत्ति रमें तट कूलनयं। सुर पेषि सुरायह भूलनयं॥
तट रेष रिषी सर पालनयं। कित नाम सुधारन कालनयं॥
छं०॥ ५४॥

राजकुमार रैनसी का ढुंढा की गुफा पर जाकर उसका दर्शन करना, ढुंढा की संक्षेप में पूर्व कथा।

[3]सत तीन वरष्ष असी अगलं। जब ढूंढ़ ढंढोरिय भू सगरं॥
तिन सिद्ध गुफा अवतार लियं। मुनि जानि ब्रह्मा समयं दिषयं॥
छं०॥ ५५॥

तिन ढिग्ग रयंन कुमार गयं। मुनि जानि कृपाल कृपाल भयं॥
बजि तारिय भारिय सद्द वधं। प्रति जीव सु जोति गयंन सिधं॥
छं०॥ ५६॥

जट जूट विकट्ट भ्रकुट्ट भरं। मधि कन्न सुकी सुक मंडि घरं॥
सुत चंद सु पानि जुगं जुरयं। सिधद्रिग्ग उघारि दिषं नरयं॥
छं०॥ ५७॥

तिन पुच्छिय वत्त मही रिषयं। तुम बीसल पुत्त नरं [4]भषयं॥
अब किल्लिय दुल्लिय वास कियं। प्रथमं अजमेर कुबेर दियं॥
छं०॥ ५८॥

(१) ए.-मयंद। (२) ए. कृ. को.-सषंन।
(३) मो.-सित दोय वरष्ष असी अलगं। (४) मो.भषनं।

दूहा ॥ जब उतपंन सु कुंड मझि। दिय रिषि नें वर ताम ॥
जाह्नु सु पहिलै [1]अजय वन। जुग्गिनि वास सु ठाम ॥ छं० ॥ ५९ ॥

कवित्त ॥ पुर जोगिनि सुर थान। [2]जुग्गहनें ताये तारियं ॥
सतजुग संकर सधर। परत प्रथिराज सु पालियं ॥
द्वापर पंडव राव। सत्त कौरव संघारिय ॥
कलिजुग पति चहुआन। जिन सु गोरी घर ढारिय ॥
घर जारि पंग [3]पारन रवरि। फिरि दिल्ली चिहुं चक्क धर ॥
मेवात पत्ति इक छत्त महि। [4]निव अमेव आवट्टि नर ॥छं०॥६०॥

रेनु कुमार की सवारी और उसके साथी सामंत कुमारों का वर्णन।

दूहा ॥ सुभट सीष दिय भर सवन। रिषि प्रमान करि भीर ॥
बिन तारी करतार बर। तट बहि जमना तीर ॥ छं० ॥ ६१ ॥
घुरि निसान सद्दह धमकि। चढ़ि गज रेन कुमार ॥
मनों इंद्र ऐराप धरि। करिय असुर संघार ॥ छं० ॥ ६२ ॥

पद्धरी ॥ अरोहि गज्ज रेनं कुमार। चढ़ि चले सुतन सामंत सार ॥
सुत कन्ह मन्नि ईसरह दास। दिय देस रहन षट्टू सु वासं ॥
छं० ॥ ६३ ॥
सुत निडर बीर चंद्रह [5]जु सेन। पल मारि झारि कर बद्ध ऐनं ॥
सम जैत सुअन करनह सु जाव। जिन लिये सच सिर सिद्ध दाव ॥
छं० ॥ ६४ ॥
गोयंद सुतन सामंत सींह। जिन स्वामि काम नहि लोपि लीह ॥
कैमास सुअन परताप आप। जिन रष्षि भ्रम्म घर वट्ट बापं ॥
छं० ॥ ६५ ॥
पुंडीर धीर सुत चंद्रसेन। जिन चलै सहस द्वै उड्डि रेन ॥

(१) ए. कृ. को.-अज्ज। (२) ए. कृ को.-जुगह तेता ते तारिय।
(३) ए. कृ. को पारी। (४) ए. कृ. को.-निहच मेव आवट्टि नर।
(५) ए. सु

परिहार पीय सुअ तेज पुंज। मनु दीप पक्क कै केलि कुंज॥
छं० ॥ ६६ ॥
गुरराम सुअन हरिदेव रूप। मुष मिठ दिट्ठ कलि परन भूप॥
हम्मीर सुतन नाहर पहार। दस पंच वरष महि वजिय सार॥
छं० ॥ ६७ ॥
जग जेठ कुँअर चामंड जाव। जिन लिये कोट दस भंजि राव॥
सुत महनसिंह जैसिंघ वीर। जिन रष्षि वंस पिचवढ नीर॥
छं० ॥ ६८ ॥
पंमार सिंघ सुअ राजसिंघ। जुरि जुद्ध रुद्ध उड़ि वाह जंघ॥
रिनधीर सुतन गुज्जरह राम। दस देस लिद्ध ग्रह अप्प धाम॥
छं० ॥ ६९ ॥
वरदाइ सुतन जल्हन कुमार। मुष वसै देवि अंविका सार॥
हरिसिंघ सुतन पातल नरिंद। गज दंत कढ़े जनु मील कंद॥
छं० ॥ ७० ॥
विंझा नरिंद सुत देवराज। सो जंग मंझ गज करत पाज॥
अचलेस सुतन देवराज पट्ट। तन तरुन तेज गंगा सु घट्ट॥
छं० ॥ ७१ ॥
तोंअर सुतन्न किरमाल कान्ह। जिन करी रिद्ध दुज दे अमंत॥
पज्जून सुअन पाहारराइ। चहुआन इला कलि करन न्याइ॥
छं० ॥ ७२ ॥
नरसिंघ सुतन [1]हरदास हड्ड। गुर ग्रद्ध मान हम्मीर गड्ड॥
षीची प्रसंग सुअ मल्हनास। वचिं देव ष्षम्म वंदट्ट वास॥
छं० ॥ ७३ ॥
सुत तेज डोड अचला सुमेर। दीपंत देह मानों कि मेर॥
जंघार भीम [2]सुअ सिवहदास। कठियाराइ सुत कल्हिलास॥
छं० ॥ ७४ ॥
अततांइ सुतन आरेन रूप। भिरि भीम वंद्ध मारंत भूप॥
चंदेल माल प्रथिराज सूअ। भिरि जंग मझ्झ गज गहन भूअ॥
छं० ॥ ७५ ॥

(१) मो.-सिवदास। (२) ए.-सुह।

संग्राम सुअन सहसो समथ्थ। जुरि जुद्ध भान रोकै सुरथ्थ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ७६ ॥

दूहा॥ स्वामि दरग्गह चलि सुवन। मनहु प्रथीपुर इंद॥
[1]कलि सोभन मोहन कवी। मनो सरद्दह चंद ॥छं०॥ ७७ ॥

बसंत उत्सव के दरबार की शोभा, राग रंग और उपस्थित दरबारियों का वर्णन।

पद्धरी॥ रितराज राज आगंम जानि। पंचमि वसंत उच्छव सुठानि॥
किय हुकुम सचिय सम बोलि तब्ब। प्रभु सेव साज मंगाय सब्ब॥
छं० ॥ ७८ ॥

परजनन जुत्त तह मभ्भ आइ। षिल्लहि वसंत गोपालराइ॥
परधान हुकुम सिर यर चढ़ाइ। सव वस्त रष्षि कन पहि काढ़ाइ॥
छं० ॥ ७९ ॥

घनसार अगर सत कासमीर। म्रगमद जवाद बहु मोल चीर॥
बहु बर्न पुप्फ को लहै पार। मन हरत मुनिन सुरगंध तार॥
छं० ॥ ८० ॥

बदंन अबीर रोरी गुलाल। अति चोल रंग जनु भूड लाल॥
मिष्टान पान मेवा असंघ। मन चिपति होत निरषंत अंषि॥
छं० ॥ ८१ ॥

सुभ साल विसद अंगन अवास। विच्छाय सु पट जाजिम नवास॥
अंमोल मोल दुल्लीच झारि। षंचाइ षुंट रुलितानि धागि॥
छं० ॥ ८२ ॥

छिरकाव छिरकि गुल्लाव पूरि। दिषियंत उड़ति अब्बीर धूरि॥
रहि उमड़ि घुमड़ि तहं धूप वास। तन बढ़त जोति सुब्बास रास॥
छं० ॥ ८३ ॥

तहं धरिय सिंघासन मध्य आनि। नग जरित हेम बिसकर्म जानि॥
बैठाय पाट गोपालराइ। घन घंट संष झल्लरि बजाइ॥
छं० ॥ ८४ ॥

(१) ए.-कवल।

सिरदंग ताल जहं पौंन धार । वीनादि जंच झिनकार सार ॥
नफफेरि भेरि सहनाइ चंग । दुर वरी ढोल [1]आवझ्झ उपंग ॥
छं० ॥ ८५ ॥

दम्माम सवद वज्जत विनोद । वंसी सरल्ल सुर उपजि मोद ॥
[2]अनि अनि चरित्र नर नारि आनि । सक्कै न होइ तिन जाति जानि ॥
छं० ॥ ८६ ॥

धरि कनक दंड सिर चमर सेत । रष्षंत पवन विय विप्र हेत ॥
[3]विद्वान चतुर दस विद्य अच्छ । सम अग्ग सिंघासन वैठि पच्छ ॥
छं० ॥ ८७ ॥

वैठिय सु कन्ह चहुआन आनि । झलहलत क्रोध उर अगनि शानि ॥
गहिलोत राव गोयंद आय । जिन सुनत नाम अरिदल पुलाइ ॥
छं० ॥ ८८ ॥

निढ्ढुर नरिंद कमधज पधारि । आदर [4]अनंत न्नप करि उचारि ॥
कूरंभ कहर वलिभद्र आय । जिहि सुनत नाम अरिनह दहाय ॥
छं० ॥ ८९ ॥

फुनि आय अप्प अब्बू नरेस । भय भीम रूप जमनेस भेस ॥
अतताइ आइ तहं सिव सरूप । वैठिय सु उठ्ठि [5]भहराय भूप ॥
छं० ॥ ९० ॥

चावंड विना भट सब्ब आय । अरि धरनि धगनि जे देत दाय ॥
पुंडीर आय तहं धीर चंद । अरि तिमिर तेज जिन फटति दंद ॥
छं० ॥ ९१ ॥

कूरंभ कहर पाल्हन्न देव । जिहि वियन काम विन स्वामि सेव ॥
वय वृद्ध नाल सामंत सब्ब । अवधारि राज प्रथिराज तब्ब ॥
छं० ॥ ९२ ॥

फुनि आइ चंद [6]वरदाइ माइ । जिहि प्रसन जीह दुरगा सदाइ ॥
आये सु न्रत्य नाटक अधीन । गंधरव राग विद्या प्रवीन ॥
छं० ॥ ९३ ॥

---

(१) मो.-आवझ्झ । (२) मो.-अन्नेक चरित । (३) मो.-पंडित ।
(४) ए. कृ. को. अत्यंत । (५) ए.-भरराय । (६) ए. कृ. को.-वरदास ।

छह ग्राम मुरछना गुनं वास। सुर सपत ताल विद्या बिलास ॥
संगीति रीति अभ्यास बाल। उच्चारि राग रिझ्झिय भुवाल ॥
छं० ॥ ६४ ॥

अनेक चरित श्रीकृष्ण कीन। ते सब्ब प्रगट कीने प्रवीन ॥
तिम सुनत तवत तन पाप छीन। न्रप राइ रिझ्झि वहु दान दीन॥
छं० ॥ ६५ ॥

रस रह्यो रंग सभ उठ्ठि राज। सामंत सब्ब निज ग्रह समाज ॥
अनसंक कंक बंकान पधोर। यों तपै पिथ्थ दिल्ली सजोर ॥
छं० ॥ ६६ ॥

इति श्रीकविचंद विरचिते प्रथिराज रासके दिल्ली वर्णनं नाम उनसठवों प्रस्ताव संपूर्णम् ॥ ५९ ॥

अथ जंगम कथा लिष्यते ।

(साठवां समय ।)

सुसज्जित सभा में पृथ्वीराज का विराजमान होना ।

चौपाई ॥ बैठौ राजन सभा विराजं । सामँत सूर समूहति साजं ॥
विस्तरि राग कला कृत भेदं । हरपित [1]हृदय असम सर षेदं ॥
छं० ॥ १ ॥

सज्जिय थान न्रपति कै पातुर । गुन रुपक विचरति श्रुत चातुर ॥
नाटिक कला सँगीत आन रचि । अति [2]न्रत्यत करि विगति सु गति सचि॥
छं० ॥ २ ॥

चंद चारु माठा रूपक धरि । गीत प्रवीन प्रबंध कीन थरि ॥
उघट चिघट [3]अंग प्रसुष्प यह । निंदत् चित्तरेष अच्छरि गह ॥
छं० ॥ ३ ॥

राजा को एक जंगम के आने की सूचना का मिलना ।

दूहा ॥ तत्त समै राजिंद वर । अपि सु पवरि अच्छत्त ॥
जंगम [4]एक सु आय कहि । कमधज पुर पति बत्त ॥ छं० ॥ ४ ॥

दिष्षि रहसि न्रप निरति रस । गुन अनेक कल भेद ॥
निरषि परषि प्रति अंग अलि । पातुर कला अषेद ॥ छं० ॥ ५ ॥

राजा का नृत्यकी को विदा करना ।

सत्त हेम है राज इक । दिय पातुर प्रति दान ॥
न्रत्ति विगति अवलोकि गुन । दई सीष यह मानि ॥ छं० ॥ ६ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-हृदय, रिदय ।
(२) ए. कृ. को.-सु नृत्य ।
(३) ए. कृ. को.-अंड ।
(४) ए. कृ. को.-इक्कें ।
(५) ए.-वत्ति ।

पृथ्वीराज का जंगम से प्रश्न करना और जंगम का उत्तर देना।

पुनि जंगम प्रति उच्चरिय। कमधज्जन की कथ्थ ॥
बहुरि भिन्न करि उच्चरि॰। सुनि सामंत सु नथ्थ ॥ छं० ॥ ७ ॥

चौपाई ॥ राज जग्य सज्ज्यौ कमधज्जं। देस देस हुंकारत सज्जं ॥
मिलि इक कोटि सूर भर हासं। न्टप अंदेस देस रचि तासं ॥ छं० ॥ ८ ॥

थपि दर द्वारपाल चहुआनं। लकुटिय कनक हथ्थ परिमानं ॥
आय पंग तट इष्ष समाजं। आनि अप्प चहुआन सु लाजं ॥ छं० ॥ ९ ॥

इह सु कथा पहिली सुनि राजन। आय कही सो फीफुनि साजन॥
लग्यौ राग श्रोतान रजानं। बुझ्झी बहुरि सु जंगम जानं ॥ छं० ॥ १० ॥

संयोगिता का स्वर्ण मूर्ति को जयमाल पहिराना।

कवित्त ॥ [1]आवलि पंग नरेस। देस मंड सुवेस बर ॥
बरन कज्ज चौसर। विचार संजोग दीन कर ॥
देवनाथ कवि अग्ग। बरनि न्टप देस जाति गुन ॥
फुनि अष्षै संजोग। कनक विग्रह सु द्वार उन ॥
चहुआन राव सोमेस सुअ। प्रथीराज सुनि नाम बर ॥
गंध्रव्व [2]वचन विच्चारि उर। धरि चौसर प्रथिराज गर ॥ छं० ॥ ११ ॥

संयोगिता का दूसरी वार फिर से स्वर्ण मूर्ति को माला पहिराना।

दूहा ॥ देषि फेरि कहि नाथ पति। फुनि सुक्कलि कविराज ॥
बहुरि जाहु पंगानि अग। विचरै न्टपति समाज ॥ छं० ॥ १२ ॥

कवित्त ॥ बहुरि नाम गुन जाति। देस पित प्रपित बिरद बर ॥
लै लै नाम पराम। देवजानी स देव कर ॥

(१) मो.-आचलि। (२) मो. वयन।

फुनि चहुआन सु पास। जाय ठट्ठे भए जामं ॥
कछु कवि रहिय राज। कछुक जंपे गुन तामं ॥
नृप लज्ज पंग ग्रह भट्ट वर। तुच्छ संपेप सु उच्चर्‍यौ ॥
संजोग समझ्झे उर नरह। कंठ ग्रथ्यु चौसर धर्‍यौ ॥
छं० ॥ १३ ॥

पुनः तीसरी वार भी संयोगिता का पृथ्वीराज की प्रतिमा पर जयमाल डालना।

दूहा ॥ दुसर राज इह देषि सुनि। तिय सु नाथ उर जाम ॥
सपत हथ्थ सुर जा धरिय। प्रचरि नरेसनि ताम ॥ छं० ॥ १४ ॥

कवित्त ॥ फुनि नरेस अदेस। नाथ फिरि आय मझ्झ दर ॥
आदि वंस रचि नाम। चवत विक्रम्म क्रम्म वर ॥
दई पानि कवि जानि। होत काह्न कर मंडं ॥
भूत भविष्यत वत्त। भव्वि जानी उर चंडं ॥
उतकंठ लोकि प्रतिमा प्रतपि। दिष्षि देव देवाधि सचि ॥
वरनौ संजोग चहुआन वर। पहुप दाम ग्रीवा सु रचि ॥
छं० ॥ १५ ॥

जयचन्द का कुपित होकर सभा से उठ जाना।

दूहा ॥ कोप कलंमल पंग पहु। समय विरंचि विचारि ॥
रोस सोस उर धारि तव। क्रम भति भई न चारि ॥ छं० ॥ १६ ॥
उट्ठि राज अंदरह दर। कियौ प्रवेस अपान ॥
विमुप निमुष दिष्यौ न्रपति। देव कृत्य परमान ॥ छं० ॥ १७ ॥

पंगराज का दैवी घटना पर संतोष करना।

कवित्त ॥ दइय काल सुनि पंग। जग्गय विग्गर्‍यौ दच्छ पति ॥
द्रुपद राय पंचाल। जग्गय विग्गर्‍यौ इष्ट रति ॥
दइय काल दुजराज। जग्य विग्गर्‍यौ सु जानं ॥
[1]न्रघुष राइ [2]राज हू। गत्त जानी परमानं ॥

(१) ए. कृ. को.-नघुष। (२) ए.-राजरु।

स्रुति बर पुरान स्रोतास वल। विधि विचार मंडिय सकल ॥
चय काल काल सामंत कह्नि। दइय काल मानै अकल ॥
छं० ॥ १८ ॥

राजा जयचन्द का संयोगिता को गंगा किनारे निवास देना।

दूहा ॥ आदि कथा संजोग की। पहिलें सुनी नरेस ॥
अब इह जंगम आय कहि। विधि मिलवन संदेस ॥ छं० ॥ १९ ॥

कवित्त ॥ रचि अवास रा पंग। गंग दंगह उतंग तट ॥
दासि सहस सुंदरिय। प्रसंग कल ग्यान भाव पट ॥
ब्रत उचार चहुआन। धरत कर करत अप्प पर ॥
पंच धेन पूजंत। बचन मन क्रम्म गवरि हर ॥
सुनि पुनि नरेस संदेस दिढ़। सोफी फुनि जंगल कह्यि ॥
आरत्ति चरित चहुआन मन। दइय भेद चित्तह गहिय ॥
छं० ॥ २० ॥

दूहा ॥ पहिल ग्यान जंगम कह्यि। दुतिय सो सोफी आनि ॥
तब प्रथिराज नरिंद ने। दैव काल पहिचान ॥ छं० ॥ २१ ॥

पृथ्वीराज का अपने सामंतों से सब हाल कहना।

उठि राजन तब हुकम किय। बहुरि सूर सामंत ॥
पारिहार केहरि कमल। काम नाम भर संत ॥ छं० ॥ २२ ॥
बुल्लिय स भूपति साधनह। दुतिय स ईसर दास ॥
बरन नेह विस्तार तन। आन रंग इतिहास ॥ छं० ॥ २३ ॥
गंग जमन जल उभय करि। करि अस्नान नरिंद ॥
क्रत हरि हर उर ध्यान प्रभु। उठ्यौ थान सुरिंद ॥ छं० ॥ २४ ॥
असन मार आराम सुष। सुष सयन्न क्रत राज ॥
उर सल्लै संजोग ब्रत। संभरि नाथ समाज ॥ छं० ॥ २५ ॥
*तब परिहार मु हुकम दिय। गए सु भोजन साल ॥
व्यंजन रस रस सेष परि। सुनि सुनि कथा रसाल ॥ छं० ॥ २६ ॥

* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

पृथ्वीराज की संयोगिता प्रति चाह और कन्नौज को चलने का विचार ।

पद्धरी ॥ लग्गयौ सु राज श्रोतान राग । संजोग हत संभरि समाग ॥
अति असम वान वेधे सरीर । नह धीर [1]हसं नह भाव धीर ॥
छं० ॥ २७ ॥
[2]रिति राज आनि रंगे सदंग । फुल्लेस विकढ नव कुसुम [3]चंग ॥
कलयंठ कंठ उपकंठ अंव । पाठंत विरहनी पति सितंव ॥छं०॥२८॥
कुंजत उतंग गिरि तुंग सार । तालीस धार [4]उद्दार धार ॥
सति मान जानि सिंदन सु तात । संजोग सुपद विरहिन निपात ॥
छं० ॥ २९ ॥
उन श्रवन सान गाजंत जोर । मधु हत्त समागध पठत घोर ॥
[5]साहीत सिषी चढ़ि सिपर टेरि । विज्जोग भगनि तिय उप्प वेर ॥
छं० ॥ ३० ॥
सासन सुरंम धरि चिविध पोन । वारह मत्त लघुमात गोंन ॥
लगि दहन गहन मदनह सु भाम । रति नाथ नाथ विन सज्जि ताम ॥
छं० ॥ ३१ ॥
संवत्त संभ पंचास मेक । पप स्याम असित [6]उच्चार नेक ॥
पित नछिच जोग सुभ नवमि दीह । न्टप मन विचार उर चलन कीय॥
छं० ॥ ३२ ॥
दूहा ॥ लग्गि वान अनुराग उर । मनमथ प्रेरि वसंत ॥
सहै न्टपति अप्पै न कहुं । षेदे रिदय असंत ॥ छं० ॥ ३३ ॥
कवित्त ॥ दंग सुरंग पलास । जंग जीते वसंत तपु ॥
मदन मानि मन मोद । लीन छेदे [7]प्रछेद वपु ॥
देस नरेस अदेस । देस आदेस काम कर ॥
नीर तीर नाराच । पंग वेंधे अवेध पर ॥

(१) ए. कृ. को.-चित । (२) ए. कृ. को.-रति ।
(३) ए. कृ. को.-जंग । (४) ए.-उद्दास । (५) ए. कृ. को.-साहात ।
(६) ए. कृ. को.-उज्जार । (७) ए. कृ.को.-अछेद ।

खलमलत चित्त चहुआन तब। उर उपजै संजोग हत ॥
बरदाय बोलि तिहि काल कवि। मन अनंत मति पर उक्ति ॥
छं० ॥ ३४ ॥

कविचन्द का दरबार में आना और राजा का अपने मन की बात कहना।

दूहा ॥ आय चंद बरदाय बर। दिय आदर न्टप ताम ॥
आनि बहुरि दीने सु तब। रष्षे तथ्थ सु काम ॥ छं० ॥ ३५ ॥
द्वारपाल कमधज्ज थपि। हम रष्षे दरबार ॥
अब जीवन बंछै कहा। कहौ सु कब्बि विचार ॥ छं० ॥ ३६ ॥
अरु दिढ्ढ हत्त पँगानि लिय। तुम जानो सब तंत ॥
चलन नयर कमधज्ज कै। सु बर विचारहु मंत ॥ छं० ॥ ३७ ॥

कबि का कहना कि कन्नौज को जाने में कुशल नहीं है।

तब कवि [1]एम सु उच्चरिय। सुनि संभरी नरेस ॥
चलत न्टपति बरजिय न कहुं। विधि न्नम्मान सुदेस ॥ छं० ॥ ३८ ॥
पंग सु जानहु तुम न्टपति। चलि कीनी तुम देस ॥
गाम ठाम बाहर विचल। पारि जारि किय रेस ॥ छं० ॥ ३९ ॥

कवित्त ॥ [2]कोरि जोर कमधज्ज। सयन आयौ पर ढिल्ली ॥
जारि पारि बेहाल। पलक कीनीं धर मिल्ली ॥
[3]गोपर मार उत्तंग। तोरि उच्छारि झारि भर ॥
दंग जंग परजारि। [4]ठाम कीनौ अठाम नर ॥
कर साँप काल मुष को धरै। को जम पानि पसारि लय ॥
सोमेस नंद विच्चारि चलि। भवसि सोय [5]देवाधि भय ॥ छं० ॥ ४० ॥
कवन भुजा [6]बलवंत। गयन प्रस्थानन लीनौ ॥
पारावार अपार। कवन पलक्क तन कीनौ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-राम। (२) मो.-कोरि।
(३) ए. कृ. को.-गोपरि गिर। (४) ए. कृ. को.-ताम, छाम।
(५) ए. कृ. को.-देवास। (६) ए. कृ.-बलवंड।

हेम सेल करताल। धऱ्यौ सिप नप्प सुन्यौ न्टप ॥
कवन धनंजय पानि। करै संभरि नरेस दप ॥
जन जोर हथ्थ को जोर रहि। जवन अकून रन जित्तियै ॥
चलहु नरेस परदेस मन। दै विधान मन चिंतियै ॥ छं० ॥ ४१ ॥

पृथ्वीराज का फिर भी कन्नौज चलने के लिये आग्रह करना।

दूहा ॥ चलन नरिंद कविंद पिथ। पुर कनवज मत मंडि ॥
दइय सीप कविचंद कहु। वहुते आसन छंडि ॥ छं० ॥ ४२ ॥

रात्रि को दरवार वरखास्त होना, सव सामंतों का अपने अपने घर जाना, राजा का सयन।

जाम एक रजनी रहिय। तथ्थ सुवर कविचंद ॥
ताम काम परिहार कों। दई सीष उनमंद ॥ छं० ॥ ४३ ॥
तव सु चंद ग्रह अप्प गय। उठिय सु पिथ्थ नरिंद ॥
आभूषन वस वास धरि। ससि दुति तेज सुमंद ॥ छं० ॥ ४४ ॥

राजसी प्रभात वर्णन।

कवित्त ॥ आय राज दीवान। जानि नाकेस अमर गन ॥
उट्ठि [1]सुभर न्टप करि। जुहार आरोहि सोह थन ॥
आय तव्व वर वुद्धि। [2]वीन धर नमित क्रत्त पहु ॥
सुधरि तंत सुर सपत। कंठ कलरव कलंठ सहु ॥
जुग घटिय सु घट अनुराग मन। राग स्रोत स्रोता धरत ॥
पांवार तार उम्भय [3]अभय। जर सभीत तारन परत ॥ छं० ॥ ४५ ॥
ताम समय वंदियन। आय वरदाय वीर वर ॥
दिष्षि सभा राजिंद। इंद निदंत नाक पर ॥
नथ्थि सुहर वाहनह। नथ्थि कालिंद्र वार भर ॥
नथ्थि वरुन वलिराइ। नथ्थि दनुनाथ लंकधर ॥
अनजोत निगमवोधह नयर। वयर साल [4]कट्ठन [5]महन ॥

(१) मो. सुभये। (२) मो.-"वीन धरन मिल व्रत्त पहुं।
(३) ए. कृ. को.-उभय। (४) ए. कट्टन। (५) ए. मनह।

सोभेम नंद अनलह कुलह। जंच कित्ति भंजन दहन ॥छं०॥४६॥

गाथा ॥ दिष्षि सुभट्टह दिवानं। राजत वीर धीर अरोहं ॥

निरषि तास प्रतिसारं। आगम निगम जान सह कव्वी ॥छं०॥४७॥

कविचन्द का विचार।

कबि जानी करतारं। रचना [1]सचन सब्ब भर सुभरं ॥

करन सु मेटन हारं। विधि लिषयं भाल अंकेन ॥ छं० ॥ ४८ ॥

दूहा ॥ गन सभांज भर थान उठि। आयति समय पुलिंद ॥

गहन मद्धि वाराह वर। निंदत कोहर किंद ॥ छं० ॥ ४९ ॥

तत कोहर इक भाल वर। षात अराम भिराम ॥

विहुरि न्रपत्ति नरेस किय। व्याधि स रष्यहु ताम ॥ छं० ॥ ५० ॥

पृथ्वीराज का कतिपय सामंतों सहित शिकार को जाना।

कवित्त ॥ उठि प्रातह चहुआन। [2]चढ़ि सु क्रम्मत नरेस पिथ ॥

सथ्थ सूर सामंत। मंत जान्यो अषेट पथ ॥

सुभट जाम जद्दों जुवान। बलिभद्र बीझ वर ॥

सहनसीह सम पोप। बंधि लंगिय अभंग भर ॥

गुज्जरह राम आजानभुज। जैतराव भट्टी अचल ॥

हाहुलियराव मंडल्ल हर। मिले सुभट तहं क्रमत भल ॥छं०॥५१॥

बाराह का शिकार।

दूहा ॥ जाय संपते भर गहन। जोजन इक इक [3]कोह ॥

तहं सूकर सूतौ न्रिमय। कोहर तथ्थ सु [4]षोह ॥ छं० ॥ ५२ ॥

धरि छत्तिय दिढ़ तुपक न्रप। हक्किय व्याधि वराह ॥

उट्ठि भयंकर षात तजि। तिच्छन संचरि ताह ॥ छं० ॥ ५३ ॥

बाराह का वर्णन और राजा का उसे मारना।

कवित्त ॥ कबिय व्याधि वाराह। उट्ठि धायौ चंचल सम ॥

बदन भयंकर भूत। दंत दीरघ ससि बीय सम ॥

(१) मो.-सचनं। (२) मो.-"चाढ़ि संक्रम्म नरेस पिथ"।

(३) मो.-अेह। (४) मो.-षेह।

सनमुप क्रमत नरेस। दिष्षि छत्तिय धरि जंतिय ॥
सबद रोस संचार। सूर जोवंत [1]सु पंतिय ॥
संचष्षि उभय भ्रकुटिय सहथ। लग्गिय गोरिय [2]परचरिय ॥
उच्छरत योत धुक्किय धरनि। भल जंपिय भर सारथिय ॥
छं० ॥ ५४ ॥

दूहा ॥ किय सिकार वर सूर पति। ग्रेह संपतौ जाय ॥
चल्यौ प्रात प्रथिराज पहु। सिव सेवन सद भाय ॥ छं० ॥ ५५ ॥

शिकार करके राजा का शिवालय को जाना। शिव जी के श्रृंगार का वर्णन।

पद्धरी ॥ आश्रत्त ईस ईसान थान। पुर अलक असुर सुर इंद मान ॥
जट विकट चुकुट झलकंत गंग। तिन दरसि झरत पातिग पतंग ॥
छं० ॥ ५६ ॥

तट भाल चंद दुति दुतिय दीह। हरि सुजस रेष राजन अतीह ॥
तिन निकट नयन झलकंत अंग। सिर पंच [3]सोह रजिकय उदंग ॥
छं० ॥ ५७ ॥

आभा अनूप विभ्भूति वार। प्रगटे सुपीर दधि करि विहार ॥
झलकंत तरल तिच्छन सुरंग। [4]तम रहै मेर उपकंठ संग ॥
छं० ॥ ५८ ॥

रजि उरग हार उद्दार धार। रुचि सेत स्याम तन तिन प्रकार ॥
आरोपि उअर वर रुंडमाल। उड़पंति कंति हिम गिरिय [5]भाल ॥
छं० ॥ ५९ ॥

कटि तटि लपेटि लंकाल षाल। आवरिग अंग गज [6]तुज विसाल ॥
कर तरल तुंग तिरसूल सोह। चयलोक सोक संकत समोह ॥
छं० ॥ ६० ॥

डहडहत डमरू कर दच्छि पानि। क्रत उंच उंच भय भगति [7]भानि ॥

(१) ए. कृ. को.-सयत्तिय। (२) ए. कृ. को.-परचारिय।
(३) ए. कृ. को.-सीह। (४) ए. कृ. को.-तन।
(५) ए. कृ.-पपाल। (६) मो.-गज तुव। (७) ए. कृ. को.-सांनि।

अरधंग उमय सरवंग देव। नाटिक्क कोटि को लहत भेवं ॥
छं० ॥ ६१ ॥

चवरँग विसाल [1]माली प्रमथ्थ। अरोहि वृषभ मन [2]सुमन रथ्थ॥
षट बदन बदन गज मदन अग्ग। गन जंत गज्ज अन्नेक वग्ग॥
छं० ॥ ६२ ॥

कैलास वास सिवरंग रोध। वर बसत आय थिर निगमबोध॥
आहुत्ति परसि क्रित प्रथियराज। उपवास व्याधि कारन सुभाज॥
छं० ॥ ६३ ॥

निसि जगत ईस तिय रथ परिथ्थ। हरिहरि समेत कलि कलन कथ्थं॥
अन्नेक विधी रिष गन प्रसंग। उर हरन करन क्रमि आय तंग॥
छं० ॥ ६४ ॥

दूहा ॥ राज दरसि हर सरस बर। उर उद्दित आनंद॥
कर कलंक तिरसूल कर। जै जै समर निकंद॥ छं० ॥ ६५ ॥
नमित दान शिव प्रमित सुष। वारह वार नरेस॥
हर हर हर उर ध्यान गुर। दिष्षन दरसन तेस॥ छं० ॥ ६६ ॥
श्रुति उचार संचय सु रिषि। उज्जल अरचि अचार॥
मन सु ब्रह्म तन माम सो। ते देषे हरद्वार॥ छं० ॥ ६७ ॥

पृथ्वीराज का स्नान करके शिवार्चन करना, पूजा की सामग्री और विधान वर्णन।

करि सनान संभरि स पहु। स च सुवास तन धार॥
अंदर शिव मंदिर परसि। आरोहन क्रत कार॥ छं० ॥ ६८ ॥

पद्धरी ॥ करि नमसकार संभरि नरेस। अवलोकि अंग उमया वरेस॥
रिषि रुष षटंग उचरंत चार। ओरद्दि राज दुज सम सुसार॥
छं० ॥ ६९ ॥

धरि ध्यान [3]उरध नाटेस राय। मधु दूब षीर दधि तंदुलाय॥
घट उमय सहस [4]सुर सुरिय अंब। चव सहस कलस जमना प्रसंब॥
छं० ॥ ७० ॥

(१) ए. कृ. को.-मानी। (२) ए. समन।
(३) ए. कृ. को.-अरध। (४) मो. रसुरीय अंब।

दधि सहस एक घट सहस पीर । मधु पंच सत्त सुच्छव सहीर ॥
घट सहस [1]रष्पि अद्दह प्रवान। घट कासमीर सय पंच थान ॥
छं० ॥ ७१ ॥

रस उभय दून घट विसल वानि। अस्तूति चंद जंपै विधान ॥
वरकुंभ सत्त गुल्लाव पंच । घट उभय नाग संभव सुरंच ॥
छं० ॥ ७२ ॥

घठ उभय जष्षि क्रद्दम सु सत्त। घट उभय सात बहु विधि प्रबत्त॥
सिव सिर अवंत न्टप अप्प हाथ। सद भाय अर्चि अलकेस नाथ ॥
छं० ॥ ७३ ॥

तंदुल सु दूब मधु पीर नीर। दधि सार पंच तुछ मंडि सीर ॥
सिव संषि सुघट पुज्जै चित्र'ब। सु प्रसन्न ईस [2]कारन तिअंब ॥
छं० ॥ ७४ ॥

सतपत्त कमुद ससि सूर वंस। मंदार पहुप केतकि सुअंस ॥
मालती पंच जाती अनेव। फल पहुप पत्त पल्लव सु भेव ॥
छं० ॥ ७५ ॥

मालूर पंग श्रीषंड धूप। नैवेद ईस आराधि जप ॥
आरोह नंत आगम प्रदोष। रचि सयन अयन राजन सु कोष ॥
छं० ॥ ७६ ॥

प्रस थारि कथा ग्रहि संभरेस। अन्नेक दांन रिषि दिय नरेस ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ७७ ॥

पूजन के पश्चात कविचन्द का राजा से दिल्ली चलने को कहना।

दूहा ॥ पूजा [3]हर घन हित करी। धूप दीप सब साज ॥
चंद भट्ट बोल्यौ तबै । चल्यौ सु ग्रह फिरि राज ॥ छं० ॥ ७८ ॥

इति श्री कविचंद विरचिते प्रथिराजरासके जंगम सोफी कथा, सिव पूजा नाम साठवों प्रस्ताव सम्पूर्णम्॥६०॥

(१) ए. कृ. को.-सरापि। (२) ए. कृ. को.-कारनीन। (३) ए. कृ. को.-घन हर।

अथ कनवज्ज समयो लिख्यते ।

(एकसठवां समय ।)

[अथ षट् ऋतु वर्णन लिष्यते ।]

पृथ्वीराज का कविचन्द से कन्नौज जाने की इच्छा प्रगट करना ।

दूहा ॥ सुक वरनन संजोग [1]गुन । उर लग्गे छुटि वान ॥
घिन घिन सल्लै वार पर । न लहै वेद विनान ॥ छं० ॥ १ ॥
भय श्रोतान नरिंद मन । पुच्छै फिरि कविरज्ज ॥
दिष्षावै दलपंगुरौ । धर ग्रीषम कनवज्ज ॥ छं० ॥ २ ॥

कवि का कहना कि छद्म वेष में जाना उचित होगा ।

कवित्त ॥ दीसै वहु विध चरिय । सुअन नर दुअन भनिज्जै ॥
वल कलियै अप्पान । कित्ति अप्पनी सुनिज्जै ॥
हीं डिज्जै तिहि काज । दुष्प सुष्पह भोगिज्जै ॥
तुच्छ आव संसार । चित मनोरथ पोपिज्जै ॥
दिष्षियै देस कनवज्ज वर । कही राज [2]कवि चंद कहि ॥
[3]मुक्कही सूर छल संग्रहै । तौ पंग दरसन तत्त लहि ॥ छं० ॥ ३ ॥

यह सुनकर राजा का चुप हो जाना और सामंतों का कहना कि जाना उचित नहीं ।

दूहा ॥ सुनिय सुकवि इह चंद वच । ना बुल्ल्यौ सम राज ॥
अंबुज को दोऊ कठिन । उदय अस्त रविराज ॥ छं० ॥ ४ ॥
स्लोक ॥ गमनं न क्रियते राजन् । सूर सामंतमेवच ॥
[4]प्रस्थानं च प्रयाणं च । राजा [5]मध्ये गतं तदा ॥ छं० ॥ ५ ॥

---

(१) मो.-सुन (२) ए. कृ. को.-कहि । (३) मो.-मुक्कहि सूर रछ संग्रहे ।
(४) ए. कृ. मो.- प्रच्छानं । (५) ए. कृ. को.- मध्य ।

राजा का इंछिनी के पास जाकर कन्नौज जाने को पूछना।

दूहा॥ पुच्छि गयौ कविचंद को। इंछिनि महल नरिंद॥
सुंदरि दिसि कनवज्ज कौ। चलै कहै धर इंद॥ छं०॥ ६॥

रानी इच्छनी का कहना कि वसंत ऋतु में न जाइए।

इन रिति सुन चहुवान वर। चलन कहै जिन जीय॥
हों जानूं पहिलै चलै। प्रान प्रयान कि [1]पीय॥ छं०॥ ७॥
प्रान ज्वाव दूनों चलै। आन अटक्कै घंट॥
निकसन कों झगरौ पऱ्यौ। रुक्यौ गद्गद कंठ॥ छं०॥ ८॥

बसंत ऋतु का वर्णन।

साटक॥ स्यामंगं कलधूत नूत सिषरं, मधुरे मधू वेष्टिता।
[2]वाते सीत सुगंध मंद सरसा, आलोल संचेष्टिता॥
कंठी कंठ कुलाहले मुकलया, कामस्य उद्दीपने।
रत्ते रत्त वसंत मत्त सरसा, संजोग भोगायते॥ छं०॥ ९॥

कवित्त॥ मवरि अंब फुल्लिग। कदंब रयनी दिघ दीसं॥
भवर भाव भुल्लै। भ्रमंत मकरंदव सीसं॥
वहत [3]बात उज्जलति। मौर अति विरह अगनि किय॥
कुहकुहंत कल कंठ। पत्र राषस रति अग्गिय॥
पय लग्गि प्रान पति वीनवों। नाह नेह मुझ चित धरहु॥
दिन दिन अवद्धि जुब्बन घटय। कंत वसंत न [4]गम करहु॥छं०॥१०॥
धुम्र चलिय बन पवन। भ्रमत मकरंद कंवल कलि॥
भय सुगंध तहँ जाइ। करत गुंजार अलिय मिलि॥
बल हीना [5]डगमगहि। भाग आवै भोगी जन॥
उर धर लगै समूह। कंपि भौ सीत भयत नन॥
लत परी ललित सब पहुप रति। तन सनेह जल पवित किय॥
निझरै अंग अंबुज हरुअ। सीत सुगंध सुमंद लिय॥ छं०॥ ११॥

(१) को. कु-पीउ। (२) ए. कृ. को.- वातो।
(३) ए. कृ. को.- वात। (४) ए. कृ. को.- गमन। (५) मो.- डंत।

साटक ॥ लैवंधं सुर यट्ट डंक्रित मधू, उन्मत्त श्रंगी धुनी ।
कंद्रप्पे सु मनो वसंत रमनं, प्रापत्तो धनं पावनं ॥
कामं तेग मनं धनुष्य सजनं, भीतं वियोगी मुनी ।
विरहिन्या तन ताप पत्त सरसा, संजोगिनी सोभनं ॥ छं० ॥ १२ ॥

कुंडलिया ॥ इहि रिति सुक्कि न वाल प्रिय । सुप [1]भारी मन लुट्टि ॥
कामिनि कंत समीप विन । हुई पंड उर फुट्टि ॥
हुई पंड उर फुट्टि । रसन कुह कुह आरोहै ॥
चलन कहै जो पीय । गात वर [2]भग्गो सोहै ॥
नयन उमगि कन वीय । सोभ ओपम पाई जिहि ॥
मनों पंजन विय बाल । गहिय नंषत सुत्तिय [3]इहि ॥ छं० ॥ १३ ॥

ग्रीष्म ऋतु आने पर पृथ्वीराज का रानी पुंडीरनी के पास जाकर पूछना ।

दूहा ॥ इहि रिति रष्पिय इंछिनिय । भय ग्रीपम रितु चारु ॥
कांम रूप करि गय न्टपति । पुंडीरनी दुआर ॥ छं० ॥ १४ ॥
सुनि सुंदरि पहु पंग की । दिसि चालन कौ सज्ज ॥
वर उत्तम धर दिष्पियै । पिष्पन भर कनवज्ज ॥ छं० ॥ १५ ॥

रानी पुंडीरनी का मना करना ।

न्टप ग्रीपम ग्रिह सुष्पनर । ग्रेह सुक्कि नन राज ॥
गोमगांम छादिय अमर । पंथ न सुझ्झै आज ॥ छं० ॥ १६ ॥

कवित्त ॥ दीरघ [4]दिन निस हीन । छीन जल धरवैसंनर ॥
चक्रवाक चित मुदित । उदित रवि थकित [5]पंथ नर ॥
चलत पवन पावक । समान परसत सु ताप मन ॥
सुकत सरोवर मचत । कीच तलफंत मीन तन ॥
दीसंत दिगम्बर सम सुरत । तरु लतान गय पत्त झरि ॥
अक्कुलं दीह संपति विपति । कंत गमन ग्रीषम न करि ॥ छं० ॥१७॥

(१) ए.- भासे । (२) ए. भग्गै-ए.-भग्गो ।
(३) ए. .क्र को.-जिहि । (४) ए. क्र. को.-दिस ।
(५) ए. क्र. को.-पस्पत ।

साटक ॥ दीहा दिग्घ सदंग कोप अनिला, आवर्त मित्ता करं।
रेनं सेन दिसान थान मिलनं, गोमग्ग आडंबरं ॥
नीरे नीर अपीन छीन छपया, तपया तरुन्या तनं।
मलया चंदन चंद मंद किरनं, ग्रीष्म च आषेवनं ॥ छं० ॥ १८ ॥

कवित्त ॥ पवन त्रिविध गति मुक्कि। सेन भुअ पत्ति जूथ चलि ॥
विरह [1]जाम बर कदन। मदन मैं मंत पील हलि ॥
पथिक बधू भरै। आस आवन चंदाननि ॥
जो चालै चहुआन तौ। मरै फुटि उर ब्रंननि ॥
मन भुअन आन दैतो फिरै। प्रिय आगम गज्जै मयन ॥
कंता न मुक्कि वर कित्ति गर। कहूं सुनो सोनिय बयन ॥छं०॥१९॥
षिन तरुनी तन तपै। वद्दै नित बाव रयन दिन ॥
दिसि च्यारों परजलै। नहिं कहों सीत अरध षिन ॥
जल जलंत पीवंत। रुहिर लिसि वास निघट्टै ॥
कठिन पंथ काया। कलेस दिन रयनि सघट्टै ॥
त्रिय लहै तत्त अष्षर कहै। गुनिय न ग्रब्ब न मंडियै ॥
सुनि कंत सुमति संपति विपति। ग्रीषम ग्रेह न छंडियै ॥छं०॥२०॥

*गीतामालची ॥ त्रिय ताप अंगति दंग दवरित दवरि छव रित भूषनं।
कुरु मेह षेहति ग्रेह लंपिति स्वेद संवित ऋंगनं ॥
नर रहित अनहित पंथ पंगति पंगयौ जित गोधनं।
रवि रत्त मत्तह अम्भ उद्दिक कोप कर्कस मोषनं ॥ छं० ॥ २१ ॥
जल बुढ्ढि उढ्ढि सभूह बल्लिय मनों सावन आवनं।
हिंडोल लोलति बाल सुष सुर ग्राम सुर सुर गावनं ॥
कुसमंग चीर गंभीर गंधित मुंद बुंद सुहावनं।
ढलकंत बेनिय तठ्ठ ऐनिय चंद्र सें निय आननं ॥ छं० ॥ २२ ॥
ताटंक चंचल लजित अंचल मधुर मेषल रावनं।
रव रंग नूपुर हंस दो सुर कंज ज्यौं पुर पावनं ॥
नष द्रप्प द्रप्पन देषि अप्पन कोपि कंपि सु नावनं।
दमकंद दामिनि दसन कामिनि जूथ जामिनि जाननं ॥छं०॥२३॥

(१) ए.कृ.को.-जातु। * आधुनिक हिन्दी पिंगलों में इस छन्द को प्रायः हरिगीतिका करके लिखा है।

तंबोल रत घनसार भारह वेलि विद्रुम छावनं।
अलि गुंज मालहि देषि लालहि रंभ राज रिझावनं॥
.... ॥ छं० ॥ २४ ॥

वर्षा के आने पर राजा का इन्द्रावती के पास जा कर पूछना।

दूहा ॥ मानि रूप मानिनि वचन। रहि ग्रीषम वर नेह॥
पावस आगम धर अगम। गय इंद्रावति ग्रेह॥ छं० ॥ २५ ॥

इन्द्रावती का दुखी होकर उत्तर देना।

पीय वदन सो प्रिय परषि। हरष न भय सुनि गोंन॥
आह्न मिसि असु उप्पटै। उत्तर [1]देय सलोन॥ छं० ॥ २६ ॥

वर्षा ऋतु वर्णन।

साटक ॥ अब्दे वद्दल मत्त मत्त विसया, दामिन्य दामायते।
दादूरं दर मोर सोर सरिसा, पप्पीह चीहायते॥
[2]शृंगारीय वसुंधरा मल्लिलता, लीला समुद्रायते।
जामिन्या सम वासुरो विसरता, पावस्स पंथानते॥ छं० ॥ २७ ॥

कवित्त ॥ मग सज्जल सुभझौन। दिसा धुंधरी सघन करि॥
रति पहुवी कि चरित। लता तरु वौंटि सुमन भरि॥
आलिंगत धर अभ्भ। मान मानिन ललचावत॥
वर भद्रव कद्रव मचंत। कद्रव विरुझावत॥
चतुरंग सेन वै गढ दहन। घन सज्जिय न्रप चढ़िन तिन॥
भरतार संग बंछै त्रिया। विन क्रतार [3]भत्तार विन॥ छं० ॥२८॥
घन गरजै घरहरै। पलक निस रेनि भिघट्टै॥
सजल सरोवर पिष्षि। हियौ तत छिन धन फट्टै॥
जल वद्दल बरषंत। पेम पल्हरै निरंतर॥
कोकिल सुर उच्चरै। अंग पहरंत पंच सर॥

(१) ए. कृ. को. देति। (२) ए. कृ. को.-श्रगाराय।
(३) ए. कृ. को.-भरतार।

दादुरह मोर दामिनि दसय। अरि चवथ्थ [1]चातक रटय॥
पावस प्रवेस वालम न चलि। विरह अगनि तनतप घटय॥छं०॥२९॥
घुमड़ि घोर घन गरजि। करत आडंबर [2]अंमर॥
पूरत जलधर धसत। धार पथ थकित दिगंबर॥
झझकित द्रिग सिसु म्रग। समान दमकत दामिनि द्रसि॥
विहरत चाचग चुवत। पीय दुपंत समं निसि॥
ग्रीषंम विरह द्रुम लता तन। परिरंभन क्रत सेन हरि॥
सज्जंत काम निसि पंचसर। पावस [3]पिय न प्रवास करि॥
छं०॥३०॥

चंद्रायना॥ विजय विहसि द्रिगपाल पायननि पंच किय॥
विरहनि [4]विस गढ़ दहन मघव धनु अग्र लिय॥
गरजि गहर जल भरित हरित छिति छच किय।
मनहु दिसान निसानति आनि अनंग दिय॥ छं०॥३१॥

गीतामालची॥ द्रिग भरित [5]धूमिल जुरति भूमिल कुमुद न्रिम्मल सोभिलं॥
द्रुम अंग वल्लिय सीस हल्लिय कुरलि कंठह कोकिलं॥
कुसुमंज कुंज सरोर सुभ्भर सलित दुभ्भर सद्दयं।
नद रोर दद्दुर मोर नद्दुर बनसि बद्दर बद्दयं॥ छं०॥३२॥
झम झमकि विज्जल काम किज्जल अवति सज्जल कद्दयं।
पप्पीह चीहति जीह जंजरि मोर मंजरि मंद्दयं॥
जगमगति झिंगन निसि सुरंभन भय अभय निसि हद्दयं।
मिलि हंस हंसि सुवास सुंदरि उरसि आनन निद्दयं॥छं०॥३३॥
[6]उट सास आस सुवास वासुर [7]छलित कलि वपु सद्दयं।
* करत आडंबर अमर प्रस्त जलधर धार पयथ्थयं॥
संयोग भोग संयोग [8]गामिनि विलसिराजन भद्दयं॥छं०॥३४॥

(१) मो.-चत्रिक, चातिक। (२) ए. कृ. को.-डंमर।
(३) मो.-प्रिय। (४) ए. कृ. को. नम।
(५) ए. कृ. को.-भूमिल। (६) ए. कृ. को. उत्र।
(७) ए. कृ. को.-कलिल। * यह पंक्ति मो० प्राति के सिवाय अन्य प्रतियों में नहीं है।
(८) मो. मानिनि।

साटक ॥ जे [1]विज्जु झझ्झल फुट्टि तुट्टि तिमिरं, [2]पुन अंधनं दुस्सहं ।
बुंदं घोर तरं सहंत असहं, वरषा रसं संभरं ॥
विरहीनं दिन दुष्ट दारुन भरं, भोगी सरं सोभनं ।
मा मुक्के पिय गोरियं च अवलं, प्रीतं तया तुच्छया ॥छं०॥३५॥

शरद ऋतु के आरंभ में तैयारी करके राजा का हंसावती के पास जाकर पूछना ।

दूहा ॥ सुनि [3]आवन वरिषा सघन । सुप निवास न्रिप कीय ॥
वर पूरन पावस कियौ । राज पयान सु दीय ॥ छं० ॥ ३६ ॥
हंसावति सुंदरि सुग्रह । गयौ प्रीय प्रथिराज ॥
धर उत्तिम कनवज्ज दिसि । चलन कहत न्रप आज ॥छं०॥३७॥

हंसावती के वचन ।

दिष्षि वदन पिय पोमिजी । फुनि जंपै फिरि बाल ॥
सरद रवन्नौ चंद निसि । कित लभ्भै छुटि काल ॥ छं० ॥ ३८ ॥

शरद् वर्णन ।

साटक ॥ पित्तं पुत्त सनेह गेह [4]गुपता, जुगता न दिव्या दने ।
[5]राजा छचनि साज राज छितिया, निंदायि नीवासने ॥
कुसुमेषं तन चंद न्रिमल कला, दीपाय वरदायने ।
मा मुक्के प्रिय वाल नाल समया, सरदाय दर दायने ॥छं०॥३९॥
दूहा ॥ आयौ सरद स इंद्र रिति । चित पिय पिया सँजोग ॥
दिन दिन मन केली चढ़े । रस जु लाज [6]अलि भोग ॥छं०॥४०॥
कवित्त ॥ पिष्षि रयनि न्रिमलिय । फूल फूलंत अमर धर ॥
श्रवन सबद नहिं सुझ्झै । हंस कुरलंत मान सर ॥
कवल कद्रव विगसंत । तिनह हिमकर परजारै ॥
तुमहि चलत परदेस । नहीं कोइ सरन उबारै ॥

---

(१) मो.-विज्जुल । (२) मो.-पुनंधन ।
(३) को.-सावन । (४) ए. कृ. को.- भुगता ।
(५) ए. कृ. को.- राजा छत्र निसान (६) ए. कृ. को.-अति ।

निग्रहन रत्त भरपंच सर। अरि अनंग अंगै वहै ॥
जौ कंत गवन सरदै कहै। तौ विरहिनि सिष ह्वै दहै ॥छं०॥४१॥
द्रप्पन सम आकास। श्रवत जल अम्रत हिमकर ॥
उज्जल जल सलिता "तु। सिद्धि सुंदर सरोज सर ॥
प्रफुलित ललित लतानि। करत गुंजारव [1]भंमर ॥
उदति सित्त निसि नूर। अंगि अति उमगि अंग वर ॥
तलफंत प्रान निसि भवन तन। देषत दुति रिति मुष जरद ॥
नन करहु गवन नन भवन तजि। कंत दुसह दारुन सरद ॥छं०॥४२॥
माधुर्य ॥ लहु वरन षट विय सत्त, चामर बीय तीय पयो हरे।
माधुर्य छंदय चंद जंपय, नाग वाग समोहरे ॥
अति सरद सुभगति राज राजति सुमति काम उमद्दयं।
ग्रह दीप दीपति जूप जूपति भूप भूपति सद्दयं ॥ छं० ॥ ४३ ॥
नव नलिनि अलि मिल्ल अलिन अलि मिल्लि अलिनि अलिव्रतमंडियं॥
चक्क चक्की चक्कित चकोर चष्पित चच्छ छंडित चंदयं।
दुज अलस अलसनि कुसुम अच्छित कुसुम मुद्दित मुद्दयं ॥
भव भवन उच्छव तरु असोकहि देव दिव्य निनद्दयं ॥छं०॥४४॥
नौरता मंचहि न्रपति राजत बीर भंभरि बग्गयं।
महि महिल लच्छिर सुभ्भित अच्छिर सकति पाठ सु दुग्गयं ॥
अट्ठार भारह पुषित अभ्भित अधर अम्रत भामिनी।
रस तीय राजन लहय सोजन सरद दीपक जामिनी ॥छं०॥४५॥
कवित्त ॥ नव नलिनी अलि मिलहि। अलिन अलिमिलि व्रत मंडै ॥
तनु न्रम्मल [2]षह चंद। चष्ष [3]चक्कोरति छंडै ॥
दुज अलसित बर निगम। कुसुम अच्छित मुद्रावलि ॥
[4]पिच नेह ग्रेहरचें। बाल छुट्टे अलकावलि ॥
करि स्नान धूत बसतर रचें। कंज वदन चिचंग चरि ॥
आनूप जूप अंजन रचै। बिना कंत तिय गुन सुगरि ॥
छं० ॥ ४६ ॥

(१) मो.-संभर। (२) ए. कृ. को.- वह।
(३) ए. कृ.-चक्कोरन। (४) ए.कृ. मो.-पित्र ग्रेह नेह रचें।

चंद रयनि न्निम्मली। सरिस आकास अभ्यासित ॥
पिया वदन सो चंद। दोइ कुच चिकुर प्रगासित ॥
षंजन नयन अलोल। कीर नासा न्निम्मल मुति ॥
उज्जल वस्त्र अनूप। पुहप भाजन रजता भति ॥
नव गात न्निमल सुंदरि सरल। नवल नेह नित नित भलौ ॥
चित चतुर रीति बुझ्झै न्नपति। सरद दरद करि मति चलौ ॥
छं० ॥ ४७ ॥

हेमंत ऋतु आने पर राजा का रानी कूरंभा के पास जाकर पूछना और उसका मना करना।

दूहा ॥ हिम आगम वित्तें सरद। गवन चित्त न्नप इंद ॥
पुछन कुरंभी महल गय। सरद ग्रेह वर चंद ॥ छं० ॥ ४८ ॥

रानी का वचन और हेमंत ऋतु का वर्णन।

साटक ॥ छिन्नं वासुर सीत दिघ्घ निसया, सीतं जनेतं वने।
सेजं सज्जर वानया वनितया, आनंग आलिंगने ॥
यों वाला तरुनी वियोग पतनं, नलिनी दहन्ते हिमं।
मा मुक्के हिमवंत मन्त गमने, प्रमंदा निरालम्वनं ॥ छं० ॥ ४९ ॥

रोला ॥ कुच वर जंघ नितंव निसा वढ्ढत धन वढ्ढी।
लंक छीन उर छीन छीन दिन सीत सुचढ्ढी ॥
गिरकंदर तप जुगति जागि जोगीसर मंनं।
ते लभ्भे कविचंद वाम कामी सर धंनं ॥ छं० ॥ ५० ॥

कवित्त ॥ देह धरें दोगत्ति। भोग जोगह तिन सेवा ॥
कै वन कै वनिता। अगनि तप कै कुच लेवा ॥
गिरि कंदर जल पीन। पियन अधरारस भारी ॥
जोगिनीद मद उमद। कै छगन वसन [1]सवारी ॥
अनुराग वीत कै राग मन। बचन तीय गिर झरन रति ॥
संसार विकट इन विधि तिरय। इही विधी सुर असुर अति ॥ छं० ॥ ५१ ॥

(१) ए. कृ. को.-झूमल। (२) ए. कृ. को.-सचारी।

रोमावलि वन जुथ्थ। वीच कुच कूट मार गज ॥
हिरदै[1] उजल विसाल। चित्त आराधि मंडि सज ॥
विरह करन क्रीलई। सिद्ध कामिनी डरप्पै ॥
तो चलंत चहुआन। दीन छंडै पै रुप्पै[2] ॥
हिमवंत कंत भुक्क न चिय। पिया पन्न पोमिनि परषि ॥
ग्रहि कंठ कंठ ऊठन[3] अवनि। चलत तोहि [4]लगिवाय रूष ॥ छं० ॥ ५२ ॥

न चलि कंत सुभचिंत। धनीं बहु[5] विंत प्रगासौ ॥
गह गहि ऐसौ प्रेम। सौज आनंद उहासौ ॥
दीरघ निसि दिन तुच्छ। सीत संतावै अंगा ॥
अधर दसन घरहरै। प्रात परजरै अनंगा ॥
[6]ज्ञा ऐनि रैनि हर हर जपत। चक्क सद्द चक्की कियौ ॥
हिमवंत कंत सुग्रह ग्रहति। हहकरंत फुट्टै हियौ ॥ छं० ॥ ५३ ॥

चोटक ॥ गुरु पंच सुभै दस मत्तपयो। श्रिय नाग हन्यौ हरवाहनयो ॥
इति छंद विछंद विलास लहै। तत चोटक छंद सुचंद कहै ॥ छं० ॥ ५४ ॥
दिव दुग्गं निसा दिन तुच्छ रवै। जरि सीत बनं बनवारि जवै ॥
चक्क चक्कि चक्की जिम चित्त भवै। नितवांम प्रिया सुष [8]मोरि ठवै ॥
छं० ॥ ५५ ॥

बिरही जन रंजन हारि भियं। घनसार[8]मृगमद पुंज कियं ॥
पहुपंकति पुंजति कन्त जियं। परिरंभन रंभन रे रतियं ॥
करि विभ्रम निभ्रम लग्ग तियं। .... ॥
छिन भाजत लाजत लोचनयं। तन कम्पत जम्पत मोचनयं ॥
छं० ॥ ५६ ॥

नव कुंडल मंडल झल्ल रमै। कच अभ्रपटी जनु वीज भ्रमै ॥
कुसमावलि तुट्टि लवंग लगं। वरनं रचि छुट्टति पंति बगं ॥ छं० ॥ ५७ ॥

---

(१) मो.-हिरेदे उज्जल जल विसाळ चित्त आविति मांड गज। (२) मो.-रुक्कै
(३) ए. कृ. को.-अग्रत। (४) ए. कृ. को.-चलन तोहि लगीय रुष।
(५) मो.-बच्च। (६) ए. कृ. को.-जय नह रैनि।
(७) ए. कृ. को.-कोलि जवै। (८) ए. कृ. को.-मृदंमद।

अस कुंदति मुत्ति भरं उरनं। झलती जनु गिम्ह सिवं सरनं॥
कटि मंडल घंटि रमन्नि रवै। सुरमंजु¹ मंजीर अमीय अवै॥
छं०॥ ५८॥
रति ओज मनोज तरंग भरी। हिमवंत महा रित² राज करी॥
॥ छं०॥ ५९॥

शिशिर ऋतु का आगम।

दूहा॥ संगम सुप सुत्तौ न्टपति। ग्रिह विन एक न होइ॥
सुनि चहुआन नरिंद वर। सीत न मुक्कै तोइ॥ छं०॥ ६०॥
हिम वित्यौ आगम शिशिर। चलन चाइ चहुआन॥
सुनि पिय आगम शिशिर कौ। क्यों मुक्कै ग्रिह थान॥ छं०॥ ६१॥
साटक॥ ³रोमाली वन नीर निझ⁴ चरयो⁵ गिरिदंग ⁶नारायने॥
पव्वय पीन कुचानि जानि मलया, फुंकार झुंकारए॥
सिसिरे सर्वरि वारूनी च विरहा माहह मुव्वारए॥
मांकंते त्रिगवड मध्य गमने, किं दैव उच्चारए॥ छं०॥ ६२॥
*दूहा॥ अरिय सघन जीतन दिसा। चलन कहत चहुआन॥
रतिपति चल होइ पिथ्थ गय। ग्रह हमीर ग्रिह जानि॥
छं०॥ ६३॥
कवित्त॥ आगम फाग अवंत। कंत सुनि मित्त सनेही॥
सीत अंत तप तुच्छ। होइ आनँद सब ग्रेही॥
नर नारी दिन रैनि। मैंन मदमाते डुल्लैं॥
सकुच न हिय छिन एक। बचन मनमानै बुल्लैं॥
सुनौ कंत सुभ चिंत करि। रयनि गवन किम कीजइय॥
कहि नारि पीय बिन कामिनी। रिति ससिहर किम जीजइय॥
॥ छं०॥ ६४॥

(१) ए. कृ. को.-पुंज।　　(२) ए. कृ. को.-रति
(३) ए. कृ. को.-रोमावाले.।　　(४) ए. कृ. को. निझयो।
(५) ए. कृ. को.-गिरिदंत।　　(६) ए. कृ. को.-नारायते।
* यह दोहा मो. प्रति में नहीं है।

हनुफाल ॥ गुर गरुअ चामर नंद। लहु वरन विच विच इंद ॥
विवहार पय पय बंद। इति हनूमानय छंद ॥ छं० ॥ ६५ ॥
रिति ससिर सरवरि सोर। परि पवन पत्त झकोर ॥
वन त्रिगुन तुल्ल तमोर। घन अगर गंध निचोर ॥ छं० ॥ ६६ ॥
भुअ भोज व्यंजन भोर। लव अमर तिष्य कटोर ॥
रस मधुर मिष्टित थोर। रति रसन रमनति जोर ॥ छं० ॥ ६७ ॥
कल कलस न्त्रित्ति किसोर। वय स्याम गुन अति गोर ॥
परि पेम पेम सजोर। अवलोक लोचन ओर ॥ छं० ॥ ६८ ॥
सुष अंत मुकति सकोर। .... ॥
रस रमति पिथ्थ न्रपत्ति। मनों भुवन वनि सुरपत्ति ॥छं०॥६९॥
इति ससिर सुष विलसंत। रिति राइ आय वसंत ॥
षटु रित्त, षट रमनीय। रषि चंद वरनन कीय ॥ छं० ॥ ७० ॥
तरु लता गह्वरि फेरि। प्रति कुंज कुंजन हेरि ॥
... . । .... ॥ छं० ॥ ७१ ॥

कवित्त ॥ कुंज कुंज प्रति मधुप। पुंज गुंजत वैरनि धुनि ॥
ललित कंठ कोकिल। कलाप कोलाहल सुनि सुनि ॥
राजत वन मंडित। पराग सौरंभ सुगंधिन ॥
विकसे किंसुक विहि। कदंब आनंद विविध धुनि ॥
परिरंभ लता तरवरह सम। भए समह वर अनग तिथि ॥
विच्छुरन छिनक संपत्ति पति। कंत असंत बसंत रिति ॥छं०॥७२॥

पृथ्वीराज का कविचन्द से पूछना कि वह कौनसी ऋतु है जिसमें स्त्री को पति नहीं भाता।

दूहा ॥ षट रिति वारह मास गय। फिरि आयौ रु वसंत ॥
सो रिति चंद बताउ मुहि। तिया न भावै कंत ॥ छं० ॥ ७३ ॥

---

(१) ए. कृ. को. सस।

कविचन्द का कहना कि वह ऋतु स्त्री का ऋतु समय (मासिक धर्म्म) है।

जौ नलिनी नीरहि तजै। सेस तजै सुरतंत ॥
जौ सुवास मधुकर तजै। तौ तिय तजै सु कंत ॥ छं० ॥ ७४ ॥
रोस भरै उर कामिनी। होइ मलिन सिर अंग ॥
उहि रिति त्रिया न भावई। सुनि चुहान चतुरंग ॥ छं० ॥ ७५ ॥

रानियों के रोकनें पर एक साल सुख सहवास कर पृथ्वीराज का पुनः वसंत के आरंभ में कन्नौज को जाने की तैयारी करना।

चौपाई ॥ षट्ट सु [1]वरनीं विय षट मासं। रष्ये वर चहुआन विलासं ॥
ज्यों भवरी भवरं कुसुमंगा। त्यों प्रथिराज कियौ सुष अंगा ॥
छं० ॥ ७६ ॥
दूहा ॥ वर वसंत अग्गें जिपति। सेन सजी वहु भार ॥
दिसि कनवज वर चढ़न कों। चितवति संभरिवार ॥ छं० ॥ ७७ ॥
कै जानै कविचंदई। कै प्रयान प्रथिराज ॥
सित सामंत सु संमुहे। पंगराय ग्रह काज ॥ छं० ॥ ७८ ॥

गुरुराम का कूच के लिये सुदिन सोधना।

मतौ मंडि संभरि [1]न्नपति। चलन चिंत [2]पहु अज्ज ॥
दिन अप्पौ गुरराज मिलि। चिंत चलन कनवज्ज ॥ छं० ॥ ७९ ॥

राजा का रविवार को अरिष्ट महूर्त में चलने का निश्चय करना।

कवित्त ॥ चैत तीज रविवार। सुद्ध संपज्यौ सूर जब ॥
एकादस ससि होइ। छंडि दस थान मान तब ॥
वर मंगल न्रप राशि। पंच अक्रूर मेछ वर ॥
दुष्ट भाव चहुआन। राशि अष्टम ढिल्ली धर ॥

(१) ए. कृ. को.-वरुनी। (१) मो.-सुपहु। (२) मो.-वर।

भर रासि राह षोटौ न्टपति। देषि पुच्छि चहुआन चलि॥
भावी विगत्ति मति उरह उर। जु कछु कह्यौ कविचंद षुलि॥
छं० ॥ ८० ॥

पृथ्वीराज का कैमास के स्थान पर जैतराव को राजमंत्री नियत करना।

दूहा॥ नन मानी चहुआन न्टप। भावी चिंति प्रमान॥
सलष वोलि मंतह न्टपति। मत कैमासह थान॥ छं० ॥ ८१ ॥

कवित्त॥ मंत्रिय थपि पामार। मंति कैमास थान वर॥
ता मंची पन अप्पि। सूर सामंत मंझ भर॥
मंच दिट्ठ दिढ़ वाच। काछ दिट्ठौ दिढ़ लोभै॥
लोह दिट्ठ जुध काल। सामध्रम्मह दिढ़ सोभै॥
पुरुषह सु दिट्ठ काया प्रचंड। दिढ़ दुरग्ग भंजन सुहर॥
गुरराज राम इम उच्चरै। सो मंची न्टप करन धर॥ छं० ॥ ८२ ॥

राज्य मंत्री के लक्षण।

सो मंची न्टप करिय। पुव्व वंसह सु वीय सुधि॥
दूत भेद अनुसार। मोह रस वसिन ईछ मुधि॥
न्याय ध्रंम अनुसार। न्याय नंदन परगासै॥
रोगजीत नन होइ। तान जिय लछि अभ्यासै॥
परधान ध्यान जानै सकल। अध्रम द्रव्य नन संग्रहै॥
पम्मार सलष मंची न्टपति। बल गोरी मुष संग्रहै॥ छं० ॥ ८३ ॥

राजा का जैतराव से पूछना कि भेष बदल कर चलें या योंही।

सो मंची पुच्छौ न्टपति। चलन चाइ चहुआन॥
दिसि कनवज धर दिष्यियै। पंग जोग परमान॥ छं० ॥ ८४ ॥
छग्गल पान नरिंद वर। अदभुत चरित विराज॥
चंद भेष चहुआन कौ। थेट सुपत्तौ साज॥ छं० ॥ ८५ ॥

जैतराव का कहना कि छद्मवेष में तेजस्वी कहीं नहीं छिपता इससे समयोचित आडंबर करना उचित है।

चौपाई ॥ राजन चंद वदन ढँकि किन्नं। छिपै न छिप कार सूर सघन्नं ॥
छिप्यत कवहुँ न मोमभ्भर तिन। रंकति न छिपै वित परषन षिन॥
छं० ॥ ८६ ॥

सुभग मन मधि विदुष सु कव्वी। देषि सुजान न छिपै गुनव्वी ॥
गैपति मैपति समद न छिप्पै। न [1]छिप्पै न रज रजपूत सुदिप्पै ॥
छं० ॥ ८७ ॥

कवित्त ॥ जो आडंवर तजिय। राज सोभै न राज गति ॥
आडंबर विन भट्ट। कव्वि पुनगार मेट यति ॥
आडंबर विन नट्ट। गोरि गावै नह रुकहि ॥
आडंबर विन वेस। रूप रत्ती न सोय कहि ॥
जन एक सुभर वंदन विदुष। हरुअत आडंवरह विन ॥
पर धर नरिंद बंदन मतौ। करि आडंबर वीर तन ॥ छं० ॥ ८८ ॥

पुनः जैतराव का कहना कि मुझसे पूछिए तो मैं यही कहूंगा कि सब सेना समेत चल कर यज्ञ उथल पथल कर दिया जावै।

दूहा ॥ मत पुच्छै चहुआन मुहि। सज्जि सवै चतुरंग ॥
अजै विजै जानै नहीं। जग्य विनट्टै पंग ॥ छं० ॥ ८९ ॥
तुच्छह सथ्थ नरिंद सुनि। जो जानै पहुपंग ॥
वंधि देए करतार अरि। चोर लग्ग निय संग ॥ छं० ॥ ९० ॥
अरि भंजै भंजौ सु पुनि। सम वरि समर सु पंग ॥
जौ पुच्छै चहुआन वर। [2]तौ सज्जौ चतुरंग ॥ छं० ॥ ९१ ॥

गोयन्द राय का कहना कि ऐसा करना उचित नहीं क्योंकि शहाबुद्दीन भी घात में रहता है।

मतौ गरुअ गोयंद कहि। वर ढिल्ली सुर पान ॥

(१) ए. कृ. को.-नन छिपै रजपूत मरकति वह दिप्पै। (२) ए. कृ. को.-वर।

इथ्थ वीर विरुझाइ चलि। धर लग्गौ सुरतान॥ छं० ॥ ६२ ॥
जिम लग्गो आखेट अगि। ढिल्ली वै सुरतान॥
विन वुझाय वुझि अग्गिया। जिम 'घट्ट जम पानि॥ छं० ॥ ६३ ॥
चित्त चलन चहुआंन कौ। जिन अप्पी मति नन्ह॥
सब भृत मझझनटारि लष। नृप ढुंढिय धन लिन्ह॥ छं० ॥ ६४ ॥

अन्त में सब सेना सहित रघुबंश राय को दिल्ली की गढ़ रक्षा पर छोड़कर शेष सौ सामंतो सहित चलना निश्चय हुआ।

सौ समंत छ सूर भय। ते इक एकह देह॥
जोगिनपुर रघुवंश सौ। सो रष्षी तल लेह॥ छं० ॥ ६५ ॥
तत्त मत्त चालन कियौ। महल विसरजन कीन॥
सत्त घरी घरियार वजि। वर प्रस्थान सुदीन॥ छं० ॥ ६६ ॥
एक वरष प्रस्थान ते। विय प्रस्थान सुपत्त॥
ग्यारह से कनवज्ज कौ। चैत तीज रविरत्त॥ छं० ॥ ६७ ॥

रात्रि को राजा का शयनागार में जाकर सोना और एक अद्भुत स्वप्न देखना।

कवित्त ॥ बिपन महल चहुआन। राज प्रस्थान सुपत्तौ॥
निसा निद्र उत्तरिय। सघन उन्नयों सु रत्तौ॥
बीज तेज झझंत। तमत उथ्यौ भ्रत भारी॥
निसा पत्ति सुर आय। बोल बर बर उच्चारी॥
चरि चित्त चित्त चहुआन करि। बान विषम गुन बंधयौ॥
वल श्रवन दिष्ट संभरि धनी। सुर चिंतह लष संधयौ॥
छं० ॥ ६८ ॥

प्रथमं स्वर चहुआन। बान संध्यौ गुन मंगह॥
विय अलुक्क सुर बोलि। चित्त मुक्कौ तिन संगह॥

(१) मो.-हट्टे।

तीय वचन अपि जीहं। जीव सथ्यह जुवा छुट्टिय॥
कर चारहु मन राजं। कह्यौ छंदे अंग जुट्टिय॥
निस पतन भई जोगय विपन। हंकाऱ्यौ दुजराज वर॥
घरियार प्रात वज्जै सुघर। रत्त भार वर उग्गि धर॥
छं० ॥ ९९ ॥

कविचन्द का उस स्वप्न का फल बतलाना

सु गुन विद्व कविचंद। अग्र भय छंद विचारिय॥
[1]सामि हथ्थ जस चढ़न। सुभ्रत आतुर रन पारिय॥
कलह केलि आगंम। सामि परिगह आहुट्टिय॥
बल सगपन किय दानं। हीन हीनह अप छुट्टिय॥
कहुई चंद कवि मुष्य तत। आरुघ राज न मानइय॥
सो भूत्त गति न्त्रिमान सति। ननं सिट्टै जुग जानइय॥
छं० ॥ १०० ॥

दूहा॥ नहिं वरज्यो कविचंद न्रप। कहि सुनाय सब सथ्थ॥
ज्यों विधिना वर न्त्रिंमयौ। [2]जम कग्गद चढ़ि हथ्थ॥छं०॥१०१॥

११५१ चैतमास की ३ को पृथ्वीराज का कन्नौज को कूच करना

ग्यारह से एकानवै। चैत तीज रविवार॥
कनवज देषन कारनें। चल्यौ सु संभरिवार॥ छं० ॥ १०२ ॥

पृथ्वीराज का सौ सामंत और ग्यारह सौ चुनिंदा सवारों को साथ में लेकर चलना।

कवित्त। ग्यारह से असवार। लष्ष लीने सधि लेषैं।
इसें सूर सामंत। एक अरि दल बल भष्षैं॥
[3] तनु तुरंग वर वज्र। वज्र ठेलै वज्रानंनं॥
वर भारथ्थ सम सूर। देव दानव मानव ननं॥
नर जीव नाम भंजन अरिय। रूद्र भेस दरसन न्रपति॥
भेटयौ सु यह भर सम्भई। दिपति दीप दिवलोक पति॥छं०॥१०३॥

(१) ए. कृ. को.-स्वामि। (२) मो०.-सो. (३) ए० कृ० को०-तनु तन गब्बर वज्र।

चल्यौ सु संभरिवार। सथ्थ सामंत सूर भर ॥
इनिग राज कयमास। अवनि आकंप राज बर ॥
सर बर संभरिवार। साहि बंध्यौ गज्जनवै ॥
हय गय नर भर वीय। सिद्धि छंड्यौ पुनि है वै ॥
सामंत सूर सथ्थह न्रपति। दैव वत्त कारन सुगति ॥
कनवज्ज राज गग्गह कलन। चल्यौ राज संभरि सुभति ॥
छं० ॥ १०४ ॥

कनवज्जह जयचंद। चल्यौ दिल्लीपति पिष्षन ॥
चंद बरद्दिय तथ्थ। सथ्थ सामंत सूर घन ॥
चाहुआन कूरंभ। गौर गाजी बड़गुज्जर ॥
जाद्दव रा रघुवंस। पार पुंडीरति पष्षर ॥
इत्तने सहित भूपति छज्यौ। उड़ी रेन छीनौ नभौ ॥
[2]इक लष्ष लष्ष बर खेगिए। चले सथ्थ रजपूत सौ ॥छं०॥ १०५ ॥

दूहा ॥ करि सुनंद संभरि सु पहु। चढ़िक्रम्यौ [3]लय मग्ग ॥
हर हर सुर उच्चार सुष। उर आराधन लग्ग ॥ छं० ॥ १०६ ॥

साथी सामंतों का ओज वर्णन।

कवित्त ॥ एक सत्त बल सूर। एक बल सहस पानि बर ॥
एक अयुत साधंत। [4]दुरद रद दहन तत्त कर ॥
एक लष्ष आरुह्य। जुद्ध जम जेम भयंकर ॥
एक कोटि अंगवन। धरत हर उर सु ध्यान बर ॥
रवि तन समान तन उज्जले। सत घट अग्ग सु वीर तन ॥
तिन सथ्थ सज्जि संभरि स पहु। तिथ्थ क्रम न विच्चारअन ॥
छं० ॥ १०७ ॥

सामंतों की इष्ट आराधना ॥

एक ईस आराधि। एक उमया आरोहन ॥
[5]एक दुमनि चित जपत। एक गजवदन प्रमोहन ॥

(१) मो० करन (२) ए. कृ. को.-एकेक लष्ष वर लिषीए।
(३) ए. कृ. को.-मय। (४) ए. कृ. को.-डर। (५) मो.-एकदिन मन।

इक सठ्ठि चव रचित। एक पंचास उभय रत ॥
एक कन्ह हिय ध्यान। एक भैरव घोरत[1] मत ॥
इक जपत अंत अंतक मनह। एक पुरंदर रत्त उर ॥
इक उर विदार विद्दर मिरग। धरत ध्यान लंकाल सुर ॥

छं० ॥ १०८ ॥

राजा के साथ जानेवाले सामंतों के नाम और पद वर्णन।

भुजंगी ॥ गुरं अंत मत्त[2] पय पाय पायं। असी मत्त सब्बै गयनं सठायं ॥
लहु षोडसं[3] गोचवं अट्ठ सायं। चवै चंद छंदं भुजंगं प्रियायं ॥

छं० ॥ १०९ ॥

चल्यौ जंगलीराव कनवज्ज पथ्थं। चले सूर सामंत सथ्थं[4] समथ्थं ॥
चल्यौ सथ्थ सामंत कन्हं समथ्थं ॥ जिनै बंदियं सूर संग्राम हथ्थं ॥

छं० ॥ ११० ॥

विरद्दं नरंनाह उग्गाह सोहं। कुलं चाहुआनं चपं पट्ट रोहं ॥
गुरू राव गोयंद वंदैं सु इंदं। सुतं मंडलीकं सवै सेनचंदं ॥

छं० ॥ १११ ॥

धरैं ध्रुंम सामित्त सा रायलंगा। सुतं राव संयम्म रन सें अभंगा ॥
सदा सेवसों चित्त हनमंत बीरं। रमै रोस रंगं तवै आय भीरं ॥

छं० ॥ ११२ ॥

चल्यौ स्वामि सन्नाह सा देवराजं। सुतं वग्गरीराव सामंत जाजं ॥
सदा इष्ट आभिष्ट स्वांमित्त चित्तं। वियं वीर चित्तं सु आनै न हित्तं ॥

छं० ॥ ११३ ॥

रनंधीर पावार सथ्थं सलष्षं। चल्यौ जैत सिंघं सु कंकं अलष्षं ॥
भरं जामजद्दों सु षीची प्रसंगं। करं कच्छवाहं सु पज्जून संगं ॥

छं० ॥ ११४ ॥

वलीभद्र कूरंभ पाल्हंन सथ्थं। करंबाह काथ्थं सु कंकं अकाथ्थं ॥
नरं निढ्ढुरं धज्ज कामधज्जराजं[5]। वडंगुज्जरं राम सो सामि काजं[6] ॥

छं० ॥ ११५ ॥

(१) मो.-मन। (२) ए. कृ. को.-पाद्य। (३) ए.-गोचर।
(४) कृ. को.-सनथ्थं। (५) मो.-राजं। (६) मो.-संगं।

सदा ईस सेवं सुरं अत्तताई। चले हड्ड हम्मीर गंभीर भाई॥
वरंसिंघ दाहिम्म जंघार भीमं। बरं तास चंपै न को जोर सीमं॥
छं० ॥ ११६ ॥

सज्यौ वाह पज्जार उड्डिग्ग सथ्थं। चल्यौ चंद पुंडीर संग्राम सथ्थं॥
बर चाहुआनं बरस्सिंघ वीरं। हरस्सिंघ संगं सु संग्राम धीरं॥
छं० ॥ ११७ ॥

सज्यौ राव चालुक्क सारंग संगं। समं विक्भराजं सुवंधं अभंगं॥
सथं जागरं सूर सागौर गोरं। वरं वाररंसिंह सा सूर[1]घोरं॥
छं० ॥ ११८ ॥

बली वाररं रेन रावत्त रामं। दलं दाहिमा रूव संग्राम धामं॥
निरब्बान बीरं सु नारेन नीरं। समं सूर चंदेल भोंहा सधीरं॥
छं० ॥ ११९ ॥

बड़ गुज्जरं कंक राजं कनकं। सहं सूर सामंत बंधैति अंकं॥
चल्यौ माल चंदेल भट्टी सु भानं। समं सामलं सूर कमधज्जरानं॥
छं० ॥ १२० ॥

बरं सिंघ वीरं सु मोहिल्ल बंधं। न्वपं राय बंधं बरंनं सुसिद्धं॥
दलं देवरा देवराजं सु सोहं। महा मंडलीराव सीहं अरोहं॥
छं० ॥ १२१ ॥

धनू धावरं धीर पांवार सथ्थं। चल्यौ तोमरं पाहरा [1]वारि वथ्थं॥
सज्यौ जावलौ जल्ह चालुक्क भारौ। षलं वग्गरी वाग्र षेताषंगारौ॥
छं० ॥ १२२ ॥

बली राय वीरं सु सारंग गाजी। परीहार राना दलं रूव राजी॥
बरं बीर जादौं भरं भोजराजं। समं सांषुला सीह सामल्ल साजं॥
छं० ॥ १२३ ॥

कमंधज्ज बीकंस सादूल्ल मोरी। जरी ठंठरी टाक सारंन[2]जोरी॥
जयंसिंघ चंदेल वारू कंठेरी। भरं भीम जादौं अरी गो उजेरी॥
छं० ॥ १२४ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-घोरं। (१) ए. कृ. को.-वषि।
(२) मो.-सथ्थं। (३) ए. कृ. को.-मोरी।

सुतं नाहरं परिहारं महन्नं । समं पीप संग्राम साहं गहन्नं ॥
वरं वारडं मंडनं देवराजं । रनं अचलं पाय अचलेस साजं ॥
छं० ॥ १२५ ॥

चल्यौ कचराराव चालुक्क वंभं । सुतं भीम संगं सदा देव संभं ॥
कमधज्ज आरज्ज आहं कुमारं । भरं भीम चालुक्क वीरंवरारं ॥
छं० ॥ १२६ ॥

गनै लष्पनं लष्ष बघेल एकं । सुतं पूरनं[1] सूर वंदै सुतेकं ॥
परीहार तारन्न तेजल्ल डोडं । अचल्लेस भट्टी अरीसाल सोढं ॥
छं० ॥ १२७ ॥

बड़ंगुज्जरं चंद्रसेनं सुधीरं । सुतं कठ्ठियं सिंघ संग्राम वीरं ॥
विजैराज बघेल गोहिल्ल चाचं । लषंनं पवारं नही कूर राचं ॥
छं० ॥ १२८ ॥

भरं रंघरी छ्रम्म सामँत पुडीरं । भिरै सूर भग्गै नहीं सारभीरं ॥
कामध्धज्ज जैसिंघ पुंज पहारं । भरं भारथंराय भारथ्थ भारं ॥
छं० ॥ १२९ ॥

सुतं जागरं केहरी मल्हनासं । बँधंनौरवं कट्ट संग्राम वासं ॥
चल्यौ टांक चाटा सु रावत्त राजं । हरी देवलीराइ जादों सु जाजं ॥
छं० ॥ १३० ॥

वली राइ कच्छं[2] ओहट्टी गँभीरं । हुअं हाहुलीराव सथ्थं हमीरं ॥
पहू पुहकरंराव कन्हं सुराजं । दलं दाहिमा जंगली राय साजं
छं० ॥ १३१ ॥

मुषं पंच पंचाइनं चाहुआनं । सुअं पारिहारं रनंवीर रानं ॥
रसं सूर सामंत सथ्थं ससष्षं । बरं लष्षियै एक एकं मुलष्षं ॥
छं० ॥ १३२ ॥

हनूफाल ॥ इक सेवक छिंगन कंन्ह तनौ । निरष्षे कविचंद पुरष्ष घनौ ॥
छह अग्गर सुभ्भट सत्त जुतं । कलवज्ज चल्यौ न्टप सोमसुतं ॥
छं० ॥ १३३ ॥

(१) ए. कृ. को.-पूर (२) के. एहट्टी ।

पृथ्वीराज का जमुना किनारे पड़ाव डालना।

कवित्त ॥ तट कालिंदी तीर। कियौ मुक्काम दिलेसुर ॥
अवर स्वर सामंत। सब्ब उत्तरे आय तुर ॥
समै निसा निज सिवरि। बोल सामंत सूर सब ॥
मधूसाह परधान। राज उच्चैर सूर तब ॥
तीरथ बन अंतर धरिय। अंतर वेध सुगंग धर ॥
आवासि मंत कारन सुनहु। चलौ सुभट्ट समंग भर ॥छं०॥१३४॥

दूहा ॥ तट कालिंद्री तहँ विमल। करि मुक्काम न्रप राज ॥
सथ्थ सयन सामंत भर। स्वर जु आये साज ॥ छं० ॥ १३५ ॥

कवित्त ॥ अप्प जाति विन सब्ब। चले सामंत सथ्थ तब ॥
पहु निकट्ट कनवज्ज। ताहि प्रछन्न गवन कब ॥
मधूसाह गुरराम। रहे दिल्ली रह कज्जं ॥
गुर वीठल समदेव। अनुज रामह सथ सज्जं ॥
अह अट्ट राज आवागमन। सजौ सेन सथ्थें सुविधि ॥
काज दान द्रव्य गंगह सजौ। जिम सिभ्झै तीरथ्थ सिधि ॥
छं० ॥ १३६ ॥

जमुना के किनारे एक दिन रात विश्राम करके सब सामंतों को घोड़े आदि बांटकर और गढ़रक्षा का उचित प्रबन्ध करके दूसरे दिन पृथ्वीराज का कूच करना।

दूहा ॥ [1]किय आयस संभरि स पहु। सुनौ सगुर बर साह ॥
सत क्रम्म लक्क सथ्थ घन। सजौ सक्र सन राह ॥ छं० ॥ १३७ ॥
एकादस सर एक न्रप। सौ सामंत छ सूर ॥
दिसि कनवज दिल्ली न्रपति। चैतह वज्जि [2]स नूर ॥ छं०॥ १३८ ॥

कवित्त ॥ पारिहार रनबीर। राज अग्गें आभासिय ॥
प्रछन्नह कनवज्ज। तिथ्थ संक्रमन सु भासिय ॥

(१) मे.-कार (२) मो..सनूर।

साज सब्ब वर [1]तास। भरों वासन द्रव रज्जिय ॥
अवर सब्ब परिहार। काज भोजन सथ सज्जिय ॥
साहनी सद्दि जगमाल तहँ। देहु सबन सामंत हय ॥
सारङ्ग सित्त तेजक्क हय। सजे सब्ब परकार तय ॥ छं० ॥ १३९ ॥

दूहा ॥ बोलि साहनी सोच मन। दल लष्यन अस लज्ज ॥
सामंतन कारन विल्हन। समपि समर जस कज्ज ॥ छं० ॥ १४० ॥
प्रथम संबोधे सथ्थ सह। सुत दुज रष्ये साह ॥
जाम सेष रजनी चल्यौ। सिलह सु सज्जी ताह ॥ छं० ॥ १४१ ॥

पृथ्वीराज का नाओं पर यमुना पार करना।

इन प्रपंच भुअपति चल्यौ। अरु कविचंद अनूप ॥
जमुना [2]नावनि उत्तरिय। निकट महल अनुरूप ॥ छं० ॥ १४२ ॥

पृथ्वीराज के नांव पर पैर देते ही अशुभ दर्शन होना।

कवित्त ॥ चढ़त राज प्रथिराज। सगुन भय भीत उपन्नौ ॥
स्याम अंग तन छिद्र। कलस संमुह संपन्नौ ॥
एक अंग तिय सकल। एक आभेस भेस वर ॥
एक अंग शृंगार। एक अंगह सुंदर [1]नर ॥
दिष्यौ सु नयन राजन रमनि। पुच्छि वत्त धारह धनिय ॥
शृंगार वीर दुअ संचरहि। अब्बू वै अप्पन भनिय ॥ छं० ॥ १४३ ॥

नांव से उतरने पर एक स्त्री का मिलना।

दूहा ॥ तोन बंधि भुअपति उभय। अरु कविचंद अनूप ॥
जमुन उतरि नावह निकट। मिलिय महिल इन रूप ॥छं०॥१४४॥

उक्त स्त्री के स्वरूप का वर्णन।

कवित्त ॥ पानि नाल दालिमी। हास मुष नैन रोस निज ॥
उरसि माल जा स्हल। कमल कनयर सिरसी रज ॥

(१) ए. कृ. को.-ताह।　　(२) मो.-नावसु।
(१) ए. कृ. को.-बर।

वाम हेम आभ्रंन। लोह दच्छिन दिसि मंडिय॥
अद्ध केस सलवंध। अद्ध [१]मुकलित तिहि छंडिय॥
विपरीत पीत अंबर पहरि। पिष्षि राज अचरिज्ज करि॥
किन महिली किन घरं न सुबर। किन सु राज अरधंग धरि॥
छं० ॥ १४५ ॥

हनूफाल ॥ मिलि महिल सगुन सरूप। द्रग अप्प निरषत भूप॥
दछि दोर नालि सु लीन। कर वाम समकर भीन॥ छं० ॥ १४६ ॥
अधकेस मुकुलित संधि। [२]अध कुंत लंकल वंधि॥
अवतंस इक अव स्रोन। दिसि कंक आसिय वीन॥ छं० ॥ १४७ ॥
द्रिग वाम अंजन दीन। दछि नैंन नागवि कीन॥
सल वाल भाल सुपत्ति। परसात कंकि [३]षत्ति॥ छं० ॥ १४८ ॥
मुष हास नेन विरोस। [४]नासाग्र उग्रन जोस॥
कर रतन दच्छिन राज। पहु पानि वन्निय वाजि॥ छं० ॥ १४९ ॥
मुकतावली अध सेत। अध साल माल मवेत॥
दुति बरन भूषन रूप। जालंक कलसा नूप॥ छं० ॥ १५० ॥
अधसेत आसुरि स्याम। रत पीत अंबर काम॥
सुर गुनिय जा तिल तंत। सिर कमल कल हय यंत॥ छं० ॥ १५१ ॥
तंडीव तरल तरंग। जालंक तंड सुरंग॥
अध मत्त गवन अनूप। अध चंचलं मद जप॥ छं० ॥ १५२ ॥
पद जेहरी धरि हेम। क्रम क्रम्यौ उरजत नेम॥
सच साघ वाम सु पुल्लि। पद दच्छिनी क्रत गुल्लि॥ छं० ॥ १५३ ॥
को महिल को वर गेह। पुछि राज अचरिज एह॥
.... । .... ॥ छं० ॥ १५४ ॥

राजा का कवि से उक्त महिला के विषय में पूछना।

दूहा ॥ इहि बिधि नारि पयान मिलि। मुष कल रत्त फुनिंद॥
उद्दिम आदर चलिय न्टप। तव नह वुभिभय चंद॥ छं० ॥ १५५ ॥

(२) मो.-मुक्कित बर। (१) ए. कृ. को.-धर।
(२) ए. कृ. को.-पत्ति। (३) ए. कृ. को.-नासाग्र उग्रं उग्गनं जे।

*कहै चंद नृप ईस सुनि । दरस देवि दिय तोहि ॥
जगि भंजि अरि गंजिकै । दुलह संजोगिय होइ ॥ छं० ॥ १५६ ॥

राजा का कविचंद से सब प्रकार के सगुन असगुनों का फल वर्णन करने को कहना ।

बहुरि सगुन राजन हुअ । फल जंपै कविचंद ॥
उत्तिम मद्धिम विवह परि । कहि समझावत [१]छंद ॥ छं० ॥१५७॥

पद्धरी ॥ चहुआन चवै सुनि चंद भट्ट । संक्रमन [२]मग्ग उच्छंग थट्ट ॥
तुम लहौ अर्थ विद्या सु सार । जंपौ सु सगुन सब्बै प्रचार ॥
छं० ॥ १५८ ॥

कविचंद का नाना प्रकार के सगुन असगुनों का वर्णन करना

कविचंद कहै सुन दिल्लिराज । विधि कहौं सगुन रुब्बें सु साज ॥
दष्षिनहि वादि वामंग वादि । सम थान देवि उत्तिम उमादि ॥
छं० ॥ १५९ ॥

अति वृद्धि रिद्धि [३]अप्पै सु लोय । जस कुसल सुफल पंथी सजोइ ॥
सुर दून तीन दाहिनी देय । वर्ज्जंत गमन पथिकं परेय ॥
छं० ॥ १६० ॥

मंडलह स्हर तरि संझ सद्दि । मुक्कंत सीम पंथिक परद्धि ॥
वायंब हुंत दष्षिन प्रवेस । ताराय नाम जंपे सु तेस ॥
छं० ॥ १६१ ॥

एकीक कुसल दुअ कुसल काज । [४]तीसरी होत फल रिद्धि राज ॥
दाहिनी हुंत दिसि वाम आय । पंथी गवंन वरजंत ताइ ॥
छं० ॥ १६२ ॥

दूसरी घात बंधनह हत्त । तीसरी गवन [५]सूचंत मृत्त ॥
ताराय उंच फल उंच [६]देस । मद्धिम्म अधम अद्धी सु [७]तेस ॥
छं० ॥ १६३ ॥

---

*यह दोहा मो.-प्रति में नहीं है ।　　(१) ए. कृ. को.-चंद ।
(२) ए. कृ. को.-लग्ग ।　(३) ए. कृ. को.-अप्पै ।　(४) ए. कृ.-नीसरी ।
(५) मो.-सयूंत ।　(६) ए. कृ को.- देह ।　(७) ए. तेयं । को. मो. नेस ।

दष्षिनी सगुन सुर दष्षि चारि। बांईय वाय प्रसरंत गारि॥
कारज्ज सिद्धि सूचंत ताम। विपरीत सुफल विपरीत काम॥
छं०॥ १६४॥

सुर एक एक कंटक अरोहि। अंगार तूर भसमं वरोहि॥
सूवों सु कट्ठ गोबर सु हंडि। आहट्ठि सद्दि गुनयंग छंडि॥
छं०॥ १६५॥

उत्तरै तार सद्दै सु सद्द। पूरन्न चित्त कारिज्ज मंद॥
आवंत होय जो ग्रेह नाम। वांईय सद्दि सिद्धंत काम॥
छं०॥ १६६॥

केदार कूप नै तट्टवाय। परहरै सिद्ध वंछै सु जाय॥
तीतरह षरह नाहर जंवूक। सारस्स चिल्ह चाचिग अलूक
छं०॥ १६७॥

कपि कंठनील सुक सद्दि नाम। दिस संति सुष्य पूरंत वाम॥
पंचाइन दिस दाहिन अचार। सादंत अर्थ दष्षित सचार॥
छं०॥ १६८॥

सूचंत सुभय दारुन्न सथ्थ। पति सथ्थ निद्धि निंदं अतिथ्थ॥
चौ पंच सत्त एकं उभार। पहु काल मृग्ग दाहिन सुचार॥
छं०॥ १६९॥

भोजनं पच्छ वाईय माल। पूरंत अर्थ अर्थीव ढाल॥
एकलौ असित मृग जम्म रूप। बूडंत किरनि अंतकह जूप॥
छं०॥ १७०॥

निक्काल सगुन जो होइ सिद्धि। प्रावेस सोय विपरीत रिद्धि॥
सद्दै जो सिवा सद्दह कराल। वाईंय दिसा सुभ भेव ढाल॥
छं०॥ १७१॥

चाचिग्ग निकुल अज भारद्वाज। चामर सु छच वीणा सवाज॥
भृंगार बार विरही कनक। दुवारु[1] दद्धि सुरसुर[2] धनंक॥
॥छं०॥१७२॥

(१) ए. कृ. को.-दुर्वास। (२) मो.-सुरि।

द्रप्पन कलाल वेसारु गज्ज। [1]सारन्न सिद्धि अघ्यै सुरज्ज ॥
मूषक करम्भ गोधह भुअंग। .... छं० ॥ १७३॥
अंगार कच्च भसमंग पास। गुड़ लवण तक्र गोवर द्रास ॥
[2]प्रवरज्ज अंध मूकंत केस। गरदम्भ रूढ़ तजि अंदेस ॥
॥छं०॥१७४॥

प्रनयाम पंच छह करहि जाम। या दुष्ट सगुन छंडै सु राम ॥
सागुन्न पुरिष सह वाम नाम। चिय नांम सुम्भ दच्छिनह ताम ॥
॥ छं० ॥ १७५ ॥

दूहा ॥ वनबिलाव घूघू घरह। परत परेव पंडूक ॥
एक थान दप्पिन दिसह। कहिय न अवन सम्रूक ॥ छं० १७६ ॥
रासभ उभय कुलाल करि। सिर वंधन निस भारि ॥
वाम दिसा संमुह मिलिय। अवसि होइ प्रभु रारि ॥छं०॥१७७॥
अतिलक वंभन स्याम असु। जोगी हीन विभूति ॥
संमुह राज परष्पियै। गमन वरज्जै नित्त ॥ छं० १७८ ॥
सिर पंछी दच्छिन रवै। वामी उवहि सियाल ॥
मृतक रथी समुंह सुपह। कीजै गवन न्रिपाल ॥छं०॥१७९॥
कलस केलि उज्जल वसन दीपक पावक मच्छ ॥
सुनिय राज वरदाय भनि। एह सगुन अति अच्छ ॥छं०॥१८०॥
राज सगुन संमूह हुअ। धुअ तन [3]सिंघ दहारि ॥
मृग [4]दच्छिन छिन छिन षुरहि। चलहित संभरिवार
॥ छं० ॥ १८१ ॥
सुनत सीस [5]सारस सवद। उदय सुवहल भान ॥
परनि भाजि प्रतिहारसौ। करहित काज प्रमान ॥ छं० ॥ १८२ ॥
कल कलार सद्यो समुह। हसि न्रप बुझ्यौ चंद ॥
इक रवि मंडल भेदि है। इक करिहै आनंद ॥ छं० ॥ १८३ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-साहसन। (२) ए. ध्रवरज्ज।
(३) मो. "सिंघह"। (४) मो. दाप्पिन षिन षिन।
(५) ए. कृ. को.- सारद।

कवि का कहना कि आप सफल मनोरथ होंगे परंतु साथही हानि भी भारी होगी ।

एक करहिं ग्रह नंद वह । इक छिन [1]भिन्न सरीर ॥
इक भारथ्थ सु जीतिहै । जे वज्रंग सु वीर ॥ छं० ॥ १८४ ॥

यह सुन कर पृथ्वीराज का कैमास की मृत्यु पर पश्चाताप करके दुचित्त होना ।

सुबर बीर सोमेस सुत्र । गुन अवगुन मन धारि ॥
दुष अति दाहिम्मा दहन । मरन सु मंगल रारि ॥ छं० ॥ १८५ ॥

सामंतों का कहना कि चाहे जो हो गंगा तीर पर मरना हमारे लिये शुभ है ।

सम सामंतन राज कहि । पहु परमारथ मत्ति ॥
समर तिथ्थ गंगा उदक । उभय अनूपम गत्ति ॥ छं० ॥ १८६ ॥

वसंत ऋतु के कुसमित वन का आनंद लेते हुए सामंतों सहित राजा का आगे बढ़ना ।

रति माधव मोरै सु तरु । पुहप पत्त बन वेलि ॥
राज कवी कारतह चले । सम सामंतन केलि ॥ छं० ॥ १८७ ॥

राजा के चलने पर सम्मुख सजे बजे दूलह का दर्शन होना ।

कवित्त ॥ चलत मग्ग चहुआंन । जांम पिगीय पहु निकरि ॥
सजि दुल्लह सनमुष्ष । सुमन सेहरौ सीस धरि ॥
सजे पिट्ठ वामंग । रंग निज नेह प्रकम्मे ॥
पिष्षि राज प्रथिराज । मन्नि सा सगुन सु [2]म्रम्मे ॥
उदयंत दिवाकर चीय मिलि । सुभट अंत किय जुद्ध जुरि ॥
जय जंपि सथ्थ साहा गवन । बज्जे बज्जनि [3]सिंधु सुर ॥छं०॥१८८॥

(१) ए. कृ. को.-भीन । (२) को.-भ्रमे । (३) मो.-सिंधुसुरन ।

आगे चलकर और भी शकुन होना और राजा का मृग को वाण से मारना ।

वाग पंचि दिल्लेस । जाम उभया पिन उत्तरि ॥
दिसि दाहिनि सजि द्रुग्ग । वास वित्ती तर [1]उप्परि ॥
दिसि वाइँ बर सद्दि । भसम उप्पर आरुन्नी ॥
ताम तंमि उत्तरी । इष्पि राजन सरसम्मी ॥
एकल्ल मृग्ग सन्हौ मिल्यौ । हयौ राज संधेव सर ॥
उत्तरी ताम देवी दुहर । देपि सर्व दुम्मन्न भर ॥ छं० ॥ १८९ ॥

और भी आगे चलने पर देवी के दर्शन होना ।

चल्यौराज प्रथिराज । उभय पिन तथ्य विलंबे ॥
मिलि संमुह जुग्गिनिय । दरस दीये न्नप अंबे ॥
कर पप्पर तिरसूल । सवद उच्चरि जय जंपे ॥
मधि पप्पर [2]धरि हेम । प्रनमि राजंग पयंपे ॥
साकत्ति सज्जि हय हंकि सव । अवर वारि आरोहि चिय ॥
ग्रह जाइ अप्प अपगुन किय । मिल्लिय राज सा संमुहिय ॥
छं० ॥ १९० ॥

इसी प्रकार शुभ सूचक सगुनों से राजा का वत्तीस कोस पर्य्यंत निकल जाना ।

दूहा ॥ इन सग्गुन दिल्लिय न्नपति । संपत्तौ भूसाम ॥
कोस तीस दुअ अग्गरौ । कियौ मुकाम सु ताम ॥ छं० ॥ १९१ ॥

एक रात्रि विश्राम करके पृथ्वीराज का आगे चलना ।

सहि राज रनबीर तहँ । किय भोजन सु उताम ॥
सव आहारे अन्न रस । चव्या जाम निसि जाम ॥ छं० ॥ १९२ ॥
अरिल्ल ॥ किय भोजन सवसथ्थ व्रहासन ग्रास दिय ।
तिथ्थि चवथ्थिय सीम जाम इक नींद लिय ॥

---

(१) ए. कृ. को.- उत्तरि । (२) मो.-पर ।

फुनि चढ़ि चल्यौ राज न बुझ्झयौ कोइ अत्त ।
नट्ट सु बुझ्झै राज समज्जि न अष्षि व्रत्त ॥ छं० ॥ १९३ ॥

उक्त पड़ाव से राजा का चलना और भांति भांति के भयानक अपशगुन होना ।

भुजंगी ॥ चल्यौ राज प्रथिराज कनवज्ज राजं । लिए सहस एकं सतं एक साजं॥
रवीवार वारं तिथी ताइ रूपं । सवं इन्द्र जोगं छठं राह रूपं ॥
छं० ॥ १९४ ॥

दुरं वार आकास वाअंक लज्जी । दुहूं पष्प नीचं सवं दाव नज्जी ॥
मिली नारि पंचं सिरं कुंभ धारी । मुरी मध्य विद्दी उभै रूपकारी ॥
छं० ॥ १९५ ॥

न्वपं जोग तीरं जु जै जै करंती । दई दच्छिनं वाम पंषी फिरंती ॥
मिल्यौ रूपराअं करै सद्द वामं । गरज्जंत मेघं अकालं सु तामं ॥
छं० ॥ १९६ ॥

सुवं अग्गि झालं म्रतं कास उट्ठी । वल्लैजा करीरं मुषं मंस छुट्टी ॥
लियं मंस गिद्धी उषं हंनि मग्गी । बुलै सारसं वाम कुरलंत डग्गी ॥
छं० ॥ १९७ ॥

एक ग्राम में नट का भगल (अंग छिन्न दृश्य) खेल करते हुए मिलना ।

कवित्त ॥ चलत मग्ग चहुआन । निकट इक गाम समंतर ॥
नट षेलत नाटक्क । भगल मंड्यौ भ्रम तंतर ॥
सत्त संगु उप्परै । नट्ट सुत्तौ जय जंपत ॥
कहुँत सीस कहु पानि । धरनि धर पऱ्यौ सु कंपत ॥
इह चरित पिष्षि सामंत सब । अप्प चित्त विभ्रम लहै ॥
पिष्षंत परसपर मुष [1]सकल । नको बुझ्झ राजन कहै ॥छं०॥१९८॥

(१) ए. कृ. को.- सयल ।

जैतराव का कन्ह से कहना कि राजा को रोको यह अशगुन भयानक है। कन्ह का कहना कि मैं पहिले कह चुका हूं।

इक्क कहै कोइ तिथ्थ। कवन थानक को देवह॥
जिहि असगुन चल्लियै। कोइ न जानै यह भेवह॥
कहिय जैत सम कन्ह। तुमहिं रष्यौ कहि राजन॥
कहै कन्ह नन लह्यौ। प्रथम बरज्यौ वह जाजन॥
पज्जून कहै बुम्झहु [1]सकल। इह अवस्य कनवज क्रमै॥
जानैं सुभट्ट कारज सयल। मति सु कोइ चिंता भ्रमै॥छं०॥१९९॥

कन्ह का कहना कि कहने सुनने से होनी नहीं टरती।

कहै कन्ह नरनाह। सुनहु कूरंभराव ध्रुअ॥
जो भविस्य [2]न्निमान। सोइ मिट्टै न मूर [3]ध्रुअ॥
धरम सुअन [4]क्रत दूत। सोई बरज्यौ नहिं मानिय॥
जनमेजै कहि जग्य। सु हित निष्षेध न जानिय॥
सौमित्र वरज्जित राज रघु। कनक मृग्ग संधेव सर॥
दसकंध [5]निषेधिय मंचियन। सीय न अप्पिय काल वर॥छं०॥२००॥
किय जद्दव त्रिय रूप। श्राप दुर्वास सुधारिय॥
काल विनस निर्घोष। विप्र वाहै नन हारिय॥
इहि राजा प्रथिराज। हन्यौ कैमास अप्प कर॥
भरि वेरी चामंड। किये दुम्मन सब्ब भर॥
इह गमन भट्ट बुम्झै न्रपति। करै कहा सुम्झै न मन॥
उप्पजौ कोइ क्रत्या अतुल। सोइ प्रह्लचिय राज म तन॥ छं० ॥२०१॥
*बार सोम पंचमी। जाम एकह निसि बित्ती॥
कैं दुर्बल वर पट्ट। तहां उतरी न्रप रत्ती॥

* यह २०२ और २०३ दोनों छन्द मो.-और ए. प्रतियों में तो हैं ही नहीं। कृ. प्रति में लिख कर काट दिए गए हैं।

(१) ए. कृ. को- सयल (२) मो.-निरमान। (३) मो. कृ. ए.-भुअ।
(४) ए. कृ. को.-अम। (५) ए. कृ. को. निपेधन।

करि स्तुति सब सथ्थ। अश्व तजि नींदह ग्रासं॥
घटी पंच निसि शेष। सु पहु चल्यौ चढ़ि तासं॥
पत्तौ सु जाय संकरपुरह। दिवस अंत बरथान नय॥
आहारि अन्न आसन्न सय। सब बुल्लि सामन्त तय॥ छं०॥ २०२॥

पृथ्वीराज का सब सामंतों को समझाना।

इह जंपी प्रथिराज। करिव अस्तुति सामंतं॥
धरि छग्गर कविचंद। महल दिष्षन मन संतं॥
जब जानौ युध समय। तुमै सब काम सुधारौ॥
मो चिंता मन मांहि। होय तुमतैं निसतारौ॥
संभलिव सकल सामन्त मत। भयौ वीर आभास तन॥
चिंतिय सु इष्ट अप्पान अप। आश्रम्मैं सब्बा सुमन॥ छं०॥ २०३॥

पंचमी सोमवार को पहर रात्रि गए पड़ाव पड़ना।

दूहा। जानि सगुन चहुआन नें। मन भावी सो गत्ति॥
मो न मिटै पर ब्रह्म सौं। ब्रह्म चीत भैभित्त॥ छं०॥ २०४॥

सामंतों का कहना कि सब ने हटका पर आप न माने।

[1]सह समझि नारंजुलै। सो इच्छिनि मोकल्लि॥
गुरू सज्जन सैसव[2] सु बंध। बरजंतै न्टप चल्लि॥ छं०॥ २०५॥

सामंतों का कहना कि हमें तो सदा मंगल है परंतु आप हमारे स्वामी हो इस लिये आपका शुभ विचार कर कहते हैं।

रवि मंडल भेदै स [3]फुटि। प्रथम चित्त [4]फुनि होइ॥
[5]तन जंपै भट जोह करि। न्टपहि अमंगल [6]जोइ॥ छं०॥ २०६॥

(१) ए. कृ. को.- सम। (२) ए. कृ. को.- सैसव्व।
(३) मो.- फुनि। (४) मो.- पुनि।
(५) मो.- नन। (६) ए. कृ. को.- होइ।

प्रातःकाल पुनः चाहुआन का कूच करना। स्वामी की नित्य सेवा और उनका साहस वर्णन।

पद्धरी ॥ चढ़ि चल्यौ राज चहुआन सूर । न्निमलिय क्रिति रवि प्रात नूर॥
इक एक वीर दह दहति सूर[1] । देवत्त वाह दुज्जन करूर ॥
छं० ॥ २०७ ॥

तिन सथ्थ पंच भर पंच जित्त । सज्जोति सेन सिरदार इत्त ॥
इक इक्क संग हुअ दुअन दाह । जनु दार पच्छ बाराह राह ॥
छं० ॥ २०८ ॥

सजि चली संग देविय प्रचंड । उनमन्न[2] रूप कर सजे दंड ॥
सजि चल्यौ संग भैरूं उभंत। सेवक सहाय अरि करत अंत ॥
छं० ॥ २०९ ॥

सजि चले दूय पंचास वीर । कौतक्क कहल मन हरषि धीर ॥
जुग्गिनिय सट्ठि चव चल्लि संग । किलिकिलत काल सम रमन जंग॥
छं० ॥ २१० ॥

भहराति भीत भूतन जमांति । घहराति घोरि सुर प्रेत पांति ॥
अनि अन्नि इष्ट सबदेव साधि। चल्ले सुमंत्र जंतनि अराधि ॥
॥ छं० ॥ २११ ॥

अकलंक वांक अनसंक चित्त । रचे सु स्वामि सब सेव हित ॥
माया न मग्ग जिन चित्त जाइ । पोइनिय पत्त जल ज्यौं जनाइ ॥
॥ छं० ॥ २१२ ॥

ऐसे जु सित्त सामंत सूर । उनमत्त अंग जनु नदिय पूर ॥
ढलहलिय ढाल मालह सजूर । वस्संत जानि हल्लत षजूर ॥
॥ छं० ॥ २१३ ॥

निरषंत नयन तिय तेज ताप । चढ़ि चल्यौ राज चहुआन आप ॥
सामंत सूर[3] सूरहि नरंभ । दिष्षियै लाज तिन मुष्ष अंभ ॥
॥ छं० ॥ २१४ ॥

---

(१) ए.- रूर। (२) ए. कृ. को.- उनमत्ते। (३) ए. कृ. को.- सूरद।

सामंत किरनि प्रथिराज सूर। अरि तिमिर तेज कट्टन करूर ॥
पूहवी न बीर इन समह कोइ। कवि कहै बरनि जौ आन होइ॥
॥ छं० ॥ २१५ ॥
रहिं पंड समय भूभार पथ्थ। तिहि काज भयौ अवतार [1]तथ्थ॥
भय अभय चिंति हृद सुषहि जोति। उग्गंत हंस छवि जानि होत ॥
॥ छं० ॥ २१६ ॥

इस पड़ाव से पांच योजन चलने पर पृथ्वीराज का कन्नौज की हद मे पहुंचना ।

जोजनह पंच गय चाहुआन। पर पुरह जानि उग्यौ सुभान ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ २१७ ॥
दूहा ॥ पर पुहमी पत्ते सु पहु। उग्ग भान पयान ॥
दल वद्दल सद्दल दिसह। पूरन [2]छयत गयान । छं० ॥ २१८ ॥

एक दिन का पड़ाव करके दूसरे दिन पुनः प्रातः काल से पृथ्वीराज का कूच करना ।

उदय हंस सज्जे सगुन। बज्जे अनहद सद्द ॥
दिष्षत दरसन परस तप। पुल्ले दस दिस जद्द ॥ छं० ॥ २१९ ॥

प्रभात समय वर्णन ।

कवित्त ॥ [3]चढ़ि चतुरंग चहुआन। राइ संभरिय सुयंभर ॥
सकल सूर सामंत। मंत भंजन समथ्थ वर ॥
पर अहंन सम समय। होत सकुन कुल सोरं ॥
वज्जि पंचजन देव। सेव अंबर [4]मग ओरं ॥
जल पात जात मिलि विच्छुरत। रोर अलिन सल्लिन सुषद ॥
[5]लंपट कपाट विट चिय तजत। तम चर चर कीनी मुषद ॥
छं० ॥ २२० ॥

(१) मो.- पिथ्थ। (२) ए. कृ. को.-सयत। (३) ए. कृ. को.-चढ़ि चतुरंग चतुरंग।
(४) ए. कृ. को.- मन। (५) मो.-लंपट किपाट विट चिय तजंन। चम चर चंर कीनी भुखद।

पद्धरी ॥ नव सज्जि सुदल विद्दल विसाल । पूरंन [1]गेन मूरंन [2]भाल ॥
[3]डंवरिय धरनि आरोह गेंन । दिसि विदिसि पवनपरसंत[4] ऐन ॥
॥ छं०॥ २२१ ॥

सासंत सूर हैवर अरोहि । आक्रत्त [5]क्रत्त मलि अगम सोह ॥
ढलवीय ग्रीय ढलकंत ढाल । दधि झाल पलव वैरष विसाल ॥
॥ छं० ॥ २२२ ॥

हय हींसधरा पुर विहर वाह । तारच्छ सु तन अंतर उलाह ॥
ऐसे सुवीर रिन[6]विपम धार । अरि अंव[7]अचन अग्गयि करार ॥
॥ छं० ॥ २२३ ॥

चहुआंनभान अरि तिमिर तार । मानंत सूरकरिकर प्रचार ॥
दरसंत परसपर सुभट नेंन । सीभंत भंति तन धरिग्ग सेन ॥
छं० ॥ २२४ ॥

विहसत विहाय सथ्यान थान । सतपत्र फुल्लि मिलि भ्रमर मान॥
छूटंत गंधि [8]मिलि मंद वात । मिलि चले भ्रमर परसन्न सुधात ॥
॥ छं० ॥ २२५ ॥

परजंक ग्रीय नह तजत प्रौढ़ । नव पंज रंज [9]तल मलत मौढ़॥
सहंत चक्र साहीत वैन। अनुभान मत्त क्रम छंडि सेन॥
॥ छं० ॥२२६ ॥

दिसि विदिसि नयन परसान करंत। रसना रसान हरि वर धरंत॥
संफटि तमोघ [10]तिमरनि तरार । अंजनह नगर उठि पवन धार॥
छं०॥ २२७ ॥

संभरिय राय संभरि सु [11]माम । अवलोक देव वंदन सु राम ॥
....　　....　　।　　....　　....　　छं० ॥ २२८ ॥

(१) ए. कृ. को.-गोंन । (२) । ए.-मूरंत । (३) मो.- डम्मरि ।
(४) मों. पसरंत । (५) ए. कृ. को.-क्रम्म । (६) मो.-निरमले ।
(७) ए. कृ. को.-मो. अचपन । परंतु अक्षर बढ़ता है । (८) ए. कृ. को.-जागि ।
(९) मो.-नल । (१०) ए. कृ. को.-नमूनि । (११) मो.-राम, को. कृ.-समान ।

कवित्त ॥ है सजि संभरि राय। चढ़िव चौहान प्रनं मन ॥
क्रमत मग्ग पिंगलह। मान उद्थान विघंनन ॥
नेंन दरसि दिसि विदिसि। निंद सभगिय पल अंगन ॥
अवलोकित दिन लोक। लोकनर वर है दंगन ॥
दिष्यियै बदन दूलह हगनि। सदन रंग [1]दुलही क्रमत ॥
बंदेवि पाय निंदे अगुन। फल सुभाव अंबर प्रमत ॥
छं० ॥ २२९ ॥

वन प्रान्त में एक देवी का दर्शन करके राजा का चकितचित होना।

दूहा ॥ बन सु थान इक देवि मिलि। संग स्वान गन माल ॥
जट विभूति कर कंवयनि। लषि अचिज्ज भूपाल ॥ छं० ॥ २३० ॥

देव का स्वरूप वर्णन।

हनूफाल ॥ जट विकट सिर जट जूट। अव सचिय मुद्र विनूट ॥
चरचर्य्य चरचित अंग। द्रग दिपै लोल सुरंग ॥ छं० ॥ २३१ ॥
गर गुंज गुंथित बंध। बनि सेत नेत सुकंध ॥
सजि पानि तानि कराल। सँग रंग स्वानह माल ॥ छं० ॥ २३२ ॥
रव हक्क गज्जत गन। लघु दिग्घ चुट्टत बैंन ॥
हिय रत्त स्याम सु थान। कटि नील पीत उरान ॥ छं० ॥ २३३ ॥
भुज गेंन [2]रंग रमाल। कंबु ग्रीव [3]पीत सु आल ॥
अव सेत भ्रूव स भूर। लिल्लाट केसरि नूर ॥ छं० ॥ २३४ ॥
तन रंग नान प्रकार। चर चरन रंग सु चार ॥
नष नील घन परवान। मुष मुदित दिष्षि न्रपान ॥ छं० ॥ २३५ ॥
कविचंद दीन असीस। हसि जंपि नंमिय सीस ॥
दिषि दंत नील सुरंग। रसना सुरंग दुरंग ॥ छं० ॥ २३६ ॥
सित असित तन के भाव। सुद देव भूतनि राव ॥

---

(१) मो.-दुल्ली। (२) ए. कृ. को.-रैंन। (३) ए. कृ. को.-पीतल।

राजा का पूछना कि तू कौन है और कहां जाती है।

किन थान सों गम कीन। किन ठौर पर मनदीन ॥ छं० ॥ २३७ ॥

उसका उत्तर देना कि कन्नौज का युद्ध देखने जाती हूं।

सतिजुग्ग मो पित जुद्ध। रन त्रिपुर षंड विरुद्ध ॥
त्रेता सु रघुकुल राम। हनि लंक रावन ताम ॥ छं० ॥ २३८ ॥
द्वापुर सु अर्जुनराय। [1]घटवंश घल्यौ घाय ॥
कलिजुग्ग कनवज राज। चहुआन कुल [2]प्रथिराज ॥ छं० ॥ २३९ ॥
अच्छी सु कमधज बंस। जुन्हाइ उदर प्रसंस ॥
दिय सुमति ताहि दुसीस। कलिप्रिया नाम सरीस ॥
छं० ॥ २४० ॥
पित पत्ति कुल संघार। सम पानग्रहन सु बार ॥
सो चरित दिष्षन काज। सिव हार कंठ समाज ॥ छं० ॥ २४१ ॥
यह जंपि गवन सु कीन। न्रिप चंद हसि रसभीन ॥
.... । .... छं० ॥ २४२ ॥

पृथ्वीराज का चंद से अपने सपने का हाल कहना

तिघट तीय माया सरिय। द्रिग लग्गिय तिहि काल ॥
सजि संवेग सु सुंदरिय। रचि शृंगार रसाल ॥ छं० ॥ २४३ ॥

पूर्व की ओर उजेला होना, एक सुंदरा स्त्री का दर्शन होना।

हनूफाल ॥ पहु ओर प्रगटि [3]प्रहास। छिन प्राचि ओर उजास ॥
तिहि समय न्रप द्रग लग्गि। तिन मध्य सुपन सुषग्गि ॥
छं० ॥ २४४ ॥

उक्त सुन्दरी का स्वरूप वर्णन।

हिय नेन सेन बिहास। नवरंग नारि इहास ॥
तिहि समय सुभ्रम चंद। मुष अग्ग न्रप वर संद ॥ छं० ॥ २४५ ॥

(१) ए. कृ. को.- घन।　　(२) ए. कृ. को.-पुगराज।
(३) ए. कृ. को.-प्रकास।

कच कुसुमकवरि सुरंग। जनु ग्रसिय [1]इंद उरंग ॥
नग मुक्ति सुमन सुभाल। हर रूढ़ कालि कपाल ॥ छं० ॥ २४६ ॥
मधि भाग केसरि [2]आट। हर इंद तिलक लिलाट ॥
श्रुत मंडि कुंडल लोल। रथ भान भंग अलोल ॥ छं० ॥ २४७ ॥
[3]भुअ बंक धनु सुरराइ। कर अंचि [4]चाय सुचाइ ॥
द्रिग दिपत चंचल चार। अलि जुगल कुमुद विहार ॥ छं० ॥ २४८ ॥
नव नासिका सुकनंद। रति बिंब बढ़िय अनंद ॥
तिन अग्र मुकति सु नंद। रस सुक्र ससि नष कंद ॥ छं० ॥ २४९ ॥
कल काम आल कपोल। तहँ अलक झलकत लोल ॥
[5]दुरि रदन दारिम बीज। रव काल कोकिल सी ज ॥ छं० ॥ २५० ॥
बनि चिबुक स्याम सु वयंद। बसि कुमुदनी अलिइंद ॥
कलग्रीव रेष सुभेष। हरि कंज अंगुल [6]तेष ॥ छं० ॥ २५१ ॥
करकुमुद अमुद अनूप। जटि रतन रूप सनूप ॥
कुच मद्धि हार विराज। हरद्वार गंग जु राज ॥ छं० ॥ २५२ ॥
कटि छीन छवि मृगराज। पचि अंग पीत समाज ॥
रचि श्रौर कंचन थंभ। लजि दुरिग कुल कल रंभ ॥ छं० ॥ २५३ ॥
बनि पिंड नारँगि रंग। जनु कनक दंड सुरंग ॥
नष चरन बरन अनूप। रवि चंद अंबुज जूप ॥ छं० ॥ २५४ ॥
कलहंस गमन विसाल। बरनी सु चंदति काल ॥

राजा का उससे पूछना कि तू कौन है और कहां जाती है।

[7]को नाम को तुम मात। को बंध को पित जात ॥ छं० ॥ २५५ ॥
जाती सु कोपति थान। किहि आत कून पयान ॥
मो देवि पुर जुगिनाथ। मो प्रकति भिन्न अकाथ ॥ छं० ॥ २५६ ॥

---

(१) ए. कृ.-इन्द्र। (२) ए. कृ. को.-आड़।
(३) मो.- भुव वंक धनुष सु राह। (४) कृ. ए. ताय।
(५) ए. कृ. को.-रद कनक। (६) ए. कृ.- भेष, को.-नेक।
(७) मो. को.-को नाम तुम तात को बंध को पित मात ॥

उस सुन्दरी का उत्तर देना।

गाथा॥ पयं पौयं गत नयं। घट्ट कट्टंति हूरयं॥
भरता पित कुल वद्धं। सापं सुमंतयो मुनी॥ छं०॥ २५७॥
कलह प्रिया मो नामं। मंजु घोषापि रंभया सोरं॥
समरस्य जग्य समये। प्रछन्नं कथितं मया॥ छं०॥ २५८॥

कवि का कहना कि यह भविष्य होनहार का आदर्श दर्शन है।

दूहा॥ पल प्रगट्टि कवि चंद सों। कह्यौ कौन इह भाव॥
कह्यौ जु इह ह्वै है अवसि। सुन डंकिनिपुर राव॥ छं०॥ २५९॥

भविष्य वर्णन।

कवित्त॥ कहर कंक कल कलिय। भार फनिमन कर भज्जिय॥
सजिय सेन चहुआन। किन्न कारन अरि कज्जिय॥
अप्प अप्प सजि इष्ट। चलै जैचंद सभानन॥
वर अप्पन चौसट्ठि। करह सो कर दैवानन॥
रुधि गहन पच दारुन दिवहि। चंद भट्ट आसिष्प दिय॥
सुर करिय कित्ति भय भीत भर। करन अत्त आगम कहिय॥
छं०॥ २६०॥

चिहुर बंध बंधियहि। काल घल्लियहि कुलाहल॥
.... । ... . ॥
अधर पाइ धर धरनि। कंठ रुधि पियै सु नच्चिय॥
मनो पुज्ज प्रति पाउ। पच पचन उरि लच्चिय॥
संजोग व्याह [1]विध जोग सुनि। चलत राह उद्यान मग॥
रन राग रंग पचन भरन। दुरति रूप दानव सु द्रग॥छं०॥२६१॥

देवी का पृथ्वीराज को एक बाण देकर आप अलोप होजाना।

एन बान असुरान। भिरन महिषासुर भग्गिय॥
एन बान राषिसन। राम रावन्न उछग्गिय॥

---

[1] (१) ए. कृ. को.-बुध।

एन बान कौरव ममथ्थ। पथ्थ भर करन पछारिय ॥
एन बान संकर सुभग्ग। चिपुरारि सु पारिय ॥
इन बान पराक्रम बहु करिय। सजिय हथ्थ चहुआन वर ॥
इन बान मारि पंगुर पिसुन। करन कंक चल्लै कहर ॥छं०॥२६२॥

पृथ्वीराज को शिवजी के दर्शन होना और शिवजी का राजा की पीठ पर हाथ देकर आशीर्वाद देना।

चलत मग्ग चहुआन। भान सम देखि भयंकर ॥
गिर तरु लग्गिय गेन। षलन षंडन तरु षंषर ॥
वैल गैल जट जूट। पिठु तठ काम विराजै ॥
गंग उदक उछछरै। सार चंमर सिर राजै ॥
जब चष्य पिष्य चौहान भट। तब उत्तरि सब भरनि भर ॥
पेषंत पाइ दुज्जन दुसह। धऱ्यौ पिठु सवि अप्प कर ॥छं०॥२६३॥
उदक गंग विभ्भूत। अंग सारंग सुरंगह ॥
बरन अनँत मन हरत। निरषि गिरजा मन रंजह ॥
करी चर्म गरलइ विक्कंम। रच्छिस उर दाहन ॥
द्रिग्ग चयन ज्वाला बयन्न। क्रंद्रप्प न मानह ॥
तरु तरुन तार चिय बर चसहु। रिसहु सचु चहुआन रषि ॥
भरि भूत धूत दिद्धिय पियहु। लिय अग्या सिर नाइ सिष ॥
छं० ॥ २६४ ॥

पुनः पृथ्वीराज का पयान वर्णन।

दूहा ॥ चले राहु पहु फट्टतें। सत सामंत सुराह ॥
मनों पथ्थ भारथ करन। दल कौरव धरि दाह ॥ छं० ॥ २६५ ॥

कन्ह को एक ब्राह्मण के दर्शन होना। उसका कंन्ह को असीस देकर अन्तर्ध्यान होना।

कवित्त ॥ दुज [1]उद्धो दल नाह। प्रवल तन जोति प्रगासिय ॥
मुष विद्धी भर कन्ह। मानि अप्पन मन भासिय ॥

(१) ए. कृ. को.-उभ्भौ।

दृग पट्टिय छुटि पट्ट । लग्यौ उद्दोत सुराजह ॥
भाग रूप भज नाह । दिट्ठ नाराजो [1]दानह ॥
लगि पाय धाय कर पिट्ठ दिय । मम संके जुद्दह निपुनं ॥
फिरि तथ्थ विप्र नह [2]पिष्पयौ । तुम हम मंडल रवि मिलन ॥
छं० ॥ २६६ ॥

हनुमान जी के दर्शन होना ।

चलिय अग्ग चहुआन । एक जोजन ता अग्गिय ॥
घटा रूप घन सज्जि । निर्जरि ता ताहि न लग्गिय ॥
जीह वीज विकराल । धजा घन वद्दल रंगिय ॥
हथ्थ गदा सोभंत । भूत प्रेतह ता संगिय ॥
सामंत राज पिष्पिय सलष । हनूमान चंदह कहिय ॥
वाजंत नह विधि विधि वसुह । चह सुवज्जि चंवक दहिय ॥
छं० ॥ २६७ ॥

कविचन्द का हनुमान जी से प्रार्थना करना ।

दूहा ॥ चंद गयौ अग्गें सुवर । तीतन रूप चयाह ॥
हम मानुष्षी मति अधम । करहु रूप कल नाह ॥ छं० ॥ २६८ ॥

लंगरीराव का सहस्रबाहु का दर्शन और आशीर्वाद देना ।

कवित्त ॥ सहस हथ्थ सोहन्त । धूम्र ब्रनह सुष मग्गह ॥
ऑघ तेज अगि जानि । पानि पलचर [3]ता संगह ॥
धनुष धजा फररंत । हथ्थ डंकनि फिक्कारैं ॥
जै जै सुष उचरंत । सिंह वह वर वक्कारैं ॥
लंगोट वंध काया प्रचंड । लोहालंगर समुष करि ॥
धारंत हथ्थ मथ्थें धरिय । सासु पंष मथ्थें सुहरि ॥ छं० ॥ २६९ ॥

गोयन्दराय का इन्द्र के दर्शन होना ।

जोजन तीन जलद्धि । राय गोयंद सु भारिय ॥
आप इष्ट तन सिद्धि । इन्द्र इंद्रासन धारिय ॥

(१) ए. कृ. को.-दोनह । (२) ए. कृ. को. दिष्पई । (३) ए. कृ. को.-ता रंगह ।

एक कोस आवंप। भद्र जाती उज्जल तन॥
सहस दंत सित हथ्थ। मनो राका जोतिवन॥
विमान देव बहु जटित मथ। चमर छत्र अच्छरि चलिग॥
गोयंदराव सिर हथ्थ दिय। कहिय तुझ्झ इम ग्रह मिलिग॥
॥ छं० २७०॥

एक बावली के पास सब का विश्राम लेना। कवि को देवी का दर्शन देना।

विबर एक वट मंझ। तास मझ्झह कंदल ग्रह॥
भान तेज झलकंत। आय सेना उत्तरि सह॥
चंद गयो चलि अग्ग। देवि पूजा घन किद्धिय॥
बध्ध रूप आरोहि। आय उस्भी हर सिद्धिय॥
मम करहि चंद अंदेस मन। लेय राज संजोगि ग्रहि॥
चौसट्ठि सुभर भेटें सुहरि। जय जय करि अपछरि वरहि॥
छं०॥ २७१॥

दूहा॥ चयत दिवस चय जामिनिय। चयत जाम फल उन्न॥
जोजन इक्कत संचरिग। प्रथीराज संपन्न॥ छं०॥ २७२॥

समस्त सैनिकों का निद्रागस्त होना और पांच घड़ी रात से चल कर शंकरपुर पहुंचना।

कवित्त॥ बार सोम पंचमी। जाम एकह निसि विक्तिय॥
के दुब्बल वर पट्ट। तहां उत्तरि पहु रत्तिय॥
करि अस्तुति सब सथ्थ। अस्व तजि नींद सु ग्रासं॥
घटी पंच निसि सेष। सु पहु चढ़ि चल्यौ तासं॥
पत्तौ सु जाइ संकरपुरह। दिवस अंन वर थान नय॥
आहारि अन्न आसन्न मय। सब बोले सामंत तय॥ छं०॥ २७३॥

(१) को० झलंत। (२) ए. कृ. को. तहां।

राजा का सामंतों से कहना कि मैं कन्नौज को जाता हूं बाजी तुम्हारे हाथ है।

इह जंपिय प्रथिराज । करिव अस्तुति सामंतं ॥
धरि छग्गर कविचंद । महल [1]पिष्षन मन संतं ॥
जग्ग आनौ सुध समै । तुमै सब काम सुधारौ ॥
मो चिंता मन मांहि । सोइ [2]तुमतें निसतारौ ॥
संभलत सब्ब सामंत मत । भयौ बीर आभासि तन ॥
चिंतिय सु दृष्ट अप्पान अप । आस्रम्मे सव्वां सुमन ॥
छं० ॥ २७४ ॥

दूहा ॥ अयनि जांम वासुर विसरि । घटिग हंस तन रात ॥
जु कुछु चष्ष इच्छा हुती । सोइ दिष्षौ परभात ॥ छं० ॥ २७५ ॥

कवित्त ॥ कहै राज प्रथिराज । [3]शमित सामंत सुरेसं ॥
मो चिंत्यौ तुम कंध । सुनौ कारन क्रत एसं ॥
चितिया दिन बाईस । कोस चौवीस चवथ्थौ ॥
षट चौसह पंचमो । तीस अठ षष्टि सपथ्थौ ॥
जोजन्न उभय कनवज्ज कहि । इन थानक कमधज्ज अगि ॥
देषनह पंग अभिलास अति । क्रत्य सब्ब तुम कंध लगि ॥छं०॥२७६॥

पृथ्वीराज प्रति जैतराव के बचन कि छद्मवेष में आप छिप नहीं सकते।

कवित्त ॥ बहल चंद किरन्न ; छिपै नन सूर छांह घन ॥
भूपति छिपै न भोग । रंक मन छिपत बसन तन ॥
माह नेह नह छिपत । छिपै नन पुहप बास तर ॥
कुलट * कुटंब न छिपै । छिपै नन दान अधर धर ॥
छिप्पै न सुभट जुद्दह समै । चतुर पुरष कवितह कह्या ॥
पंमार कहै प्रथिराज सुनि । तू न छिपै छग्गर गह्या ॥छं०॥२७७॥

---

(१) ए. कृ. को.-दिष्षन । (२) ए.-लम ।
(३) ए. कृ. को.-सब्ब । * कुढंग

सामंतों का कन्नौज आकर जयचन्द्र का दरबार देखने की अभिलाषा में उत्सुक होना।

दूहा ॥ करि अस्तुति सामंत न्रप। जंपि विगति रति बत्त ॥
उतकंठा दिष्षन नयन। कमधज राज दरत्त ॥ छं० ॥ २७८ ॥

मुख्य सामंतों के नाम और उनका राजासे कहना कि कुछ परवाह नहीं आप निर्भय होकर चलिए।

पद्धरी ॥ सुनि तहां सभा स राज बेन। उब्भरे [1]रोम लग्गे सु गेन ॥
अप्पानि अप्प [2]दैवत्त चिंत। संभान सुचित चिंते सुचिंत ॥
छं० ॥ २७९ ॥

मंड्यौ सुराज दीवान राज। जानै कि देव देवन समाज ॥
बैठे सु कन्ह गोयंदराज। पज्जून सलष निड्डुर समाज ॥
छं० ॥ २८० ॥

पुंडीर चंद तूंवर पहार। जामानिजद्द आजान बार ॥
पंमार सिंह लष्षन वघेल। चहुआन छत्तताई छबेल ॥
छं० ॥ २८१ ॥

बलिभद्रराइ षीची प्रसंग। गुज्जरह कनकरामह अभंग ॥
अनि अन्नि सूर सामंतरेस। बैठे स राज आवरि अशेस ॥
छं० ॥ २८२ ॥

हक्कारि चंद बरदाइ ताम। उथ्थान मान वर जथ्थ ठाम ॥
इह जंपि राज भर सुमत संम। दिष्यौ सपंग [3]दीवान तंम ॥
छं० ॥ २८३ ॥

क्षत काल कव्य लय पान वीर। अवलोकि पंग भर सुभर तीर ॥
सब महिल वरित अन अन्नि रंच। कंधेव तंम सोभानि संच ॥
छं० ॥ २८४ ॥

दूहा ॥ [4]विहसि सुभा विकसे सुमन। न्रप न करहु अंदेस ॥
धनि धनि मुष जंपिरू विनय। दिष्षहु महल नरेस ॥ छं० ॥ २८५ ॥

---

(१) मो.-रोस। (२) मो.-देवान।
(३) ए. कृ.-पंग। (४) ए. बिहरि।

तुच्छ निद्रा लेकर आधीरात्रि से पृथ्वीराज का पुनः कूच करना

मानि मंत सामंत। राज सुष सेन विचारिय ॥
भूम सेज सुष सयन। गंग मंडल वर धारिय ॥
घटिय पंच जुग अग्ग। तलप अलपह आनंदति ॥
फुनि चढ़ि चल्यौ राज। पुरह संकर सानंदति ॥
सुनियै निसान ईसान घन। जनु दरिया पाहार गुरि ॥
[1]निस अद्ध घरिय ऊपर चतुर। पंग सु उत्तरि गंजि धर ॥
छं० ॥ २८६ ॥

दूहा ॥ चढ़त राज चहुआन निस। घोर सपंग निसान ॥
जान कि मेघ असाढ़ सम। उठिय घोर दरमान ॥छं०॥२८७॥
चलत मग्ग संभरि सपहु। सुर वज्जे सहनाइ ॥
रस दारुन भय संचरिग। घोर गंभीर विभाइ ॥ छं० ॥ २८८ ॥

कवित्त ॥ [2]वटिय च्यार रुप्परह। अद्ध जामनिय जरत तम ॥
चढ़िग राज संभरि नरेस। सामंत सकल सम ॥
देवगुरू सप्तमी। अश्वनि अभि जोग प्रमानह ॥
चलत मग्ग अहुआन। [3]गंग मंडल वर यानह ॥
अगगह सुभट्ट मारग सुमग। कहत कथा जाह्नविय ॥
कलमल विछोह तन होत जल। जाल वाल चूरन [4]कविय ॥
छं० ॥ २८९ ॥

पृथ्वीराज का कहना कि कन्नौज निकट आया अब तुम भी वेष बदल डालो।

बचनिका ॥ राजा सामंतन सौं बोल्यौ। हूं पंगुरे कौ दिवान देषन चल्यौ॥
प्रगट रूप सरूप [4]दुराओ ॥ और सरूप करि साथ आओ ॥
ऐसो कहत सामंतन मानी। सो निसा जुग एक बरावरि जानी ॥

---

१ (१) मो.-घरिय। (२) मो.-गगन मंडल वर भानह।
(३) ए. कृ. को.-कारिय। (४) ए. कृ. को.-दुराओ आवौ।

सामंतों की तैयारियां और वह प्रभात वर्णन।

पद्धरी ॥ चंपी सुभोमि कनवज्ज आइ। दसगुनौ सूर बर चढ़त भाइ ॥
उच्चर्‌यौ भट्ट कविचंद सथ्थ। दीसई राज रवि सम समथ्थ ॥
छं० ॥ २६० ॥

जिम जिम सु निकट कनवज्ज आय। दरपन्नि न सूर तिस तिस दृढ़ाय ॥
ओपंस चंद जंपी सुराय। बल बंधि पीय संगम दिढ़ाय ॥*
छं० ॥ २६१ ॥

उत्तुरिय चित्त चिंता नरेस। वेतरहि सूर सुरलोक देस ॥
इक कहत लेंहि बल इंद्र राज। जस जियन मरन प्रथिराज काज॥
छं० ॥ २६२ ॥

कर करहि[1] सूर अस्नान दान। वर भरत सूरसुनि ज्ञन निसान ॥
सरबरिय साल वंछहित भांन। मुध बाल जेम इच्छत बिहान ॥
छं० ॥ २६३ ॥

गुरु दयत उदित ब्रित मुदित ठूल। झलमलिग तार तरु झलिग पत्त॥
देषियत इंद किरनीन मंद। उदिमइ हीन जिम न्नपति चंद ॥
छं० ॥ २६४ ॥

धरहरिग [2]चिंप्ति सुर [3]मुह मुंद। उप्पज्जौ जुद्ध आवद्ध दुंद ॥
पहु फटिग घटिग सर्वरि सरीर। झलकंत कलस दिषि गमन नीर ॥
छं० ॥ २६५ ॥

बिरहीन रैंनि छुट्टि मित मान। नष्यंत तोरि भूषन प्रमान ॥
घसुवंत अंसु उल्लास आइ। बिरहीन कंत चंदह बुलाइ ॥
छं० ॥ २६६ ॥

पह फट्टि घट्टि भूषननि बाल। दिसि रत्त दरसि दरसी कसाल ॥
[4]न्रिप चंसि गंग सव पुब्ब देस। आरब्ब अरिन उत्तरि नरेस ॥
छं० ॥ २६७ ॥

---

* ए. कृ. को.-बल बंधि पिय संग दिन दिढ़ाय। ओपम चंद जांनी समाय।

(१) ए. कृ. को.-वित्त। (२) ए. कृ. को.-सह।

(३) ए. कृ. को.-नमाति। (४) को.-नृप भूमिग जानि यह पुब्ब देस।

न्रप अजिग जानि इह पुव्व देस। धरि गयर [1]नीर उत्तर कहेस ॥
हर सिउ दिव्व कनवज्ज राव। तिन धज्यौ अंग धर अंम घाव ॥
छं० ॥ २९८ ॥

दूहा ॥ पह फट्टिय घट्टिय तिमिर। तमचूरिय कर भान ॥
धक्कमिय पाय [2]प्रहारनह। उदोहोत असमान ॥ छं० ॥ २९९ ॥
रत्तंबर दीसै सुरवि। किरन परष्षिय खेत ॥
कलस पंग नहिं होय यह। विय रवि बंध्यो नेत ॥ छं० ॥ ३०० ॥

सब का राह भूलना परंतु फिर उचित दिशा बांध कर चलना।

रत्ति तंमुह संमुह [3]उयौ। इह है मग्ग समुज्झि ॥
भूलि भट्ट पुव्वह [4]चलिय। कहि उत्तर कनवज्ज ॥ छं० ॥ ३०१ ॥
कंचन फूलिय अर्क वन। रतनह किरंनि [5]प्रसार ॥
सु न कलस जयचंद घर। संभरि संमरिवार ॥ छं० ॥ ३०२ ॥

पास पहुंचने पर पंगराज के महलों का देख पड़ना।

कवित्त ॥ रह कलस कवि चंद। दंद मंड्यौ मुष रव्विय ॥
जग उप्पर जगमगत। [6]भूलि कैलासह छव्विय ॥
जगत पत्ति जग धज्ज। षग्ग कामधज्ज बांहबर ॥
दान षग्ग अनभंग। धजा विय दान बंधि पर ॥
आभंग अवँग कनवज्ज पति। सुष नरिंद [7]दुनि इंद वर ॥
पाइये बंस छत्तीस तहाँ। नवै रस्स षट भाय गुर ॥ छं० ॥ ३०३ ॥

कन्नौज पुरी की सजावट और सुखमा का वर्णन।

दूहा ॥ गंगा तट साधन सकल। करहि जु भंति अनेक ॥
नट [8]नाटिक संभरि धनी। बर विष्यात छवि केक ॥ छं० ॥ ३०४ ॥

---

(१) मो.-जानि। (२) ए. कृ. को.-प्रहारनल, पहार नर।
(३) ए. कृ. को.-उचौ। (४) ए. कृ. को. चल्यौ।
(५) ए. कृ. को.-प्रचार। (६) ए. कृ. को.-ईस कैलास भुछि छवि।
(७) ए. कृ. को.-दुति। (८) ए. कृ. को.-नागर।

भुजंगी ॥ कहूं संभरे नाथ थट्टे गयंदा। मनूं पिष्पियै रूप ऐराप इंदा॥
कहूं फेरिचिंत भूप अच्छे तुरंगा। मनों प्रव्वतं बाय बद्धे कुरंगा॥
छं० ॥ ३०५ ॥
कहूं मल्ल भूदंड ते [1]रोस साधैं। तिकै मुष्टिकं जोर चानूर बाधैं॥
कहूं पिष्षि पाइक्क बानैत बाधैं। नवं इंद्र [2]आहंस कै वज्ज साधैं॥
छं० ॥ ३०६ ॥
कहों विप्र उठ्ठंत ते प्रात चल्ले। कहूं देवता सेवते स्वर्ग भुल्ले॥
कहूं जग्य जापन्न ते राज काजैं। कहूं देवात देव न्नित्यान साजैं॥
छं० ॥ ३०७ ॥
कहूं तापसी तप्प ते ध्यान लागै। तिनं दिष्षियै रूप संसार भागै॥
कहूं षोड़सा राय अप्पंत दानं। कहूं हेम सम्मान प्रथ्वी समानं॥
छं० ॥ ३०८ ॥
कहूं बोलही भट्ट छंदं प्रमानं। कहूं [3]औघटं वीर संगीत गानं॥
कहूं दिष्षि सिद्धं लगी तारि भारी। मनों नैर प्रातं कपाटं उघारी॥
छं० ॥ ३०९ ॥
कहूं बाल गावैं विचित्रं सुग्यानं। रहै चित्त मोहन्न डुल्लै न [4]पानं॥
इत चरित पेषंत ते गंग तीरे। स्वयं देषतें पाप नट्ठे सरीरे॥
छं० ॥ ३१० ॥

पृथ्वीराज का कवि से गंगा जी का माहात्म पूछना।

दूहा ॥ कह महंत दरसंन तिन। कह महत तिन न्हान॥
कह महत सुमिरंत तिन। कहि कविचंद गियान ॥छं०॥३११॥

कवि का गंगा जी का महत्व वर्णन करना।

गाथा ॥ जो फल नीरह नयनं। जो फल गुनी गाइयं गेयं॥
सोइ फल न्हात सरीरं। सोइ फल पीयंत अंजुलं नीरं॥
छं० ॥ ३१२ ॥

(१) सरों। (२) ए. कृ. को.-आसेह।
(३) ए. कृ. को.-देवान। (४) मो.-औघटं।
(५) ए. कृ. को.-प्रानं। *छन्द ३१२ मो.-प्रति में नहीं है।

जं जय भाव सु बुद्धं। तं तं कहियंपि सुंदरी कथ्थं ॥
महिलान बाल अच्छं। सामं घनं सोभियं सारं ॥ छं० ॥ ३१३ ॥

पुनः कवि का कहना कि गंगास्नान कीजिए।

अरिल्ल ॥ जं तं न्हान महातम जानौं। दरसनं तंत महंत बषानौं ॥
सुमिरन पाप हरै हर गंगे। सो प्रभु आज परस्सहु अंगे ॥छं०॥३१४॥

सब सामंतों सहित राजा का गंगा तीर पर उतरना।

कवित्त ॥ अंबुज सुत उमया विलोकि। वेद पढ़त षलि बीरज ॥
सहस बहत्तरि कुंअर। उपजि भौजंत गंगा रज ॥
आभूषण अंबर सुगंध। कवच आयुध रथ संतर ॥
रविमंडल के पास। रहत चौकी सु निरंतर ॥
चहुवांन चमूं तिन समर जत। सु कविचंद ओपम कथियं ॥
सामंत सूर परिगह सकल। उतरि तट्ट भागीरथियं ॥छं०॥३१५॥

कवि का गंगा के माहात्म्य के संबंध मे एक पौराणिक कथा का प्रमाण देना।

साटक ॥ सोरंभं कमलं तज्यों न मधुपं, मध्ये रह्यौ संपुटं ॥
सो लैजायं सरोज संकर सिरं, चट्टाइयं अच्छरी ॥
सिंघं तंत स उप्परं घट भरं, गंगा जलं धारयं ॥
वारं लग्गि न चंद कव्वि कहियं, संभू भयौ छप्पयं ॥ छं०॥३१६॥
इकं मृग्ग पियंत नीर डसियं, काली समं पन्नगं ॥
साई व्यालय मृगछालय बही, शृंगी बही सुरसुरी ॥
धारे रूप पसूपती पसु तहां, भागीरथी संगती ॥
* आनंदी दुज वैल लैन क्रमियं, कैलास ईसं दिसं ॥छं०॥३१७॥

राजा का गंगा को नमस्कार करना; गंगा की उत्पत्ति और माहात्म्य वर्णन।

दूहा ॥ हो सामंत सुमंत कहु। सु हरि चिंति तजि बाज ॥

* "३१६ से ३१७ तक ये छंद मो० प्रति में नहीं है।

त्रिपथ लोक प्रथिराज मुनि। नमसकार करि राज ॥छं०॥३१८॥

कवित्त ॥ पाप मनंमथ हरन। गंग नव बंध अनै पर ॥
हरि चरनन करि जनम। काम छंडै सु दुष्य वर ॥
तीन लोक भर भवन। तहां प्राक्रम सु थानन ॥
निगम न हरि उर धरी। भ्रम्म तट काय प्रमानन ॥
वंछहि सु चतुर नर नाग सुर। दुति दरसन परसन [1]विहर ॥
[2]ढिल्लीवनाथ सो गंग दिषि। जस सम उज्जल बसु अपर ॥छं०॥३१९॥

साटक ॥ ब्रह्मा कष्य क्रमंडले कलिकले, कांताहरे कंकवी ॥
तं तुष्टा त्रयलोक संपद पदं, तंवाय सहसंनवी ॥
अघ काष्ठ ज्वलने हुतासन हवी, अध विष्णु आगामिनी ॥
जजाल जग तार पार कारनी, दरसाय जाह्नंवी ॥ छं० ॥ ३२० ॥

अरिल्ल ॥ ब्रह्म कमंडल तें कल गंगा। दरसन राज भयौ दिवि संगा ॥
तामस राजस धरि उर पारह। [3]सातुक उदक गंग मझझारह ॥
छं० ॥ ३२१ ॥

दूहा ॥ अस्तुति कहि बरदाय वर। पढ़िय कवींद्र विचार ॥
सो गंगा उर जंपई। क्रम उत्तारन पार ॥ छं० ॥ ३२२ ॥

जैचन्द की दासी का जल भरने को आना।

वचनिका ॥ राजा दल पंगुरे की दासी गंगोदक भरन आनि ठाढ़ी भई॥
चंद कह्यौ राजा इह काम तीरथ मुगति तीरथ हथलेवा मिलत है॥

कवि का दासी पर कटाक्ष करना।

दूहा ॥ जरित रयन घट सुंदरी। पट कूरन तट सेव ॥
मुगति तिथ्थ अरु काम तिथ। मिलहि हथह हथ लेव ॥छं०॥३२३॥

काव्य॥ उभय कनक सिंभं भृंग कंठीव लीला। पुहप पुनर पूजा विप्रवे कामराजं॥
त्रिवलिय गंग धारा मद्धि घंटीव सबदा। मुगति सुमति भौरे नंग रंगं त्रिवेनी॥
छं० ॥ ३२४ ॥

(१) ए. कृ. को.-विवर। (२) ए.-ढिल्लींच।
(३) ए.-सादुक।

दूहा ॥ रहसि केलि गंगह उदक । सम नरिंद किय केलि ॥
चिरल चिभंगी छंद पढ़ि । चंद सु पिंगल मेलि ॥ छं० ॥ ३२५ ॥

गंगाजी की स्तुति ।

चिभंगी ॥ हरि हरि गंगे तरल तरंगे अघ छित भंगे सित चंगे ।
हर सिर परसंगे जटनि विलंगे विहरति दंगे जल जंगे ॥
गुन गंध्रव छंदे जै जै वंदे छित अघ कंदे सुष चंदे ।
मति उच्च गति मंदे दरसत नंदे पढ़ि वर छंदे गत दंदे ॥
छं० ॥ ३२६ ॥
वपु अपु विलसंदे जम भृत जंदे सुर धुनि नंदे कह गंदे ।
.... । .... ॥
थिति मति उर मालं सुगति विसालं विर धुत कालं सद कालं ।
हिम रिति प्रतिपालं सुर तट तालं हर छर नालं विधिवालं ॥
छं० ॥ ३२७ ॥
दरसन रस राजं सुमरित साजं जय जुग काजं भय भाजं ॥
अंमर छर करिजं चामर वरिजं वर बहु पाजं सुर साजं ॥
[1]अंमर तरु मंजरि निय तन जंजरि वर वर रंजरि चय पंजरि ॥
करूना रस मंजरि जनम पुनंगिरि हसि हसि संकरि माभंकरि ॥
छं० ॥ ३२८ ॥
कलिमल हरि मंजन भव अत भंजन जन हित संजन अरि गंजन॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ३२९ ॥

दूहा ॥ हरि जस जिम उज्जल सजल । तरल तरंगति अंग ॥
पाप विडारन अंग तें । भ्रंम तरुन्नि विहंग ॥ छं० ॥ ३३० ॥

राजा का गंगा स्नान करना ।

बचनिका ॥ राजा षीरोदक पहिर स्नान कर्यो ।
तब चंद बहुरि और अस्तुति करत है ॥

कवि का पुनः गंगा जी की स्तुति करना ।

(१) ए.-अमरत ।

भुजंगी ॥ तिके दिष्षियै गंग चिहु पास बालं । तहां उप्पमा चंद जंपै विसालं
जरै कामनाथं दया गंग आई । मनों हार धारी रती तत्त छाई ॥
छं० ॥ ३३१ ॥

भरै घट्ट भारं घटं नीरभाई । तहा चंद बंदी सु ओपम्म पाई ॥
असे चंद कुंभं करं इंद दंदं । मनों विच पारीर मेटै फुनिंदं ॥
छं० ॥ ३३२ ॥

करै बाल अस्नान सोभै प्रकारं । तहां चिंतियं चंद ओपंमभारं ॥
चमकंत लक्कं सु कप्पोल सोहै । मंनों उट्टितमं चंद कै पास रोहै ॥
छं० ॥ ३३३ ॥

झलक्कं कनक्कं कलस्संत नीरं । मनों सज्ज सथ्थै सुपंतीज मीरं ॥
दिष्यै गंग तट्टं कहै कव्वि कथ्थं । किधों [1]मुगति तिथ्थं किधों काम तिथ्थं॥
छं० ॥ ३३४ ॥

कविचन्द का उस दासी का रूपलावण्य वर्णन करना।

चंद्रायन ॥ दिष्यौ नगर सुहावो कवियन इह कहै ।
चष चंचल तन सुद्ध जु सिद्धति मन रहै ॥
कंचन कलस झकोरति गंगह जल भरै ।
सु कविचंद वरदाय सु ओपम तहँ करै ॥ छं० ॥ ३३५ ॥

चषतिष्षी वरबाल बाल सति सहस वर ।
आप मनोरथ करै कवींद्रति मंडिनर ॥
सहज तमासि स फुल्लि अलिन ग्रीवाति मन ।
मधुसहज्ज वरषंत विहंगन सूर तन ॥ छं० ॥ ३३६ ॥

संक्षेप नख सिख वर्णन ।

कवित्त ॥ सह चंद इकलास । पास कोवंड कुरंगा ॥
कीर विंबफल जुगल । उभय भूतेस अनंगा ॥
मग्गराज गजराज । राज पिष्षिय एकंतं ॥
पुच्छि तांम कविराज । कहा इह अचरिज वत्तं ॥

(१) ए. कृ. को.-सुगति ।

वरदाइ ज्वान दीनौं वहुरि। निरषि तट गंग दासि तन॥
यांनक प्रताप जयचंद के। वैरभाव छंडिय[1] सु इन॥ छं०॥ ३३७॥

दासी के जल भरने का भाव वर्णन।

दूहा॥ द्रिग चंचल चंचल तरुनि। चितवत चित्त हरंति॥
कंचन कलस झकोरि कैं। सुंदरि नीर भरंति॥ छं०॥ ३३८॥

जल भरती हुई दासी का नख सिख वर्णन।

लघुनराज॥ भरंति नीर सुंदरी। सु पांनि पत्त अंगुरी॥
कनक्क वंक जे जुरी। तिलग्गि कद्रि जेहरी॥ छं०॥ ३३९॥
सुभाव सोभ पिंडुरी। जु मेन चिनही भरी॥
सकोल लोल जंघया। सुनील कच्छ रंभया॥ छं०॥ ३४०॥
कटिंत सोभ संसुरी। बनी जु वांन केसरी॥
अनंग छब्बि छत्तियां। कहतं चंद वत्तियां[2]॥ छं० ३४१॥
दुरांइ कुच्च उब्भरे। मनो अनंग ही भरे॥
रुलंत हार सोहए। विचित्त चित्त मोहए॥ छं०॥ ३४२॥
उठंत हथ्थ अंचले। रुलंत मुत्ति सजले॥
कपोल लोल उज्जले। लहंत सोल सिंघले॥ छं०॥ ३४३॥
अरद्ध अद्ध रत्तए। सुकील कीर वत्तए॥
सुहंत दंत आलिमी। कहंत वीय दालिमी॥ छं०॥ ३४४॥
गहंग कंठ नासिका। विनाग राग सासिका॥
जुभाय मुत्ति सोभए। दुभाय गंज लोभए॥ छं० ३४५॥
दुराय कोय लोचने। प्रतप्प काम मोचने॥
अवद्ध ओट भोंह ए। चलंत सोंह सोहए॥ छं०॥ ३४६॥
लिलाट राज आड़ ए। सरद्द चंद लाजए॥
.... ॥ छं०॥ ३४७॥

(१) ए. कृ. को.-मंडिय। (२) ए. कृ. को.-रचियां।

पृथ्वीराज का कहना कि क्या इस दासी को केश हैं ही नहीं।

दूहा ॥ हसि प्रथिराज नरिंद कहि। कवि चुक्कौ अंदेस ॥
पंग दास आचिज्ज इह। बाल बरनि बिन केस ॥ छं० ॥ ३४८ ॥

कवि का दासी के केशों की उपमा वर्णन करना।

ढिल्ली सुह अलि की लता। श्रवन सुनहु चहुआन ॥
जनु भुजंग संमुष चढ़ै। कांच न षंभ प्रमान ॥ छं० ॥ ३४९ ॥

कवि का कहना कि यह सुंदरी नागरी नहीं वरन पनिहारिन है।

[1] रहि रहि चंद म गव्व करि। करहित कवित विचारि ॥
जे तुम नयर सुंदरि कही। सह दिष्षिय पनिहारि ॥ छं० ॥ ३५० ॥

गाथा ॥ जे जंपी कविराजं। साजं सुष्षाय कित्तियं बलयं ॥
तिरए छित्ति समस्तं। जानिज्जे भूलयो कव्वी ॥ छं० ३५१ ॥

कन्नौज नगर की गृह महिलाओं की सुकोमलता और मर्य्यादा का वर्णन।

दूहा ॥ जाह्नवी तट दिषि द्रम। रूपरासि ते दासि ॥
नगर सु नागर नर घरनि। रहहिं अवास अवास ॥ छं० ॥ ३५२ ॥
ते दरसन दिनयर दुलह। निय मंडन भरतार ॥
सुह कारन विह निरमई। दुह कत्तरि करतार ॥ छं० ॥ ३५३ ॥
पाव न धरनि परट्ठियै। उंच थांन जे बाल ॥
कै रवि देषत मतषननि। कै मुष कंत विसाल ॥ छं० ॥ ३५४ ॥
कुवलय रवि लज्जा रहसि[2]। रहि भगि भ्रंग सरन्न ॥
सरस वुद्धि ष्टंनन कियौ। दुल्लह तरुन तरुन्न ॥ छं० ॥ ३५५ ॥

उनके पतियों की प्रशंसा।

गाथा ॥ दुल्लह तरुनिति मुष्षं। घन दीहंति ईस सेवायं ॥

(१) ए. कृ. को.-रहहि चन्द मम गर्व करि। (२) ए. कृ. को.-विहसि।

ज्ञानिज्जै मन[1] अप्पं। [2]प्रीतमयं तप्प अधिकायं ॥ छं० ॥ ३५६ ॥

कन्नौज नगर की महिलाओं का सिख नख शृंगार वर्णन।

दूहा ॥ पुनर मंडि जनमेज जगि। पित अरि कुल दइ अग्गि ॥
अग्गि शेषकुल शेष रहि। रहि त्रिय पीठनि लग्गि ॥छं०॥३५७॥

भुजंगी ॥ पुनर्जन्म जेते रहे जांनि जग्गे। सु ये सेस सेसा तिके पिट्ठ लग्गे॥
मनं मग्ग[3] मोहन्न मोती न मानी। मनों धार आहार के दूध तांनी॥
छं० ॥ ३५८ ॥

तिलक्कं नगं देषि जगजोति जग्गी। मनों रोहिनी रूप उर इंद लग्गी॥
दुअं अव्वरेषं भुअं देषि जग्यौ। मनों कांम चापं करं उछि लग्यौ॥
छं० ॥ ३५९ ॥

[4]प्रगट्ठे नयंनं विचिं ऐन दीसं। मनों जोति सारंग निर्वात रीसं॥
तेज चाटंक ते श्रोन डोलं। मनों अर्क राका उदै अस्त लोलं॥
छं० ॥ ३६० ॥

कही चंद कव्वी उपम्मा प्रमानं। मनों चंद रथभंग है भान जानं॥
उरज्जं गंभीरं भई मंझ झोलं[5]। उवं दिव्यदर्शी अरूढील बोलं॥
छं० ॥ ३६१ ॥

अधर आरत्त तारत्त साईं। मनों चंद बिय बिंब अद्दने बनाईं॥
कहों ओपमा दंत मोतीन कंती। मनों बीज माला जुगं सोभ पंती॥
छं० ॥ ३६२ ॥

कपोलं कलागी कली दीव सोहं। अलक्कं अरोहं प्रवाहंत मोहं॥
सितं स्वाति बुंदं जिते[6] हार भारं। उभै ईस सीसं मनो गंग धारं॥
छं० ॥ ३६३ ॥

करं कोक नद्दंति कंचू समुभ्भं। मनो तिथ्थराया त्रिवल्ली अलुझ्झं॥
तिनं ओपमा पांनि आनंन[7] लभ्भं। लाजि कुल केलि दुरि मझ्झ गभ्भं॥
छं० ॥ ३६४ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-नन। (२) ए. कृ. को.-प्रीतम पंत अप्प अधिकाय।
* यह दोहा मो.-प्रति में नहीं है। (३) ए. कृ. को.-मगं। (४) मो.-प्रगुर।
(५) मो. जोलं। (६) ए. कृ. को.-जिसे। (७) ए.-आनंत।

नितंवं उतंगं जुरे वे गयंदं। तिनं मज्झ रिपुछीन रघ्यौ मयंदं॥
कटी कांम मापी सुकामी करालं। मनों काम की जौति बढ़ी सरालं॥
छं० ॥ ३६५॥

जघं वन्न सोवन्न भोहन्न[1] थंभं। मनों सीत उस्नेव रितु दोषरंभं॥
नरंगी निरंगी सुपिडी छछोटी। मनों कनक कुंदीरु कुंकु अलोटी॥
छं० ॥ ३६६॥

किधों केसरं रंग हेमं झकोरं। किधों बढ़ियं बांम मनमथ्थ जोरं॥
सदं रोह आरोह मंजीर वादे। मदं छिद्र तेजं परंकार वादे॥
छं० ॥ ३६७॥

पगं एड़िअं डंबरं श्रोन बानी। मनो कच्च चीनीन में रत्त पांनी॥
नषं न्निमलं द्रप्पनं भाव दीसं। समीपं सुपीयं कियं मांन रीसं॥
छं० ॥ ३६८॥

रगं अम्मरं[2] रत्त नीलंत पीतं। मनों पावसं धनुक सुरपत्ति कीतं॥
सुकोवं सुजीवं जियं स्वामि जानं। रवी पंग दरसं अरव्यंद मानं॥
छं० ॥ ३६९॥

दासी का घूंघट उघर जाना और उसका लज्जित होकर भागना।

कुंडलिया॥ दरस चियन ढिल्ली न्रपतिं। सोवन घट वर हथ्थं॥
वर घुघट छुटि पट्ट गौ। सटपट परि मनमथ्थ॥
सटपट परि मनमंथ्थ। [3]भेद वच कुच तट अेदं॥
उष्ट कंप जल द्रगन। लग्गि जंभायत भेदं॥
सिथलं सु गति लजि भगति। गलतं पुंडरि तनं सरसी॥
निकट [4]निजल घट तजै। मुहर मुहरं पति दरसी॥छं०॥३७०॥

दासी के मुखारविंद की शोभा वर्णन।

गाथा॥ कमोदं वरं विगासं। सरसीरुह सरसियं[5] तेजं॥
चक्रति चक्र एकं। अरकं रेकइ प्रथ्थ संजोगं॥ छं०॥ ३७१॥

(१) ए. कृ. को. सोहन्न। (२) मो.-अंतर। (३) ए. कृ. को. भेद तंट कुच वच्छेदं।
(४) मो.-निज्जल। (५) ए. कृ. को.-ससीयं।

रोरंत कच विलास । चंद मुखो दरसि सरसिय प्रतिय ॥
मवसं प्रांन वेसासी । दोहं मेकं सयं एक ॥ छं० ॥ ३७२ ॥
कुमुदं कुच प्रगासी । हार वीचं तनं तयं अंवं ॥
अभिवर तरंग ओपं । रोमं राजीव सेवालं ॥ छं० ॥ ३७३ ॥
पावस धनुक सुकंती । अंवर नीलाद्र पीतमं वाले ॥
जानिज्जै परमासं । स्यांम घन मद्धि तड़िताय ॥ छं० ॥ ३७४ ॥

गंगा स्नान और पूजनादि करके राजा का चार कोस पश्चिम को चल कर डेरा डालना ।

दूहा ॥ प्रथम स्नान गंगा निरषि । पुर रट्ठौर निवास ॥
फिरि पच्छिम दिसि उत्तरै । जोजन एक सुपास ॥ छं० ॥ ३७५ ॥

चौपाई ॥ जोजन एक गयौ चहुआनं । सोम सूच्य तिथि षष्टी जानं[1] ॥
अंतरि पट्ठ सुनंत नरिंदं । भर विंटे जनु पारस चंदं ॥
छं० ॥ ३७६ ॥

कवित्त ॥ सो पट्टन तजि न्टपति । चल्यौ कनवज्ज राज वल ॥
जाय [2]संपनौ राव । गंग सुरसर सुरंग जल ॥
करि मिस्नान परमान । थान आश्रम्म सु उज्जल ॥
दीय जाप मन करै । भ्रंम भंजै सु अभ्रम्म दल ॥
चहुआन दान षोड़स करिय । तिहि जय जय सुरलोक हुअ ॥
दिन पतत निसा वंधय सयन । रस पिल्लिय प्रथिराज जिय ॥
छं० ॥ ३७७ ॥

दूसरे दिन एक पहर रात्रि से तैय्यारी होना ।

दूहा ॥ निसि नंषी चिंतान भर । भयग प्रात तम भग्गि ॥
तरुन अरुन प्रगटिय किरनि । वर प्रयान न्टप जग्गि ॥ छं० ॥ ३७८ ॥
निसि चियाम बित्तिय सु जव । उच्छ सुपिन दा प्रान ॥
प्रात तेज उद्दित भयौ । चढ़ि चल्ल्यौ चहुआन ॥ छं० ॥ ३७९ ॥

(१) ए. कृ. को. थानं ।   (२) ए. कृ. को.-सपन्नौ ।

राजा पृथ्वीराज का सुख से जागना और मंत्री का उपस्थित होकर प्रार्थना करना।

कवित्त ॥ जग्गि सु न्रप चहुआन। थान सामंत सूर फिरि ॥
चहूं राज कर जोरि। मंत कीनो सुमंत करि ॥
इहह दिष्षि कनवज्ज। जहां वसि थान सुरत्तं ॥
दई विधिना त्रिम्मयौ। काल ग्रह आनि सु पत्तं ॥
मुष कालव्याल उंदर परै। ग्रास मुष्ष मंषी जियन ॥
तुम सत्त ग्रहौ बंधौति षग। मंत अप्प देषौ बयन ॥ छं० ॥ ३८० ॥

व्यूह बद्ध होकर पृथ्वीराज का कूच करना।

राज अग्ग गोयंद। वीर आहुट्ठ नरेसर ॥
दाहिम्मौ नरसिंघ। चंदपुंडीर सूर सर ॥
सोलंकी सारंग। राव कूरंभ पजूनं ॥
लोहा लंगरिराव। षग्ग मग्गह दह गूनं ॥
लष्षन बघेल गुज्जर कनक। वारहसिंघ सु अग्ग चलि ॥
बिय सेन सब्ब साईं सु पुछि। षग्ग मग्ग जिन बल अकल ॥ छं० ॥ ३८१ ॥
दूहा ॥ इह समग्ग सव सेन चलि। दिसि कनवज्ज नरिंद ॥
प्रथीराज ढिग राजई। मधि कविता [1]वरचंद ॥ छं० ॥ ३८२ ॥

सबका मिलकर कन्ह से पट्टी खोलने को कहना और कन्ह का आखों पर से पट्टी उतारना।

एक दिसा उत्तरि न्रपति। [2]आरन छिनक सपन्न ॥
मतौ करन साईं सु भृत। पुच्छहिं आय सु कन्ह ॥ छं० ॥ ३८३ ॥
कवित्त ॥ सुनि कन्हा चहुआन। ग्रेह कैमास न मंची ॥
तंतसार बिन तुंब। जंच वाजै हिन [3]जंची ॥
चंद दंद उप्पाय। गंज विष [4]अग्गि लगाई ॥
सुभर अप्प रजपूत। पत्ति रष्षे पति पाई ॥

---

(१) ए. कृ. को. कविचन्द। (२) ए. कृ. को.-अरानि।
(३) मो.-मंत्री। (४) ए. कृ. को.-आंगि।

दरबार पंग दैवाल भर। काल जलद सौ उल्लै ॥
पुच्छौ सु इच्छ बल मंत वर। दल भंजै पुज्जै दलै ॥ छं० ॥ ३८४ ॥

सुनि कन्ह चहुआन। कन्ह विथ्यौ जु कन्ह जुगि ॥
कन्ह अनी कुव्वर। भेछ मोरन्न मुट्ठि पगि ॥
सामध्रम्म अगि प्रान। नीति रापन राजंनिय ॥
तिहि कारन तुअ अंषि। निहि पाटी जुग जानिय ॥
आचिज्ज सोइ कनवज्ज वर। पूछि न दिषि तन तन नयन ॥
प्रथिराज काज तौ सुब्बरौ। छोरि पट्ट सज्जौ सयन ॥छं०॥३८५॥

तत्पश्चात् आगे चलना और प्रभात समय कन्नौज में जा पहुंचना।

दूहा ॥ कूच करिग भावीं श्रवन। वर वर चलि सहरत्त ॥
प्रात भयौ कनवज्ज फिरि। सुनि निसान धुनि पत्त ॥छं०॥३८६॥

कन्ह मंत मित्तज वर। वर पुच्छन हग सव्व ॥
वर भावी गति चिंतकिय। नयन सु वरजी तब्ब ॥ छं० ॥ ३८७ ॥

देवी के मंदिर की शोभा और देवी की स्तुति।

भुजंगी ॥ (१)जहां दिष्पियै जासु संदेह सेहं। उअं अर्कसा कोटि संपन्न देहं ॥
वने मंडपं जासु सोब्रन्न गेहं। तिनं मुत्तियं छच दीसै न छेहं ॥
छं० ॥ ३८८ ॥

रुधिं सित्त माहीष बहु मध्य रत्ती। तिनं प्रात पूजंत न्नेम अत्ती ॥
भुजं डंड दुंदेस देसं प्रकारं। अमै देवता इंद्र लभ्भै न पारं ॥
छं० ॥ ३८९ ॥

बजै दुंदभी देव देवाल निन्तं। बरं उट्ठि संगीत गानं पवित्तं ॥
बजै मद्द झंझै समं जोग भिद्दं। निरत्तं न पायं तिनं कब्बिचंदं ॥
छं० ॥ ३९० ॥

---

(१) ए. कृ. को.-तहां।

सुष पंड भारथ्थ विय बैर साजी। मुषं देषि चहुआन किलकारि गाजी॥
प्रभा भान तेजं विराजै अकारी। मनों अग्गि ज्वाला जलं में उजारी॥
छं० ॥ ३६१ ॥

[1]नमो तूंअ तातं नमो मात माई। तुअं सक्ति रूपं जगत्तं बताई॥
तुअं थावरं जंगमं थान थानं। तुअं सत्त पाताल सरतं सतानं॥
छं० ॥ ३६२ ।

तुअं मारुतं पानियं अग्गि मट्टी। तुअं पंचभूतं स्वयं देह यट्टी॥
तुअं स्वस्ति चंदं अनंदं अनंदी। भई मोह माया जपै जाप वंदी॥
छं०. ॥ ३६३ ॥

तबै वैन आकास मद्दि भयौ ताजं। तुमं होइ जैपत्त प्रथिराज राजं॥
तबं दच्छिनं अंग करि नमसकारं। धुअं मध्यता नैर कीजै विचारं॥
छं० ॥ ३६४ ॥

सरस्वती रूप की स्तुति।

साटक ॥ वीना धारन अग्र अग्रति दिवं, देवं तमं भूतलं ॥
तूं वाले जल जी जगंत कलया, जोगिंद माया दुतिं ॥
त्वं सारं संसार पार करनी, तोयं तुअं सारसं ॥
हंदीनं दारिद्र दैत्य दलनी, मातं त्वया द्रुग्गया ॥ छं० ॥ ३६५ ॥

कवि का देवी से प्रार्थना करना कि पृथ्वीराज की सहायता करना।

दूहा ॥ [2]कै मातुल कै प्रक्रति तू। कै पुरिषत्व प्रमान ॥
तुं सब छचिन मंझ है। तू रष्षै चहुआन ॥ छं० ॥ ३६६ ॥

गाथा ॥ लज्जा रूप सुदेवी। हवी हवीतेज [3]मुगति का गनया ॥
किय कमलं सु जेयं। बंधि पानि उच्चरै बलयं ॥ छं० ॥ ३६७ ॥
तूं धारन संसारं। चंदं चंद कित्तियौ सुनियं ॥
ज्यौं पंडव मंझ प्रगट्टी। अब हुज्जे राज मझझाइं ॥ छं० ॥ ३६८ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-नमो तू अतानं।

(२) ए. कृ. को. "कै मातुल परक्रति गति"। (३) ए. कृ. को. मंगति।

चौपाई ॥ इच्छा नाम छचि जौ लई । सार धार डुल्लिन वल कोई ॥
चौ अग्गा छल दायें वीर । जौ गुन होइ [1]जु मध्यसरीर ॥
छं० ॥ ३९९ ॥

कवि का कहना कि नगर को दहनी प्रदक्षिणा देकर चलना चाहिए।

दूहा ॥ किय विचार नृप नगर कौ । सह सामंत समेव ॥
चंद वुझिक्क तव मन कियौ । चल्यौ सु [2]दष्यन देव ॥छं०॥४००॥
देत प्रदिष्यन नगर कों । होत तहां वहु वार ॥
राज देय पच्छै करै । एह सकल विचार ॥ छं० ॥ ४०१ ॥
हर सिद्धी परनाम करि । राषि समंत सु साज ॥
कनवज दिष्यन राज ग्रह । चल्यौ चंद वर राज ॥ छं० ॥ ४०२ ॥

पृथ्वीराज के नगर द्वार पर पहुंचते ही भांति भांति के अशकुन होना।

भुजंगी ॥ वजै पंग नीसान प्रातं प्रमानं । धरी अंक भोमं चली थान थानं ॥
कहै चंद कव्वी उपम्मा सु पत्तं । गजै मेघ मानो नछचं सहित्तं॥
छं० ॥ ४०३ ॥

धुनं संभरी कन्न साम्रंत भीतं । ग्रहै साध भ्रम्मं सहै साधु नीतं ॥
सधें मग्ग हेतं ग्रहं भ्रम्म जीयं । [3]निहं दोस मंदेह छचं [4]पतीयं॥
छं० ॥ ४०४ ॥

सोई भ्रंम कन्हं चितंतं प्रमानं । दिपी लज्जि मन्नं कलं जोति मानं॥
धरै सामभ्रमं जिनं धूम्र लीनं । जिनं जित्तियं जस्स देहं न कीनं ॥
छं० ॥ ४०५ ॥

सगुनं प्रथीराज दीसै नरिंदं । धुरं पैसते भोम पहु पंग इंदं ॥
वुलै देवि वामं घटं वाल मथ्यै । वुलै वायसं वाम चढ़ि अस्ति रथ्यै॥
छं० ॥ ४०६ ॥

---

(१) मो.-सु । (२) ए. कृ. को. दिष्पन ।
(३) ए. कृ. को.-तिहं । (४) ए. कृ. को.-पयहिं ।

दिषी राज दिष्टं गलंती ज ईसं। लरै वाम नंदी अनंतं सुरीसं॥
दिसा दच्छिनी लोह भट्टी सु जागी। तहां चक्रितं चित्त कविचंद लागी॥
छं० ॥ ४०७ ॥

कवित्त ॥ असुभ सगुन मंगल न। चित्त चहुआन विचारी॥
मग्ग अग्ग मंजार। वाम दष्षिन निक्कारी॥
बर उचिष्ट पावक्क। विहन तिन मझ्झ चमंकै॥
मेघ दृष्टि आकाल। मध्य धुमंरिय गहक्कै॥
आरिष्ट भाव कविचंद कहि। तब चिंत्यौ न्रिमान बसि॥
भावी विजत्ति भंजन गढ़न। सुनि चहुआन नरिंद हसि॥
छं० ॥ ४०८ ॥

दूहा ॥ सिंगिनि बंदि विरंम करि। बाग पंग न्रप जाइ॥
दिषि अराम सिष ग्रह परसि। रहि सुगंध बरछाइ ॥छं०॥४०९॥

कन्नौज नगर का विस्तार और उसके चारों तरफ के बागानों का वर्णन।

भवर टोल झंकार वर। सुमन राइ फल लिद्ध॥
क्रूर दिष्ट मन रह वढी। ससि तारक भ्रित रिद्ध ॥छं०॥ ४१० ॥

पद्धरी ॥ बर मग्ग बग्ग चिहु कोद दिष्षि। विस्तार पंच जोजन्न लष्षि॥
कछ मग्ग भोमि चिहुं मग्ग दिस्सि। नारिंग सुमन दारिम विगस्सि
छं० ॥ ४११ ॥

प्रतिव्यंब अंभ झलकत सरूप। उप्पम तास बरनत अनूप॥
नव विद्ध गत्ति सह जल प्रवेस। मुसकंत झुंड दिष्षी सुदेस॥
छं० ॥ ४१२ ॥

प्रतिव्यंब झलकि चंपक प्रसून। उप्पंम देषि कविचंद दून॥
दीपक माल मनमथ्थ कीन। हरभयति दिष्षि इह लोक दीन॥
छं० ॥ ४१३ ॥

हलहलत लता दमकंत वाय। मनु बध्यौ सपतसुर भंग पाइ॥
चल्लै सुगंध बर सीत बत्त। जानियै सब्ब हथ्थीन जित्त॥
छं० ॥ ४१४ ॥

भुजंगी ॥ तहां प्रात प्रातं विंवं अंव मौरे । सुरं कंठ कल्लियंठ रस प्रस्त भोरें ॥
फली फूल वेली तरं चढ़ि सोहै । तिनं ओपमा दैन कविचंद मोहै॥
छं० ॥ ४१५ ॥
रवी तेज देषी ससी वाल भागी । मनों तारिका उड्डि तर सब्ब लागी॥
कहीं जुहि जंभीर गंभीर वासी । तमी तप्पनी सेव सीसंम सासी ॥
छं० ॥ ४१६ ॥
असै भोर मकरंद उडि बाग मंही । मनों विरहनी [1]दिघ्घ उस्सास लेही॥
कितं एक बीजोर फल [2]भार लुट्टै । [3]मनों जीवनं पीउ पीयूप फुट्टै॥
छं० ॥ ४१७ ॥
कहूं सेवसत्ती फुलै ते प्रकारं । किधों दिष्पियं प्रगट मकरंद तारं ॥
कहूं सोभही थट्ट गुल्लाल फूलं । चयं भोर मकरंद सहफूल भूलं ॥
छं० ॥ ४१८ ॥
वरं वोरसरि फूल फूली सुरंगी । छके भोर भौरं मनं होइ पंगी ॥
कहूं कहली सेसुरंगं जु पंती । किधों [4]मंत मथ्यं कि वीचैं धमंती ॥
छं० ॥ ४१९ ॥
धरी एक चहुआन तिन थान राही । असंसार संसार संसार काही॥
तरं पिंड आकास फुल्लै निनारै । वरन्न वरन्नं अनेकं सवारे ॥
छं० ॥ ४२० ॥
सवैं कव्विराजं उपम्मा न पग्गी । मनों नौ ग्रहं वार रस आय मग्गी॥
कवी जे जुवानं मनं ओप जानै । कवी जेम वत्तं रसं सो वषानै॥
छं० ॥ ४२१ ॥
न लालं न [5]पिंगी षजूरं अमग्गी । नरं उंच न्त्रिपंत सो सीस पग्गी॥
छं० ॥ ४२२ ॥

पृथ्वीराज का नगर में पैठना।

दूहा ॥ विलम सगुन चल्यौ न्टपति । नेन दरसि सो सथ्थ ॥
वर दीसी हट नैर कौ । मिलन पसारत हथ्थ ॥ छं० ॥ ४२३ ॥

(१) ए. कृ. को.-दीरघ, दीर्घ । (२) ए. कृ. को.-प्रात ।
(३) ए. कृ. को.-"मनों जीवनं पीय पी पीउ फुट्टै" । (४) मो.-मनमथ्थ ।
(५) ए. कृ. को.-पीगी ।

नगर प्रवेसनि देषि न्रप। जूप साल अठाइ॥
ता हन्नन रस उप्पज्यौ। कहत चंद वरदाइ॥ छं०॥ ४२४॥

नगर के वाह्यप्रान्त के वासियों का रूपक तदनन्तर नगर का दृश्य वर्णन।

भुजंगी॥ जिते संगरी रूप दिन के प्रसंगा। तिते दिष्षियै कोटि कोपीन नंगा॥
जिते जूपकों चोप चौंपें जु आरी। तिते उचरें सो आनंन पारी॥
छं०॥ ४२५॥
जिते साधु संमारि षेलंत लष्षे। तिते दिष्षियै भूप दामंत पष्षे॥
जिते छैल संघाट वेस्यानि रत्ते। तिते द्रव्य के हीन हीनंत गत्ते॥
छं०॥ ४२६॥
जिते दासि कै चास लग्गे सु रूपा। मनों मीन चाहंत बग मध्य कूपा॥
किते नाइका दिष्षि नर नैन डुल्लै। रहें सुरह लोकं सुरं दिष्षि भुल्लै॥
छं०॥ ४२७॥
वचं उच्चरै बैंन निसि की उज्जग्गी। मनो कोकिला भाष संगीत लग्गी॥
उड़ै उंच अब्बीर सेज्या समारै। मनों होइ वासंत भूपाल द्वारै॥
छं०॥ ४२८॥
कुसम्भं सर्म चीर संकीर सोभा। मनो मध्यता काम कद्‌ली सु ग्रभा॥
रसं राग छत्तीस कंठं करंती। बरं बीन बाजिच हथ्थें धरंती॥
छं०॥ ४२९॥
तिनें देषि असमान रूग्गी ठठुक्की। मनो मेनिका न्रत्य तें ताल चुक्की॥
बरन्नंत भावं लगें जुग्ग सारे। इसे पट्टनं ग्रेह दिष्षे सवारे॥
छं०॥ ४३०॥

दूहा॥ सो पट्टन रठ्ठौर पुर। उज्जल पुण्य विपष्ष॥
कोट नगर नायक सघन। धज बंधी तिन लष्ष॥ छं०॥ ४३१॥

नाराच॥ सु लाष लाष द्रव्य जासु नित्य एक उट्ठवै।
अनेक राइ जासु भाइ आय आय बिठ्ठवै॥
सुगंध तार काल मानसा म्रदंग सुब्भवै।
सु दछ्छिनं समस्त रूप स्याम काम लुब्भवै॥ छं०॥ ४३२॥

करंकर कंकन अंकह जोव। मनों दुजहीन सरदहि सोव॥
जरे जिव प्राल प्रकारति लाल। मनों ससि सझ्झह तार विसाल॥
छं० ॥ ४४२ ॥

झलंत जुघंतत राजनु जोप। मनों घन मड्डि तड़ित्तह ओप॥
जरेजिव नंग सुरंग सुघाटि। ति सुंदरि सोभ उवावति पाट॥
छं० ॥ ४४३ ॥

दु अंगुलि जोरि निरष्षहि हीर। मनों फल बिंबहि चंपहि कीर॥
नषं नष चाहलि मुत्तिय अंस। मनों भष छंडि रह्यौ गहि हंस॥
॥ छं० ॥ ४४४ ॥

दसों दिसि पूरि हयग्गय भार। सु पुच्छत चंद गयौ दरवार॥
.... । .... . ॥ छं० ॥ ४४५ ॥

कविचन्द का राजा सहित राजद्वार पर पहुंचना ॥

दूहा ॥ हय गय दल सुंदरि सहर। जौ बरनों बहुबार॥
इह चरित्र कहँ लगि कहूं। चलि पहुपंग दुआर॥
॥छं० ॥ ४४६ ॥

चलत अग्ग दिष्यौ न्टपति। हरि सिद्धी सु प्रसाद॥
चंद नम्मि अस्तुति करिय। हरिय अघ्घ अपराध॥ छं० ॥ ४४७

कौतूहल दिष्यै सकल। अकल अपूरब वट्ट॥
पानधार [4]छर छग्गरह। राजग्रही बर भट्ट॥ छं० ॥ ४४८ ॥

राजद्वार और दरवार का वर्णन।

कवित्त ॥ गज घंटन हय [5]षेह। विविध पसुजन समाज [6]इव॥
घन निसान घुम्मरत। प्रवल परिजन समथ्थ नव॥
विविध बज्ज बज्जत सु। चंद भर भीर उमत्तिय।
इक्क लत्त आवत सु। इक्क नरपत्ति समथ्थिय॥

(१) ए. कृ. को.-पुंपावहि। (२) ए. कृ. को. जंपहि। (३) ए. कृ. को-गनों।
(४) ए. कृ. को.-छगगल छलह। (५) मो.-हेष। (६) ए. कृ. को.-रच।

पुंभीद अवनि सुम्भय महल । जनु डुल्लित उम्भिय करन ॥
दरवार राज कमधज्ज कौ । जग मंडन मभ्भह धरनि ॥
छं० ॥ ४४९ ॥

कौतूहल आलम अलाप । दिष्षिय दर चंदह ॥
पंगराइ दरवार । वार आगत जै विंदह ॥
सत जुग्गह वलिराइ । नगर पुर भ्रंम प्रमानं ॥
त्रितिय जुग्ग रघुनाथ । अवधि पट्टन वर थानं ॥
द्वापरह नाग नागर नगर । जुरा जोध तप्पे सुतप ॥
जै चंद दंद दाह दलन । कलि कमधज कनवज्ज नृप ॥
॥ छं० ॥ ४५० ॥

दिष्षि चंद दरवार । छत्र धरि फिरिहि विनहमद ॥
भ्रमर गुंज पुंजरत ।(१)कत्त क्रमंत दुरद रद ॥
अनुचर अनुसंकारह । मत्त गम्भित कंठीरव ॥
वामुर संझ विहारि । वारि अचवत अभंग भव ॥
दिष्षियै द्रुगम सुग्गम सुघन । सुगम द्रुगम जयचंद ग्रह ॥
सब जंत तंत जिम मर कटकि । समन दमन वस भूरि वह ।
छं० ॥ ४५१ ॥

कन्नौज राज्य की सेना और यहां की गढ़रक्षा का सैनिक प्रबंध वर्णन ।

लष्ष सुभर आवंत । लष्ष दरवार हरज्जै ।
लष्षह गोलंदाज । लष्ष इक नालि भरिज्जै ॥
लष्ष तानि सिलहान । गिरद रष्षै दरवारह ॥
पाइक लष्ष प्रचंड । संक मानै नह सारह ॥
लष असिय सकल सेवा करै । द्वादस सूरज जोति कल ॥
लष तीन तुरय पष्षर सहित । पवन पाइ ऐराक भल ॥
छं० ॥ ४५२ ॥

(१) ए. कृ. को. मुकत क्रमत दुरहु रद ।

नागाओं की फौज का वर्णन।

गज्जत जलधि प्रमान। संष धुनि बज्जत भारिय ॥
मनक्रम चिय बच रहित। सहित सन्नाह सुधारिय ॥
रिप सरूप जयचंद। सहस संषहधुनि रष्षन ॥
आवध साल प्रलंब। षंभ रुप्यौ अति तिब्बन ॥
मन सित्त एक हथ्थिय फटक। इक्क हथ्थ ठेलत्त बल ॥
भुज दंड प्रचंड उचाय कर। धरत जानि मदगल कि मल ॥
छं० ॥ ४५३ ॥

नागा लोगों के बल और उनकी बहादुरी का वर्णन।

हथ सित ऊरध षंभ। बान नंषत सत भारिय ॥
फोरत लोह प्रचंड। मुट्ठि चौसट्ठि प्रचारिय ॥
किनकि संगि नंषंत। धरनि षुंभत तिष्षारिय ॥
कितक बथ्थ भरि षभ। कढ्ढि नंषंत उछारिय ॥
इम रमत सहस संषह धुनिय। रिषि सरूप प्राक्रम अतुल ॥
उच्चर्यौ राज भट्टह सरस। इह कौतूहल पिषिष भल ॥
॥ छं० ॥ ४५४ ॥

संखधुनी लोगों का स्वरूप और बल वर्णन।

मोरपंष तन वस्त्र। मोर सिर मुकुट विराजत ॥
मोर पंष वल्लभ अनंत। पंषे कर साजत ॥
तप सु तेज पिचीय। चष्ष बघघह भुज सुंडह ॥
पग नेवर झनकार। समर मेरं गिरि मंडह ॥
अवतार रूप दरसंत भल। संष बजावत माधरिय ॥
लष असी मझ्झ पौरुष अतुल। धर कंपत पग्गह धरिय ॥
॥ छं० ॥ ४५५ ॥

(१) मो.-इक।

पृथ्वीराज का उन्हें देख कर शंकित होना और कवि का कहना कि इन्हें अत्तताई मारेगा।

दूहा ॥ पिष्षि पराक्रम राज इह। विरत भयौ मन मंझ ॥
चंद वरद्दिय उकति करि। सामंत सूर समंझ ॥
॥ छं० ॥ ४५६ ॥

कहिय चंद राजन्न प्रति। कहा सोचि मन मंडि ॥
अत्तताइय जुध जुरै। जव इन सम्चन षंडि ॥
॥ छं० ॥ ४५७ ॥

भाषनि भाष सु मिलिय दिस। दई सिसिर वनि इंद ॥
नव नव रस अरु सपन सष। जोध सुपंग नरिंद ॥ छं० ॥ ४५८ ॥

पद्धरी ॥ संचरिय देस भाषा न भाष। राथान राय साषान साष ॥
नौवत्ति वज्जि भर तीन लाष। [1]चक्रित सुनाथ हुअ निच विसाष ॥
छं० ॥ ४५९ ॥

सामंतों का कहना कि चलो खुल कर देखें कौन कैसा बली है।

दूहा ॥ निसि नौवति मिलि प्रात मिलि। हय गय देषिय साज ॥
षिचरि सुभर करिवर [2]गहिय। किनहि कहिय प्रथिराज ॥
॥ छं० ॥ ४६० ॥

कवि चंद का मना करना।

कहहि चंद दंद न करहु। रे सामंत कुमार ॥
तीन लष्य निसि दिन रहै। इह जैचंद दुआर ॥
॥ छं० ॥ ४६१ ॥

उसका कहना कि समयोचित कार्य करना बुद्धिमानी है देखो पहिले सब ने ऐसा ही किया है।

(१) ए. कृ. को.-"चक्रित सुनाथ दुज निरषि साप" (२) मो.-गहिइ।

कवित्त ॥ एक ठौर पृथिराज । रास मंगै हल काजै ॥
समौ ताकि गोविंदि । अग जरासिंध सुभाजै ॥
समौ जानि श्रीराम । बैर पति कासिय मुक्किय ॥
समौ ताकि पंडवन । देह जस बल आप लुक्किय ॥
मतिसिष्ट पुरष तक्कै समौ । मनह मनोरथ चिंति मति ॥
कवि कहल केलि लागी विषम । टारी टरै न पुव्वगति ॥
छं० ॥ ४६२ ॥

राजा का कवि की बात स्वीकार करना ।

दूहा ॥ मांनि राज रिस रीस मन । चिंति उदै प्रथुदुत्ति ॥
सो जागी ओ तान जल । मन भौ कंद उपत्ति ॥ छं० ॥ ४६३ ॥

कवि का पूछते पूछते द्वारपालों के अफसर हेजम कुमार रघुवंशी के पास जाना ।

सुरिल्ल ॥ पुच्छत चंद गयौ दरवारह । जहां हेजम रघुवंस कुमारह ॥
जिहि हरि सिद्धि पास वर पायौ । सु कविचंद दिल्लिय तैं आयौ
छं० ॥ ४६४ ॥

द्वारपालों का वर्णन ।

कवित्त ॥ करनि कनक मय दंड । परम उद्दंड चंड बल ॥
दिध्घ देह सुंदर समथ्थ । अति सुमति सु न्विमल ॥
प्रति नर प्रीति प्रसन्न । परम सपन्न सव्व जग ॥
अवर भूप पिष्षत लयन्न । परसाद लग्गि नग ॥
सुकलम्भ कलपतरु वग्ग जिम । पुन्य पुंज पुज्जिय सुभुअ ॥
प्रति हार राज दरवार सहि । दिषि वरदाय नमित्त हुअ ॥
छं० ॥ ४६५ ॥

प्रतिहार का पूछना कि कौन हो ? कहां से आए ? कहां जाओगे ?

(१) ए. कृ. को.-पग ।

सुरिल्ल॥ रषि कंविद हेजम बुल्लिय हसि। कौन थांन वर चलिय कौन दिस॥
को न्रप सेव देव का नाम। किहि दिसि चिंत कस्यौ परिनाम॥
छं० ॥ ४६६ ॥

कवि का अपना नाम ग्राम बतलाना।

हो हेजम रघुवंस कुमार। न्रिप चहुआन प्रथीअवतार॥
फिरि ढिल्ली कवियान नरिंद। मो वर नाम कहै कविचंद॥
छं० ॥ ४६७ ॥

हेजम कुमार का कवि पर कटाक्ष करना।

द्वारपालवाक्य।

स्लोक ॥ मंगिवांन विवारता कविन, संधिवान् कि विग्रहात्॥
जुद्धवान पंग राएन्। ना भूतो न भविष्यति॥ छं० ॥ ४६८ ॥

दूहा ॥ बैरो काटन राज बंच। डंड भरन परधान॥
सेवा मानन मेदियन। हिंदू [1]मुसलमान॥ छं० ॥ ४६९ ॥

कवि का उत्तर देना

[2]असंतिनि बोलहु हेजमन। अन्न करहु जिम आलि॥
जु कछु समर चित्तें रनह। इह देषहु तुम कालि॥ छं० ॥ ४७० ॥

हेजम कुमार का कवि को सादर आसन देना।

आदर करि आसन दियौ। पालक पंग नरिंद॥
छिनक विलंबहु सुहित करि। जब लगि कहौं कविंद॥
॥ छं० ॥ ४७१ ॥

हेजम कुमार का वचन।

पंग दरस जंचन मिसह। कै मोकलिग बसीठ॥
कै मिलि षट मंडल न्रपति। राज रांज सू दीठ॥ छं० ॥ ४७२ ॥

---

(१) ए. मुसलमान। (२) मो.-असत बोलहु हजमेन।

कवि का कहना कि कवि लोग वसीठ पन नहीं करते।

कुंडलिया ॥ सुनि हेजम रघुवंस वर। भट्ट बसीठ न हुंति ॥
पति घट्टत्त छिनकह मरै। जस मंगन नन षंति ॥
जस मंगन नन षंति। कौन प्रथिराज दान वरि ॥
का दिष्षन राज सू। कहा नलराइ जुधिष्ठिर ॥
मंडली मोहि जाचन नियम। दरिद करिय चहुआन चुनि ॥
पंगुरौ न्नपति देषन मनह। रघुबंसी हेजम्म सुनि ॥ छं० ॥ ४७३ ॥

कवित्त ॥ [1]तू मंगन कविचंद। सथ्थ मंगन नन होइय ॥
तौ देषत तिय थान। इंद्र भुल्लिय [2]द्रग जोइय ॥
एह कपट कवि हस्यौ। नयन दिष्षियै निनारै ॥
न्नपज होइ दरबार। भूत भय छंद विचारै ॥
दरबार कव्वि विरम्यौ न्नपति। [2]भर संमुह रष्यौ न दर ॥
तुम राज नीत जानहु सकल। हुकम विना रष्यौ न वर ॥
॥ छं० ॥ ४७४ ॥

दूहा ॥ तहां बिरम कीनौं सु कबि। सष सामंत बहोरि ॥
चंद फेरि दष्षिन दिसा। भर उभ्भै बरजोर ॥ छं० ॥ ४७५ ॥

हेजम कुमार का उसे बिठा कर जैचन्द के पास जाकर उसकी इत्तला करना।

न्नप कवि हेजम मझ्झि दर। रष्षि गयौ, न्नप पास ॥
भट्ट संपतौ राज पै। वंने चंद विलास ॥ छं० ॥ ४७६ ॥
आदर करि हेजम [3]कविहि। गयौ जहां न्नपति नरिंद ॥
दिल्लियपति चहुआन कौ। कह असीस कविचंद ॥
॥ छं० ॥ ४७७ ॥

सुनत हेत हेजम उठिग। दिषत चंद बरदाइ ॥
न्नप आगे गुदरन गयौ। जहां पंग न्नप आहि ॥ छं० ॥ ४७८ ॥

(१) ए. कृ. को.-जुग। (२) ए. कृ. को.-तर। (३) ए. कृ. को.-सुकवि।

हेजम गय पहु पंग पैं । स्वामि आय कविचंद ॥
नत नंपी बुल्ल्यौ सुभट । सुनि सुनि सोभ नरिंद ॥
॥ छं० ॥ ४७९ ॥

जो करिजैं चिंतक सुतो । जानत होइ अजान ॥
हरुअत्तन गरुअत करै । सोई न्रपति सयान ॥ छं० ॥ ४८० ॥

हेजम कुमार का जैचन्द को वाकायदे प्रणाम करके कवि के आने का समाचार कहना ।

वत्तनंध रूपक ॥ तव सु हेजम तव सुहेजम। जुगम कर जोरि ॥
.... । .... ॥
सीस नयौ [1]दसवार तिहि । सेत छत्र[2]पति मद सुदिट्ठौ ॥
सकल वंध सथ्थह नयन । चकित चित बुलै गरिट्ठौ ॥
तव सु कियौ परनाम तिहि । वर करी राय [3]प्रतिहार ॥
जिहि प्रसन्न सरसति कहै । सुकविचंद दरवार ॥ छं० ॥ ४८१ ॥

दूहा ॥ सीस नायि वुल्लौ वयन । औसर पंग रनेस ॥
कवि जो जुग्गिनि पुर कहै । संपत्तौ द्वारेस ॥ छं० ॥ ४८२ ॥

कवि की तारीफ ।

कवि सरस वानी सरस । कित्ती रूप प्रमान ॥
चंद [4]वत्त हर विदुप जन । गोपंथिती समान ॥ छं० ॥ ४८३ ॥
गुन आगंम समंद जौ । उक्त तिरु हरि तरंग ॥
जुपति कवित म्रज्जाद ज्यौं । रतन वच्च प्रपरंग ॥ छं० ॥ ४८४ ॥
संमिय अगुनि प्रगास ज्यौं । गत्ति जुगत्ति विचार ॥
सुष्य नरेस निधान धन । [5]जनु अर्जुन भटवार ॥ छं० ॥ ४८५ ॥
गुन विथ्यौ नष्यै धनी । तोन प्रकारय कित्ति ॥
सरसंसर उतकंठ कर । अव्वह तत कवि दित्त ॥ छं० ॥ ४८६ ॥

---

(१) कृ. को.-दरवार,दसार   (२) ए. कृ. को मद ।   (३) मो.-प्रहार ।
(४) मो.-बलहरे ।   (५) ए. कृ. को.-अनु

आडंबर बरभट्ट बहु। भर बर सथ्थ कविंद॥
तब रुक्यौ दरबार में। संग रष्षि कविचंद॥ छं०॥ ४८७॥

राजा जैचन्द का दसोंधी को कवि की परीक्षा करने की आज्ञा देना।

बयन सुन्यौ रघुवंस कौ। भय सुभ सुर्भहि नरिंद॥
तिन दसोंधिय सों कह्यौ। बोलि परष्षहु चंद॥ छं०॥ ४८८॥
कवियन तन चाह्यौ न्रपति। जो सुष तकौ न जान॥
जौ लाइक लष्यौ लषन। तौ लाओ इन यान॥ छं०॥ ४८९॥

* दसोंधी का कवि से मिलकर प्रसन्न होना।

चौपाई॥ आयस भोगु तियन तन चाह्यौ। तिन परनाम कियौ सिर नायौ॥
कैधौं डिंभ कवी परवानी। सरसें वर उच्चारहु बानी॥
छं०॥ ४९०॥
ते चवि आइ चंद पहि ठट्टै। मिलतें हेत प्रीति रस बट्टै॥
हुअ आनंद चंद पहि आए। ज्यौं सक्कर पय भूषें पाए॥
॥ छं०॥ ४९१॥

कवि और डिंबियों का भेद।

भुजंगी॥ कितं दंडिया डंबरी भेष धारी। सु कब्बी कुकब्बी प्रकारं विचारी॥
सुने भट्ट भेजे ह च्यारं प्रकारी। किधों ब्रह्म मुनि ब्रत वर ब्रह्म विचारी॥
किधों ठग्ग कै ठोठ कै हेजगारी। .... ॥ छं०॥ ४९२॥
कहै राइ पंगु सुनौ कव्वि सव्वी। परष्यौ सु पतं कुपतं गुनब्बी॥
छं०॥ ४९३॥
किते भट्ट जाने दुरे ते कविंदं। तिनं पास आडंबरं नथ्थ इंदं।
कला ग्यान अग न्यान विग्यान जानं। अरथ्थं सुरथ्थं कुरथ्थं प्रमानं॥
छं०॥ ४९४॥

---

* दसोंधी एक जाति होती है जो कि आज कल जसोंधी भी कहलाती है, दरबार के नाज़िर या कड़खे कहने वाले जोगबर अबतक इस वंश में होते हैं।

कठोरं कुवोलं पंढते तिरप्पं । ग्रद्दिष्टं अराजं प्रजानी निरप्पं ॥
जिते राज जानो कवीचंद जाजं । तिते पंग दिट्टं अदानं प्रमानं ॥
छं० ॥ ४९५ ॥

अचित्तं सुचित्तं सु वित्तं विचारौ ।रसं नौ छ भाषा स साषा उधारौ॥
परंमान ग्यानो विग्यनो विरूरं ।लपौ वुद्धि विद्या तौ आनौ हजूरं॥
छं० ॥ ४९६ ॥

दसौंधियों का कवि के पास आना और कविचन्द का कवित्त पढ़ना ।

चौपाई ॥ ति कवि आय कवि पहि संपत्ते । गुरु व्याकंन कहै मन मत्ते ॥
थकि प्रवाह गंगा सरसत्ती । सुर नर श्रवन मंडि रहै वत्ती ॥
छं० ॥ ४९७ ॥

मुष [1]परसंत परसपर रत्ते । मुन उच्चार कऱ्यौ सरसत्ते ॥
गुन उच्चार चार तन कीनौ । जनु भुष्षै पय सक्कर दीनौ ॥
छं० ॥ ४९८ ॥

सब रूपक कहि कहि कवि जित्ते । नव रस भास सु पुच्छहि तत्ते॥
गजपति गरूग्र ग्रंह गुन गंजहु । श्रीधर वरनि पंग मन रंजहु॥
छं० ॥ ४९९ ॥

श्रीवर श्रीकर श्रीपति सुंदर । सुमिरन कियौ तथ्य कविचंदर ॥
वीठल विमल बयन बसुधा बन । द्रुपद पुत्ति चिरु चीर बढ़ावन ॥
छं० ॥ ५०० ॥

ग्राह गहत गंधर्व गयंदह । रष्षहु मान सुभान नरिंदह ॥
तुअ चिंतत सचु सब मित्तिय । विष दातव्य विषा लड्डी चिय ॥
छं० ॥ ५०१ ॥

जब अर्जुन कोवंड धरिय कर । तब [2]संघरिय सकल पोहिन भर ।
जब अर्जुन मन मोह उपायौ । तब भारथ मुष मज्झ दिषायौ॥
छं० ॥ ५०२ ॥

(१) ए. कृ. को.-परसंन । (२) ए. संघिय ।

है हरता करता अविनासी। प्रकृति पुरुष भारथ श्री दासी ॥
सा भारति मुष मझ्झ प्रसन्नी। तव न वरस साटक भाष छ भन्नी ॥
छं० ॥ ५०३ ॥

साटक ॥ अंवोरुह मानंद लोइ लरिसी, दारिम्म लो बीयलो ॥
[1]लोयन्ने चल चाल, चाल,य वरं, विंबाइ कीयौ गहौ ॥
के सीरी कै साइ बैनिय रसौ, चीकोमि को नागवी ॥
इंदो मध्य सु इंद मानवि [2]हितो, ए रस्स भासा छठौ ॥
छं० ॥ ५०४ ॥

दसोंधी का प्रसन्न होकर कवि को स्वर्ण आसन देना।

चौपाई ॥ कवि पिष्षत कवि को मन रत्तौ। न्याय नयर कवं ज संपत्तौ॥
कवि एकह अंगी क्रित कीनौ। हेम सिंघासन आसन दीनौ॥
छं० ॥ ५०५ ॥

दसोंधी का कवि की कुशल और उसके दिल्ली से आने का कारण पूछना।

दूहा ॥ क्यौ मुक्यौ प्रथिराज वर। क्यों ढिल्ली पुर छेह ॥
जंपि कहौ कविचंद तत। तुम कुसलत्तन ग्रेह ॥ छं० ॥ ५०६ ॥

कवि का उत्तर देना कि भिन्न भिन्न राज्य दरबारों में विचरना कवियों का काम ही है।

गाथा ॥ दीसै विविह चरियं। जानिज्जै सज्जन दुज्जनं ॥
[3]अप्पानं चक लिज्जै। हिंडिज्जै तेन पुहवीए ॥ छं० ॥ ५०७ ॥

दूहा ॥ जिन मानो चहुआन भौ। सुलाइ जालई भट्ट ॥
देषि ग्रव्व सुरपति गरै। पंग दरसि सो थट्ट ॥ छं० ॥ ५०८ ॥
जगत समुद्दयकार जल। षग्ग सीस चहुआन ॥
इह अचिज्ज वर भट्ट सुनि। तुछ निडुर संमान ॥ छं० ॥ ५०९ ॥

---

(१) ए.-को-लोदन्ने, लोहने। (२) मो. हनौ। (३) ए.-अप्पाजं तनक लिज्जे।

दसोंधी का कहना कि यदि तुम वरदाई हो तो यहीं से राजा के दरबार का हाल कहो।

चौपाई ॥ गजपति गरूअ ग्रेह मन रंजहु। किन गुन पंग राय मन गंजहु॥
जो सरसै वर हैं तुम रंचौ। [1]तौ अदिष्ट वरनौ कवि संचौ ॥
छं० ॥ ५१० ॥

अरिल्ल ॥ तब सो देषै जान [2]प्रवीनं। भट्ट नयन सोहै रसलीनं ॥
दान पग्ग सरवंगे सूरौ। अनीवानि [3]अब्बंगै पूरौ॥छं०॥५११॥

दूहा ॥ दीन वचन लहु करि कह्यौ। कविन करौ मन मंद ॥
जै सरसै वर कछु हुए। तौ वरनौ जयचंद ॥ छं० ॥ ५१२ ॥

अरिल्ल ॥ अहो चंद वरदाइ कहावहु। कनवज्जह न्रप देषन आवहु ॥
जौ सरसति [4]जानौ वर चाव। तौ अदिष्ट वरनौ नृप भाव ॥
छं० ॥ ५१३ ॥

कवि का कहना कि अच्छा सुनों मैं सब हाल आशु छन्द प्रबंध में कहता हूं।

दूहा ॥ जौ वरनों जैचंद को। तौ सरसें वर मोहि ॥
छंद प्रबंध कवित्त जति। कहि समझाउं तोहि ॥ छं० ॥ ५१४ ॥

दसोंधी का कहना कि यदि आप अदिष्ट प्रबन्ध कहते हैं तो यह कठिन बात है।

कहहि पंग बुधिजन कवित। सुनहु चंद वरदाइ ॥
दिठि दिष्यौ वरनै सकल। अदिठ न वरन्यौ जाइ ॥ छं० ॥ ५१५॥

कविचन्द का जैचन्द के दरबार का वर्णन करना।

पद्धरी ॥ सभ साज पंग बैठौ नरिंद। गुनगहर सकल साजै सु इंद ॥
सिंघासन आसन सुभ साज। मानिक जटित बहु मोल भ्राज ॥
छं० ॥ ५१६ ॥

---

(१) मो.-तौ अदिष्ट वरनहु नृप संचौ। (२) ए. प्रचीनं।
(३) मो.-सरवंगै। (४) ए. कृ. को.-जानू।

वासन्न सेत मधि पीति सोहि । ब्रन्नंत ताम कविराज मोहि ॥
मंझ्यौ किरीट बररूव सीस । उत्तंग मेर हर सिषर दीस ॥
छं० ॥ ५१७ ॥

बैठो सुभूप मुष दिसि कुबेर । रजि रुद्र थान रचि जानि मेर ॥
दाहिनै वांम भर भर बयट्ठ । सूरत्त दत्त गुन सकल दिट्ठ ॥
छं० ॥ ५१८ ॥

सिर सेत छत्र मंड्यौ सु भूप । बहु देस रिद्धि बहु तास रूप ॥
सनमुष्ष बैठि बर विप्र भट्ट । इह चव सु विद्य कलताम घट्टि ॥
छं० ॥ ५१९ ॥

तिन पच्छ बैठि गायन सु गेव । किन्नरह कंठ रस सकल भेव ॥
हिमदंड छत्र किय सेत पान । ठट्टौ सु पिट्ठ विस भूप जानि ॥
छं० ॥ ५२० ॥

दुहु पिट्ठ साजि वर चँवर ढार । रजि रूप जानि अश्विनि कुमार॥
ठट्ठौ सु पन्नधर दच्छि थान । प्रतिबिंब रूप दुअ इंद जानि ॥
छं० ॥ ५२१ ॥

बैठे सु पिट्ठवर पासवान । बनि रूप रेह जित राज जान ॥
रत्तौ सु कीर मुष अग्र जान । भुज्जंत पक्क फल करक पान ॥
छं० ॥ ५२२ ॥

थरि करह बाज ठट्ठौ समुष्ष । देयंत ताम तामो सुरूष्ष ॥
इहि विद्धि बयट्ठौ पंगराज । आसनह जीति जोगिंद साज ॥
छं० ॥ ५२३ ॥

जैचन्द का वर्णन।

साटक ॥ जा सीसं चमरायते सित छतं, षं षिन्न इंदोलिता ॥
बाला अर्क समान तेज तपनं, कीटी तयं मौलिता ॥
सस्चे सस्च समस्त षिचि दहियं, सिंधु प्रयाते षलं ॥
कंठे हार रुलंति आनक समं, प्रथिराज हालाहलं ॥
छं० ॥ ५२४ ॥

दरबार में प्रस्तुत एक सुग्गे का वर्णन।

दूहा ॥ नील चंच अरु रत्त तन। कर करकटी भषंत ॥
जोइ जोइ अष्षै राज नृप। सोइ सोइ कीर कहंत ॥छं०॥ ५२५ ॥

कवित्त ॥ नीम चंच तन अरुन। पानि आरोहि राज सुक ॥
रुचि संपार परंम। चरन पिंगल सुभंत जुक ॥
कंठ मुकत गुन रतन। जटित ओपत आभूषन ॥
[1]रूर वारु कर नषनि। दष्षि भष्षित तन पूषन ॥
जिम जिम उचार अष्षत न्रपति। तिम तिम कीर करंत सुर ॥
भूलंत सुनत क्रत बेद बर। रस रसाल बानी सु फुर ॥
छं० ॥ ५२६ ॥

दूहा ॥ सहस छच बज्जन वहल। वहुल बंस विधि नंद ॥
एक सहस संषहधुनी। महल जानि जयचंद ॥ छं० ॥ ५२७ ॥

दसौंधी का कहना कि सब सरदारों के नाम गाम कहो।

दूहा ॥ तब तिन कवियन उच्चरिय। अहो चंद वरदाइ ॥
[2]पृथुक पृथुक नर नाम सभ। बरनिरु हमहि सुनाइ ॥
छं० ॥ ५२८ ॥

कवि चन्द का सब दरबारियों का नाम गाम और उनकी बैठक वर्णन करना।

पद्धरी ॥ राजिय सुसभा राजै सपंग। बिहु बांह पंति रंगह सुरंग ॥
सोभन्त सुरस सुर समय सार। हनि ह्रतअसुर दरबार भार ॥
छं० ॥ ५२९ ॥

दष्षिनिय अंग रयसल कमंध। तिन अंग बीरचंदह सुबंध ॥
जहवह भांन जुगरान वीर। कासह नरिंद रविबंस धीर ॥
छं० ॥ ५३० ॥

---

(१) ए.-रूर चारु कर नषनि, कृ.-रूचिरु रनि पनि, मो. उरट चारु कर नषनि।
(२) ए. कृ. को.-"पृथुक नाम नर नाम सब"।

बरसिंघ राव बघेघल सूर। [1]कठिया राय केहरि करूर॥
परताप वीर तेजंप नाथ। रा राम रेन राहप्प पाथ॥
छं० ॥ ५३१ ॥

केलिया बंध कट्ठी सु आस। करनाट भर काहप्प तास॥
सारंग भट्ट सुग्रीव भाव। मोरी मुवंद परमार राव॥
छं० ॥ ५३२ ॥

बीरंमराव नर पाल बीर। नरसिंघ कन्ह सम भुज गंभीर॥
सहदेव समह हरंसिघ बंक। मेहान इंद सद सार कंक॥
छं० ॥ ५३३ ॥

पूरज्जरांव चालुक्क देव। गोयंदराव परमार भेव॥
हम्मीर धीर परताप तत्त। परबत पहार पाहार सत्त॥
छं० ॥ ५३४ ॥

सचसाल अवधि पाटन नंरिंद। साषुला हीर भुज फर कंविद॥
हन्नू लंगूर रनबीर बाह। जसवंत उट्ठ द्रुग सबर नाह॥
छं० ॥ ५३५ ॥

बर बीरभद्र बघघेल मेर। नृप कृष्णराय सड्डन अरेर॥
श्री मकुंदराइ वीराधिधार। जै सिंघ सूर [2]आकार भार॥
छं० ॥ ५३६ ॥

भुज वाम वंक सेनी सधीर। आघात पात वज्जंग बीर॥
रठवरह सूर रावत्त राज। रनवीर धीर आवड्ड भ्राज॥
छं० ॥ ५३७ ॥

न्त्रप चंद्रसेन पांवार राव। न्त्रप भीमदेव आजान दांव॥
नरसिंघ सूर चालुक्क वीर। वर रुद्रसिंघ कंठी संधीर॥
छं० ॥ ५३८ ॥

श्री रामसेन राजेस राज। सांषुला देव दासह समाज॥
रा रामचंद्र रानिंग राव। हम्मीर सेन चतुरंग चाव॥
छं० ॥ ५३९ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-कठिसा। (२) कृ. को.-श्रांकार, ए.-स्राकार।

अट्टह सुदेव सारंग सूर। वीरंभ सवन घाती समूर ॥
जैसिंघ कमध आजानि पांनि। पंमार भीम रण सिंघ थान ॥
छं० ॥ ५४० ॥

अरजुन्नदेव निमकुल नरेस। आसोक राइ साहन सुरेस ॥
चंदेल वीरभद्दह सवीर। सहदेव वंक भुज धज गँभीर ॥
छं० ॥ ५४१ ॥

केहरी ब्रह्म चालुक्क वीर। हरिचंद तेज चहुआन नीर ॥
हरसिंघ राइ रजि पास वान। निसुरत्ति वीर ममरेजषान ॥
छं० ॥ ५४२ ॥

इतमीस[1]मीर वंहबल मसंद। [1]आरासषान पीरोज वंद ॥
कंमोदषान जहान भार। जुग वलिय अमिय अल्लिय करार ॥
छं० ॥ ५४३ ॥

महमुंद षान केलिय गंभीर। अबदुल्ल रोम राहिम्म मीर ॥
सल्लेम साहि [2]इसमित्त षान। [3]आरोज साहि असवद्द षान ॥
छं० ॥ ५४४ ॥

ढारंत चँवर जुग पच्छ भूप। हरि वीर रास सम वय सरूप ॥
ठट्ठौ सु दषिन कर मंचि राव। थट्टे मुकुंद पहु वाम थाव ॥
छं० ॥ ५४५ ॥

शिव राग होत हरि गुन [4]मिलंत। उर सुनत सत्त पत्तह [5]पिलंत ॥
श्रीकंठ सु गुर कवि कमल भट्ट। जुग जोर समुष कमधज्ज पट्ट ॥
छं० ॥ ५४६ ॥

जुग पुरुष आय बिनतिय समान। पठ्ठए नाथ तिरहुत्त थाम ॥

दसोंधी का दरबार में जाकर कवि की शिफारिस करना।

कवि गमत बहुर फिरि पंग तीर। सुनि गुन गंभीर कमधज्ज बीर ॥
छं० ॥ ५४७ ॥

---

(१) ए.-आरात। (२) ए. कृ. को.-इसमीर। (३) मो.-आरज्ज।
(४) कृ. ए.-सिलंत। (५) मो.-लिपंत।

कवि कमल विमल गुन अद्दरेस। अप्पियै अंषि निज वर नरेस॥
छं० ॥ ५४८॥

दूहा॥ * मंगल बुध गुरु सुक्र सवि। सकल सूर उड़दिट्ठ॥
आत पच धुअ जिम तपै। सुभि जयचंद बयट्ठ॥छं०॥ ५४६॥

नव रस सुनि हिठ अदिठरस। भाषा जंपि न्रपाल॥
सद्दह पत्त कुपत्त लिषि। गुन दरसी चयकाल॥ छं०॥ ५५०॥

कवि का एक कलश लिए हुई स्त्री को देख कर उसकी छबि वर्णन करना।

जान्यौ वर वरदाइयन। वर संचौ कविचंद॥
कंद्रप कितो कि और वर। लेत पीठ जैचंद॥ छं०॥ ५५१॥

चौपाई॥ दस दिस कवि संमुहौ उहाई। घट धरि बाल [1]कुरित्तन जाई॥
धरत सुधरि छाइं मुष [2]छाइया तिहि कविराज सु ओपम [2]पाइय॥
छं० ॥५५२॥

दूहा॥ वर उपजै विपरीति गति। रहत सहायक इंद॥
तत्त विरम्भि निवेस किय। [3]चित्तहि तत्तहि चंद॥छं०॥५५३॥

कवित्त॥ तहां सुदिष्षि कविचंद। चंद दह दह संजुत परि॥
पूरानन आनंद। जुद्ध मकरंद सुद्ध जुरि॥
म्रगा मीन गुन गनै। गुनह लज्जीत छिपाकर॥
तहां अपुब उप्पनौ। हीर चक्रवाक प्रभाकर॥
सज्जीव मदन बेली विहसि। बरकमोद सामोद घटि॥
संजोग भोग सम जोग गति। रति प्रमान मनमथ अनटि॥
छं०॥ ५५४॥

---

*यह दोहा मो. प्रति में इस छन्द पद्धरी के पहिले और दोहा छन्द ५१७ के बाद है।

(१) ए. कृ. को.-कुरित्तिन। (२) ए. कृ. को.-छाई पाई।

(३) ए. कृ. चित्तरि ततरि चंद।

कवि की विद्वत्ता का वर्णन।

दूहा ॥ भाषा घट नव रस पढ़त। वर पुच्छै कविराज ॥
संप्रति पंग नंरिंद कै। वर दरबार विराज ॥ छं० ॥ ५५५ ॥

भाष परिछा भाष छह। दस रस दुम्भर भाग ॥
वित्त कवित्त जु छंद लों। षग सम पिंगल नाग ॥छं०५५६ ॥

कवित्त ॥ भेद भाव गुन कला। सुनत आचिज कविंद घन ॥
नृपति वरन अनदिट्ठ। सभा सद विवह बचन घन ॥
छंद कवित पारस प्रचार। मुरधार नंदि सुर ॥
रस रसाल बानी [1]पुनंत। गय भज्जि उरह जुर ॥
दीरघ दरस्स कविचंद वर। सुनि नंरिंद कनवज्ज पति ॥
[2]अनि गुनिय कला गुन सष्यवै। सरसें वर धरि सरस मति ॥
छं० ॥ ५५७ ॥

कविचन्द का दरबार में बुलाया जाना।

दूहा ॥ प्रभु बोलिय कवि मझ्झ ग्रह। दरसि पंग असथान ॥
मनुं भान चरन नव ग्रस परसि। नक बैठो सुरथान ॥
छं० ॥ ५५८ ॥

राजा जैचन्द का ओज साज वर्णन।

कवित्त ॥ जिम सरद ससि व्यंब। तिम सु [3]महि छच विरज्जिय ॥
जिम सु भ्रम्म पव्वय। पविच [4]छोरनिधि जिम छज्जिय ॥
जग मंडिन जिम मुत्ति। कित्ति तानिय वितान तिम ॥
जिन सु सत्त [5]मय पुंज। सेत सुरतरु फुल्लिय तिम ॥
सित सहस पच विगसिय जिमसु। दुरद मत्त अलि सुम्मयौ ॥
अति तुंग सुधा रस राजग्रह। पिषत कव्वि द्रग भुल्लयौ ॥
छं० ॥ ५५९ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-सुनत। (२) ए. कृ.-अति।
(३) ए. कृ. को.-माछे। (४) ए. कृ. को.-छीर निधि। (५) मो.-मय

हेजम का अलकाव बोलना और कविचन्द का आशीर्वाद देना

दूहा ॥ हक्कान्यौ हेजम्म कवि। निकट बोलि नृप ईस ॥
सरसें बर संभारि करि। कवि दीनी आसीस ॥ छं० ॥ ५६० ॥

कवि का आशीर्वाद देना।

कवित्त ॥ जिम ग्रह पिति ग्रहपंति। जिम सु उड़पति तारायन ॥
मधि नाइक जिम लाल। जिम सु सुरपत नाराइन ॥
जिम विषयन संग मयन। सकल गुण संग सील जिम ॥
वरन मध्य जिम उगति। चित्त इन्द्रिय जालह तिम ॥
अनि अनि नरेस भर भीर सर। दारिम न्टप मंदिर मरिय ॥
दिख पंग पानि उन्नित करिय। सुकविचन्द आसिष्ष दिय ॥
छं० ॥५६१॥

बचनिका ॥ साहि भार साहि विभ्भार। बलिय साहि कंध कुहार ॥
सवर साहि मान मरदान। निवर साहि मान भूमि वरदान ॥
अदतार राइ अंकुस्स सीस। दातार राइ सरसोभ दीस ॥
सुक्कति राइ बाहन बरीस। विजैपाल सूय कनवज्ज ईस ॥

जैचंद की दराबरी बैठक वर्णन।

कवित्त ॥ मंगल बुध गुरू सोम। सुक्र सनि सोभ पास तप ॥
हत तप [1]धुतम नरिंद। पंग सोहीज मंडि जप ॥
सकल सूर बर सुभट। सुबर मंडिली विराजै ॥
द्रुग्ग देषि कविचंद। [2]सुभत सुरराज सुभाजै ॥
क्रंम वेन सम उच्चर्यौ। विरह तुंग द्रिगपाल तप ॥
क्रम अट्ठ अट्ठ षिटें सु बर। मध्य बीर मंडलिय अप ॥ छं० ॥५६२॥

जैचन्द की सभा की सजावट का वर्णन।

भुजंगी॥ सभा सोभियं बीर विजपाल नंदं। मनों मंडियं थान बिय इंद दंदं ॥
बरं थान थानं दुलीचै विराजै। तिनं देषि रंगं धनंपति लाजै ॥
छं० ॥ ५६३ ॥

(१) ए. कृ. को.-घुतम। (२) ए. कृ. को.-सुदित सुरनाथ सु भाजै।

गुंथे रत्त पट्टं सुई डोरि हेमं। मनो भूमि रविक्रंज मिल चलहि तेमं॥
जरे रत्त नीलं नगं पट्ट साही। मनो आवरे बंधु धर नील माही॥
छं० ॥५६४॥

ढरैं चोर सेतं झपै मोज ताही। तिनंकी उपम्मा कवीचंद भाही॥
मनुं आरुही भान लगि लग्गि आजं। डरं जान उग्गै रमै रथ्थ साजं॥
छं० ५६५॥

उठै छत्त पंगं उपम्मा समग्गं। मनो नौग्रहं मान तजि सीस लग्गं॥
कवीचंद राइं वरद्दाय वीरं। कला काम कल कोटि दिष्षी सरीरं॥
छं० ५६६॥

राजा जैचन्द को प्रसन्न देख कर सब दरबारियों का कवि की तारीफ करना।

दूहा॥ पंग पयंप्यौ कवि कमल। अमर सु आदर कौन॥
पुव नरेस परसंन दिट्ठि। सब जंपयौ प्रवीन॥ छं०॥ ५६७॥
चंद अग्ग प्रथिराज वर। हन्नौ फुनि फुनि एष॥
जिम जिम न्टप पुच्छै विरद। तिम तिम वढ़ै विसेष॥छं०॥५६८॥

पुनः जैचन्द का बल प्रताप और पराक्रम वर्णन

कवित्त॥ कोरि जोर दल प्रबल। अचल चल सुथिर थरथ्थर॥
नाग सु फनि फन सकुचि। कच्छ पुप्परिय परप्पर॥
चढ़त भान छावंत रेन। [1]गयनेव दसं दिस॥
दीपक ज्यौ वसि बात। आत पचं [2]आधारिस॥
कमधज्जराइ विजपाल सुअ। तो बर भूपति हय किसौ॥
बरदाइ चंद हैदेवि वर। जिसौ होइ अष्षै तिसौ॥ छं०॥५६९॥

इस समय की पूर्व कथा का संक्षेप उपसंहार।

प्रथम परसि संदेह। भयौ आनंद सबै जन॥
अरू गंगा जल न्हाय। पाप परहऱ्यौ ततच्छन॥

(१) ए. कृ. को. गयनेन दसंज्जिय।　　(२) ए. कृ. को.-आधारिय।

गयौ चदं दीवान। अनी बानी सु फुरंतौ ॥
सुफल हथ्थ सुष विरद। राय भिंथ्यौ सु तुरंतौ ॥
श्रुत सुनिय विरद पुच्छिय तुरत। संच पयंपहु भट्ट सुनि ॥
जिम जिम अचार ढिल्लिय न्त्रपति। तिम तिम जंपहि पुनह पुन ॥
छं० ॥ ५७० ॥

भुजंगी ॥ जहां आसनैं सूर ठट्टै सनाहं। जिनै जीति छितिराइ किय एक राहं॥
धरा अस्स दिगपाल धर धरनि षंडं। धरै छत्र सिर सोभ दुति कनक [1]डंडं॥
छं० ॥ ५७१ ॥

जिनै साजतें सिंधु गाहें सु पंगा। उनै तिमिर तजि तेज भाजै कुरंगा॥
जिनें हेम परवत्त सें सव्व ढाहे। [2]जिनें एक दिन अट्ठ सुरतान साहे॥
छं० ॥ ५७२ ॥

जसं जंपियं [3]सच्च सो चंद चंडं। जिनै थप्पियं जाय तिरहूत पिंडं ॥
जिनै [4]दष्षिनी देस अप्पै विचारै। जिनैं उतर्‍यौ सेतवंधं पहारै॥
छं० ॥ ५७३ ॥

जिनैं करन डाहाल दुअ बान वेध्यौ। जिनैं सिद्ध चालुक्क कय वार षेध्यौ॥
तिनं दिन्न जुद्ध भिरै भूमि रुंडं। वरं तोरि तिल्लंग गोआल कंडं ॥
छं० ॥ ५७४ ॥

जिनै छिंडियौ बंधि इक गुंड जीरा। ग्रहे लिद्द वैरागरें सव्व हीरा ॥
जिने गज्जने सूर साहाव साही। तिने मोकल्यौ सेव निसूरत्ति भाहीं॥
छं० ॥ ५७५ ॥

वरं भुल्लि भष्षी षनं जोव रोरै। तहां रोस कै सोस दरिया हिलोरै॥
जिनैं वंधि षुरसान किय मीर बंदा। इसौ [5]रट्ठवर राय विजपाल नंदा
छं० ॥ ५७६ ॥

जहां वंस छत्तीस आवैं हकारे। परं एक चहुआन षुमान टारै ॥
छं० ॥ ५७७ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-दंड। [२] मो.-जिते। [३] ए. कृ. को.-सच्च।
[४] ए. कृ. को.-दछिन। [५] मो.-रिटवरं।

पृथ्वीराज का नाम सुनतेही जैचन्द का जल उठना।

दूहा ॥ सुनत न्त्रपति रिपु कौ वयन। तन मन नयन सु रत्त ॥
दिय दरिद्र मंगन घरह। को मेटै विधिपत्त ॥ छं० ॥ ५७८ ॥
रतन वुंद वरषै न्त्रपति। हय गय हेम सु हद्द ॥
लग्गि न वुंद सु मग्ग तन। सिर पर छत्र दरिद्द ॥ छं० ॥ ५७९ ॥

पुनः जैचन्द की उक्ति कि हे*वरद्द दुवला क्यों है ?।

मुह दरिद्र अरु तुच्छ तन। जंगलराव सु हद्द ॥
वन उजार पसु तन चरन। क्यों दूवरौ वरद्द ॥ छं० ॥ ५८० ॥

कवि का उत्तर देना कि पृथ्वीराज के शत्रुओं ने सब घास उजार दी इसी से ऐसा हूं।

कवित्त ॥ चढ़ि तुरंग चहुआन। आन फेरीत परद्धर ॥
तास जुद्ध मंडयौ। जास जानयौ सवर वर ॥
केइक तकि गहि पात। केइ गहि डार मूर तरु ॥
केइत दंत तुछ चिन्न। गए दस दिसनि भाजि [1]डर ॥
भुअ लोकत दिन अचिरिज भयौ। मान सवर वर मरदिया ॥
प्रथिराज षलन पड्डौ जु पर। सु यों दुव्वरौ वरद्दिया ॥
छं० ॥ ५८१ ॥

पुनः जैचन्द का कहना कि और सब पशु तो और और कारणों से दुबले होते हैं पर बैल को केवल जुतने का दुःख होता है। फिर तूं क्यों दुबला है।

हंस न्याय दुव्वरौ। मुत्ति लभ्भै न चुनंतह ॥
सिंघ न्याय दुव्वरौ। करौ चंपे न कंठ कह ॥

(१) ए. कृ. को. कर।

* "बरद्द" शब्द के दो अर्थ होते हैं एक बरदाई दूसरा बैल। अब भी बैसवाड़े में बैल को बरधा, बरध या बधिया इत्यादि कहते हैं।

अग्ग न्याय दुब्बरौ। नाद बंधियै सु बंधन ॥
छैल छक्क दुब्बरौ। चिया दुब्बरी मीत मन ॥
आसाढ़ गाढ़ बंधन धुरा। एकहि गहि ह हरदिया ॥
जंगर जुरारि उज्जर षर न। क्यों दुब्बरो बरद्दिया ॥ छं० ॥ ५८२ ॥

धुरै न लग्गी आरि। भारि लद्यौ न पिट्ठ पर ॥
गज्जवार गंमार। गही गट्ठी न नथ्थ कर ॥
भम्यौ न कूप भावरी। कबंहुक सब सेन रुत्तौ ॥
पंच धार ललंकारि। रथ्थ सथ्था नह जुत्तौ ॥
आसाढ़ मास बरषा समै। कंध न कहों हरद्दिया ॥
कमधज्ज राव इम उच्चरै। सु क्यौं दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं० ॥५८३ ॥

पुनः कवि का उपरोक्त युक्ति पर प्रत्युत्तर देना।

फुनि जंपै कविचंद। सुनौ जैचंद राज वर ॥
धुरै आर किम सहै। भार किम सहै पिट्ठपर ॥
नथ्थ हथ्थ किम सहै। कूप भाँवरि किम मंडै ॥
है गै सुर बर सुधर। स्वामि रथ भारथ तंडै ॥
बरषा समान चहुआन कै। अरि उर बरह हरद्दिया ॥
प्रथिराज षलनि षद्यौ सु षर। सुइम दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं० ॥५८४

प्रथम नगर नागौर। बंधि साहाब चरिग तिन ॥
सोझंत्ते भर भीम। सीम सोधीत सकल बन ॥
मेवाती मुगल महीप। सब्ब पचजु षद्दा ॥
ठट्ठा कर ढिल्लिया। सरस संमूर न लद्दा ॥
सामंत नाथ हथ्थां सु कहि। लरिकैं मान मरद्दिया ॥
प्रथिराज षलन षद्यौ सु षर। यौं दुब्बरौ बरद्दिया ॥ छं०॥५८५ ॥

कवि के वचन सुन कर जैचंद का अत्यंत कुपित होना।

सुनत पंग कबि बयन। नयन श्रुत बदन रत्त वर ॥
भुवन बंक रद अधर। चंपि उर उससि सास झर ॥
कोप कलंमलि तेज। सुनत विक्रम अरि क्रम्मह ॥
सगुन विचार कमंध। दिष्षि दिस चंद सु पिम्मह ॥

आदर सुभट्ट राजिंद किय, अंग ए डाइ वित्तारि कर ॥
मन मिलत मोहि संभरि धनिय। कही वत्त मुष निरद वर ॥
छं० ॥ ५८६ ॥

कवि का कहना कि धन्य हैं महाराज आप को। आपने मुझे वरद पद दिया। वरद की महिमा संसार में जाहिर है।

जिहि वरद चढ्ढि कै। गंग सिर धरिय गवरि हर ॥
सहस मुष्प संपेषि। हार किन्नौ भुजंग गर ॥
तिहि भुजंग फन जोर। झोलि रष्पौ वसुमत्तिय ॥
वसुमत्ती उप्परै। मेरगिरि सिंधु सपत्तिय ॥
ब्रह्मंड मंड मंडिय सकल। धवल कंध करता पुरस ॥
गरुअत्त विरद पहुपंग दिय। क्रपा करिय भट्टह सरिस ॥
छं० ॥ ५८७ ॥

जैचन्द का कहना कि मुझे पृथ्वीराज किस तरह मिले सो बतलाओ।

दूहा ॥ आदर किय न्रप तास कौं। कह्यौ चदं कवि आउ ॥
[1]मिले मोहि ढिल्लिय धनी। सु वत कहिग स मझाउ ॥ छं० ॥५८८॥

राजा जैचन्द का कहना कि पृथ्वीराज और हम सगे हैं और तुम जानते हो कि सब राजा मेरी सेवा करते हैं।

उनि मातुल मुहि तात कहि। नित नित प्रेम वढंत ॥
जिम जिम सेव स अद्दरिय। तिम तिम दान च्ढंत ॥ छं० ॥ ५८९॥
सोमेसं पानिग्गहन। जब ढिल्ली पुर कीन ॥
हम गुरजन, सब बत्त करि। बहु धन मंग सु लीन ॥ छं० ॥ ५९० ॥
कै कमान सद्धौ सु इह। सुन्यौ न विजय नरिंद ॥
सब सेवहि पहु हमहि न्रप। सो तुम सुनि कविचंद ॥छं०॥५९१॥

[१] मो.-मिले. न मुहि।

कविचन्द का कहना कि हां जानता हूं जब आप दक्षिण देश को दिग्विजय करने गए थे तब पृथ्वीराज ने आपके राज्य की रक्षा की थी।

पद्धरी ॥ अवसर पसाउ सुनि पंगराव। तुअ तात मात द्रिगविजय चाव ॥
तुम दिवस लग्गि दच्छिनह देस। तब लग्ग मेछ [1]इथ्थह प्रवेस ॥
छं० ॥ ५९२ ॥

सामंत नाथ तपि तोन बंधि। संहर्‍यौ साहि सब सेन संधि ॥
दामित्त रूप छत्ती कुलाह। सामंत सूर दुहु विधि दुवाह ॥
छं० ॥ ५९३ ॥

अन पुच्छि करै ग्रिह राज काज। कुल छच पंड चहुआन लाज ॥
[2]सिंगिनि समथ्थ सर सबद बेध। जिन करहु राव उन मिलन षेध॥
छं० ॥ ५९४ ॥

हिँदवान जेन लग्गीय धाय। उहि छिच कौन द्रिग विजै राइ ॥
मानिक्कराव दुअ बंस सुद्ध। रघुवंसराव जिमनि किन दुद्ध ॥
छं० ॥ ५९५ ॥

मुकल्यौ तोहि दिष्षनि बरीति। राज सु जेम मंड्यौ प्रवीति ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ५९६ ॥

जैचन्द का कहना कि यह कबकी बात है आह यह उलहना तो आज मुझे बहुत खटका।

कवित्त ॥ कहै पंग सुनि चंद। येह वितक किम वित्तौ ॥
किम गोरी सुरतान। भार भर थंभर जित्तौ ॥
कौंन समै इह वत्त। घत्त षेल्ली किम गोरी ॥
यादिन ही सुहि परम। परी बत्ता सब भोरी ॥
कहि कहि सु चंद मम ढील करि। राज पयंपत पुनह पुन ॥
[3]तब कह्यौ चंद वचनह विवर। एह कथ्थ संमूल सुनि ॥ छं० ॥५९७॥

(१) ए. कृ. को.-हथ्थह। (२) मो.-संगानि। (३) ए. कृ. को.-तब कही चंद वरदाइ ने।

कवि का उक्त घटना का सविस्तर वर्णन करना।

संवत तीस चिआर। विजय मंड्यौ सुपंग पह ॥
जीति देस सब अवनि। लीन करमथ्थ हिंदुसह ॥
[illegible]सि दच्छिन संपत्त। कोपि गोरी सहाव तब ॥
[illegible] बुद्धि वर अप्प। वोलि उमराव मीर सब ॥
तत्तार षान षुरसान षां। षां रुस्तम [1]कालन गनिय ॥
जेहान मीर मारूफ षां। वोलि मंत मंचह मनिय ॥ छं० ॥ ५९८ ॥

शहाबुद्दीन का कन्नौज पर चढ़ई करने का मंत्र करना।

गुज्झ महल साहाव। दीन सुरतान सपत्तौ ॥
मंडि मंत एकंत। वोलि उमरावन तत्तौ ॥
इह काफर वरजोर। जीति अवनीय अप्प किय ॥
तेज अनंत मति अनँत। सेन सज्जै भर वंकिय ॥
आए सु साज कंगुर करषि। करन सेव को देन कर ॥
वर जोर हिंदु सा दीन पहु। घटै न रंचि सु वुद्ध [2]नर ॥
छं० ॥ ५९९ ॥

मंत्रियों का कहना कि दल पंगुरा वड़ा जबरदस्त है।

कहिय षान तत्तार। साहि साहाव दीन सुनि ॥
विषम जोर वर हिंद। जीति पहुपंग अप्प फुनि ॥
मिले सेन सुरतान। [3]मलिक अनेक द्रव्य भर ॥
द्रव्य पानि पथ्थार। संकरि सब वस्य अप्प पर ॥
गहि कोट सज्जि गज्जन सुवर। आतम चरित [4]अनेक करि ॥
आवंत पंग साधर सयन। [5]लरि मनमथ्थ पिथाज अरि ॥
छं० ॥ ६०० ॥

---

(१) ए. कृ. को.-तालन यह नाम महोवे के चंदेल राजा परिमाल के दरबारी एक मुसलमान सरदार का भी है।

(२) ए. कृ. को.-बर। (३) ए. कृ. को.-मिलक।

(४) ए. कृ. को.-अनंत। (५) ए. कृ. को.-जीरे मनमथ पिय थान लरि।

शाह का कहना कि दिल छोटा न करो दीन की दुहाई बड़ी होती है।

कहै साहि साहाव। अहो तत्तारषान सुनि ॥
षुरासान रुस्तमां। जमन मारुफ षान गुनि ॥
काल जमन जेहान। सुनौ बर बत्त चित्त तुम ॥
मंत सत्त सुद्धरौ। दीन नन हीन करौ क्रम ॥
सजि सेन चढ़ौ कनवज्ज धर। भंजि देस सम पुर सयल ॥
हरि(१) रिद्धि बंधि नर नारि धर। आतस जालिय अप्प बल ॥
छं० ॥ ६०१ ॥

दूहा ॥ सज्जि सेन (१)साहन(२)समुद। गज्जनवै सुरतान ॥
बोलि मीर गंभीर भर। भंजि देस थन थान ॥ छं० ॥ ६०२ ॥

शहाबुद्दीन का हिंदुस्तान पर चढ़ाई करना और कुंदनपुर के पास स्यासिंह बघेले का उसे रोकना।

पद्धरी ॥ मिलि सेन साहि आलम असंष। गंभीर मीर दिढ़ तीर नंषि ॥
अमंति दंति घन बज्जि सार। आगाढ़ स्याम बद्दर सु ढारि ॥
छं० ॥ ६०३ ॥

वर तुरिय तेज अग्गल उभ्भाव। उत्तंग अंग (३)जिम वेग वाव ॥
सजि लष्ष चढ़े गोरीस सेन। रज्जे सु बाज बज्जे सु गेन ॥ छं० ६०४ ॥
धज नेज झंड हल्ले अनंत। बहुरंग अंग लभ्भै न अंत ॥
षह पूरि धूरि धुंधुरिग भान। दिसि विदिसि पूरि मंनिय नमान ॥
छं० ॥ ६०५ ॥

गहरह सुमंत सुनियै न कान। संचार बत्त संचरहि थान ॥
संपत्त सेन कनवज्ज देस। भंजिए नयर पुर ग्रमनेस ॥ छं० ६०६ ॥
बंधियहि बांधि गोचीय बाल। धर जारि पारि किज्जै विहाल ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ ६०७ ॥

(१) ए. कृ. को.-साहिन। (२) ए.-समुह। (३) ए. कृ. को.-तनि।

कवित्त ॥ कुंदन पुर वघेल। राय रयसिंघ सिंघ रन ॥
आगम साहि सहाव। सेन सज्जिय [1]वीरह तिन ॥
सहस उभै साहन। समुंद दस सहस पयभ्भर ॥
वंधि नारि नग ढारि। रह्यौ निज सेन सज्जि वर ॥
आवंत सेन रुक्यौ सकल। भयौ जुद्ध हरि उग्ग मनि ॥
परसै न सुदल रोक्यौ सकल। भयौ जुद्ध अद्भुत्त तिन ॥ छं० ६०८।

हिन्दू मुसलमान दोनों सेनाओं का युद्ध वर्णन।

भुजंगी ॥ चली अग्र चौकी सु साहाव सायं। अगें गज्ज चालीस मत्ते महायं॥
अगें हथ्थनारी उभारी उतंगा। सयं सत्त सासद वादी सु चंगो ॥
छं० ॥ ६०९ ॥

सहस्संच पंचं गजं वाज पूरं। महावीर वाजिच वज्जे करूरं ॥
मिली फौज हिंदू तुरक्कीस तेजं। कहै सूर रैसिंघ अप्पं अजेजं ॥
छं० ॥ ६१० ॥

सरं टून छुट्टै सुभारं उभारं। सरा पंजरं पंथज्यों पंड चारं ॥
हकै हक्क वज्जी भरं टून टूनं। चपे सिंघ न्रसिंघ हक्कं सजूनं ॥
छं० ॥ ६११ ॥

भगी साहि चौकी चंपे सिंघ रायं। परे मीर भीरं सयं तीन घायं ॥
महा आय गज्जे सु मैदान सिंघं। भगे मीर मारूफ करि जेम जंगं॥
छं० ॥ ६१२ ॥

हके कड्डि तत्तार कत्तार तिष्षं। भली मुच्छ भोहैं भई रत्ति अंषं ॥
करैं फौज अग्गै चल्यौ गज्जि गोरी। चवै दीन दीनं लषै झल्लि षोरी॥
छं० ॥ ६१३ ॥

मिलै आवधं मीर हिंदू करारे। धुरं भ्रुव्व तुट्टै उभै सार धारै ॥
झरं आवधं आवधं झाक बज्जै। बजै बीर वाजिच गोमेंन गज्जै ॥
छं० ॥ ६१४ ॥

धरा कार [2]लोहं रसं रुद्र मत्तं। उभै हार मन्नै नहीं आय अंतं॥

(१) ए.-वारह। (२) ए.-मोहं।

मिली दिठ्ठ तत्तार रैसिंघ दूनं। मिले घाय सायं षुलै पग्ग ऊनं॥
छं० ॥ ६१५ ॥

करै दिठ्ठ तत्तार कम्मान मुठ्ठी। कसे बान गोरी महा दठ्ठ दिठ्ठी॥
लगे जर सीसंग फुट्टे परारं। हंसे भार संगी हयौ षान सारं॥
छं० ॥ ६१६ ॥

लगे बाहु ग्रीवा समं घाय सालं। पर्यो षान तत्तार बाजी विहालं॥
हयौ सिंघ कालन्न मीरं सनेजं। पर्यो राय रनसिंध रन अंत सेजं॥
छं० ॥ ६१७ ॥

भगो फौज हिंदू जुधं जीति मीरं। धर्यौ षान तत्तार भोरी सु तीरं॥
छं० ॥ ६१८ ॥

मुस्लमानी सेना का हिन्दू सेना को परास्त कर देश में लूट मार मचाते हुए आगे बढ़ना।

दूहा ॥ परे हिंदु सय तीन धर। सत्त पंच पर मीर॥
गुर गुस्ताना नंचिया। बजि बाजिच गुहीर॥ छं० ॥ ६१९ ॥

संझ ढाल तत्तार षां। धरि आयौ माहाव॥
साज सज्जि चर्ल्यौ सु फुनि। जनु उलौ (१)दरियाव॥ छं० ॥ ६२० ॥

भंजि रयन पुर लूटि निधि। बजि बाजिच निहाय॥
अलहन सागर उत्तरिय। बंधि तत्तार सु घाय॥ छं० ॥ ६२१ ॥

नागौर नगर में स्थित पृथ्वीराज का यह समाचार पाकर उसका स्वयं सन्नद्ध होना।

दिसि दिसि धाह जु संचरिय। भगिय प्रजा तजि देस॥
सुनिय बत्त नागौर पहु। चढ़ि प्रथिराज नरेस॥ छं० ॥ ६२२ ॥

---

(१) मो.-दधि आव।

पृथ्वीराज का सब सेना में समाचार देकर जंगी तैयारी होने की आज्ञा देना ।

कवित्त ॥ सुनिय वत्त प्रथिराज । चढ़्यौ चहुआन महाभर ॥
बोलि कन्ह चहुआन । राय बरसिंघ सिंघ बर ॥
बोलि चंदपुंडीर । बोलि बघघेल्ल सु लष्षन ॥
लोहानौ आजानबाह । मिलयौ सु ततच्छिन ॥
गुज्जरह राम जिन बंध सम । चालुक बीझ सु भीम भर ॥
हाहुलिराव हम्मीर हर । मिलिय सेन दस सहस सर ॥छं०६२३॥

दूहा ॥ अवर सेन सामंत मिलि । चढ़्यौ राज प्रथिराज ॥
गाजि गुहिर बाजिच बजि । सज्जि सयन [1]जुध साज ॥ छं०॥६२४॥

कुमक सेना का प्रबंध ।

कवित्त ॥ बोलि चंद चंडौस । दीन आयस प्रथिराजहु ॥
तुम पट्टपुर जाहु । [2]जहां तिथि मंचिय काजह ॥
लै आवहु कैमास । राइ चामंड महाभर ॥
हैवर पष्षर सूर । सज्जि आतुर सु जुभ्झ हर ॥
कहियौ सु वत्त साहाब सब । भंजि देस कनवज्ज इन ॥
षिन पंग हिंदु मिरजाद मिटि । आवहु आतुर षेत रिन ॥
छं० ॥ ६२५ ॥

पृथ्वीराज का सारुंडे के मुकाम पर डेरा डालना जहां से शाही सेना केवल २८ कोस की दूरी पर थी ।

दूहा ॥ पठय चंद पट्टपुरह । चढ़्यौ राज चहुआन ॥
आतुर बहिय अवधि न्रप । सारुंडै सुसथान ॥ छं० ॥ ६२६ ॥
जाइ चंद पट्टपुरह । कहिय षबर कैमास ॥
चढ्यौ सु अप्पन सुनत हीं । आनि संपतौ पास ॥ छं० ॥ ६२७ ॥

---

(१) ए.-सुध ।　　(२) ए. कृ. को.-जहां थिति मांची कैमासह ।

सारुंडै चहुआन पहु। संपत्तौ बरबीर ॥
सुनिय बत्त [1]सुरताान की। जोजन सित्तह [2]तीर॥ छं० ॥ ६२८ ॥

पृथ्वीराज की सेना का ओज वर्णन।

भुजंगी ॥ स्वयं चढ्ढियं सेन प्रथिराज राजं। बजे बीर बाजिच [3]आयास गाजं॥
धुअं सीस सामंत सूरं सुधारे। भरं बंधियं राग रज्जे करारे॥
छं० ॥ ६२९ ॥
तुरी सद्द उत्तंग षुंदै धरन्नी। मनो छुट्टियं मेघ सेना सुरन्नी॥
पुरं जाइ संपत्त सो संकराई। सबें उत्तरे बाग मध्ये सु भाई॥
छं० ॥ ६३० ॥

चंद पुंडीर का कहना कि रात को छापा मारा जाय।

दूहा ॥ चवै चंड पुंडीर तब। अहो राज चहुआन॥
निसा जुड सज्जिय समय। भंजिय सेन परान॥ छं० ॥ ६३१ ॥

पृथ्वीराज का सात घड़ी दिन रहते से धावा करके आधी रात के समय शाही पड़ाव पर छापा जा मारना।

कवित्त ॥ मानि मंत चहुआन। मंत पुंडीर चंद कहि॥
घटिय सत्त दिन सेष। राज सज्जिय सु सेन सह॥
चल्यौ राज प्रथिराज। नद्द नीसान बीर सुर॥
कीन दान तं हान। सूर सामंत सब्ब भर॥
सन्नाह सब्ब सेना धरिय। निसा अड्ड पत्ते सु पुर॥
हल्लाल हल्लि सय सत्ति दुति। चढ़ि चौकी गोरी गहर ॥छं०॥६३२॥
दूहा ॥ चौकी चढ़ि षुरसान षां। सहस सत्ति हय रज्जि॥
उभय सत्त गज मद गहर। गुरु सनाह हय रज्जि॥ छं० ॥ ६३३ ॥
घोटक ॥ चढ़ि सज्जि सबैं प्रथिराज भरं। पर चौकिय [4]चंपिय हक्कि हरं॥
भर बज्जिय आवध रीठ सुरारि। मनों बन कूटहि कट्ठि कवारि॥
छं० ॥ ६३४ ॥

(१) ए. कृ. को.- चहुआन। (२) मो.-नीर।
(३) ए. कृ.-अकास। (४) मो.-चंपय।

दोनों सेनाओं का घमासान युद्ध होना और मुसलमानी सेना का परास्त होना।

उलक्किय चंपिय छूर सुधीर। मद्धा भर सामँत विभ्रम वीर॥
मद्धा पर चंपिय चौकिय काल। ठिलै भर भग्गिय मिच्छ बिहाल॥
छं०॥ ६३५॥

कपंकव सद्द सु मच्चि करार। सुन्यौ सुरतान भजे दल भार॥
वजे मुष मारि चँपे चहुआन। लरे मक्कि अप्पह मेछ अपानं॥
छं०॥ ६३६॥

छवक्कहि धक्कहि सेलहि संग। पटा भर झार विडारिय अंग॥
वहै किरमाल सुचाल सुभेद। मनों सुभ सार करव्वत छेदि॥
छं०॥ ६३७॥

परे सिर नंचत उट्ठक मंध। करे रिनषंड सु धार विसंद॥
घलक्कत स्रोन नदी जिम घाल। परे गज बाल भरे रन ताल॥
छं०॥ ६३८॥

करप्पत केस सु एकहि एक। परे रन रिंघहि तुट्टि सुतेक॥
तरप्फत उट्ठन लग्गत कंठ। सुछुट्टिय घाव करै दिठ मुंठि॥
छं०॥ ६३९॥

लरक्कर लग्गहि कंठ करीति। मनों मतवार लरै रस मीत॥
किनक्कहि बाजिय बीर सुभार। [1]फिरें गज भीर करंत चिक्कार॥
छं०॥ ६४०॥

लष्यौ पतिसाह सु चंद पुंडीर। हयौ हिय सेल भगी भर भीर॥
भग्यौ रन सेन सहाव सचस्सि। निकस्सिय सक्कि दिसा [2]अवदस्सि॥
छं०॥ ६४१।

रह्यौ पतिसाह इकल्लो वीर। भयो जिम मीन गयै सर तीर॥
धरी गर सिंगनि चंद पुंडीर। सयो पतिसाह सु बंधिय बीर॥
छं०॥ ६४२॥

(१) ए. कृ. को.-परै। (२) ए. कृ. को.-अवदिस्स।

चंद पुंडीर का शाह को पकड़ लेना।

दूहा ॥ भाग्यौ सेन साहाब गिरि। इक्कल्लौ गह्यि सार ॥
गह्यौ चंद पुंडीर परि। हय कंधह्यि दिय डारि ॥ छं० ॥ ६४३ ॥
भगे सेन साहाब रन। उग्गि सूर सुविहान ॥
अठ सहस धर मीर परि। पंच कोस रन थान ॥ छं० ॥ ६४४ ॥

पृथ्वीराज का खेत झरवाना और लौट कर दर पुर में मुकाम करना।

सोधि सु रन प्रथिराज पहु। [1]दरपुर कीन मुकाम ॥
लुट्टि रिद्धि चिय गोस धन। जुरि जस लद्धौ ठाम ॥ छं० ॥ ६४५ ॥

पृथ्वीराज का शाह से आठ हजार घोड़े नजर लेना।

दंड कियौ सुरतान सिर। अट्ठ सहस हय सब्ब ॥
घत्ति सुघासन पट्ठ घर। गज्जिय पिथ्थ सु गब्ब ॥ छं० ॥ ६४६ ॥

कविचंद का कहना कि पृथ्वीराज ने इस प्रकार शाह को परास्त कर आप का राज्य बचाया।

इम गज्जनवै गंजि पिय। जस लिन्नौ षल मारि ॥
सरवर सक संभरि धनी। कोइ न मंडी रारि ॥ छं० ॥ ६४७ ॥

जैचन्द का कहना कि पृथ्वीराज के पास कितना औसाफ है।

कितक सूर संभरि धनी। कितक देस [2]दल बंधि ॥
कंगुरौ देस दल लीन ढाहि। कीनी सु एक पिच वट्ट राह ॥
परमार धीर रिनधीर सथ्थ। मेवात बंधि मुग्गल अकथ्थ ॥
छं० ॥ ९४६ ॥

जद्दव सु जाम पीची प्रसंग। लीनें सु देस अवनी पुलिंग ॥
हाहुलिराय कंगुर नरेस। लीए सु सत्त पतिसाह देस ॥
छं० ॥ ९४७ ॥

जंघार भीम उड़गन सु सोह। रिन जुद्ध बीर संकर अरोह ॥
सारन्न राइ मोरी भुआल। कट्ठिया राइ जिन किद्ध काल ॥
छं० ॥ ९४८ ॥

तेजलह डोड परिहार रान। भिड़ एक तेक बंदै सु भान ॥
गुजरात धनी सागौत गौर। आरनि सु माहि बंधंत मौर ॥
छं० ॥ ९४९ ॥

परिहार एक तारन सुरुप्प । कर सलय लोय सेना समप्प ॥
वारड़ सुधीर सहसौ करन्न । वरियाति वीस हुअ छिन्न भिन्न ॥
छं० ॥ ९५० ॥

चहुआन एक अततोइ रूप । कालिंज राइ बंध्यौ अनूप ॥
बलिराइ एक भारथ्थ भीम । कूरंभ राव चंपेव सीम ॥छं०॥९५१॥
भौंहां चंदेल जिन बंधराज । पानीय पंथ प्रथिराज काज ॥
गुज्जरह राम धूवत ससान । मारयौ जेन आलील षान ॥
छं० ॥ ९५२ ॥

चंदेल माल थट्टा अरोह । साधियौ वीर जनचंद मोह ॥
रस सूर रोह मेरह समान । जिन हेम प्रवत लिय जोर पान ॥
छं० ॥ ९५३ ॥

मंडलीक राव बघ्घह अरोह । आवद्ध एक चिस्सूल सोह ॥
पूरन्न माल षल हंड षेत । जिन सूर दीन सत अश्वसेत ॥छं॥९५४॥
धावरह धीर सामंत राज । जिन जीव एक प्रथिराज काज ॥
हाडौ हमीर सथ्थें कुलाह । बंधयौ जेन गिरि पातिसाहि ॥छं॥९५५॥
रावत्त रास सामंत सूर । जिन द्रिग्ग देषि नट्ठे करूर ॥
जावलौ जल्ह रिनतूर वज्जि । लिय बंधि जेन इकतीस रज्जि ॥
छं० ॥ ९५६ ॥

चालुक्क एक भारो जु सोह । लीयें जु फिरै इक सहस लोह ॥
बग्गरी बघ्घ षेता षँगार । रिनथंभ तेन करि मार मार ॥ ९५७ ॥
दाहिम सुभट्ट संग्राम धाम । मारयौ वरुन करुना सु काम ॥
मंडलीक [1]कंकवे सेल चंद । बंधयौ जेन भौमह नरिंद ॥छं०॥९५८॥
परमार सूर सामल नरेस । रिन संभ अटल दल असहेस ॥
परमार कनक पछवान लीन । प्रथिराज ग्राम दस सहस दीन ॥
छं० ॥ ९५९ ॥

संजम हराय बर जुड्ढ नेस । षोडस्स दान दिय वाल वेस ॥
चाटौ जु टांक बैठौ नरिंद । देषंत जानि धुअ रूप इंद ॥ छं०॥ ९६०॥

(१) ए. कृ. को.-कंसवे ।

विरसन्न इसौ चाटंत सेन। रिन जुवत सेन उड्डुंत रेन॥
साषुलौ सहस मलनेत बंध। दस सहस ग्राम पट्टैति बंध॥
छं०॥ ९६१॥

विक्रमादित्य कमधज्ज राइ। जिन देस भोग लीयात नाय॥
भुज राज सुभट दो सहस सेन। बंधिया राइ अवधूत तेन॥
छं०॥ ९६२॥

मोरीति सुभट सादल नरिंद। कंठिया राव वासीति हिंद॥
वघेल सूर सोहंत सेन। लिन्नौय षग्ग बल दष्षि नेन॥
छं०॥ ९६३॥

लंगरिय राव सथ्थह भुआल। अध देस दिद्व व्याघात काल॥
पुंडीर चंद सोहंत सथ्थ। किरनाल नेच कीनी अकथ्थ॥
छं०॥ ९६४॥

परिहार सुअन तारन सु सोह। देषंत अछर करि मोह सोह॥
केहरिय मल्हनासह विधूस। बधनौर वास सत जाइ भूम॥
छं०॥ ९६५॥

हरिदेव सहस सामंत रूप। जहव सु जाज अवनी अकूप॥
उहठी गंभीर सोहंत एह। रज रीति रूप रष्षीति रेह॥
छं०॥ ९६६॥

सामंत राइ पुहकर समथ्थ। जिन लीन दिल्लि जीधान कथ्थ॥
दाहिमौ कन्ह समियान गट्ठ। बंधि लिय राय सोक तल वट्ठ॥
छं०॥ ९६७॥

चहुआन पंचाइन सहस सेन। चलंत सथ्थ उड्डंत रेन॥
परिहार इसौ रिनधीर सोह। रिंन चढ़ै जन्म जालिंम लोह॥
छं०॥ ९६८॥

सामंत सित्त पंगुर नरेस। तिन पिट्ठ सूर सत्तह कहेस॥
तिन पिट्ठ सूर सुभटह हजार। रिन जुद्ध करंतह मार मार॥
छं०॥ ९६९॥

सामंत एक बुंदह सु जत्त। उठंत वीर घरि एक सत्त॥

जुध करहि सूर धड़ मचहि सार। मस्तकहि पिठ्ठ करै मार मार ॥
छं० ॥ ९७० ॥

पंगुरै देषि चित चक्रित नाथ। असमान सीस लगि ढिल्ल नाथ ॥
डेरौ सुदीन चयक्रोस माहि। जे लिए रखत उत्तंग साह ॥
छं० ॥ ९७१ ॥

अन्नेक कमल अन्नेक रूप। रह वास थान तल उंच रूप ॥
कनवज्जराय तब उठ्ठि चल्लि। रायान राय साषा न हल्ल ॥छं०॥९७२॥

दस लष्ष रष्षि चौकी भुआल। इंद्र रूप दरस सेवंत काल ॥
प्रथिराज प्रात कीनौ पयान। दस लाष वींटि परि परस [1]भान ॥
छं० ॥ ९७३ ॥

जैचन्द का हुक्म देना कि पड़ाव घेर लिया जाय, पृथ्वीराज जाने न पावे।

कवित्त ॥ कहि सब कनवज राइ। भज्जि प्रथिराज जाइ जिन ॥
असिय लष्ष हय दलह। षबरि किज्जै सु षिन्नषिन ॥
हसिय सव्व सामंत। रोस प्रथिराज उहासै ॥
मिलिय सेन रघुबंस। चंद तब भट्ट प्रगासै ॥
इह दैत्य रूप जुध मंगिहै। आज नीक परतह बहै ॥
कनवज्ज नाथ मन चिंत इह। जुध अनेक बल संग्रहै ॥छं०॥९७४॥

पहचान्यौ जयचंद। इहत दिल्ल सुर लिष्यौ ॥
नहिय चंड उनिहार। दुसह दारुन तन दिष्यौ ॥
कर संग्यौ करिवार। कहैं कनवज्ज मुकुटमनि ॥
हय गय दल पष्षरहु। भाजि प्रथिराज जाइ जिन ॥
इत्तनौ सोच भुअपति उठ्यौ। सुनि नरिंद किन्नौ न भौ ॥
सामंत सूर हसि राज सों। कहै भलौ रजपूत भौ ॥ छं० ॥ ९७५ ॥

इधर सामंतों सहित पृथ्वीराज का कमरें कस कर तैयार होना।

(१) ए. कृ. को.-पसिमान।

धनि धनि धनि सामंत। सूर कहि राज इंद वर॥
निरषि हरषि कर करषि। परषि कनवज्ज जाय तर॥
निरभै सोम सिंगारं। करन कलहंत मंत मनं॥
नरनि नाह कन्हह कमंध। उच्चऱ्यौ वीर तन॥
आभासि अवर आनन सुभट। यट्ट मंति चट्टे चलन॥
करि साथ तुरंगम सथ्य भरें। कसि ठट्टे अप अप बलन॥
छं० ॥ ९७६ ॥

दोनों ओर के वीरों की तैयारियां करना।

रसावला ॥ उठ्यौ पंग राजी, रवी तेज साजी। उठे वीर सूरं, छछोह सभीरं॥
छं० ॥ ९७७ ॥
भृंगीराज राजी, सुराजी विराजी। चिह्नं पास साजी, अरीदोस गाजी॥
छं० ॥ ९७८ ॥
दोऊ रोस जग्गी, प्रलै जांनि अग्गी। .... ॥छं०॥९७९॥

पृथ्वीराज के सामंतों की तैयारियां और उनका उत्तेज।

कवित्त॥ कंठ सूर दाहिम्म। अंग लज्जी सुवास तन॥
लष्य मझि दुहु प्रगटि। अग्गि उट्ठी सूरं घन॥
चंद वीय ज्यों वट्ट। अग्गि लग्गी दरसानी॥
हय [1]हय हय उच्चार। गहग्गह सुनिये वानी॥
लंगरीराव [2]लोहा लहारी। चावीगो चहुआन दल॥
वर भरी बीर जित्तन अरिय। [3]मुगति पंय षुल्लिय सु विल॥
छं० ॥ ९८० ॥

कवित्त ॥ पंचैसर प्रथिराज। राज सोमेसर संभरि॥
लंगी लंगरराइ। राय संजम सुअ जंबरि॥
वारा झाथह भुल्लि। वघ्घ उठ्यौ लोहानह॥
पारद्धी भुलि धार। मूल चंप्यौ चहुआनह॥
वर वीर वराहां उप्परैं। केहरि वट्टारी बढन॥
इक चप्प क्रन्न कर पंग इक। सावक मुष लग्गा रहन॥छं०॥९८१॥

(१) मो. गय। (२) ए. कृ. को.-लोहो। (३) ए. कृ. को.-मुकति।

अद्धा आसन अद्ध। राज अद्धा तंमूलं ॥
अद्धा देस सुवेस। एक आदर संमूलं ॥
पंगानै दीवान। रहै न रष्यौ चलि सथ्थह ॥
काया तुंग सु कन्ह। देव साष्यौ भुज वथ्थह ॥
गुरवार रत्ति गोचर कियौ। प्रात प्रगट्टत छुट्टयौ ॥
दरबार राव पहुपंग दल। चौकी चौरंग जुट्टयौ ॥ छं० ॥ ९८२ ॥

पंग दल की तैय्यारी और लंगरीराय का पंगदल को परास्त करके राजमहल में पैठ पड़ना।

पद्धरी ॥ जुध जुटन लंग उठ्यौ भीम। मानों कि पथ्थ गो ग्रहन सीम ॥
संभरिय राज सों करि जुहार। चय सहस सुभट सजि लोह सार ॥
छं० ॥ ९८३ ॥
मद गंध करी च्यालीस सोह। गज फूल कनक रूप्पह अरोह ॥
आनेज सहसमल सथ्थ व्योम। धुंधरिग [1]भान इह दिग्ग धोम ॥
छं० ॥ ९८४ ॥
हम्मीर कनक राठौर बंस। चाल्यौ कि क्रष्ण मारनह कंस ॥
हरि सिद्ध जाइ कीनौं प्रनाम। दुअ सहस मुहुर दुज दिन्न दाम ॥
छं० ॥ ९८५ ॥
दरवार जाइ दरबान रुक्कि। सत सहस पौरि दरवान मुक्कि ॥
लष तीन महल चौकीन हल्लि। परधान सुमित्र तब तेग झल्लि ॥
छं० ॥ ९८६ ॥
हहकारि सीस दर गयौ लंग। दल हल्लिय सुभट देषंत पंग ॥
उंचे अवास जाली सु भंति। दस पंच महल मंडी जु पंत ॥
छं० ॥ ९८७ ॥
तिन मद्धि पंग देषै सु भट्ट। अनेक अवर मिलि एक थट्ट ॥
घम घम निसान चय लष्ष बज्जि। सिंधूर राग करनाल सज्जि ॥
छं० ॥ ९८८ ॥
गुजरत्त सद्द जंगी तबल्लं। मानो कि भूम्म करिहै जु मल्लं ॥

(१) मो.-वांम।

अनेक गिद्धि परि ठौर ठौर। जंबुक कुलाह जिय नद्द सोर॥
छं० ॥ ९८९ ॥

चौसट्ठि रुद्द तुंवर [1]अनेय। रंजि रंभ रह्वी टगटगी लेय॥
संजोगि मात पुच्छै सु जोइ। आचिज्ज एह यह कवन लोइ॥
छं० ॥ ९९० ॥

अद्धा सु अंग इह कहां दिट्ठ। तरवारि झपट पारंत रिट्ठ॥
मुह मुह चमक्कि दामिनि झपट्टि। नय लष्ष घटा लीनी लपट्टि॥
छं० ॥ ९९१ ॥

लंगरीराय के आधे धड़ का पराक्रम वर्णन और उसका शान्त होना।

अनेक छिंछ आकास उट्ठि। जैचंद यट्ट रहे निट्ठ निट्ठ॥
विहथंत तेग [2]वाहत अछेग। उड्डंत सीस धर परत वेग॥छं०॥९९२॥
निरषंत सीस घर मंडि पंग। दुअ लष्प सेन करि मान भंग॥
हल हले सहर दुनियां अकंप। वाडलिय लग्गि [3]उड्डंत लंप॥
छं० ॥ ९९३ ॥

जयचंद घरनि सब निरषि व्योम। धुंधरिग धराधर उड्डि धोम॥
उड्डंत बीर झपटंत सेन। लरषरहि परहि उड्डंत तेन॥
छं० ॥ ९९४ ॥

निकल्यौ महोदधि जन्द बीर। मुह लेय चिन्न उतर्‍यौ नीर॥
लेयंत सीस हर हार कौन। वरयौं सु मिच अपछरन लीन॥
छं० ॥ ९९५ ॥

किलकंत सट्ठि रुधि पीय पूर। सम्हौ जु जुद्ध जे किये सूर॥
अंतह अलुभिझ पग बेरि वाहि। धर झार धार भर पारि याह्नि॥
छं० ॥ ९९६ ॥

कहचर उड़ंत पल धापि लेय। आवंत रथ्य अनेक केय॥
चालंत रुधिर सलिता प्रवेन। तिन मध्य चली अनेक सेन॥
छं० ॥ ९९७ ॥

(१) ए. क. को.-अनेक। (२) ए. क. को.-चाहत। (३) को.-उड्डंत।

पट्टनह हट्ट बिच चलिय नद्द । मागीय सु करि वहता सु मद्द ॥
चौसट्ठि पच्च बुद्बुदा चल्लि । अंगुली भिंग सल सलत सल्ल ॥
छं० ॥ ९९८ ॥

भस्सुंड करी मग रहवि बुद्धि । कमलनि सुभंत सर सद्धि रुद्धि ॥
उप्परह भौंह सो भंवर तुंड । अपछर अनेक तट जानि झुंड ॥
छं० ॥ ९९९ ॥

पुप्फरिय कछ सेवाल केस । लंगरिय किद्ध क्रीड़ा नरेस ॥
ऐसौ सु जुद्ध करिहै न कोउ । चय लष्ष मान आवट्ट सोउ ॥
छं० ॥ १००० ॥

घर मद्धि रुधिर पलचर अमेय । घर छोड़ि सरन हर सिद्धि लेय ॥
तुट्टौ अकास धरनिय पलट्टि । गिद्धनी सलित उप्पर झपट्टि ॥
छं० ॥ १००१ ॥

संभले राज प्रथिराज सेन । करि है न जुद्ध करुना सु केन ॥
संजमराय सुत सकल संभ । गम्मयौ दरिद्र रुद्र तनौ रंभ ॥
छं० ॥ १००२ ॥

किलकिका नाल छुट्टी अग्राज । लै चली लंग पर महल साज ॥
दस कोस परे गोला रलक्कि । परि महल कोट गज्जी धनक्कि ॥
छं० ॥ १००३ ॥

संजमह सुअन लै चली रंभ । सब लोक मद्धि हूऔ अचंभ ॥
.... ॥ छं० ॥ १००४ ॥

जैचन्द के तीन हजार मुख्य योद्धा, मंत्री पुत्र भानेज और भाई आदि का मारा जाना।

कवित्त ॥ परे तुरिय सत सहस । परे मदगंध सहस्सह ॥
परे षेत षंगार । पर्‌यौ मंची सु धरंनह ॥
परे सुभट चय लष्ष । परे लंगा चहुआनह ॥
परि सहसो भानेज । परे चय सहस सबानह ॥
परि धनी सेन किय उद्ध गति । रुधिर कन्नित कनवज बही ॥
पर मद्धि परी गिद्धनि अछरि । सु कविचंद ऐसी कही ॥ छं० ॥ १००५ ॥

लंगरीराय का पराक्रम वर्णन ।

एह जुद्ध लंगरिय । आय चौकी सम जुथ्थौ ॥
एक अंग लंगरिय । तीन लष्पह हय पुथ्थौ ॥
सार सार उछ्छरंत । परी गिद्धा रव भष्पन ॥
गज वाजिन्न निहाय । वज्जि उत्तराधि दष्षिन ॥
इम भिर्‍यौ लंग पंगह अनी । हाय हाय मुष फुट्टयौ ॥
हल हलत सेन असि लष्प दल । चौकी चौरंग जुट्टयौ ॥
छं० ॥ १००६ ॥

मंचौ राव सुमंत । हथ्थ विंटचौ सचलंतौ ॥
दुज्जाई दिल्लीप कोप । ओप कुंजरनि वढ़ंतौ ॥
हालो हल कनवज्ज । मंझ केहरि कूकंदा ॥
संजमराव कुमार । लोह लग्गा लूसंदा ॥
चहुआन सहावै जुद्ध हुअ । ग्रेहा गिद्ध उड़ाइयां ॥
रन भंग रावनै वर विरद । लंगै लोह उचाइयां ॥
छं० ॥ १००७ ॥

एक कहै अप्पान । एक कहि वंधि दिवाना ॥
वंधौ वंधन हार । मार लद्धी सिर कान्हा ॥
बावारौ वर तुंग । षग्ग [1]साहै विलझाना ॥
लंगी लंगरराव । अद्ध राजी चहुआना ॥
उरतान ढंकि कमधज्ज दल । संजम राव समुद्द हुअ ॥
प्रारंभ जुद्ध जुद्धे सवल । चलि चलि वीर भुजंग [2]भुअ ॥
छं० ॥ १००८ ॥

पृथ्वीराज का धैर्य्य ।

जौ पच्छिम दिसि उयै । पुब्ब अंथवै दिनंकर ॥
धर भर फनि फन मुरहि । गवरि परहरै जु संकर ॥
ब्रह्म वेद नह चवै । अन्नित जुधिष्टिर जौ वुल्लय ॥
जौ सायर जल छिलै । मेर [3]मरयादह डुल्लय ॥

(१) ए. कृ. को.-सोहै । (२) ए. कृ. को.-हुअ । (३) मो.-मरयादा ।

इतनीय होय कविचंद कहि। इह इत्तौ पिन में करहि ॥
कुम हीन, दीन सब चक्कवै। प्रथीराज उर नहिं डरहिं ॥
छं० ॥ १००९ ॥

लै संजोगि न्टप षेत। जाइ ठट्ठौ एकत बर ॥
तब लगि पंग कनवज्ज। वीर चट्ठे संमुह धर ॥
रावन रन [1]उत्तऱ्यौ। सामि फौजह अधिकारिय ॥
मीर कटक मोकलहु। ताम रुक्यौ झुकि भारिय ॥
बनबीर रान सिंहा सुभर। मुक्कल्यौ वेगि चतुरंग दल ॥
सज्जे सुबंध चहुआन भर। .... ॥ छं० ॥ १०१० ॥

अपनी सब सेना के सहित रावण का पृथ्वीराज पर आक्रमण करना।

तब झुकि पंग नरिंद। दिष्टि कीनी झुकि अग्गी ॥
जिम सुकिया दुति बचन। दूत टारिय अंषि अग्गी ॥
ज्यों जोगिंद सुष इंद। रंभ टारै तप भग्गै ॥
झुकिय कित्त [2]कुटवार। पंग रावै द्रव मग्गै ॥
भयभीत न्टपति रावन्न तजि। तजै धनज जोगिंद तजि ॥
यों बढ्यौ राज चहुआन पर। अप्प सेन नलवारि रजि ॥
छं० ॥ १०११ ॥

रावण की फौज का चौतरफा नाकेबंदी करना।

अप सेन सम नरिंद। लरन धायौ रावन बर ॥
काल जाल जम जाल। हथ्थ कीने जु अग्गि गिरि ॥
[3]सजि सनाह जमदाह। कूह मंची जु अत्ति बर ॥
सुनि सु कान रव पाल। वीर संभरि निसान घुरि ॥
फिरि पऱ्यौ सेन इन उप्परहि। सो ओपम कविचंद कहि ॥
फट्टी फवज्ज चावद्दिसह। गंग कूल बक्कारियहि ॥ छं० ॥ १०१२ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-उच्चऱ्यौ। (२) ए. कृ. को.-कोटवार।
(३) मो.-सजि।

रावण का पराक्रम और उसकी वीरता का वर्णन।

फिऱ्यौ हथ्थ जमजालं। ग्रहनं अति चार पच्छ फिरि॥
नीर थंभ यह फिऱ्यौ। तुट्टि जल फिरै मीन हरि॥
पवन फेर पित फिरै। वीर ज्यों फिरै हकाऱ्यौ॥
फिरै हथ्थ वर रोस। पेम ज्यों फिरै संभाऱ्यौ॥
भज्जई हथ्थं हथ्थीअ वल। करिस नैंन रत्ते रुधिर॥
जानै कि दड्ढ जम की विसल। [1]चुवै जानि मंगलति झर॥
छं० ॥ १०१३॥

मोरि हथ्थ विड्डारि। काल विड्डारि भवन कौं॥
तिरस जानि रस मुट्ठि। चल्यौ [2]मोरन्न पवन कौं॥
काम अंध दिष्यै न कोइ। सोच सुद्धित मदपानिय॥
राज मंद राजनिय। ग्यान सुद्दिन सुर पानिय॥
करि देषि मंत रावनं वलिय। उप्पर हरि धावै लरन॥
ओपम्म चंद जंपै विसल। तत्त मंत कवहूं करन॥ छं० ॥ १०१४॥

ज्यों कलंक पर हरै। न्हान गंगा तिथ्थह वग॥
अध्रम ध्रम्म परहरै। अजस पर हरै सुजस मग॥
माह चवथ ससि तजै। देवध्रम तजै स्रूद्र नर॥
चंप भवर गुन तजै। भोग जिम तजै रिष्य गुर॥
इम मुक्कि करिय रावन वलिय। राज सेन उप्पर पऱ्यौ॥
जमजाल काल हथ्थी सु वर। ता पच्छै क्रम क्रम पऱ्यौ॥
छं० ॥ १०१५॥

रावण के पीछे जैचन्द का सहायक सेना भेजना और स्वयं अपनी तैयारी करना।

लरत राज रावन्न। पंग पच्छै फवज्ज फटि॥
स्रूर किरन फट्टंत। वान छुट्टंत पथ्थ फटि॥

(१) ए. कृ. को.-वचै। (२) ए. कृ. को.-सोरन्न।

हैं गै मत्त मतंग। [1]दंद दंतिन धर छाइय॥
ज्यों बद्दल इल उपरि। छांह चल्लै सो धाइय॥
ता पछै पंग अप्पन चढ़न। सुनि रावन आहूत जुध॥
जाने कि राज चहुआन को। इसौ दरसि भग्गौ जु बँध॥
छं०॥ १०१६॥

चांद्रायन॥ इह ओपम कविचंद। पिष्पि [2]तन रन्नियं॥
सोज राज संमेत। जपेपय तन्नियं॥ छं०॥ १०१७॥

अरिल्ल॥ सूर करी मधि डार कहंकह। कहै प्रथिराजन लेउ गहंगह॥
.... । .... ॥ छं०॥ १०१८॥

पंगराज की ओर से मतवाले हाथियों का झुकाया जाना।

दूहा॥ छूटत दंतिन संकरनि। सो मत मंत उतंग॥
गात गिरव्वर नाग गति। [3]चालत सोभ सुअंग॥ छं०॥ १०१९॥
सत्त सूर सोभत सजत। अभंग सेन भर राज॥
गहन राज प्रथिराज कों। सेन सुरंगह साज॥ छं०॥ १०२०॥

पंगराज और पंगनी सेना का क्रोध।

विअष्षरी॥ देषियहि राज रस सूर भल्लै। सूर रज बीर सारोस हल्लै॥
वेंन आकास सर लल्ल कल्लै। देषियहिं पंगुरें नेंन लल्लै॥
छं०॥ १०२१॥

दोनों सेनाओं का परस्पर मिलना।

कवित्त॥ मिले सूर बज्जे अघात। [4]सस्त्र बज्जे अस्त्रन सों॥
ज्यों ताल ताल बज्जए। जीभ चिय भग उलाल सों॥
गजर बज्जि घरियार। लोह भय अंति अघानं॥
बजि न्निघात उतंग। सस्त्र घल्लै सुर पानं॥

---

(१) ए. कृ. को.- दंत। (२) ए. कृ. को.-रन, को.-तर।
(३) ए. कृ. को.-चालति। (४) ए. कृ. को.-सस्त्र वज्जे जु सस्त्र सों।

चहुआन आन कमधज्ज करि। पाइ मंडि आघाट दुज ॥
हक्कै पहक्क कायर परै। देव रूप आदत्त सुज ॥ छं० ॥ १०२२ ॥
तेग वहत मंडली। रोप जनु करी तुंग वर ॥
पूर जूह आवंत। रुधिर रन लोह लग्गि पर ॥
स्वामिध्रंम सों लच्छि। मेर हथ लच्छि न ग्राहै ॥
रगत पील मझ्झि गिरत। तिनह में मोती वाहै ॥
भेदै न कमल जल सुब्बर वर। कमल पत्र छिंटन्न लग ॥
हवि गात तेग आतुर बहै। रुधिर छिंट छुट्टै न जुग ॥छं०॥१०२३॥

पंगराज का सेना को प्रगट आदेश देना ।

दूहा ॥ तब हुंकारौ कीय न्टप। चढ़ि मच्छर वर जीव ॥
जनु प्रजरंती अग्गि मझ्झि। लै करि ढारिय घीव ॥छं०॥१०२४॥
मंचिय जुद्ध अनुद्ध सुनि। अरियन ग्रहन न सार ॥
रे चहुआन न जाइ घर। पंग पिटारै मार ॥ छं० ॥ १०२५ ॥
इह कहंत पंगह चल्यौ। आइस ले सब सेन ॥
लेहु लेहु इम उच्चरिय। जन जन मुष मुष वेंन ॥ छं० ॥ १०२६ ॥

पृथ्वीराज का कविचंद से पूछना कि जैचन्द को पंगु क्यों कहते हैं ।

*पुच्छि नरिंद सु चंद सौं। तुम वरदाय कविंद ॥
सब पंगुर किहि विधि कहत। यह जयचंद सु इंद ॥
छं० ॥ १०२७ ॥

कवि का कहना कि इस का पूरा उपनाम दलपंगुरा है क्यों कि उसका दलवल अचल है ।

कवित्त ॥ जैसे नर पंगुरौ। विनु सु (१)झंगुरी न हल्लहि ॥
आधारित झंगरी। हरू वह वत्त न चल्लहि ॥
तैसे रा जयचंद। असंष दल पार न पायौ ॥

* छन्द १०२७ और १०२८ मो. प्राति में नहीं है। (१) को-डंगुरी।

चालुक इक सर सरित। दलन हरवल्ल अघायौ॥
दिसि उभय गंग जमुना सु नदि। अद्ध कोस दल तब बह्यौ॥
कविचंद कहै जैचंद न्रप। तातें दल पंगुर कह्यौ॥ छं०॥ १०२८॥

जैचन्द की सेना का मिलना और पृथ्वीराज का पड़ाव पर घेरा जाना।

चंद अग्गित झरि बीर। बिमय झाला सु प्रजलि चलि॥
नैंन दंत आरुहिज। मत्त दंती सु दंत षुलि॥
तम तामस उक्करै। बीर नीसान धुनंके॥
बीर सद्द सुनि क्रन्न। मद्द गजराज झुनंके॥
विंटये सूर सामंत न्रप। रावन सब न्रप मग्ग गसि॥
असि लष्य न्रपति पहुपंग दल। सूर [1]चिंत नन मंत वसि॥ छं०॥ १०२९॥

दूहा॥ असि रावन चिहु मग्ग रहि। सर प्राहार प्रमान॥
अहन राज चहुआन कौं। पंग वज्जि नीसान॥ छं०॥ १०३०॥
साम सनाह कनंक वर। सलय सु लष्य प्रमान॥
मग रष्यन रजपूत वट। अरि मुक्यौ न सु थान॥ छं०॥ १०३१॥

कवित्त॥ रावन दल दलमलत। हलत भग्गेव सुभर अरि॥
भग्गें दल बोहिथ्थ। बीर भाटी पहार फिरि॥
घरी एक आहत्त। झंझ बज्जी जुध जग्गी॥
जनु कि महिष मैंमंत। अत्त विभ्रम बल लग्गी॥
भर सिंघ पंच पचाइनह। तजन राज रज राज भिय॥
पांवार धन्नि धावर धनी। मग्ग षग्ग मग भीर लिय॥ छं०॥ १०३२॥

जैचन्द का मुसल्मानी सेना को आज्ञा देना कि पृथ्वीराज को पकड़ो।

चौपाई॥ वज्जे सुनवि पंग सुर रूपं। चक्रित चित्त भूपाल सु भूपं॥
[2]मुक्कारे बर उन न्रिप अंगं। अरि गौ भंजि षान सुर मंगं॥
छं०॥ १०३३॥

---

(१) मो.-चित्त। (२) ए. कृ. को.-पुक्कारी।

पद्धरी ॥ अग्गें सुपंग वज्जौर वीर । फुरमान अप्पि अरि गहन मीर ॥
वंधि सिलह कान्ह उभ्भौ करूर । मनु धाइ छुट्टि [1]भद्दव तिसूर ॥
छं० ॥ १०३४ ॥

सन्नाह सज्जि गोरी पहार । जानियै सूर सायर अपार ॥
हज्जार सित्त सजि सुभर मीर । मिलि पंग हेत वर वीर तीर ॥
छं० ॥ १०३५ ॥

जानियै वीर वीरन्न जूर । कंद्रप्प कित्ति जानीय सूर ॥
मनु हक्क सज्जि सजि सिलह थान । वहकारै वीर दस कंध मान ॥
छं० ॥ १०३६ ॥

हज्जार साठि सजि परे मीर । कलहंस मान कसि अंग वीर ॥
हय गय पलान पहुपंग घुल्लि । दैपंत किरनि वर किरनि डुल्लि ॥
छं० ॥ १०३७ ॥

हलहलत होत गजराज छुट्टि । आयस आनि धन पंग लुट्टि ॥
सन्नाह सज्जि सोभैं सु भूप । द्रप्पन झलक्कि प्रतिव्यंव रूप ॥
छं० ॥ १०३८ ॥

सोभै अनेक आकार वीर । मानो मद्धि इक्क सोभै सरीर ॥
पप्परैं भीर हय भीर जंपि । गति डुलैं प्रवत प्रव्वत सु कंपि ॥
छं० ॥ १०३९ ॥

वर हुकम पंग न्रिप इहय दीन । टिड्डीस अन्न सम गवन कीन ॥
विड्डरे सेन कमधज्ज पान । ग्रहन भौ ग्रहन प्रथिराज भान ॥
छं० ॥ १०४० ॥

उग्रहन वत्त करतार हथ्थ । रुक्कवन धाइ चहुआन सथ्थ ॥
छं० ॥ १०४१ ॥

युद्ध-रँग राते सेना समूह में कवि का नव रस की सूचना देना ।

कलाकल ॥ नचि नौरस थान अदभ्भुत वीर । भयौ रस रुद्र कवैं कवि भीर ॥

---

(१) मो.-भद्दव कि ।

भैभंति भयानक कायर कंपि। करुना रस केलि कलामुष जंपि ॥
छं० ॥ १०४२ ॥

तहां रस संकर द्वै अरि संच। उथ्यौ अदवुद्द महारस नंचि ॥
लियौ रस निट्ठुर बीभछ अंग। दिष्यौ चहुआन सु सेनह पंग ॥
छं० ॥ १०४३ ॥

हस्यौ रस हास सलष्य पवार। बरं बरझालि सु बीर दुधार ॥
भयौ रस सत्त सुगंत्ति य मग्ग। सुधारहि काम चलै जस अग्ग ॥
छं० ॥ १०४४ ॥

रचैइ सिंगार बरब्बर रंभ। झुल्यौ रस बीर घगं घग अंभ ॥
.... । .... छं० ॥ १०४५ ॥

दूहा ॥ कल किंचित किंचित करहि। सुरग सुधारहि मग्ग ॥
भंजौ लज्ज मुकत्ति बर। ग्रहि भग्गीह न दग्ग ॥ छं० ॥ १०४६ ॥

पृथ्वीराज का सामंतों से कहना कि तुम लोग जरा भीर सम्हालो तो तब तक मैं कन्नौज नगर की शोभा भी देख लूं।

सकल सूर सामंत सम। बर बुल्यौ प्रथिराज ॥
जौ रुक्कौ षिन षेत में। देषौं नगर बिराज ॥ छं० ॥ १०४७ ॥

सामंतों का कहना कि हम तो यहां सब कुछ करें परंतु आपको अकेले कैसे छोड़ें।

कवित्त ॥ हम रुक्कैं अरि जूह। स्वामि को तजै इकल्लै ॥
कै रषि दुज्जन पढन। स्वामि मुक्कियै न ढिल्लै ॥
नारिंघनि करि देव। ताप तप जांहि देव वर ॥
सुनहि राज प्रथिराज। दिठ्ठ बंधीय अप्प कर ॥
सो चलै संग छाया रुकिय। कै छांह स्वामि मुक्यौ भिरन ॥
चहुआन नयर दिष्षन करै। दुरन देव सोभै किरन ॥
छं० ॥ १०४८ ॥

कन्ह का रिस होकर कहना कि यदि तुम्हें ऐसाही कहना था तो हम को साथ ही क्यों लाए।

दूहा ॥ कहै सब्ब सामंत सौं । एकलौ विन वग्ग ॥
दइ विधिना फिरि में लई । जाय परस्सो गंग ॥ छं० ॥ १०४९ ॥
बोल्यौ कन्ह अयान न्रप । रे मत मंड समथ्थ ॥
जो मुक्कै सत सथ्थियन । तौ कित लायौ सथ्थ ॥ छं० ॥ १०५० ॥
जौ मुक्कौं सत सथ्थियन । तौ संभरि कुल लज्ज ॥
दिष्षन करि कनवज्ज कों । फिर संमुह मरनज्ज ॥ छं० ॥ १०५१ ॥

परन्तु पृथ्वीराज का किसी की बात न मान कर चला जाना।

चल्यौ नयर दिष्षन करन । तजि सामंत सुलच्छि ॥
गौ दिष्षन दिष्षन करन । चित्त मनोरथ वंछि ॥ छं० ॥ १०५२ ॥
कुंभ चित्त चहुआन कौ । चौकट बुंद न अभ्भ ॥
जल भय पंगह ना भिदै । ज्यौं जल चौकट कुंभ ॥छं०॥१०५३॥

युद्ध के बाजों की आवाज सुनकर कन्नौज नगर की स्त्रियों का वीर कौतूहल देखने के लिये अटारियों पर आ बैठना।

गाथा ॥ दस सुंदरि गहि बालं । विसालं सुष्प अलनि मिलि अलियं ॥
सुनि बज्जे पहुपंग । चरितं सो भुल्लियं बाला ॥ छं० ॥ १०५४ ॥
चढ़ि गवष्षन बाला । सु विसालं जोइ राजियं राजं ॥
थक्के विमान सूरं । सुभंतिय वाय कंसजियं ॥ छं० ॥ १०५५ ॥
दूहा ॥ देषन लच्छिन न्रपति वर । गौ दच्छिन क्रत वेर ॥
अवन राज चहुआन बढि । पंग घरंघर वेर ॥ छं० ॥ १०५६ ॥

जैचन्द का स्वयं चढ़ाई करना।

जो पत्ती पत मरन की । बोलि सहेट प्रमत्त ॥

हम सीलत बंचे सु बट। न्त्रिप तिह मिलहिं न मत्त ॥छं०॥१०५७॥
इह कहंत पंगह चल्यौ। बजि निसान सरभैर ॥
सकल सूर सामंत सम। लेहि नरिंदह घेरि ॥ छं० ॥ १०५८ ॥

कवित्त ॥ पल्लान्यौ जयचंद। गिरद सुरपति आ कंप्यौ ॥
असिय लष्य तोषार। भार फनपति फन तंप्यौ ॥
सोरह सहस निसान। भयौ कुहराव भूअ भर ॥
घरी मझि तिहुलोक। नाग सुर देव नाम नर ॥
पाइक्क धनुद्धर को गिनै। असीं सहस गैंवर गुरहि ॥
पंगुरौ कहै सामंत सम। लेहु राज जीवत घरहि ॥ छं० ॥ १०५९ ॥
हय गय दल धसमसहि। सेस सलसलहि सलक्कहि ॥
सहस नयन झलझलहि। रैंन पल पूरि पलक्कहि ॥
तरनि किरन मूंद्यौ। मान द्रगपाल स छुट्टिहि ॥
वसंत पवन जिम पच। अरिय इम होइ सु यट्टहि ॥
पायान राय जैचंद कौ। विगरि पिष्य कुन अंगमै ॥
हय लार बहति भाजंत थल। पंक चहुट्टै चक्कवै ॥ छं० ॥ १०६० ॥

जैचन्द की चढ़ाई का ओज वर्णन।

विजय नरिंदह तनौ। रोस करि इम धरि चल्ल्यौ ॥
इम हम षुर षुंदत। एम पायालह [1]डुल्ल्यौ ॥
एम नाद उछ्र्यौ। एम सुर इंद गयंदहि ॥
एम कुलाहल भयौ। एम मुद्दित रवि इंदहि ॥
दल असिय लष्य पष्षर परहि। एम भुअन आकंप भय ॥
पंगुरौ चल्यौ कविचंद कहि। बिन प्रथिराजह को सहय ॥
छं० ॥ १०६१ ॥

एक एक अनुसरिग। अंग दह लच्छि कोटि नर ॥
धानुक धर को गिनै। लष्य पचासक हैंवर ॥
सहस हस्ति चवसट्टि। गरुअ गाजंत महाभर ॥
समुद सयन उलटंत। डरहिं पन्नग सुर आसुर ॥

(१) को.-झुल्यौ।

जैचंद राइ चालंत दल। चक्क सूर पुज्जन चल्लिग ॥
गढ़ गिरिग्ग जलथल मिलिग। इत्ते सब दिष्षिय जुरिग ॥
छं० ॥ १०६२ ॥

पंगराज की सेना के हाथियों का वर्णन।

मत्त गत्त सन भिरिग। हट्ट पट्टन सह तुट्टिग ॥
कच्छि कच्छि जुरि भीर। घंट घंटा हरि फुट्टिग ॥
वाल वाल आलु झिझ्झ। करन सम करन लागि पग ॥
मेंगल मदगल चलत। थार हस्ती सन चंपिग ॥
जैचंद राय चालंत दल। गिरिवर कंपहि चंद कहि ॥
देषंत राइ भंभरि रहहि। दंति पंति दस कोस लहि ॥
छं० ॥ १०६३ ॥

दूहा ॥ जल थल मिलि दुत्र कंप हुत्र। टुटि तरवर जल मूल ॥
देषि सपन सामंत वल। छलन कि वामन फूल ॥ छं० ॥ १०६४ ॥

दल पंगुरे के दल वद्दल की चढ़ाई का आतंक वर्णन।

वाघरा ॥ दह दिसा थर वियरंत। दिगपाल दसन करंत ॥
उरवी न धारत सेस। ससि होत फेर दिनेस ॥ छं० ॥ १०६५ ॥
धरधुंध रज छदि व्योम। सद नास थिर गहि गोम ॥
कठ कमठ पीठ कमंठ। थल विथल फिरत न कंठ ॥ छं० ॥ १०६६ ॥
धुरि मेर मुरि मुरि जात। सर सूकि सवित उपात ॥
मम चढ़हु पंग नरिंद। हरहरत गगन गुरिंद ॥ छं० ॥ १०६७ ॥
हरि सीस रज वरषंत। द्रिग उरग मद्धि परंत ॥
हुंकार प्रगटित अग्गि। चिय नयन प्रजलि विलग्गि ॥छं०॥ १०६८ ॥
ससि तवैं अमिय पतंत। [1]अवि वुंद सिंह जगंत ॥
ववकारि [2]गज्जत सद्द। विहुरत धवल दुरद्द ॥ छं० ॥ १०६९ ॥
सिव फिरत तिन सँग जूर। नन चढ़हु पंगह सूर ॥
ब्रह्मंड नष अरु एक। इल मिलत होत समेक ॥ छं० ॥ १०७० ॥

(१) ए. कृ. को.-आप। (२) ए. कृ. को.-सज्जत।

गन सैंन विथुरित भूमि। घन मिटत नासा धूम॥
जल प्रलय लोपत लीह। धर विथरि होत अगीह॥ छं० ॥१०७१॥
भुअ परत अच्छरि व्योम। नीसान गज्जत गोम॥
तुम चढ़त जैचंद राज। तिहुलोक ढरति अवाज॥ छं०॥ १०७२॥

कवित्त॥ डर दुग्गम षरहरहि। अढर ढरि परहि गरुअ गिरि॥
चिन बन घन टूटंत। धरनि धसमसहि हयनि भर॥
सर समुंद षरभरहि। डिढह डिढ डाह करकहि॥
कमठ पिठ्ठ कलमलहि। पहुमि महि प्रलय पलट्टहि॥
जयचंद पयानौ संभरत। फुनि ब्रह्मंड विछुट्टि हय॥
मम चलहि मचलि मम चलि मचलि। चलहित प्रलय पलट्टि हय॥
छं०॥ १०७३॥

दूहा॥ साजत पंग नरिंद कहुं। विनय स छोनिय बाग॥
मुगता ग्रह सुक्क कवित्त कह। [1]जलथल यग्ग अमाग॥छं०॥१०७४॥

कवित्त॥ दल राजन मिलि विभजि। अट्ठ दिग्गं [2]करवर कर॥
कर धरंत द्रिग अट्ठ। [3]डट्ठ वाराह मुरहि हरि॥
हरि वराह दिढ दट्ठ। करतु फनवै फन टारहि॥
फनिवै फनह टरंत। कमठ षोपरि जल भारहि॥
भारहि सुजल्ल पुप्परि उछरि। उच्छरि है पायाल जल॥
जल होत होय जगतै प्रलौ। समु चढ़ि चढ़ि जैचंद दल॥
छं०॥ १०७५॥

समस्त सेना में पृथ्वीराज को पकड़ लेने के लिये हल्ला होना।

दूहा॥ मढरि मढरि छोनी सु चिय। सत करि छिनक सवल्ल॥
छत्रपति करि जीरन भषिग। तूं नित नितह नवल्ल॥छं०॥१०७६॥
धम धमंकि धुकि निष्ष महि। रमहि न गंग सु तट्ट॥
गहहि चंपि चहुआन कों। भव भरि मुहित सु वट्ट॥छं०॥१०७७॥

(१) ए. कृ. को.-"जल थल मग्ग अमग्ग"।
(२) ए. कृ. को.-करु। (३) मो.-मट्ठ, को.-झट्ट।

भौ टामंक दिसि विदिस कहु। बहु पप्पर बहु राव ॥
मनु अकाल टिड्डिय सघन। पक्ष्य छुट्टि पहाव ॥छं०॥ १०७८॥

कन्नौज सेना के अश्वारोहियों का तेज और ओज वर्णन।

भुजंगी ॥ प्रवाहंत ताजी न [1]लज्जीय हारे। मनों रब्बि रथ्थं सु आने प्रहारे॥
जिके स्वामि संग्राम झल्लै दुधारं। तिनं ओपमा क्यों बदी जैं छिकारे॥
छं० ॥ १०७९ ॥

तिनं साहियं वग्ग गट्टे न लारा। मनों आवधं हथ्थ वज्जंत तारा॥
हयं छट्टियं तेज ठट्टे जिकारा। सयं सज्जियं सूर सव्वै [2]करारा॥
छं० ॥ १०८० ॥

सरे पाषरे प्रान जे मार वारा। तिके कंध नामै नहीं लोह झारा॥
तहां घाट औघट्ट फंदै निनारा। तिनं कंठ झूमंत गज गाह भारा॥
छं० ॥ १०८१ ॥

दिसा राह लाहौर वज्जै तुरक्की। तिनं धावतें धूर दीसै पुरक्की॥
दिसं पच्छिमं भूमि जानै न थक्की। तिनं साथ [3]सिंधी चलै नाव जक्की॥
छं० ॥ १०८२ ॥

पवंनं न पंपी न झंपी मनक्की। तिके सास कट्टै न चंपै न नक्की॥
तिनं राग चंपै न सुद्दी डरक्की। मनों ओपमा उंच आए धरक्की॥
छं० ॥ १०८३ ॥

अरब्बी विदेसी लरै लोह लच्छी। गनै कौनं कंटील कंटील कच्छी॥
धरं षेत षुंदंत रुंदंत वाजी। [4]हरंवी हए एक तत्तार ताजी॥
छं० ॥ १०८४ ॥

तिके पंडु ए पंगुरे राइ साजे। मनों दुझन दल तुच्छ देषंत लाजे॥
इसी एह आपुब्ब कविचंद पिष्यौ। तिनं रब्बि दुजराज सम तेज दिष्यौ॥
छं० ॥ १०८५ ॥

डरं डंबरी रेन अप्पै न पारं। अषीनं [5]पषीनं सषीनं निहारं॥

(१) ए. कृ. को.-लाजी अहारे।
(२) ए. कृ. को.-तुषारा।　　(३) ए. कृ. को.-सिंधं।
(४) ए. कृ.-हेरंवी हए एक ताजी तत्तारी।　(५) ए. कृ. को.-अपीनं।

तहां कोन सामंत राजं न [1]ठट्ठै। मनों मेर उत्तंग हस्ती न चट्ठै॥
छं० ॥ १०८६ ॥

मुषं जोव जोवं भरं भूप भारे। [2]तिनं काम कनवज्ज मभ्भै पधारे॥
छं० ॥ १०८७ ॥

दूहा॥ भर हय गय नीसान बहु। इह दिष्षिय सह थान॥
जौ चढ़िजै हर [3]दिष्षियै। त्रिहु दिसि समुद प्रमान॥
छं० ॥ १०८८ ॥

वृद्धनाराज। जहां तहां हयग्गयं निसान घान घुंमरे।
मनों कि मेघ भद्दवा दिसा दिसान धुंमरे॥
चमक्कती सनाह संग बीज तेज विप्फुरै।
मनो कि गंग न्हाय कै किरन्न भान निक्करै॥ छं०॥ १०८९॥
सपष्षरं प्रमान राज बाज राज सोभई।
मनो कि पंष प्रब्बतं सुफेरि इंद लोभई॥
गहग्गहं जु वाजि नाद तेज हथ्थ विथ्थुरे॥
सुने सवद्द तेज सूर कायरं स विद्दुरे॥ छं०॥ १०९०॥

इतने बड़े भारी दलबल का साम्हना करने के लिये पृथ्वीराज की ओर से लंगरी राय का आगे होना।

दूहा॥ सुनिय सबर दल गंग हिन। लंगा लोह उचाय॥
पंग सेन सम्हौ [4]फिरिय। बोलि वज्ज विरुझाइ॥ छं०॥ १०९१॥

लंगरी राय का साथ देने वाले अन्य सामंतों के नाम।

कवित्त॥ लंगा लोह उचाइ। जूह झल्लिय संमुह भिरि॥
दुज्जन सलष पुंडीर। धरै बंधव उप्पर करि॥
तूंअर तमकि ततार। तेग लीनी गढ़ तत्ती॥
बर पुत्र मित्र अचाल। भान कूरंभ सुभत्ती॥
सांषुला सूर बंकट भिरं। मोरी केहरि सूर भर॥

(१) ए.-डट्ठै। (२) ए. कृ. को.-फिनं।
(३) मो. दिष्षिकै। (४) ए मो.-परिय।

मह पंग सेन सम्हौं भिरिग। सु वज्जि वीर वर विप्पहर ॥
छं० ॥ १०९२ ॥

दोनों सेनाओं का एक दूसरे को प्रचार कर परस्पर मार मचाना।

रसावला ॥ पंग सेनं भिरं। षग्ग षोलं झरं ॥ वीर हक्कं वियं। लोह लग्गी लियं॥
छं० ॥ १०९३ ॥

षग्ग लग्गे स्रूलं। भिन्न रत्तं पलं ॥ वीर हक्के अरी। घाय वज्जं घरी॥
छं० ॥ १०९४ ॥

तुंग वाहं वरं। नंषि वड्डप्फरं ॥ वीर लग्गे भरं। कालते संघरं ॥
छं० ॥ १०९५ ॥

द्रोन नंचं धरी। मार हक्कं परी ॥ कूक वीरं करी। गिद्ध उड्डे डरी॥
छं० ॥ १०९६ ॥

टूक पावं बटं। षग्ग टेकें उटं ॥ घाइ घुम्मे घनं। मत्तवारे मनं ॥
छं० ॥ १०९७ ॥

कंधनं बंधरं। जंमुषं विड्डुरं ॥ रंभ तारी चसी। सूर पानं हसी ॥
छं० ॥ १०९८ ॥

घाव वज्जे घटं। पाइ कैं सुब्बटं ॥ अंत तुट्टै वरं। पाइ आलुझ्झरं ॥
छं० ॥ १०९९ ॥

भट्ट ऐसे रजं। तंति वंधे गजं। मुगति मग्गे अरी। षग्ग षोली दरी॥
छं० ॥ ११०० ॥

कवित्त ॥ घरी एक आवरत। पंग संघार अरिय पर ॥
लुथ्थि लुथ्थ आहुट्टि। रुद्र रस भयत वीर वर ॥
हय गय नर भर भरिय। पऱ्यौ रन रुद्धि प्रतापं ॥
षग्ग मग्ग अरि हलिय। चलिय धारनि धर आपं ॥
दुअ जन्न भट्ट हक्कारि करि। कमल सेन जिन चिंत परि ॥
उच्चरे ब्रह्म ब्रहमंड सों। गोटन कोट गहन फिरि ॥ छं० ॥ ११०१ ॥

चौपाई ॥ धाए न्त्रिपत न लोह अघानं। छुट्टक सिद्ध किद्ध लिरझानं ॥
संझ किधौं घरियारन घाई। चच्चर सौं चुतुरंग बजाई ॥
छं० ॥ ११०२ ॥

सायंकाल होना और सामंतों के स्वामिधर्म की प्रशंसा।

दूहा ॥ भंजन भीरन जो न्टपति। करिभन भौंर चरंच ॥
सांई बिन जीवन्न कों। पोहनि कारन छ पंच ॥ छं० ११०३ ॥
भान न भग्गौ भान चलि। भान भिरंतह भान ॥
अस्ति समंपिय भान कों। दै सिर संकर दान ॥ छं० ॥ ११०४ ॥

युद्ध भूमि की वसंत ऋतु से उपमा वर्णन।

कवित्त ॥ पंग बसंत सो सिग सु। गंध गज मद झरि दानं ॥
सो कायर पत पीप। पत्त झर झर कर पानं ॥
प्रसव चंद सिर आन। मान भिरि भिरि अग्गह हर ॥
लज्जा छोह सुरंग। रंग रंग्यौ सु सुरंग वर ॥
बोलंत घाव भवरिय भवर। कूक कूह कोकिल कलह ॥
फूलिग्ग सुभर अंजइ सुरन। पवन त्रिविध सेना सुलह ॥
छं० ॥ ११०५ ॥

अट्ठ अट्ठ अरु अट्ठ। एक आगरे पंच वर ॥
षग्ग मग्ग दित पत्त। भरें भर धज्जि जित्त भर ॥
धर पलचर हर रंभ। नंद नरिंदह आघाई ॥
सुगति त्रिपंग मन मज्जि। अंब पीवन जिहि आई ॥
गोरष्य कित्ति जित्ती सपन। मात पित्त गुर बंध [1]रन ॥
दई साम सुधारन सकल कौं। इन समान कीरति मयन ॥
छं० ॥ ११०६ ॥

अरिल्ल ॥ ठट्ठ के सुसेन पहूपंग अग्गं। छिले लोह सूरं मनं ज़ंग भग्गं ॥
सबै धाय बीरं रहै बीर पासं। न को कंध कट्टै ठढे पास वासं ॥
छं० ॥ ११०७ ॥

पंगराज का पुत्र के तरफ देखना।

दूहा ॥ पंग प्रपत्तौ पुत्र दिषि। झुकि किय [2]मुष दिसि वाम ॥
बीर मत्त रत्त नयन। उत्तर सु किय प्रनाम ॥ छं० ॥ ११०८ ॥

(१) मो.-रत। (२) ए. कृ. को.-सुख।

पंग पुत्र के वचन।

कवित्त ॥ जोरि हथ्थ फिरि तथ्थ। राज संमुह उच्चारिय॥
असुर ससुर नर नाग। जुद्ध दिष्यौ न संभारिय॥
अप्प सथ्थ [1]मुनि सामि। अरिन सम्हौ छक्कारिय॥
भय भारथ्थ सु जुद्ध। जीह आवै न प्रकारिय॥
धनि हथ्थ सूर सामंत के। धनि सु हथ्थ पहुपंग भर॥
घरि तीन मोहि सुझयौ न कछु। सार अगनि अग्गैं सु नर॥
छं० ॥ ११०९॥

नन जित्यौ दल अप्प। दल न भग्गौ चहुआनं॥
द्वादस हथ्थिन वीच। लुथ्थि पर लुथ्थि समानं॥
पच्छै दल सुनि स्वामि। लोह छीनं अनलोपं॥
राज कहन मुकलीय। सामि अवगुन सुनि कोपं॥
अरि अरिय हथ्थ दह छंडि रन। रन में ढुंढिय पंग वर॥
हज्जार उभै अप सेन परि। तुच्छ सु परि चहुआन भर॥छं०॥१११०॥

पंगराज का क्रोध करके मुसल्मानों को युद्ध करने की आज्ञा देना।

दूहा ॥ तुच्छ तुच्छ अरि पंग भर। चित्त सपच्छ हस हथ्थ॥
यों चलै चहुआन दल। लच्छि गमाई हथ्थ॥ छं० ॥ ११११॥
[2]झुक्कि पंग दिय हुकम सह। गहन मीर चहुआन॥
प्रात सु डंबर मझझतं। किरन सु छुट्टिय भान॥ छं० ॥ १११२॥

पंगसेना का क्रोध करके पसर करना, उधर पृथ्वीराज का मीन चरित्र में लवलीन होना।

पद्धरी ॥ बर हुकुम पंग दुअ दीन दीन। मंची सुमंचि सजि सिलह लीन॥
अप्पों तुरंग पहुपंग फेरि। भर सुभर लेत घन मझझ हेरि॥
छं० ॥ १११३॥

---

(१) ए. कृ. को.-सुनि। (२) ए. सुकवि, कृ. को.-झुकावि।

गजराज पंच आकास आन्न ॥ सोभै सु पंग रत्ते नयन्न ॥
चिहु मग्ग फट्टि फौजै सु लीन। चहुआन भूलि वर चरित मीन ॥
छं० ॥ ११९४ ॥

दूहा ॥ पिथ्थ चरित्र जु भुल्लि वहु। नट नाटक वहु भूप ॥
दूहा दासि संयोग कौ। हरि चित रत्ती रूप ॥ छं० १११५ ॥
भर भुल्लिय सह चित भुलि। अरि रहि अनि तजि क्रोध ॥
बढि ढिल्ली पहुपंग कौ। छुट्टि सु मंची सोध ॥ १११६ ॥

घोर घमसान युद्ध होना।

रसावला ॥ सुधं मंच बानं। कलं भूर गानं। रसं वट्ट जानं। लहु क्रूर मानं ॥
छं० ॥ १११७ ॥
लघै चट्टि चव्वं। वरं रत्त रन्नं ॥ हयं उट्टि तिन्नं। तुलं वज्र छिन्नं ॥
छं० ॥ १११८ ॥
सुरं सोभ घन्नं। दिवं आस मंनं ॥ हयं वीव तानं। वनं नप्पि धानं ॥
छं० ॥ १११९ ॥
रतं कंध तीनं। घची विभ्भरीनं ॥ [1]रठं रंक धन्नं। सुनी सुद्ध मन्नं ॥
छं० ॥ ११२० ॥
उभं झेलि फिन्नं। दतं कठ्ठि लिन्नं ॥ [2]जवं जानि तीनं। जुधं जीत वीनं ॥
छं० ॥ ११२१ ॥
लजं मेर जंनं। सदाहत्त पंनं ॥ धरं दुद्व रानं। ससी झल्लि फानं ॥
छं० ॥ ११२२ ॥
सुधं मंच सूरं। भुअं लंघि पूरं ॥ जहं जं प्रियारीं। रुके पार सारी ॥
छं० ॥ ११२३ ॥

लंगरीराय के तलवार चलाने की प्रशंसा।

दूहा ॥ पारस फिरि पहुपंग दल। दई समानति रुक्कि ॥
जंघारो जोगी बली। बावारो पग धुक्कि ॥ छं० ॥ ११२४ ॥
पग धुक्किय सुक्किय न पग। लंगा लोह उचाय ॥

(१) मो.-टरं। (२) ए. कृ. को.-बजं।

पंग सम्मुह संमुह पऱ्यौ। हर वडवा नख धाइ॥ छं०॥ ११२५॥

जैचंद के मंत्री के हाथ से लंगरी राय का मारा जाना।

भुजंगी॥ [1]परे धाइ सोमंच मद्दे क वारं। वढ़े षग्ग [2]सोरं गुरज्जं निनारं॥
हयं नारि सोवान कीह्लक फुट्टै। करै हथ्थ छत्तीस आवद्ध छुट्टै॥
छं०॥ ११२६॥

वरं वीर वीरं तथा विद्ध पारं। [3]पगं वाजि सो षग्ग झामं किसारं॥
सहंनाइ में सिंधुऔ राग वज्यौ। लगी लोह [4]में जुद्ध आजुद्ध गज्यौ॥
छं०॥ ११२७॥

गयं मुष्प हाकी हहाकी करारी। [5]वरं वीर सोमंचियं जुद्ध भारी॥
वढ़ी वाजि सो मुक्कि प्राधान वीरं। लगी धायसो लंगरी वद्ध पीरं॥
छं०॥ ११२८॥

पलं पंचकं लोकलं किित्ति भुल्लौ। वरं भारथं लग्गि सो तुंग हल्लौ॥
वरं लंगरी राइ प्राधान वीरं। भगी सार मा भग्गिथं सूर नीरं॥
छं०॥ ११२९॥

तुटी रंच कीरच्च कीरच भयन्नं। तुटी षग्ग सोवं गिनं उड्डि गेनं॥
इकं पंच तें पंचकं विद्ध नच्चं। हके तिन्न के सीस सारं सु नच्चं॥
छं०॥ ११३०॥

वरी लंगरी वीर प्राधान वारे। भयौ भार उत्तारनं वंग धारे॥
छं०॥ ११३१॥

दूहा॥ पऱ्यौ वीर लंगरि सु वर। जंघारो घन घाइ॥
सु बर वीर सामंत मिलि। मंची सोम उपाइ॥ छं०॥ ११३२॥

कन्ह का गुरुराम को पृथ्वीराज की खोज में भेजना।

कवित्त॥ राज गुरू दुज कन्ह। कन्ह मोकलि सु लेन न्टप॥
स्वामि मल्हि सह सथ्थ। मंच कारज्ज मंच अप॥

---

(१) ए. कृ. को.-"परे धाइ सोमंध मत्रीक वारं"।
(२) ए. कृ. को.-गोरं। (३) ए. कृ. को.-पगं।
(४) ए. कृ.-सें। (५) ए. कृ. को.-कक्कारी।

लै आवौ प्रथिराज। पंग है विहुर सेन ॥
पष्पवै न पथ आज। भयौ भर अंतर केन ॥
यों करिग देव दच्छिन सु दुज। दिषि सामंत पटंग वर ॥
संजोग दासि इंदह न्रपति। ठठुकि रह्यौ [1]तणि थान नर ॥
छं० ॥ ११३३ ॥

पृथ्वीराज का कन्नौज नगर का निरीक्षण करते हुए गंगा तट पर आना।

दूहा ॥ फिरि राजन कनवज्ज महँ। जानि संजोगिह वत्त ॥
चढ़ि विमान जै जै करहि। देव सु रंगन कित्ति ॥ छं० ॥ ११३४ ॥

कवित्त ॥ नगर सकल गुन मय। निहार लद्धीय सुप न्रपति ॥
मंडप सिषर गवष्य। जालि दिट्ठी सु विचित्र अति ॥
द्वार उंच पागार। विपुल अंगन आगारह ॥
जह तहं निझ्झर झरंत। निरमल जल धारह ॥
नर बाज दुरद वन गेह पसु। भरिय भीर पट्टन परम ॥
सुर असुर चमंकत सबद सुनि। सु फिरि समुद मथ्थन भरम ॥
छं० ॥ ११३५ ॥

दूहा ॥ करिग देव दच्छिन नयर। गंग तरंगह कूल ॥
जल छुटै तब इच्छ करि। मीन चरित्तन मूल ॥ ११३६ ॥

पृथ्वीराज का गंगा किनारे संयोगिता के महल के नीचे आना।

भुजंगी ॥ रची चित्र सारी त्रिषंडी अटारी। नकस लाज वर्दं सुवंनं सु ढारी॥
जरे तथ्थ जारी नही राजु वन्ने। रही फैलि रवि इंद मानों किरन्ने॥
छं० ॥ ११३७ ॥

हसै घ्याल षेलै तहां म्रग्ग नैनी। भरें माग मुत्ती गुहै बैठि बैनी॥
सजै छत्र आचार आनंद भीनै। तिनं सीस भीरानि आदत कीनें॥
छं० ॥ ११३८ ॥

(१) ए. कृ. को.-तेहि।

सुभं रूप सोभा तिनं अंग वेसं । तनं चीर सारी पटं कूल नेसं ॥
चमक्कंत चौकी कनैं फूल झब्बी । गरैं पीति पुंजं रिदै हार फब्बी ॥
छं० ॥ ११३९ ॥

कटिं छुद्रघंटा वंली जे वनीयं । पयं झंझनं सद्द श्रवने सुनीयं ॥
इदं रूप हंसाय गंमाय तेनं । लजै कोकिला कान सुनतें सुरेनं ॥
छं० ॥ ११४० ॥

वनी निकट नारी सुगंधाय वासै । सवै चंद वदनी तहां चंद भासै ॥
तहां संभरी नाथ लागै तमासै । लरैं मीन हय फीन, तिन देषि हासै ॥
छं० ॥ ११४१ ॥

कुंडलिया ॥ मीन चरित्र जु भुल्लि न्टप । पंग न भुल्लिय युद्ध ॥
तीन लष्य अग्गों न्टपति । जो भारथ्थ विरुद्ध ॥
जो भारथ्थ विरुद्ध । दई अंगमै सु सब्बल ॥
दई वन लाई कलिय । जुपिय रुक्कियै सवद्दल ॥
वल अभंग अरिभंग । पंग सिर पान सु लिन्नौ ॥
कहर कन्ह साहस्स । सिंघ सो दिल्ल समिन्नौ ॥ छं० ॥ ११४२ ॥

दूहा ॥ इतें सेन चढ़ि पंग वर । द्वै गै दिसा दिसान ॥
दछिन नैर नरिंद करि । गंग सु पत्तौ ध्यान ॥ छं० ॥ ११४३ ॥

पृथ्वीराज का गले की माला के मोतियों को मछलियों को चुनाना ।

चन्द्रायना ॥ भूलौ न्टप द्रह रंगहि जुद्ध विरुद्ध सह ।
नंषहि मीननि मुत्ति लहै जुअ लष्य दह ॥
होइ तुछ तुच्छ सु मुत्ति मरं तन कंठ लह ॥
पंक प्रवेस हसंत झरंत न कंठ मह ॥ छं० ॥ ११४४ ॥

संयोगिता और उसकी सखी का पृथ्वीराज को गौख में से देखना ।

कवित्त ॥ सुनि वज्जन संजोग । सुनिय आवन्न न्टपति वर ॥
भयौ चित्त चर चित्त । मित्त संभरि सु रंग नर ॥

बल बींटिय राज नह। लाज रष्षी मत किन्नौ ॥
गौष कुंअरि सिर रही। उठि सुंदरि बर चिन्हौ ॥
दिसि पुव्व देखि चहुआन न्टप। बर लोचन मन षग्ग मग ॥
उपम्म बाल चिंतै सु चल। पुव्व दिसा दौ रवि सु डग ॥
छं० ॥ ११४५ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता को देखना।

कुंजर उप्पर सिंघ। सिंह उप्पर दोय पव्वय ॥
पव्वय उप्पर भ्रंग। भ्रंग उप्पर ससि सुभ्भय ॥
ससि उप्पर इक कीर। कीर उप्पर न्टग दिट्ठौ ॥
न्टग उप्पर कोवंड। संध कंद्रप्प वयट्ठौ ॥
अहि मयूर महि उप्परह। हीर सरस हेम न जऱ्यौ ॥
सुर भुअन छंडि कविचंद कहि। तिहि धोषै राजन पऱ्यौ ॥
छं० ॥ ११४६ ॥

दूहा ॥ भूल्यौ न्टप इन रंग महि। पंग चल्यो हय पुट्ठि ॥
सुनि सुंदर बर वज्जने। अई अपुब्ब कोइ [1]दिट्ठ ॥ छं० ॥ ११४७ ॥
देषत सुंदरि दल मिलनि। चमकि [2]चढ़ौ मन आस ॥
नर कि देव किधों नाग हर। गंगह संत निवास ॥ छं० ॥ ११४८ ॥

अरिल्ल ॥ बजि वीर निसान दिसान बजी। सु किधों फिरि भद्दव मास गजी ॥
सह नाइन फेरि अनेक [3]सज्जी। सुनि सोर संजोग सु गौष रजी ॥
छं० ॥ ११४९ ॥

चौपाई ॥ सुनि सुंदरि बर बज्जन चल्ली। षिन अलपह तलयह मुष झल्ली ॥
देषि रंजि संजोगि सु अल्ली। फूलि वाह मुष कुमुदह कल्ली ॥
छं० ॥ ११५० ॥

पृथ्वीराज और संयोगिता दोनों की देखा देखी होने पर दोनों का अचल चित्त हो जाना ॥

स्लोक ॥ दिष्टा सा चहुआनं। संमरं कामं संमायते ॥

(१) ए. कृ. को.- दुट्ठि। (२) ए. कृ. को.-बढ़ौ। (३) ए. कृ. को.-वजी।

कामधुज्ज वर वीरं। विगलति नीवीवनं वसति ॥ छं० ॥ ११५१ ॥
मुरिल्ल ॥ उर संजोइ साल घन मंडं। श्रवन श्रोतान जु लागि चिकंडं ॥
फरन फराक भये षग भग्गे। जनु चंमक लोहान सु लग्गे॥छं० ॥११५२॥

संयोगिता का चित्रसारी में जा कर पृथ्वीराज के चित्र को जांचना और मिलान करना।

मोतीदाम ॥ प्रति विंव निरष्षि हरष्षिय वाल। लई सषि सथ्थ चढ़ी चित्रसाल॥
साइक्क समान न प्रौढन मूढ़। समान सु केलि सिंगार सु षोढ़ ॥
छं० ॥ ११५३ ॥
स बुद्धि स बुद्ध अबुद्धि न बुद्ध। चलं चल नेंन सु मेंन निबद्ध ॥
पिनं पिन रूप सरूप प्रसन्न। पुजैं किम कोकिल जास रसन्न ॥
छं० ॥ ११५४ ॥
लगी वर जालि न गोपन नाय। लिषी दषि पुत्तलि चित्र समाइ ॥
रही वर देषि टगं टग चाहि। मनों चित्र पास न कै दिन जाहि ॥
छं० ॥ ११५५ ॥
कहै इक नारि संयोगि दिषाई। धरै अंग अंग अनंग जु साई ॥
किधों दिसि प्राचिय भान प्रकार। किधों मन मध्य कै काम अकार॥
छं० ॥ ११५६ ॥
कि इंद फनिंद नरिंद्द कोइ। किधों व्रत लीन संयोगिय सोइ ॥
छं० ॥ ११५७ ॥

संयोगिता की सहेलियों का परस्पर वार्त्तालाप।

दूहा ॥ इक्क कहै दनु देव इह। इक कहै इंद फुनिंद ॥
इक्क कहै अस कोटि नर। इक प्रथिराज नरिंद ॥ छं ॥ ११५८ ॥
सुनि वर सुंदरि उभैं तन। उभैं रोम तन अंग ॥
स्वेद कंप सुर भंग भौ। नेंन पिषत प्रथुरंग ॥ छं० ॥ ११५९ ॥

संयोगिता के चिबुक बिंदु की शोभा।

त्रोटक ॥ हिय कंप विकंप विपथ्थ पथं। मनु मंत विराजत काम रथं ॥
कल कंपित कंप कपोल सुभं। अलकावलि पानि उचंत उभं ॥
छं० ॥ ११६० ॥

निज निंदति मंथुर पंथनियं। धव धक्क धकं धक अस्ति हियं॥
सुर भंग विभंग उमंग पियं। रद मंडल षंडल चंपि लियं॥
छं० ॥ ११६१ ॥

निज नूपुर झारि नितंब छियं। रिजु नेंह दुनेह चिमंग चियं॥
चिबुकं चिकु उद्दिम विंदु धुअं। कटि मंडल हार बिहार सुअं॥
छं० ॥ ११६२ ॥

अध दिष्ट उनष्टि कतं तिलकं। बरुनी बर भंगत पौ पलकं॥
सत भाव सतं [1]तिल की कथयं। निज सोजि विलोकि तयं पथयं
छं० ॥ ११६३ ॥

हँसि हँस्सिह रम्य करी करयं। सषि साषि परष्षि हँसी हरयं॥
छं० ॥ ११६४ ॥

संयोगिता का पृथ्वीराज को पहिचान कर लज्जित होना।

गाथा ॥ पिय नेहं विलवंती, अवली अलि [2]गुज नेन दिट्ठाया।
परसान सह हीनं, भिन्नं की माधुरी माध ॥ छं० ॥ ११६५ ॥

चन्द्रायन ॥ दुलह जानि अनराइ सु हाइ सुषं अली।
लज्जा गरुअ समुंद अबुड्डन थह कली॥
मरन सरन संजोगि विहत बरनं सचिय।
सहि चहुआन सु बुझ्झिझय पेम सु मंझ चिय॥ छं० ॥ ११६६ ॥

संयोगिता का संकुचित होते हुए ईश्वर को धन्यवाद देना और पृथ्वीराज की परीक्षा के लिये एक दासी को थाल में मोती देकर भेजना।

अरिल्ल ॥ सारति संकुल सांवर वीरं। सषि संकुचि भी लोचन नीरं॥
[1]परसपर संपर भीरन भीरं। कामातुर निट्ठुर लगि तीरं॥
छं० ॥ ११६७ ॥

गुरु जन गुर निंदरियं सुंदरि। राज पुत्ति पुच्छियै न दुरि दुरि॥
अमहि पुच्छि तौ दुत्ति पठावहि। कुल अच्छै पुच्छ बिकार आवहि॥
छं० ॥ ११६८ ॥

---

(१) ए. कृ. को. तिक। (२) ए. कृ. को. गुंजनेव।

चोटक ॥ मन पंचिय सौजुग यौ जविघं। सुमरौं मन लज्जिय मात पघं ॥
अध दिट्ठ करी चितयौ सु हितं। गुरनी गुर बंधिव गंठि चितं ॥
छं० ॥ ११६९ ॥

चन्द्रायण ॥ जनो गोचर कथ कलंनि कथं कय अप्पियं।
रस संकहि अंकुरि मान मनं मथ भप्पियं ॥
जान इहै परमान विधानन लप्पियं।
को मिट्टै संजोग संजोगिन अप्पियं ॥ छं० ॥ ११७० ॥
तत्र पंगुर राय सु पुत्तिय मुत्तिय थाल भरि।
जौ हिय इह प्रथिराजह पुच्छहि तोहि फिरि ॥
जौ इन लच्छिन सव तत्र विचारि करि।
है व्रत मोहि न्रप जीव तौ खेउ सजीव वरि ॥ छं० ॥ ११७१ ॥

कवित्त ॥ दिट्ठ फंद संजोग। दासि पिल वारि हथ्थ दिय ॥
म्रग वंधन चहुआन। पुत्र ओतान पेद किय ॥
पुत्र रूप गिद्दीव। मद मन मथ्थ संभारिय ॥
भय म्रग पंग नरिंद। चंद वंधन वन डारिय ॥
हक्कैति हक्क हाका सपिय। मूर गौष अपवंध सिय ॥
वेधंत आनि वानह [1]अभुल। अगुक सीस कामंग इय ॥छं०॥११७२॥

दासी का चुप चाप पीछे जाकर खड़े हो जाना।

दूहा ॥ सुंदरि धरि अवननि सुन्यौ। गुन कह्यौ गुनं विद्ध ॥
ठग मग प्रत्ति [2]प्रतच्छि पिय। प्रसनह प्रत्ति प्रसिद्ध ॥छं०॥११७३॥

चन्द्रायन ॥ सुंदरि आइस धाइ निचारन वुल्लइय।
ज्यौं जल गंग हिलोर प्रथीति प्रसंग तिय ॥
कमलति कोमल पानि केलि कुल अंजुलिय।
मनहु अंध दुज दान सु अप्पत अंजुलिय ॥ छं० ॥ ११७४ ॥

पृथ्वीराज का पीछे देखे विना थाल में से मोती ले ले कर मछलियों को चुनाना।

(१) ए.-अभुज। (२) ए. कृ. को.-परष्षि।

दूहा ॥ अंजुलि जल मंडत नृपति । जव विक्कै गलमुत्ति ॥
जलहल भै अंमन कियौ । षमीति वाल निपत्ति ॥ छं० ॥ ११७५ ॥
गौष निरष्षहि सुभ्भ चिय । हियै हरष्षहि वाल ॥
उभै पानि एकत करिग । दैषि गुरज्जन हाल ॥ छं० ॥ ११७६ ॥

थाल के मोती चुक जाने पर दासी का गले की पोत पृथ्वीराज के हाथ में देना। यह देखकर पृथ्वीराज का पीछे फिर कर दासी से पूछना कि तू कौन है और दासी का उत्तर देना कि मैं रनवास की दासी हूं।

वृत्त नराज ॥ नराज माल छंद ए कहंत कब्बि (१)चंद ए ॥
अपंत अंजुलीय दान जान सोभ लग्ग ए ॥
मनों अनंग रत्त सेय रंभ इंद पुज्जए ।
सु पानि बार थक्कि थाल मुत्ति वित्तए ॥ छं० ॥ ११७७ ॥
पुनेपि हथ्थ कंठ तोरि पोति पुंज अप्पए ।
... . ॥
सुटेरि नैन फेरि रेन तानि पत्ति चाहियं ।
तरप्पि दासि पास कंपि संकियं न वाहियं ॥ छं० ॥ ११७८ ॥
भयं चक्यौ भयान राज गात अम्म दिष्षयौ ।
कै स्वर्ग इंद गंग में तरंग नित्त पिष्षयौ ॥
अनेक संग रूप रंग जूप जानि सुंदरी ।
उछंग गंग मद्धि धुक्कि स्वर्ग पत्त अच्छरी ॥ छं० ॥ ११७९ ॥
हों अच्छरी नरिंद नाहि दासि ग्रेह पंगुरे ।
जु तास पुत्ति जम्म छंडि ढिल्लि नाथ अद्दरे ॥
सपन्न सूर चाहुआन मन्न एम जानये ।
करी न केहरी न दीप इंद एन यान ए ॥ छं० ॥ ११८० ॥
प्रतष्ष हीर जुद्ध धीर जौ सुवीर संचही ।

(१) मो.-बन्दए ।

बरंत प्रान मानि नीच सो सु देन गंठही ॥
सुनंत छूर अश्व फेरि तेज ताम हंकयं।
मनों दृग्गि रिद्ध पाद जाय कंठ लग्गयं॥ छं० ॥ ११८१ ॥
कनक कोटि अंग धात रास बास मालची।
रहंत भोर भोर स्याम छत्र तत्र कामची ॥
सुधा सरोज मौजयं अलक अलि हल्लियं।
मनों मयन्न रत्ति रन्न काम पास घल्लियं॥ छं० ॥ ११८२ ॥
करल्लि काम कंकनं जु पानि फंद माजए।
जु भावरी सपी सु लाज भुंड सो विराज ए॥
अनेक संग डोर रंव रत्त मत्त सस्सियं।
जु संगही सरोज सोभ होत कंत तस्सियं॥ छं० ॥ ११८३ ॥
अचार चारु देव सव्व दोउ पष्प जंपियं॥
सु गंट्ठि दिट्ठ एक चित्त लोक लीक चंपियं ॥
सु इंद्रनी जु इंद्र जानि गंध्रवी विवाहयं।
मुसकि मंद हासयं ससुप्प दिप्पि नाहयं ॥ छं० ॥ ११८४ ॥
सु अंगुली उचक्कि एक देवतानि सुंदरी।
भिलंत होय कथ्य मोहि स्वर्ग वास मंदरी ॥
अनेक सुप्प सुप्प सास जुद्ध साध लग्गियं।
सुकंत कंति अप्यिता तमोरि मोरि अप्पियं ॥ छं० ॥ ११८५ ॥
दूहा ॥ इहि विध धिरताईं कहत। विड्डिय विड्डि निपद्ध ॥
सुप्प सु विड्डय जान सें। मुप्पह विड्डि निषिद्धि ॥ छं० ॥ ११८६ ॥
दियन सासु सहस वखिय। अरि चत्त सिंघनि डार ॥
कानिन गन अनभंग है। मत्ति तेन दह च्यार ॥ छं० ॥ ११८७ ॥
चक्रित चित्त चहुआन हुअ। दरसि दासि तन चंद ॥
तन कलंक कट्टन मिसह। जहां रन्न विष वद्द ॥ छं० ॥ ११८८ ॥

दासी का हाथ से ऊपर को इशारा करना और पृथ्वीराज का संयोगिता को देख कर बेदिल होजाना।

(१) ए. कृ. को.-संगरी। (२) ए. धिरताई कृ. को.-धिरताई कहै।

मुरिल्ल ॥ दरसि दासि तन न्रप वर ठट्ठी। भेद बांच पंडुर तन चट्ठी ॥
उष्ट कंप जल नेंन जंभाई। प्रात सेज ससि रोहिनी आई ॥
छं० ॥ ११८९ ॥
दासि दिष्ट चहुआन सु जोरी। रूप निहारि उभै दिसि मोरी ॥
इंद्र इंद्र रस भरि ढरि चीनौ। मनो मुष रोष वारुनी पीनो ॥
छं० ॥ ११९० ॥
करिवर दासि संजोगि दिषाई। दिष्षत न्त्रिप दुरि तन भय गाई ॥
झंकत तुछ तन स्वब्ब न सारन। सुकल ससि रवि हस्सै पारन ॥
छं० ॥ ११९१ ॥

दूहा॥ चंद चमक झंषिम गवष। चंद्र पत्ति दुति मार ॥
मनों बदन चहुआन कौ। बंधति बंदर वार ॥ छं० ॥ ११९२ ॥

संयोगिता का इच्छा करना कि इस समय गठ बंधन हो जाय तो अच्छा हो।

मुरिल्ल ॥ कुसल जोग[१] राजन चित हट किय। जनम पुब्ब प्रथिराज घट्ट किय ॥
वर बिचार वर बाल बुलाइय। गंठ जोरि ग्रह वर चल्लाइय ॥
छं० ॥ ११९३ ॥

संयोगिता का संकुचित चित्त होना।

दूहा ॥ जौ जंपौ तौ [२]जित्त हर। अनजंपै विहरंत ॥
अहि डट्ठै छच्छुंदरी। हियै बिलग्गी बंति ॥ छं० ॥ ११९४ ॥

ऊपर से दस दासियों का आकर पृथ्वीराज को घेर लेना।

चन्द्रायन ॥ उतर देन संजोगिय धाइय दासि दस।
चावद्दिसि चहुआन सु बिट्टिय कीय बस ॥
नही कोट दै ओट सु गट्टिय काम कस।
मनु दह रुद्र न बिंटि करै मन मध्य बस ॥ छं० ॥ ११९५ ॥

दासियों का पृथ्वीराज पर अपनी इच्छा प्रगट करना।

(१) मो.-रोज। (२) ए. कृ. को-चित्त।

दूहा ॥ सुक्कि सुवर चहुआन को। अखी सु कहिय सु वत्त ॥
पुब्ब अंक विधि वर लियौ। को मेटे विधि पत्त ॥ छं० ॥ ११९६ ॥
पानि ग्रहन संजोगि कौ। जोइ सु देवनि ग्रेह ॥
यों नथि भाविति भाव गति। मनु पुच पंग सु एह ॥ छं० ॥ ११९७ ॥

संयोगिता की भावपूर्ण छवि देख कर पृथ्वीराज का भी बेबस होना ।

कवित्त ॥ देषि तथ्य संजोगि। नेह जल काम करारे ॥
हाय भाय विभ्रम। कटाच्छ दुज बहु भंति निनारे ॥
रचित रंग झंकोर। [1]वयन अंदोल कसय सव ॥
हरन दुष्प द्रुम रुम मिवालं। कुच चक्र वाक सोदि सव ॥
द्रिग भवर मकर विंवर परत। [2]भरत मनोरथ सकल सुनि ॥
[3]वर विदुर न्रपति म्रनाल नें। नन जानो किहि घटिय गुनि ॥
छं० ॥ ११९८ ॥

सखियों की परस्पर शंका कि व्याह कैसे होगा ।

दूहा ॥ मंगल कढि पानि ग्यहन। सुष्य संजोग सु बंक ॥
दिपि विवाह सुभ्यौ वदन। ज्यौं सुंदरि ससि पंक ॥ छं० ॥ ११९९ ॥

अन्य सखी का उत्तर कि जिनका पूर्व संयोग जाग्रत है उनके लिये नवीन संबंध विधि की क्या आवश्यकता ।

कवित्त ॥ सुनि सषि सषि उच्चरिय। कौन वंध्यौ अकास मज ॥
अमर न देषे देव। वेद गंध्रब्ब रिषिय सुज ॥
रुषमनि अरु गोविंद। वेद गंध्रव सुष किन्नौ ॥
दमयंती नल व्रत्त। पत्त अग्गं तिन लिन्नौ ॥

(१) ए. कृ. को.-वैन अंदोल कसय सव।
(२) ए. कृ. को.- भरत मनों मुनि सकल अंग ।
(३) ए. कृ. को.-वर विदुर नृपति मृनालते तत जानो केहि दाहि लागि ।

यों वृत्त खीन संदरति पन। धावि अगें सो सुन्नही ॥
संजोगि अंग जो विहि लिष्यौ। सो मिटे न सिर नन धुन्नही ॥
छं० ॥ १२०० ॥

दूती का पृथ्वीराज और संयोगिता को मिलाना।

दूहा ॥ कहि करि न्रप संजोगि फुनि। दिसि सुहथ्थ वहु लाइ ॥
मिलि कमोद सत पच रवि। दूती दूह न माइ ॥ छं० ॥ १२०१ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता के साथ गंधर्व विवाह होना।

हनूफाल ॥ संजोगि गहि न्रप हथ्थ। मनों सरज जोरित नथ्थ ॥
संजोगि न्रप बर राज। उप्पंम कवि बर साज ॥ छं० ॥ १२०२ ॥
पद्मिनिय पन्न प्रमान। हरु अंग्रिआन अधान ॥
सषि विंट दंपति सोभ। कविराज ओपम लोभ ॥ छं० ॥ १२०३ ॥
दिषि चंद रोहिनि लास। गइ लास कुमुदनी पास ॥
फिरि रंभ आरँभ कीय। न्रप वाम वाम सुलीय ॥ छं० ॥ १२०४ ॥
तन बंध मन दै दान। न्रप छोरि गंठ [1]प्रवान ॥
.... । .... ॥ छं० ॥ १२०५ ॥

दूहा ॥ वरि चल्ल्यौ ढीली न्रपति। सुत जयचंद कुमारि ॥
गंठ छोर दच्छिन फिरिग। प्रान करिग मनुहार ॥ छं० ॥ १२०६ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता से दिल्ली चलने को कहना।

कहि चल्ल्यौ चहुआन चित। उरझे चित्त सु [2]पथ्थ ॥
[3]वद चल्ले प्रथिराज न्रप। हठ संजोगि सु तथ्थ ॥ छं० ॥ १२०७ ॥

श्लोक ॥ प्रयाने पंगपुत्री च। जैतिकं जोगिनीपुरं ॥
विधि सर्व निषेधाय। तांबूलं ददतं न्रपं ॥ छं० ॥ १२०८ ॥

संयोगिता का क्षण मात्र के लिये विकल होकर स्त्रीजीवन पर पश्चाताप करना।

गाथा ॥ सुनि इंदो अनुराओ। दिट्ठो रिझाइ सब्ब सो अप्पं ॥

(१) ए. कृ. को.-प्रमांन। (२) मो.-तथ्थ। (३) ए. कृ. को.-वदालि चले।

दै हथ्यं हवि छुट्टा। छाहं जे बज्जनो हियये॥ छं० ॥ १२०९ ॥
इंजेह आइ नंषी। कंपी तनपाइं काम संजोइ ॥
निरधा अधार विनसं। या [1]बाला जोवनं कुच ॥ छं० ॥ १२१० ॥
दूहा ॥ नग आसुर सु रंभ मन। [2]सवल वंध अवलेह ॥
थान लाज चहुआन कौं। टुट्टिय संकर नेह ॥ छं० ॥ १२११ ॥

दंपतिसंयोग वर्णन ।

चौपाई ॥ रति संजोगि जगि उप्पम नेनं। रह्यौ विचारि कब्बि वर मेनं ॥
जोग ग्यान द्रिग पुच्छि उचारै। तौ दंपति रति ओपम मारै ॥
छं० ॥ १२१२ ॥
मेर जेम मो मन सा जानं। जो हत लीय जिहो चहुआनं ॥
सुष भरि वेंन नेंन अवलोकं। गंठि वंधि पुव्वह परलोकं ॥
छं० ॥ १२१३ ॥
कह्रं कंति धर मुछि वल वुल्ली। पौन देहु दुति छुट्टी लल्ली ॥
कल अधकी अध छिप्पत मन्नं। रुकि चतुर्राथ्य सुकल ससि जन्नं ॥
छं० ॥ १२१४ ॥
मुच्छि परंत प्रजंक प्रसंसी। [3]माइस अद्ध घरी घट चंसी ॥
षोडस आदि कलंकल कंपी। रष्पि सषी सषि सों सषि जंपी ॥
छं० ॥ १२१५ ॥

पृथ्वीराज का संयोगिता प्रति दक्षिण से अनुकूल होजाना।

दूहा ॥ [4]सुनि अंदोअन राव दिठ। रिझ्झाए सव सोइ ॥
फंदह मांहि विछुट्टही। देह जे वज्र न होइ ॥ छं० ॥ १२१६ ॥
वर दच्छिन पुव्वह न्टपनि। भौ अनकूल प्रमान ॥
कंक कन्ह अप्पन वावन। पन्न सु धन परिमान ॥ छं० ॥ १२१७ ॥
मुरिल्ल ॥ मन रूषी तन पिंजर पीरे। दंपति दुष जंपति तन तीरे ॥
हरुअ दुष्प सुष सषी प्रगासी। परमहंस गुर वैन सन्यासी॥छं०॥१२१८॥

(१) ए. कृ. को.-बाले। (२) ए.-सपल।
(३) ए. कृ. को.-माहस अद्ध घरी घर संसी।
(४) ए. कृ. को.-सुनि इन्द्रोलव रावदित।

संयोगिता का दिल खोल कर अपने मन की बातें करना, प्रातः काल दोनों का बिलग होना।

कवित्त ॥ दच्छिन बर चहुआन। कीय अनुकूल पिम्म तन ॥
बिरह बाल द्रग उमगि। अंषि कनक क्रप नंधन ॥
न्रप मन धन दक्षिय सनेह। देह दुष काम वाम अगि ॥
ज्यों कुलाल घट अग्गि। पचषयौं उमझि उट्ठि लगि ॥
दंपत्ति नेह दुष दुहुन कहि। बिछुरि साथ चक्रवाक जिम ॥
ज्यों सहै दुहन जिहि कुल बधू। कहत साध पंजर सु तिम ॥
छं० ॥ १२१९ ॥

गुरुराम का गंगा तीर पर आ पहुंचना।

दूहा ॥ पहुंचायौ दस दासि न्रप। गंग सपत्तौ ताम ॥
वह दिष्यौ गुरु राज ने। ज्यौं रति बिछुरति काम ॥ छं० ॥ १२२० ॥
चौपाई ॥ दिसि गुर राज राज तन चाहं। मनो गजिय उर उज्जल गाहं ॥
दिष्षि सु छबि ढिल्ली चहुआनं। जानै कन्ह सु लछियं जानं ॥
छं० ॥ १२२१ ॥

पृथ्वीराज का गुरुराम को पास बुलाना।

दूहा ॥ बर दंपति दस दासि ढिग। दंद जुदो जनु व्याह ॥
दुहु दिसि मंगल बज्जिहै। बिच मंगल बरधाह ॥ छं० ॥ १२२२ ॥
तब देषिय गुर राज न्रप। चलि आइय तिहिं पास ॥
मन देषत सीतल भयौ। बाढय राज उर आस ॥ छं० ॥ १२२३ ॥

गुरुराम का आशीर्वाद देकर सब बीतक सुनाना।

दै असीस उच्चारि अज। संभरि संभरि वार ॥
सुभर सूर सामंत सों। पंग सु जुद्ध प्रहार ॥ छं० ॥ १२२४ ॥
कवित्त ॥ बीर हेम झुझ्झयौ। वाम जग्ग्यौ जु कंक अगि ॥
बर दंपति हथ लेव। बंधि बंदी उपंम मनगि ॥
बरसै सब उतरंत। चढ़त सम राज पाज बंधि ॥

कै भगि भगि भन्नि पाल। मंगि माला जोवन संधि ॥
आचार चार दुहु पष्प वर। देव देव मिलि जंपइय ॥
भांवरिय लाज सपि ज्यों जुरिय। धीर वीर [1]मिलि वज्जइय ॥
छं० ॥ १२२५ ॥

पन्यौ राव लंगरी। पंग भंजै परधानं ॥
इर्द दमन कूरंभ। परे दुरजन [2]सलषानं ॥
सिंघ मिले संमरह। सिंह न्त्रिग्रान सभानं ॥
वर प्रताप तूंवर ततार। सकति सुनि न्त्रिप कानं ॥
रघुवंस भीम जै सिंघ दिनि। भान भष्प गौ झुलयौ ॥
इन परत पंग ढिल्ली वहुअ। न्त्रिप ढिल्लीस न ढिल्लयौ ॥
छं० ॥ १२२६ ।

गुरुराम का कहना कि सामंतों के पास शीघ्र चलिए।

दूहा ॥ ढिल्ली वै संभरि न्त्रपति। वत्त कहंतह वेर ॥
फिरि सामंतन सूर मिलि। करहि न न्टपति अवेर ॥छं० ॥ १२२७
दुज दासौ संयोग पै। कहन लोभ कलिरीय ॥
दे सुराज चहुआन चित। ओडन मुक्किय जीय ॥ छं० ॥१२२८॥
कवित्त ॥ इह सर सुनि सजोगि। जोग पायौ न देव मुनि ॥
तिहि सर सुष्य न दुष्य। जीत भौटरै जम्म फुनि ॥
रंभा भर जुग्गिनी। गिद्ध वेताल सु कंपी ॥
हंस हंस उड़ि चलै। रुद्धि जल कमल नियंपी ॥
रस वीर विचें सेवाल कच। क्रित्ति भवर तिहि गंजइय ॥
[3]रत्तय म्रनाल कित्तिय अथय। सूर सुतन मन रंजइय ॥
छं० ॥ १२२९ ॥
दूहा ॥ सुनिय वयन संजोगि कहि। लिषि दिय पट्ट प्रमान ॥
दई करै सो न्त्रिम्मयौ। मिलन तेहु चहुआन ॥ छं० ॥ १२३० ॥

कन्ह का पत्र पढ़ कर पृथ्वीराज का चलना और संयोगिता का दुखी होना।

(१) ए. कृ. को.-मिसि। (२) ए. कृ. को.सलयानं। (३) ए. को.-इत्तह।

चौपाई ॥ लै पटि बंचि कन्ह गिरि संगं । चल्यौ न्रपति [1]जुद्ध रस अंगं॥
जिम जिम वर चल्लै चहुआनं । तिम तिम बाल प्रमुक्कै प्रानं ॥
छं० ॥ १२३१ ॥

कवित्त ॥ चल्यौ राज प्रथिराज । पास गुर कन्ह मन ॥
चिंति स सूर सँजोग । चल्यौ चहुआन राह पन ॥
सौ क्रम दस ता अग्ग । पंग दल रुद्धि जुद्ध बल ॥
इक्क कहै [2]प्रिथु पथ्थ । इक्क तप जुत्त जुधिष्ठल ॥
रुकयौ रतन सा निद्धि पत । रतन सौंह चिहु मग्गि गसि ॥
झंकारि सूर सम्हौ फिरिय । संभरि वै कढ्ढीति असि ॥छं॥१२३२॥

पृथ्वीराज का घोड़ा फटकार कर अपनी फौज में जा मिलना।

नंषिहै मान नरिंद । बज्जि षुरतार कंपि भुअ ।
बज्रघात न्रिघघात । वज्र संपत्त कंपि भ्रुअ ॥
अट्ठ सु चल दह विचल । उड्डि बंबर धर धुम्मर ॥
बजी सद्द पर सद्द । मद्दतजि रह्हिग मद्द करि ॥
अै चक्क सुभर न्रप बीर वर । लष्षि वीर चहुआन वर ॥
[3]बर नच्चे बीर सुनि कन हंसे । जियत बत्त प्रथिराज नर ॥
छं० ॥ १२३३ ॥

मुसल्मान सेना का पृथ्वीराज को घेरना पर कन्ह का आड़ करना।

रसावला ॥ राजरुक्के अरी, सिंघ रोहं परी । पंजरं षोलियं, बीर सा बोलियं॥
छं० ॥ १२३४ ॥
षग्ग बंकी कढ़ौ, तेज बीयं बढी । बान नष्षं भरं, मोह [4]मंमं झरं ॥
छं० ॥ १२३५ ॥
राज बिच सारयं, पंच हज्जारयं । बंक धंकं डनी, बीर नंषे धुनी ॥
छं० ॥ १२३६ ॥

(१) ए. कृ. को.-दुद्ध। (२) मो.-प्रथिराज।
चहं चह चंव तरं रन तूर। सु रब्बर संप सजे घन सूर॥
मिले पहु जंगल सेन सु पंग। मनों मिलि सागर संग सु गंग॥
छं० ॥ १७४० ॥

भगे रस तामस नग्गिय पग्ग। मनों रस हारि जु आरिय लग्ग॥
झरभ्भर वज्जिय धारनि धार। मनों ससि क्रकसि तुट्टिय तार॥
छं० ॥ १७४१ ॥

लगे मुष नाग सकत्ति न भोरि। मनों गजराज वजावत भेरि॥
हयद्दल पैद्दल दंतिय एक। लगे कर आवध सावध केक॥
छं० ॥ १७४२ ॥

झरभ्भर सेन झनक्किय झार। धरष्षर लुथ्यि '[2]ढरें धर भार॥
'[3]कढी चहुआन कमान सु वंक। मनों यह सेन सु बीय मयंक॥
छं० ॥ १७४३ ॥

पृथ्वीराज की कमान चलाने की हस्तलाघवता।

दूहा ॥ कढि कमान असमान घन। मझि चमंकिय बीज॥
मनों काल की जीभ ज्यौं। झुकि कढ्ढी करि षीजि॥
छं० ॥ १७४४ ॥

तमकि तेज कोवंड लिय। जंगल वै जुध वान॥
असी लष्प दल तुच्छ गनि। न्याइ बँध्यौ सुरतान॥ छं० ॥१७४५॥

(१) ए. कृ. को.-धुअंमर। (२) ए. कृ. को.-धरै। (३) ए. कृ. को.-चढी।

पृथ्वीराज का जैचन्द पर बाण चलाने की प्रतिज्ञा करना और संयोगिता का रोकना।

कवित्त ॥ कहैं राज प्रथिराज। सुनहि संयोगि सु [1]लष्षिन ॥
आज हनों जैचंद। दंद ज्यों मिटै ततष्षिन ॥
पिता मरन सुनि डरिय। करिय अरदास जोरि कर ॥
मोहि पंग बग सीस। कंत किज्जै सु प्रेम धर ॥
मन्नेव बचन संयोगि तव। चल्यौ राज अग्गे विमन ॥
कलहंत नारि जानिय सु चित। मिटै न गंध्रव कौ वचन ॥
छं० ॥ १७४६ ॥

पृथ्वीराज के घोड़े की तेजी।

दूहा ॥ असी लष्य दल उप्परै। नंषि वाजि प्रथिराज ॥
धरनि फट्टिकै गगन तुटि। भरकि सु कायर भाजि ॥ छं० ॥१७४७॥

चहुआन की तलवार चलाने की हस्तलाघवता।

चोटक ॥ [2]चहुआन कमानति कोपि करं। पघनं पघनं प्रिथिराज वरं ॥
जिहि लष्य असी दल तुच्छ करी। दल गाहि नरिंद जु मंझ फिरी॥
छं० ॥ १७४८ ॥

बहि बान कमान धुँकार वजी। कि मनों वर पुब्बय मेघ गजी ॥
सर फुट्टि सनाहन भेदि परी। नर हथ्थ तरंगनि जुद्ध [3]तरी॥
छं० ॥ १७४९ ॥

चहुआनति मुष्षहि बीर चढ़ी। सर नंषि तहां किरवान कढ़ी ॥
लगि राज उरं किरवान कटी। कि मनों हरि पै तड़िता वि छुटी॥
छं० ॥ १७५० ॥

चहुआन वही किरवान बरं। सु परे अरिषंड विषंड धरं ॥
अरि ढाहि परे गजराज मुषं। सु बहै [4]तिन बान कमान रुषं ॥
छं० ॥ १७५१ ॥

(१) ए. कृ. को.-लच्छिन। (२) यह पंक्ति मो.प्रति में नहीं है।
(३) मो.-करी। (४) मो.-नित।

कटि सुंडि सु नेत्तन दंत कटी। सु मनों तड़िता घन मद्धि छुटी ॥
सु परे धर वीरति पंग भरं। प्रथिराज जयज्जय चंपि वरं ॥
छं० ॥ १७५२ ॥

सुकरी अरि [2]अप्प विडारत गज्ज। मनों वन जारिन जानि धनज्ज॥
ढहै गज ढाल सु झंडहि झारु। मनों फल भारह तुट्टिय डारु ॥
छं० ॥ १७५३ ॥

ढह्यौ घन घाव सु डुंगह देव। भुवन्नह राव पऱ्यौ घह घेव ॥
भरक्किय सेन सु भग्गिय पंति। परे दह तीन सहस्सह दंति ॥
छं० ॥ १७५४ ॥

परे धर वीर सु पंग भरं। प्रिथीराज जयज्जय चंपि वरं ॥
छं० ॥ १७५५ ॥

सात घड़ी दिन शेष रहने पर पंगदल का छिन्न भिन्न होना देख कर रयसलकुमार का धावा करना।

कवित्त ॥ घरिय रस्स रवि सेप। भयौ कलहंत तास भर ॥
वज्र घात सामंत। अग्गि लग्गी सु पग्ग झर ॥
हलहलंत दल पंग। दंग चहुआन जान [3]भय ॥
तत्र आयौ रयसल्ल। विरद भैरुं सु भूत रय ॥
हाकंत हक्क वर उच्चरिग। अतुल पान आजान हुअ ॥
कमधज्ज लग्गि कमधज्ज छल। वीर धीर विजपाल सुअ ॥
छं० ॥ १७५६ ॥

पृथ्वीराज के एक एक सामंत का पङ्ग सेना के एक एक सहस्त्र वीरों से मुकाबला करना।

दूहा ॥ सहस वीर भर अप्प वर इक इक रष्षै रिंघ ॥
संभरि जुध सामंत सम। मनों लग्गि सम सिंघ ॥ छं०॥१७५७॥

घमासान युद्ध वर्णन।

(२) ए. कृ.-को.-अप्प। (३) ए.-कृ.-को. भुव।

पद्धरी ॥ लग्गे सु सिंघ सम सिंघ घाइ। चहुआन सूर कमधज्ज राइ ॥
छाकंत मत्त आरंत तेक। छम संत रत्त इलि चलन एक ॥
छं० ॥ १७५८ ॥

गय नभ्भ सूर रुधि रत्त भौन। पसरै मरीच नह मभ्भि तौन ॥
संचार अन्न सही न व्योम। धुंधरिग धाम दह दिग्ग धोम ॥
छं० ॥ १७५९ ॥

पावै न मध्य गिद्धी पसार। भिद्दै न अन्य षह अद्ध चार ॥
[1]देषंत सूर[2]कौतिग्ग सोम। नारद आनि अध निरषि व्योम ॥
छं० ॥ १७६० ॥

षह चरह सुद्ध सुझ्झै न कंक। घन घुरह षेह पूरित पलंक ॥
अच्छरिय रथ्थ रुद्धंत सीस। पावै न परन इच्छंत ईस ॥
छं० ॥ १७६१ ॥

पत्तौ सु काल रयसल्ल रूप। गह गह चवंत चहुआन भूप ॥
भौ तिमिर धुंध सुझ्झै न भान। प्रगटै न अप्प द्रिग अप्प पान ॥
छं० ॥ १७६२ ॥

दिष्षहि न सूर सामंत राज। संग्रहौ सह दल सकल साज ॥
सह्यौ सु कन्ह सामंत हद्द। हो जैत राव जामानि जद्द ॥
छं० ॥ १७६३ ॥

निद्धुरह सिंघ सुनि अत्त ताइ। सुझ्झै न ईस सौधौ सु राइ ॥
वंच्यौ सु सूर चौरंगि नंद। लष्यौ सु राज अरि लष्य वृंद ॥
छं० ॥ १७६४ ॥

वंच्यौ सु कन्ह धुअ गेन धार। गय पंग ढारि बंधी सु पारि ॥
झम्यौ सु श्रवन सुनि अत्तताइ। भोंहा सु धीर धरि तोन धाइ ॥
छं० १७६५ ॥

हलकंत सथ्थ सामंत तार। मानहु झमंत हरि दंत भार ॥
विहथंत कोपि वाहंत कोन। भिद्दंत सिंधु उड्डंत श्रोन ॥
छं० ॥ १७६६ ॥

प्रगटंत झाक पावक [3]षोम। किलकंत घूंटि संठी सु व्योम ॥

(१) ए. कृ. को. देषन्न। (२) मो.-कौतिक्क। (३) ए. मो.-धोम।

धमकंत नाग धर असि उसंध । चइकंत कंध ज्ञरंम बंध ॥
छं० १७६७ ॥

घर तुट्टि धरनि पल पलनि पंक । तन खन अवन अइमान संक ॥
गय ढार सार सुषमत्त भार । प्रगटंत मद्धि दुअ दल पगार ॥
छं० ॥ १७६८ ॥

रुझंत पारि पंगुरह सेन । निरषंत स्वामि सामंत नेन ॥
*   *   *   *   *   *   छं० ॥ १७६९ ॥

नवमी के युद्ध का अंत होना ।

दूहा ॥ संझ सपत्तिय न्त्रप तिरन । बिय पारस पर कोट ॥
रहै सूर सामंत झकि । देषि न्त्रपति तन चोट ॥ छं० ॥ १७७० ॥
दोइ बर अश्वनि पष्षरह । दुअ न्त्रप इक संजोइ ॥
इह अवस्थ अंषन लषौ । हम जीवन न्त्रप तोइ ॥ छं० ॥ १७७१॥

सामंतों का कहना कि अब भी जो बचे हैं उन्हें लेकर दिल्ली चले जाओ ।

इह कहि न्त्रप लग्गे चरन । सांई दिष्षत अंषि ॥
[1]जाहु सुजीवत जानि घर । पंच सु बीसह नंषि ॥ १७७२ ॥
जीत हारि न्त्रप होत है । अरु हांसी दुज्जन लोग ॥
जुरि धर अद्ध निरद्ध किय । अब जंगल वै भोग ॥ छं० ॥ १७७३ ॥

नवमी के युद्ध में तेरह सामंतों का मारा जाना ।

सविता सुन दिन जुद्ध बर । भौ रस रुद्र [2]समंत ॥
होत संझ नवमिय दिवस । परे तेर सामंत ॥ छं० ॥ १७७४ ॥

मृत सामंतों के नाम ।

कवित्त ॥ परे रेन रावत्त । राम रिन जंग अंग रस ॥
उठत इक्क धावंत । पंच वाहंत बीर दस ॥
बलि बारड मोहिल । मयंद मारुअ मुष मध्ये ॥
आरेनो अरि लंघि । पंग पारस दल षद्धे ॥

(१) ए. कृ. को.-जाह सु जीवत । (२) ए.-समात ।

नारेन बीर बंधव बरन। दिव देवान [1]गौ देवरौ ॥
कलहंत बीज सामंत मुअ। रह्यौ स्वामि सिर सेहरौ ॥छं०१७७५॥

संध्या को युद्ध बंद होना।

दूहा ॥ संझ सपत्तिय रत्ति भर। फुनि सज्जै दल पंग ॥
चलिग पंति [2]पहु पंग मिलि। जुद्ध भरनि किय जंग ॥
छं० ॥ १७७६ ॥

पंग सेना के मृत रावतों के नाम।

कवित्त ॥ कमधज्जह रयसल्ल। बिरद भेरू सु भूत गहि ॥
कर नाटिय किय सोर। राग सारंग थट्ट थहि ॥
सु पहु गुंड सु ग्रीव। राव बघ्घेल सिंघ वर ॥
मोरी [3]का सु मुकंद। पुट्ठि भौमेह पंति धर ॥
न्टप कन्ह राव मरहट्ठ वै। हरिय सिंघ [4]हयनेव पर ॥
नरपाल राव नेपाल पति। राइ सल्ल क्रमि लै सभर ॥
छं० ॥ १७७७ ॥

नवमी के युद्ध की उपसंहार कथा।

विज्जुमाला ॥ नवमिय [5]सूरन सूर। वज्जिग विषम तूर ॥
गहन [6]गड्डन पंग। बच्चिग सच्चिग जंग ॥ छं० ॥ १७७८ ॥
तरनि सरनि सिंधु। धरनिति मिर धुंध ॥
संचार गौ मय वानि। झलकि सल्लित जानि ॥ छं० ॥ १७७९ ॥
सघन जुग्गन जूप। प्रगटित पहुमि रूप ॥
सज्जित सु चहुआन। करषि कर कम्मान ॥ छं० ॥ १७८० ॥
रजति रासठि संक। मनहु लेयन लंक ॥
घुट्टि छुग्गुन कंन। बहिया तुरंग [7]तंन ॥ छं० ॥ १७८१ ॥
पष्षर सब्बर सारं। प्रगटि उरनि पार ॥
सनमुष पंग सेल। सहित सूरन ठेल ॥ छं० ॥ १७८२ ॥

---

(१) ए. कृ. को. गयौ। (२) ए. कृ. को-पहुपंति।
(३) मो.-पास। (४) मो.-हथनेर। (५) मो.-सूअन।
(६) ए. कृ. को.-गन। (७) ए. कृ. को.-छंन।

वहिग विप्पम सार । प्रगटि उरन्नि पार ॥
धार धार लगि झार । धरनि धर सुद्दार ॥ छं० ॥ १७८३ ॥
रयसल्ल लष्यिय राज । क्रमि गहनं सु साज ॥
लषि सम रज धाय । आइ लगि अततोइ ॥ छं० ॥ १७८४ ॥
[1]हय हीय सिंगी झार । नष्यौ जु पूर पगार ॥
उद्दिग क्रमि सु सूत्र । मंडि गज सिंघ [2]रूअ ॥ छं० ॥ १७८५ ॥
रयसल्ल परे पिष्यि । क्रमे गह राज रिष्यि ॥
मिली कन्ह अत्ता ताइ । रिपि रन रुक्कि राय ॥ छं० ॥ १७८६ ॥
परे दह सत्त घाइ । सघन घइ अप्प आइ ॥
परे अन्न भूय पिपि । भोग सेन सव लषि ॥ छं० ॥ १७८७ ॥

पंग सेना का पराजित होकर भागना तब शंखधुनी योगियों का पसर करना ।

दूहा ॥ भगे सेन विजपाल न्टप । लषि भै तामस राइ ॥
सहस एक भर संव धर । कहि हय छंडि रिसाइ ॥ छं० ॥ १७८८॥
वाते संप विरद धर । वैरागी जुध धीर ॥
सूर संघ न्रिप नामि सिर । भर पहु मज्जन भीर ॥ छं०॥१७८९ ॥

शंखधुनी योद्धाओं का स्वरूप वर्णन ।

कवित्त ॥ पवंग मोर पष्षरह । मोर ग्रीवत गज गाह्यि ॥
मोर टोप टट्टरी । मोर मंडित संनाह्यि ॥
मोर माल उर संघ । संक छंडिय भय भग्गिय ॥
धार तिथ्थ आदरिय । पंग सेवहि वैरागिय ॥
तिहि डरनि डारि घल्लै । तिनहिं नित राज अग्गे रहै ॥
हल हलत सेन सामंत भय । मुक्ति मुक्ति अप्पन कहै ॥छं०॥१७९०

पृथ्वीराज का कवि से पूछना कि ये योगी लोग जैचन्द की सेवा क्यों करते हैं ।

दूहा ॥ रिषि सरूप संषह धुनिय । अति बल पिथ्थ कहंद ॥
बैरागी माया रहित । किमि सेवै जयचंद ॥ छं० ॥ १८९१ ॥

(१)-मो.-हय हाय संगे झार ।   (२) ए. कृ. को.-सूअ ।

कविचन्द का शंखधुनियों की पूर्व कथा कहना।

कहत चंद प्रथिराज। ए सब रिषि अवतार ॥
मुनि नारद [1]परबोध भौ। कथ्थ सुनहु विस्तार ॥ छं० ॥१७९२॥

तैलंग देश का प्रमार राजा था उसके रावत लोग उस से बड़ी प्रीति रखते थे।

कवित्त ॥ सहस एक सुधवंस। सहस एकह धर सोहै ॥
सेवा करत तिलंग। लष्य दस सस्त्र अरोहै ॥
एक सहस वांजिंत्र। समुद तट सेवा सज्जै ॥
वपु सु वज्र चित वज्र। एक निरलेप अरज्जै ॥
सब एक जीव तन भिंन भिन। वंस छत्तीस अषाढ़ सिध ॥
प्रामार तिलंग हरि सरन हुअ। कुल छतीस धर दान दिध ॥
छं० ॥१७९३॥

उक्त प्रमार राजा का छत्तीस कुली छत्रियों को भूमि भाग देकर बन में तपस्या करने चला जाना।

न्टप केहरि कंठेर। राइ सिंधुआ पाहारं ॥
रा पब्बार परताप। पत्त डंडीर सुधारं ॥
राम पमार तिलंग। जेन दिन्निय वसुधा दन ॥
उज्जैनिय चक्कवै। करै सेवा तिलंग जन ॥
सह सेक सुभट सब एक सम[2]। जब तिलंग परलोक गय ॥
छचीन दान दिन्नौ तबहि। सहस सुभट बनवास लय ॥
छं० ॥ १७९४ ॥

दिय दिल्ली तोंवरन। दई चावंड सु पट्टन ॥
दय संभरि चहुआन। दई कनवज कमधज्जन ॥
परिहारन मुर देस। सिंधु बारडा सु चालं ॥
दै सोरठ जदवन। दई दच्छिन जावालं ॥

---

(१) मो.-परमोद। (२) ए. कृ. को.-सन।

चरना कच्छ दीनी करग । भट्टां पूरब भावही ॥
वन गए न्रपति वंटै धरा । गिरिजापति माला गही ॥छं०॥१७९५ ॥

राजा के साथी रावतों का भी योग धारण कर लेना ।

दूहा ॥ एक सहस्त रिप रूप करि । अजपा जपै सु नाम ॥
वन पंडह विश्राम किय । तप तप्पत तिन ठाम ॥छं०॥१७९६॥

ऋषियों का होम जप करते हुए तपस्या करना ।

पद्धरी ॥ रिषि मंगि आइ सुर धेन ताम । दीनी सु इंद्र वर होम काम ॥
रिषि तास दूध [१] वर करै होम । संच पत होइ तिन सुरभ धोम॥
छं० ॥ १७९७ ॥
अध्याय अधिन जाजंन जप्प । रिषि करै सब्ब उन कष्ट तप्प ॥
तह करत दैत्य वहु विघन [२] नित्त । भप्पी सु गाव वच्छी सहित्त ॥
छं० ॥ १७९८ ॥

एक राक्षस का ऋषि की गाय भक्षण कर लेना और ऋषियों का संतापित होकर अग्नि में प्रवेश करने के लिये उद्यत होना ।

विअष्परी ॥ रिषि तहां बसै उभै सत वर्ष । राक्षस तहां धेन वच्छ भष्यं ॥
कोपवंत रिषि हुए सु भारी । सब मिलि अगनि प्रवेस विचारी ॥
छं० ॥ १७९९ ॥
इह उतपात चिंति नारद रिषि । आयौ तिन आश्रम्म समद्द सिषि॥
अरघ पाद सब्बह मिलि किन्नौ । मुनि सुष पाइहु औ आधिन्नौ ॥
छं० ॥ १८०० ॥

नारद मुनि का आना और सब योगियों का उनकी पूजा करना ।

दूहा ॥ रिषि आवत नारद्द मुनि । लग्गे सब्बह पाइ ॥
फनपत्ती से दिष्षि करि । चरन पषालै आइ ॥ छं० ॥ १८०१ ॥

(१) ए. दूस । (२) मो.-वित्त ।

नारद मुनि का योगियों को प्रबोध करना।

दूहा ॥ मुनि प्रबोध मुनिजन कियौ। प्रति राक्षस कृत साप ॥
सो तुमकों लग्यौ सबै। तब रिष लग्गे ताप ॥ छं० ॥ १८०२ ॥

नारद का कहना कि तुम जैचन्द की सेवा करो वहां तुम युद्ध में प्राण त्याग कर साक्षात मोक्ष पावोगे।

विअष्षरी ॥ नारद रिषि उच्चरै सु बत्तं। सुनौ सबै इह इक करि चित्तं[1] ॥
फिरि रिषि राज सु आयस दिद्धं। करौ तपस्या साधक सिद्धं ॥
छं० ॥ १८०३ ॥

वरष बीस तुम तप्प सु तप्पे। एक चित्त करि अजया जप्पे ॥
तुम हौ क्षत्री जाति सबै मुनि। तिहि आचरौ धार तीरथ फ,नि॥
छं० ॥ १८०४ ॥

और तप्प बहु काल अभ्यास। इंद्री डुलै सबै भ्रम नास ॥
धार तिथ्थ आदरै जु षत्री। सुष में पावै मुगति तुरत्ती ॥
छं० ॥ १८०५ ॥

धार तिथ्थ पहिलै छत्री ध्रम्म। भू पर सबै और जानौ श्रम ॥
कहौ कौन हम सों जुध आवै। देषत दूरिहु तें जरि जावै ॥
छं० ॥ १८०६ ॥

जग मध्ये जयचंद कमंद न्रप। अवनी उप्पर तास महा तप ॥
मानों इंद्र सरूप बिचारं। आयौ प्रथी उतारन भारं ॥छं०॥१८०७॥
ता रिपु एक रहै चहुआनं। अवर सबै न्रप सेवा मानं ॥
संभरि वै दिल्ली पति रज्जं। सौ सामंत सेव तिन सज्जं ॥
छं० ॥ १८०८ ॥

सो ढुंढा अवतारी भारी। ते तुम संमुह मंडै रारी ॥
जाउ तुम सेव जयचंद प्रति। एक लष्ष गढ़ तिन घर सोहति ॥
छं० ॥ १८०९ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-चित्तं।

जष्य असी तोयार पलानै। जग मध्ये तीनूं पुर जानै॥
रषि सुनि वेन सबैं सुष पायो। अच्छौ गुर उपदेस बतायौ॥
छं०॥ १८१०॥

कवि का कहना कि ये लोग उसी समय से जैचन्द की सेना में रहते हैं।

दूहा॥ रिषि आयस मंन्यौ सु रिष। संष चक्र धरि साज॥
दिन प्रति सेवै गंग तट। सुनि विजपाल सु राज॥ छं०॥ १८११॥
मोर चंद्र मथ्थै धरिय। जटा जूट जट बंधि॥
संष बजावत सब्ब भर। सेवैं जाइ कमंध॥ १८१२॥

नारद ऋषि का जैचन्द के पास आना और जैचन्द का पूछना कि आपका आना कैसे हुआ।

विअष्परी॥ धुज्जै भूमिरु अंबर गज्जै। तीन लष्य वाजित्र धुनिज्जै॥
तुट्टि अकास तीन पुर भग्गै। जोग मायथौ जोगिनि जग्गै॥
छं०॥ १८१३॥
है षुर रज ढंकियैं सु अंबर। चढ़ै कमंध करि मेघाडंबर॥
लष्य पचास पड़ै हय पष्पर। हुअ मैदान मेर से भष्पर॥
छं०॥ १८१४॥
अग्गै जल पच्छै मिलि पंकं। सर वर नदी लादि सों ठंकं॥
पानी थान षेह उड्डै बहु। अंत कलप्प दूसी सुनियै कहु॥
छं०॥ १८१५॥
दस दिगपाल परै भंगानं। मानव सेस देव संकानं॥
इन आडंबर चढ़ि कमधज्जं। आतपत्र ढंक्यौ उडि रज्जं॥
छं०॥ १८१६॥
यौं जयचंद तपै तट गंगा। नाम सुनंत छोड़ अरि पंगा॥
नारद मुनि आये तिन ठामं। पंग उट्ठि तब कीन प्रनामं॥
छं०॥ १८१७॥

कुसल पुच्छि बहु सुष रिष किन्न । चरन सु रज मस्तक न्रप दिन्न ॥
किन कारन आए पुच्छै न्रप । भाग अज्ज मो नगर आय अप ॥
छं० १८१८ ॥

रिष्य कहै संभलि न्रप राजं । सावधान मन करे समाजं ॥
* * * । * * * छं० ॥१८१९॥

नारद ऋषि का शंखधुनी योगियों की कथा कह कर राजा को समझाना कि आप उनको सादर स्थान दीजिए।

दूहा ॥ नाद सु नारद जंपि इह । सुनि जैचंद विचार ॥
सहस एक षिची सु तन । सेवक तिलंग पँवार ॥छं०॥१८२० ॥
जीव एक देही उभय । अवतारी रजपूत ॥
जब पवाँर परलोक गय । गह्यौ भेष अवधूत ॥ छं० ॥ १८२१ ॥
सागर तट तप सद्धयौ । बरष उभै सित एह ॥
होम धेन राक्षस हतो । तिन डर डरी सु देह ॥ छं०॥१८२२॥
सब मिलि मरन विचारयौ । अगनि प्रवेस कुमार ॥
उभय भाग रिषि राज सुनि । हूं आयौ तिन वार ॥ छं० ॥१८२३॥
दहन वरज्यौ बोध दै । धारा [1]तिथ्थ सु सत्ति ॥
वेद पुरान प्रमान जुग । दस अट्ठह [2]संम्रत्ति ॥ छं० ॥१८२४ ॥

स्लोक ॥ जीविते लभ्यते लक्ष्मी । म्रते चापि सुरांगणा ॥
क्षणं विध्वंसिनी काया । का चिंता मरणे रणे ॥ छं० ॥१८२५ ॥

कवित्त ॥ सुनि प्रबोध मन मानि । रिष्षि आये तुम पासं ॥
धारा तीरथ आदि । तहां साधन किय आसं ॥
मोर पंष जट मुगट । सिंगि संग्राम सु धारै ॥
मोह देह सब रहित । मरन दिन अंत विचारै ॥
कलहंत वार मिलकंत न्रप । संष नाद पूरंत सर ॥
जैचंद सेव आये सबै । [3]एक जीव उभया सु हर ॥छं०१८२६॥

(१) ए. कृ. को. तीरथ । (२) मो. सुमृंत्त ।
(३) मो.-" एक जीव उरभया सुहर" ।

नीसानी ॥ बषत वड़े कनवज्ज राय रिषि तेग गहाई।
संषधुनी सहसेक न्रप हुये जु सहाई ॥
जव चल्लै संष सद्द दै गिरि मेर ढहाई।
लष्य असी मधि देषियै नारद वरदाई ॥
ए अवतारी मुनी सवै पूरव पुनि पाई।
जव कोपे करि वार लै पुर तीन ढहाई ॥
ए पराक्रमी सूरिमा हर उमया जाई ॥ छं० ॥ १८२७ ॥

कवि का कहना कि तब से जैचन्द इन्हें अपने भाई के समान मान से रखता है।

दूहा ॥ राज पंग पय लग्गि करि। सब रष्ये निज पास ॥
लष्य एक देही लहै। पुज्जै द्वादस मास ॥ छं० ॥ १८२८ ॥
अति वर न्रप आदर करै। जेठा बंधव जोग ॥
तिनहि राज रष्यह रहै। ते छुटि अज जुध भोग[1] ॥
छं० ॥ १८२९ ॥

जैचन्द की आज्ञा पाकर शंखधुनियों का प्रसन्न होकर आक्रमण करना।

कवित्त ॥ न्रिप केहरि कंठेर। राय परताप पट्ट चह ॥
सिंधुअ राय पहार। राम षम्मार थट्ट थह ॥
कठ्ठिय आस सुकाज। पत्त गुडीर नरत्ता ॥
पह परवत पाहार। रहै सांषुला सुमत्ता ॥
अनेक सेव पति संष धर। सहस एक बिन मोह मत ॥
अग्या सुपंग किल क्रांत क्रमि। अप्प अप्प मुष उप्परत ॥
छं० ॥ १८३० ॥

शंखधुनियों का पराक्रम।

हय हय हय आयास। केलि सज्जी सुव्योम सिर ॥
किल किलंत का मकि। डक बज्जी सुहंस हर ॥

(१) मो.-जोग।

ओर राह पत्ति संघ। हक्कि असि ताईय तत्ते।
मनहुं पात ल्निघघात। पत्ति सामंत सुसत्ते॥
हम संत सेन अम्भय उभय। चाहूआन कमधज्ज कस॥
उव्वरिग आन अप अप्प मुप। लक्कि धार रत्ते सुरस॥
॥ छं० ॥ १८३१ ॥

युद्ध की शोभा और वीरों की वीरता वर्णन।

विज्जुमाल॥ पैदलह मंत रत्त। जु गुर सुलह जुत्त॥
बंचित सुचंद छंद। विज्जूमालवि वंद॥ छं० ॥ १८३२ ॥
निमल सकल व्योम। रजति सिरनि सोंम॥
[1]प्रगटि ताम सपंग। हलि मिलि क्लिलि गंग॥ छं० १८३३ ॥
सुरत सेन सुलष्षि। निरषि परषि पिष्षि॥
विहसि द्रिग्ग करूर। बाजित विंव तूर॥ छं० ॥ १८३४ ॥
सुंछति निरति भोंह। भोंह दु कुंतल सोंह॥
दल सु समुद दूप। अचवन अगस्ति रूप॥ छं० ॥ १८३५ ॥
छाकंत संघ सुधार। वहत विषम सार॥
धार धार लगि धार। भररंत तुट्टौ भार॥ छं० ॥ १८३६ ॥
किननंत सिर निसार। अचल मनु आधार॥
हवकि हवकि संग। अनी अनी लगि अंग॥ छं० ॥ १८३७ ॥
बिहल कराल कूप। क्रिषित कोल सरूप॥
बानैत संघ समंत। अरिग सूकर अंत॥ छं० ॥ १८३८ ॥
सु वच्चि सामंत राज। अप अप इष्ट साज॥
सुमिरंत वीर मंत। आइग सब सुनंत॥ छं० ॥ १८३९ ॥
एकित सु तोन धारि। कड्डिग सिरनि सार॥
धरनि सु धर धोर। हक हाक बजि भार॥ छं० ॥ १८४० ॥
नंचित चीर षंग। थइ थेई थंग॥
घन नंक सघन घंट। किलकंत [2]गोम कंट॥ छं० ॥ १८४१ ॥
गिधिय अंत गहेस। अंत सु लगिय तेस॥

(१) ए कृ. को-प्रगटित ताम संग। (२) मो.-मोम।

मनों वल वाला रंग। उचरँत चारु चंग ॥ छं० ॥ १८४२ ॥
सु रचि जठ्ठर सार। अन्नध उघ्र विहार ॥
फार फार टरे फेफ। परति [1]पंषी रेफ ॥ छं० ॥ १८४३ ॥
हकित सिर विकंध। नचित धर कमंध ॥
नचित रुचि जटाल। संचि सिरनि माल ॥ छं० ॥ १८४४ ॥
सकति अघाइ घोर। वजि राग घंट गोर ॥
रमित रस सभंद। आनंद चिल्हय व्रंद ॥
चुंगल ग्रहंत पल। चुंच वल लै कमल ॥ छं० ॥ १८४५ ॥

शंखधुनी योगियों के साम्हने भौंहा का घोड़ा बढ़ाना।

दूहा ॥ वजत संष दह सत्त। सघन नीसान धुनक्किय ॥
पावस रिति आगमन। सिषर सिषि जानि निरत्तिय ॥
तिन अमित्त पौरष्य। सहस सामंत विअष्पिय ॥
निट्ठुर जैत नरिंद। स्वामि अग्गौ धपि दिष्पिय ॥
हहकारि सीस भौंहा सु भर। गहि अकास नंष्यौ स हय ॥
उड़ मंडल उत्त निरष्ययौ। मनो वाज पंषी सु भय ॥छं०१८४६॥

मांसभक्षी पाक्षियों का वीरों के सीस ले ले कर उड़ना।

दूहा ॥ रुंड मुंड पल पंड [2]भुअ। मचि योगिनि वेताल ॥
चिल्हनि भष जंवुक गहकि। हर गुंथी गल माल ॥ छं०१८४७ ॥
लै चिल्ही भ्रम्मिय सु भर। है हर मिद्धी रूप ॥
वीर सीस चुंगल चंपे। गय [3]ग्रधन्न अनूप ॥ छं० ॥ १८४८ ॥

एक चील्ह का बहुत सा मांस ले जाकर चील्हनी को देना।

कवित्त ॥ लै चिल्हन सिर वीर। वीर भारथ्थ देषि भर ॥
को तर पर तिह थान। विषम प्रव्वत सु रंग वर ॥
उंच रुच्छ वट अति सु रंग। पंष [4]घूंसल अध विच्चं ॥

(१) ए. कृ. को.-पंषां। (२) ए. कृ. को.-हुअ।
(३) ए. कृ. को.-ग्रहधन्न। (४) ए. कृ. को.-घूंसन।

तिहिं सु तट्ट चौसट्ठि। देवि आरंभन रच्चं॥
जिम जिम सु सीस मष्षन कियौ। तिम तिम सुभक्ष तीन भुग्र॥
पल भष्षत छुद्ध भष्षित सकल। आनंदी पंषी सुनिय॥छं०॥१८४९॥

चीलहनी का पति से पूछना यह कहां से लाए।

दूहा॥ आनंदी पंषी सकल। चिल्हानी पुछि कंत॥
कहि कहि गल्ह सु रंग वर। सुष दुष जीवन जंत॥छं०॥१८५०॥
चिल्हानी वुलि पत्ति सों। [1]ऊमंती वरजंत॥
बड़ गुरजन वत्ती सुनी। सो दिट्ठी दिषि कंत॥ छं९॥ १८५१॥

चीलह का कहना कि जैसा अपने पुरुषों से प्राचीन कथा सुनता था सो आज आखों देखी।

कवित्त॥ पुब्ब सुन्यौ वर कंत। जुड्ड वंलि राइ इंद्र वर॥
तिपुर युद्ध संकारि विरुद्ध। भारथ्थ पंड भर॥
षंद जुद्ध तारक्क। कन्ह ससिपाल लंक रघु॥
जरासिंध ज़द्दवनि। दच्छ नंदी जु जगी अघु॥
हरि जुद्ध बीर [2]वीत्यौ असुर। पुब्ब सेन जंप्यौ सुनिय॥
दिट्ठौ सु कंत भारथ्थ मैं। पुब्ब पच्छ अब नह सुनिय॥१८५२॥

चीलहनी का पूछना किस किस में और किस कारणवश यह युद्ध हुआ।

श्लोक॥ कस्यार्थे कंत भावीति। वरणं कस्य सुंदरी॥
कस्य वैर विरुद्धं सौ। कस्य कस्य पराक्रमं॥ छं० १८५३॥

चीलह का सब हाल कहना।

जग्य वैर विरुध्वंसौ। वरनं क्रत्य रंभयौ॥
प्रथीभारो पंगराजो। जोधा जोधंत भूषनं॥ छं०॥ १८५४॥

चीलह का चीलहनी से युद्ध का वर्णन करना और उसे अपने साथ युद्ध स्थान पर चलने को कहना।

(१) ए. कृ. को-उग्गती। (२) मो.-चिंत्यौ।

चौपाई ॥ [1]लुथ्थी लुथ्थि पुलथ्थि प्रमानं । भर भजि गज्जि वीर लुटि थानं॥
हेरे संभर रंभ हकारी । कहो कंत मो पन उच्चारी ॥छं०१८५५॥

दूहा ॥ सुनि विवाद चिल्हौ सु वर । धुनि सुनि वर भारथ्थ ॥
उमा कंति चौसट्ठि दिय । रहि ससु पुच्छिय कथ्थ ॥छं०॥१८५६॥

पद्धरी ॥ [2]उच्चरी चिल्ह भारथ्थ कथ्थ । चौसट्ठि सुनौ सुनि कंत तथ्थ ॥
नर भिरै जुद्ध देवनि मसान । उत मंग गुरें हकि सीस पान ॥
छं० ॥ १८५७ ॥

सुनि दिव्व दिव्व जुद्धह सयंन । षग षगति जुद्ध बन नित्तवंन ॥
रथ रथनि रथ्थ गज गजन जुट्ट । वाजीन वाजि नर नर अहुट्टि॥
छं० ॥ १८५८ ॥

वर सुन्यौ देवि भारथ अपुव्व । उद्दित्त वीर देषंत सव्व ॥
इह रित्त सव्व वाजित्त सार । तन सिद्धि दिंत जोगिनि सु तार ॥
छं० ॥ १८५९ ॥

डमरु डक्क वज्जै [3]अजूप । तुंमर पिसाच पल चर अनूप ॥
गावंत गीत जुग्गिनिय [4]थान । आहत्त जुद्ध चल्लै न भान ॥
छं० ॥ १८६० ॥

नारद नद्द वैताल [5]डक्क । वर वैर रंभ फिरि वरै चुक्क ॥
नच्चै कमंध हक्कंत सीस । पीसंत दंत बंभनी रीस ॥ छं०॥१८६१॥
आचिज्ज जुद्ध जो दिषत तथ्थ । उड़ि चली कंत चौसट्ठि सथ्थ ॥
* * * * । * छं० ॥ १८६२ ॥

कवित्त ॥ सुनत कंत आनंद । बीर आनंद चवसठी ॥
लै चिल्हनि चलि सथ्थ । जुद्ध पिष्षन दिवि उठी ॥
उठे सूर बल ग्रेह । वान अरजुन जिम विद्धत ॥
एक भार उभभार । एक संमुष [6]षग संधत ॥
तेगां अचंभ सुभभै [7]सपत । आरुध्यौ प्रथिराज दिषि ॥

(१) मो. लोथी लोथि । (२) को. उत्तरी ।
(३) मे.-अनूप । (४) ए. कृ. को.-गान ।
(५) ए.कृ.को रुक्क । (६) मो.-मुष । (७) ए. कृ. को सपनु ।

मोहिनि सँजोग पहुपंग सुर। भेंन रन्न चहुआन लिषि॥
छं० ॥ १८६३॥

शंखधुनी योगियों के आक्रमण करने पर महा कुहराम मचना।

दस हजार बर मीर। पंग आयस फिरि अप्पिय॥
छुटिय बान कम्मान। मेछ चावद्दिसि धप्पिय॥
सबर सूर सामंत। वीर वीरं विरुझानं॥
गज्ज जिमी बर पत्त। पत्त झंकुरिआ घानं॥
आवद्ध वीर प्रथिराज बर। असम सिंह आवत्त बल॥
लगि पंच बान उप्पर सु धपि। अगनित दल भंजै सु पल॥
छं० ॥ १८६४॥

बड़ी बुरी तरह से घिर जाने पर सामंतों का चिंता करना और पृथ्वीराज का सामंतों की तरफ देखना।

दूहा॥ दुतिय बेर सामंत फिरि। देषि श्रोन धर धार॥
मन चिंता अति चिंतवन। ढिल्ली ढिल्ली पार॥ छं०॥१८६५॥

कवित्त॥ बान श्रोन प्रथु वीर। बाल देषौ अग्गी हुअ॥
असन बीर बिच राज। बान उड़गन जु मद्धि धुअ॥
इसी लोह विप्फुरै। जानि लग्गै बिय अग्गा॥
फिरि नंष्यै है राज। सूर साही न्टप बग्गा॥
मोरे सु मीर मोहिल परिग। षग्ग मग्ग वोहिथ्थ रिन॥
बर कन्ह सलष ओंदा न्टपति। फेरि न्रिपति दिष्यौ सु तन॥
छं० ॥ १८६६॥

पृथ्वीराज के सामंतों का भी जी खोल कर हथियार चलाना।

सूर पत्त दित संझ। सूर चिंती रस मग्गा॥
बन काठी जल जलनि। राज अग्गा नन अग्गा॥
अल्हन कुंअर नरिंद। कनक बड़ गुज्जर वीरं॥
न्टप अश्वंबन चली। राज अप्पौ लिय तीरं॥

संजोगि पीय दंपति दृहनि । भुप थ्यानन आजत भिरिगि ॥
रवि मुदित चंद उग्गनि परह । फेरि पंग पारस फिरिग ॥
छं० ॥ १८६७ ॥

पृथ्वीराज का कुपित हो कर तलवार चलाना और वान बर्साना ।

झ,कित पंग प्रथिराज । गहिय कर वार चंपि कर ॥
रोस मुट्ठि नित्तरिय । दंत वाही सु कंभ पर ॥
धार मुत्ति आदरिय । पंति लग्गिय सुभ चीरहि ॥
मनहु रोस गहि पग्ग । ढाहि धारा धर नीरहि ॥
मनु दुतिय चंद वद्दल विचै । पंति लग्गि उड़गन रहिय ॥
धर धुकत मंत द्रुम दिग्णियैं । मनहु इंद्र वज्जह वहियि॥छं०॥१८६८॥

दूहा ॥ पंग डंस चहुआन वर । मंच संजोगि सु भार ॥
संझ पार सम्हौ अरैं । अरि पंचन रिपुचार ॥ छं० ॥ १८६९ ॥

कवित्त ॥ परी निसि ससि उदित । सूर सामंत पंति फिरि ॥
उतरि न्नपति प्रथिराज । लघु अनिसंक अभंग करि ॥
उभै तुपार [1]तुपार । वान छुट्टै कमड वर ॥
उभै वीर सम्हौ नरिंद । सोभै सु रंग भर ॥
लग्गौ सु नेंन त्रिकुटी विविच । टोप फट्टि कंठं[2] सु भगि ॥
प्रथिराज सु वल संभरि धनी । जै जै जैं आये सु लगि ॥
छं० ॥ १८७० ॥

दूहा ॥उभै दिवस वित्ते सकल । गत घाटिका निसि अग्ग॥
जो पुच्छै दिवि सकल तू । पुनि भारथ्थ [3]समग्ग ॥ छं० ॥ १८७१ ॥

इसी समय कविचन्द का लड़ने के लिये पृथ्वीराज से आज्ञा मांगना ।

तीर तुवक सिर पर वहत । गहत नरिंद गुमान ॥
वरदाई तहां लरन कों । हुकम मांगि चहुआन ॥

(१) ए. कृ. को. निहार ।　(२) मो.-सुमग्ग ।　(३) ए. कृ. को.-लगि ।

पृथ्वीराज का कवि को लड़ाई करने से रोकना।

हम झूझत रजपूत रिन। जंपत संभरि राव॥
अमर कित्ति सामंत करन। वरदाई घर जाव॥ छं०॥ १८७२॥

कविचन्द का राजा की बात न मान कर घोड़ा बढ़ाना।

कित्ति करन गुन उद्धरन। जल्हन पच्छ सु लज्ज॥
मोहि न्रिपति आयस करौ। ईस सीस द्यौ अज्ज॥ छं०॥ १८७३॥
बिन आयस प्रथिराज कै। धाय नंचयौ वाज॥
कौ रष्षै सुत मल्ह कौ। नूर नूर मुष लाज॥ छं०॥ १८७४॥

कविचन्द के घोड़े की फुर्ती और उसकी शोभा वर्णन।

लघुनराज॥ कविंद वाज नष्षयं। नरिंद चष्ष दिष्षयं॥
मनों जछिच पातयं। हू अंकि मद्धि राजयं॥ छं०॥ १८७५॥
पवंन वेग पाइसं। तुरंग कब्बि रायसं॥
न्रपत्ति अष्प पारषं। बियौ न कोइ आरिषं॥ छं०॥ १८७६॥
नचंत वै किसोरयं। हरै गुमान मोरयं॥
धरा येराक ठौरयं। लियौ सु वप्प तोरयं॥ छं०॥ १८७७॥
दियौ चुहान मौर को। समुद्द की हिलोर को॥
जरावयं पलानयं। अमोल पिठ्ठ ठानयं॥ छं०॥ १८७८॥
मनो कि रष्य भानयं। कविंद जाचि आनयं॥
सु भंत अग्रकान के। मनों भलक्क बान के॥ छं०॥ १८७९॥
हरन्न सच, प्रान के। करे विरंच पानि के॥
हुती उपंम जोरयं। चिया सुनेन कोरयं॥ छं०॥ १८८०॥
कि भोर चित्त हेत की। गरब्भ फाफ केतकी॥
प्रफुल्ल चंद मौजयं। कि पंषुरी सरोजयं॥ छं०॥ १८८१॥
पवन्न हीन पिष्षयं। कि दीप जोति सिष्षयं॥
तमं दरिद्र भंजनं। पतंग झूम दझ्झनं॥ छं०॥ १८८२॥

सुभंत केस वालयं। सरित्त ज्यों सेवालयं ॥
सवद्ध कंध वक्र कौ। सगोल पुट्ठि चक्र कौ ॥ छं० ॥ १८८३ ॥
गिरद्द देत घुम्मरं। पलं हलंत झुम्मरं ॥
षुरं चमक्क उज्जलं। मनों घनंम विज्जुलं ॥ छं० ॥ १८८४ ॥
वरन्न गात भौंर सौ। हलंत पुंछ चौंर सौ ॥
करतं फौज हौसयं। दिप्यौ कनौज ईसयं ॥ छं० ॥ १८८५ ॥
षुरं रजं तुरंगयं। उड़ंत जोर जंगयं ॥
किरन्न सूर मुंदयं। छुट्टंत तीर द्दद्दयं ॥ छं० ॥ १८८६ ॥
वजै निसान नद्दयं। गरज्ज ज्यों सुमुद्दयं ॥
वहंत गज्ज मद्दयं। करंत सद्द रद्दयं ॥ छं० ॥ १८८७ ॥

कविचंद का युद्ध करके मुसल्मानी आनो को विदार देना और सकुशल लौट कर राजा के पास आजाना।

उठै रनं रवद्दयं। सुनंत भट्ट सद्दयं ॥
कमद्द पंग उट्ठयं। सुमेर जेम दिट्ठयं ॥ छं० ॥ १८८८ ॥
करै हुकम्म पट्ठयं। गँभीर भीर अट्ठयं ॥
हुसेन षां कमालयं। षलील षां जलालयं ॥ छं० ॥ १८८९ ॥
पिरोज षां हुजावयं। फरीद षां निवाजयं ॥
अजव्व साज वाजयं। धरंत जुद्ध लाजयं ॥ छं० ॥ १८९० ॥
कुलं जरं गरिट्ठयं। भुजा तिनं वलिट्ठयं ॥
द्रिगं सु [१]घात रत्तयं। मनो गयंद मत्तयं ॥ छं० ॥ १८९१ ॥
लरंत मोर भट्टयं। छुटै हथ्यार थट्टयं ॥
करंत घाव घट्टयं। नचंत जेम नट्टयं ॥ छं० ॥ १८९२ ॥
अरी घटा दवट्टयं। कि विज्जुलं लपट्टयं ॥
परंत चट्ट पट्टयं। पिशाच श्रोन चट्टयं ॥ छं० । १८९३ ॥
सनट्ट हथ्थ भट्टयं। उभै सु मीर कट्टयं ॥
हयगयं सु अंगयं। कलंत श्रोन पंकयं ॥ छं० ॥ १८९४ ॥

(१) ए. कृ. को.-गात रत्तयं।

क्रपान हथ्थ चंदयं । सु रग्गदेव बंदयं ॥
झरंत मीर अंगयं । निकट्ट तट्ट गंगयं ॥ छं० ॥ १८९५ ॥

घटं सु धाव घुम्मयं । परे सु मीर झुम्मयं ॥
लगे तुरंग अंगयं । सँपूर लोह जंगयं ॥ छं० ॥ १८९६ ॥

घटं सु घाव घुम्मयं । परे सु मीर झ,म्मयं ॥
लगे तुरंग अंगयं । सँपूर लोह जंगयं ॥ छं० ॥ १८९७ ॥

फिर्यौ सु चंद तम्मयं । करन्न राज कम्मयं ॥
लगे न घाव गातयं । सहाय द्रुग्ग मातयं ॥ छं० ॥ १८९८ ॥

कबि का पराक्रम और राजा का उसकी प्रसंशा करना ।

दूहा ॥ कुंजर पंजर छिद्र करि । फिरि बरदाई चंद ॥
तिन अंदर जिह्वनि भ्रमत । ज्यौं कंदरा मुनिंद ॥ छं० ॥ १८९९ ॥

कवित्त ॥ लरत चंद बरदाइ । करत अच्छरि बिरदावलि ॥
झरत कुसम गयनंग । धरत गर ईस मुंडावलि ॥
करत घाव[1]कबि राव । पिसुन परि बथ्थ पछारत ॥
भरत पत्र कालिका । भूत बेताल उकारत ॥
जहं तहं ढरंत गज बाज नर । लोह लपटि पावक लहर ॥
मुष वाह वाह प्रथिराज कहि । कटक भट्ट किन्नौ कहर ॥
छं० ॥ १९००

कबि का पैदल हो जाना और अपना घोड़ा कन्ह को देना ।

भयौ पाज कविराज । तंग रुक्यौ दल सायर ॥
कर कुपान चमकंत । कंपि थर हर कर काइर ॥
साज बाज रुधि भीज । किर्यौ छर हर गति नाहर ॥
भूमि तुरंग परंत । सुष्ष जंपिय गिरिजा हर ॥
कविचंद पयादौ होइ करि । न्रप बिरदावलि आपु पढ़ि ॥

(१) मो.-कविराज ।

विलहान कन्ह चहुआन कौ। वगलि भट्ट सिर नाइ चढ्ढि॥छं०॥१९०१॥

नवमी को एक घड़ी रात्रि गए जैचन्द के भाई का मारा जाना।

दूहा ॥ नौमी निसि इक घटि चढ़ी। बंधि परत पिक्खि पंग ॥
धाइ परे चहुआन पर। ज्यों अगि अज्जर दंग ॥ छं०॥१९०२ ॥

जैचन्द का अत्यन्त कुपित होकर सेना को ललकारना। पंग सेना के योद्धाओं का धावा करना। उनकी वीर शोभा वर्णन।

भुजंगी ॥ धाए पंग राजं महा रोस गत्तं। सुनी सावधानं रसं वीर वत्तं ॥
चले तीर तत्ते कहें मेघ वुट्टे। जले पंप पंषी तिते भज्जि छुट्टे ॥
छं० ॥ १९०३ ॥

कछू [1]पंप हीनं [2]तनं जान पायं। जिते वान मानं सरीरं बँधायं॥
महा तेज सूरं वरच्छी भ्रमायं। तहां वड्ड कब्बी उपम्माति पायं ॥
छं० ॥ १९०४ ॥

फलं उज्जलं सोभिते स्याह डंडं। मनों राह चंदं हडूडंत मंडं॥
वजे लोह लोहं वरं सूर रुट्टै। मनों इंद्र के हथ्थ तें वज्ज छुट्टै ॥
छं० ॥ १९०५ ॥

गदा लग्गि सीसं फुटे टूक टोपं। फुटी जानि भानं मयूषं अनोपं॥
[3]भिरं तंनु दीसै न दीसै गुरंतं। तुटी सीस दीसं वलं जा अनंतं॥
छं० ॥ १९०६ ॥

पियं राग [4]सिंधू श्रवन्नं न [5]वट्टं। द्रवै सूर वीरज्ज अंपं उलट्टं ॥
तिनं कन्ह सूरं वलं जा [6]अमन्नं। तनं कि क्रमं रूप धावै दिवन्नं॥
छं० ॥ १९०७ ॥

वहै तेग वेगं गजं सीस धारं। दुहं अंग छंछं रुधी धार पारं ॥
कवीचंद मत्ती उपम्मा जु पट्टी। उपै वद्दलं जानि भारथ्थ कट्टी ॥
छं० ॥ १९०८ ॥

---

(१) मो.-पंग। (२) को.-तिनं, मो.-ननं (३) ए. कृ. को.-भिरंजानि।
(४) मो.-सोधें। (५) ए. कृ. को.-वढूढं। (६) मो.-अनन्तं।

सुभै स्याम [1]फुंदा तनाइंजि जक्की। चलै रत्त धारं दुहुं अंग वक्की॥
उभै पंति वंधू ससी ओर बीचं। उरं चंद मानो चलै चंद सीचं॥
छं० ॥ १९०९ ॥

करी वज्र बीरं न हत्तै हलाई। बधू बाल जैसें बधू ज्यों चलाई॥
हसं हंस हंसं हसं पंच पंचे। उड़े पंच पंचे भगी देह संचे॥
छं० ॥ १९१० ॥

सुनै सूर दिव्वी सु सोभै सु देहं। फले जानि सोभै मधू माधुकेहं॥
भये छिन्न छिन्नं सनाहं निनारी। मनों ग्रेह रज्जं मँडी जानि जारी॥
छं० ॥ १९११ ॥

दिषै देवि आई सुषं एक मोरं। कहै कौन तो [2]सौ ज भारथ्थ जोरं॥
परे सीस न्यारे विरुझझाइ उट्ठे। विना सीस दीसै जमं तेज छुट्टै॥
छं० ॥ १९१२ ॥

करै सीस हक्कै धपै दो निनारे। मनों केत ते राह दूनों हकारे॥
कही बत्त चिल्ही कहं ए सु जीयं। बनी जाहि जीहं सुकै कोटि कीयं॥
छं० ॥ १९१३ ॥

सामंतों का बल और पराक्रम वर्णन।

साटक ॥ छत्री जे पहपंग जुग्गिनि पुरं लीयंत धारा धरं॥
दुत्ती बज्जन बीर धीर सुभटं आलुथ्थि अलुथ्थनं॥
अंती अंत हरंति भंजति धरं धारं रुधिं षारयौ॥
चिल्ही जंभर बीर भारथ बरं जो गीव जत्ती गतं॥ छं० ॥१९१४॥

चिल्हनी का युद्ध देख कर प्रसन्न होना।

दूहा ॥ इह सुनि कर भारथ्थ गति। उड्डि चिल्ही चवसद्दि॥
सो भारथ्थ न दिट्ठयौ। पंषिन अंषिन दिट्ठ॥ छं० ॥ १९१५॥

कवित्त ॥ उठे एक धावंत। सहस रुद्दा अगिनित बल॥
क्रोध किये दस होइ। सहस दसमध्य जूह षल॥
वाहंतै मुरपंच। लष्ष सम्हौ उच्चारं॥
रुधिर पारसह होंसु। षलह अगनित उभ्भारं॥

(१) ए.-फंदा। (२) ए. कृ. को.-तो सूंज।

उच्चरै चिल्ह अस्तुति करी । साथि भरै सामंत दल ॥
भारथ्थ देवि मन उल्हसी । चिल्ह पंषि दिष्षौ सकल॥छं०॥१९१६॥

केहरि कंठीर का पृथ्वीराज के गले में कमान डाल देना ।

केहरि रा कंठेरि । स्वामि सिगिनि गर घत्तिय ॥
वरुन पास निय नंद । लोक पालह पति पत्तिय ॥
हसि हलक्कि हक्कारि । पंग पुत्तिय जानन पन ॥
तात अग्ग संवरिय । राज राजन आनी धन ॥
चहुआन रथ्थ सथ्थह चढ़िय । नंषि बथ्थ कामधज्ज वर ॥
अव देषि बाल लालत्त सु पर । सुतन छाल विच्चै सु वर ॥
छं० ॥ १९१७ ॥

संयोगिता का प्रत्यंचा काट देना और पृथ्वीराज का केहरि कंठीर पर तलवार चलाना।

दूहा ॥ गुन कट्टिय रमनिय सु वर । डसनह पंग कुंआरि ॥
असि वर भार प्रथिराज हनि । सूर हथ्थ नर वारि ॥छं०॥१९१८॥

तलवार के युद्ध का वांकू दृश्य वर्णन ।

त्रोटक ॥ निर वारि सु कड्डिय कंठ तनं । धर ढारि धरद्धर भार घनं ॥
भार लग्गिय भार उभार भरं । कटि मंडल षंड विहंड धरं ॥
छं० ॥ १९१९ ॥
लगि हक्कि सु धार सु बीर सुअं । कठिया किकरिस्सर धार धुअं ॥
असि रुंड सु मुंडन झुंझ पयट्ठ । मनों सुक कूटि कबारिय कट्ठ ॥
छं० ॥ १९२० ॥
जु क्रमे वर केहरि चंगल चंपि । ग्रहे कर पाव उडंत उझंपि ॥
धरे सम जंगल पुच्छ सरोह । सन षत मंडल उंडल सोह ॥
छं० ॥ १९२१ ॥
फिरक्कन आय धरप्पर धुक्क । किलक्कति चष्ष विलग्गिय कुक्क ॥
विभच्छह रस्स सु रच्चिय मेन । हयग्गय लुथ्थि तही पर अेन ॥
छं० १९२२ ॥

(१०) ए-उडंपि ।

धर प्परि संष धर सय मत्त। मुरक्किय सेन सु पंगु रपत्त ॥
मनो भगि धूर अधूर नरिंद। सुदंत मरीच अथंगय चंद ॥
छं० ॥ १९२३ ॥

नवमी की रात्रि के युद्ध का अवसान। सात सौ शंखधुनियों का मारा जाना।

दूहा। तिथ नौमी सिर चंद निसि। बारह सुत्त रविंद ॥
सुत चौरंगी संष धर। कहर कालह कविचंद ॥ छं० ॥ १९२४ ॥
संष धुनिय परि सत्त सय। मुर रानौ कमधज्ज ॥
अति सु अरिष्ट विचारयौ। जाय कि संभर रज्ज ॥ छं० ॥ १९२५ ॥

नवमी की रात्रि के युद्ध की उपसंहार कथा और मृत योद्धाओं के नाम।

कवित्त ॥ निसि नौमी सिर चंद। हक्क बज्जी चावद्दिसि ॥
भिरि अभंग सामंत। वारि वरषंत मंच असि ॥
अयुत जुद्ध आवद्ध। इष्ट आरंभ सत्ति वर ॥
एक जीव दस घटित। दसति ठेलै सु सहस भर ॥
दिठै न देव दानव भिरत। जूह रत्त रत्तिय सु षल्ल ॥
सामंत सूर सोरह परिग। मोरे पंग अभंग दल ॥ छं० ॥ १९२६ ॥

भुजंगी ॥ भए राय दुअ कंक इक्कै समानं। परे सूर सोलह तिनं नाम आनं ॥
पस्यौ मंडली राव माल्हं नहंसौ। जिनै पारिया पंग रा सेन गंसौ ॥
छं० ॥ १९२७ ॥

पस्यौ जावलौ जाल्ह सामंत भारे। जिनै पारिया पंग षंधार सारे ॥
पऱ्यौ बग्गरी बाघ वाहे दुहथ्थै। भिरै षग्ग भग्गौ मिल्यौ हथ्थ .थ्थै ॥
छं० ॥ १९२८ ॥

पस्यौ बीर जादौं बली राव बानं। जिने नंषिया गेंन गय दंत पानं ॥
पऱ्यौ साह तौ सर सारंग गाजी। दुहुं सथ्थ भष्षो भलौ हथ्थ माजी ॥
छं० ॥१९२९॥

पन्यौ पज्जरी राव परिहार राना। पुले सेन नागै पुलै पंग वाना॥
[1]जवै उप्पटौ पंग आवद्ध नीरं। तवै सांपुला सिंह भुज[2]भानि भीरं॥
छं० ॥ १९३० ॥

पन्यौ सिंधुआ सिंधु सादल्ल मोरी। लगे लोह अंगं लगी जानि होरी॥
भिरैं भोज भग्गं नहीं सार भग्गै। पन्यौ मत्त मानों नहीं जूह लग्गै॥
छं० ॥ १९३१ ॥

पन्यौ राव भोंहा उभै चंद सापी। दुकै कुसुम नंपै दुकै कित्ति भापी॥
जिसी भारथं पोडनी अट्ठ होमी। तिसी चैत सुदि रारि निसी एक नोमी॥
छं० ॥ १९३२ ॥

कवित्त ॥ तव नायौ [3]रयपाल। जहां ढिल्ली संभरि वै॥
मुहि सांई लगि मरन। चंद रु सूर सापि दुऐ॥
सार सिंगि सिर परत। फुट्टि सिर चिहुं दिसि तुट्टी॥
धर धायो असमान। अंत पय [4]पय भर पुट्टौ॥
छटक्यौ सु काटक किन्नौ चटक। सव दल भयौ भयावनौ॥
जग जेठ क्रुक्रिक्र धरनी पन्यौ। अच्छरि [5]करिहि वधावनौ॥
छं० ॥ १९३३ ॥

दूहा ॥ पहु पचार रट्ठौर रिन। जिहि [6]सिंगिनि गुर कोन॥
भुज[7]भुअंग सामंत कय। गही संप धर लीन॥ छं० ॥ १९३४ ॥
तुरंग विछिं डिग पंडि तसु। करिग सु सस्त्र विसस्त्र॥
रुधिर धार धर उद्धरिय। भरिग उमा पति पत्र॥ छं० ॥ १९३५ ॥
राज पयंप्यौ भिरन भर। आज कहौं हिय छोह॥
भोंहा भोंह पराक्रमह। कुल चंदेल न होहि॥ छं० ॥ १९३६ ॥

कवित्त ॥ जिने सेप धर संघ। पूर पूरत भुअ कंपिय॥
जिनै संप धर संघ। भूमि डारत भर चंपिय॥
जिनै संप धर संप। राज गर सिंगिनि घत्तिय॥
सो संपहर असि समेत। आयास मपत्तिय॥

(१) ए. कृ. को.-वजे। (२) मो. जानि। (३) ए. कृ. को.-रजपाल।
(४) ए. कृ. को.-पथ, पथ्थ। (५) ए. कृ. को.-करिरहि।
(६) मो.-सिंगिन गर। (७) ए. कृ. को.-भुनंग।

धनि बीर वीर बीरम्म सुभ्र। सु कज्ज वारि अवधारितें॥
सामंत सूर सूरन हनहि। सुकल कित्ति बिसतार तें॥ छं०॥ १९३७॥
दिट्ठी द्रुग्ग नरिंद। कासि राजा जुर जग्गिय॥
राय हनों लंगूर। गोठि करनं कर भग्गिय॥
पंग राय परतष्षि। जंग रष्षन रज साईं॥
निसि नवमी ससि अस्त। गस्त [1]गौअर गहि पाईं॥
हक्कंत दंत चंप्यौ न्रपति। सामंतन असि वर वहिय॥
खग पर्यौ सत्त आथंत कौ। कहिग सब्ब गहियन गहिय॥
छं० ॥ १९३८॥

दूहा॥ सिंधु जस्ति कमधज्ज दल। [2]विवरि अनी अन लष्ष॥
दिय आयस कर उंच करि। [3]कनक राइ परतष्ष॥ छं०॥ १९३९॥
एक लष्ष सेना सुभर। वाजि वज्र रसबीर॥
अनिय बंधि आषाढ़ नभ। बरषि बूंद घन तीर॥ छं० १९४०॥

युद्ध वर्णन।

चोटक॥ सजि सेन मनों मिलि मत्त जलं। मिलि उप्पर पुट्ठि कमद्ध दलं॥
घन नंकिय घंट सु वीर घुरं। भर निर्मल स्वामि सु नेह धुरं॥
छं०॥ १९४१॥
मिलि सेन उभै भर आतुरयं। हुअ नारि सु कातर कातरयं॥
लगि लोह उभै भर संकरयं। असि पावक झाक वढी झरयं॥
छं०॥ १९४२॥
हय भार ढरै धर धार मुषं। किननं कहि धुक्कहि दुट्ट दुषं॥
करि तुट्टहि सुंड सु सीस ढुरै। पय तुट्ट पुलै चक चीह करै॥
छं०॥ १९४३॥
भर सामँत जुद्ध अयास लगै। जय स्वामि सु अप्पह अप्प मगै॥
निज इष्ट सु सूरनि संभरियं। सुनि आइ सबै सोइ संधरियं॥
छं०॥ १९४४॥

(१) मो.-गौवर। (२) ए. कृ. को.-विचार। (३) ए. कृ. को.-कँचन राउ।

भय वीर भयानक रुद्र रसं। धर नच्चि धरघ्घर सीस दसं ॥
जु किय कार अस्सि जुधं अधयं। दिठि दिट्ठि सुजीन सु सा जुधयं॥
छं० ॥ १९४५ ॥

[1]भय धुंधर हक्क किलक्क वजं। गज तुट्टिय ढाल सु नेज धजं ॥
भय सामंत जुद्दइ सद्दरयं। जुरि जुद्दहि रुद्दमि सुद्दरयं ॥
छं० ॥ १९४६ ॥

भम छत्त [2]अछत्त सु राज भयं। जय आस उभै भर वीर गयं ॥
छं० ॥ १९४७ ॥

सामंतों की प्रशंसा।

कवित्त ॥ धनिव सूर सामंत। जीव लगि जतन न कीनौ ॥
धनिव सूर सामंत। सबद जंपत पुर तीनौ ॥
धनिव सूर सामंत। घाय दुज्जन संघारे॥
धनिव सूर सामंत। द्वैप पिष्षी रिन पारे ॥
इतनौ सु कियौ प्रथिराज छल। कहत चंद उत्तिम हियौ ॥
संदेह देवि पय लग्गि करि। तबहि गंग मज्जन कियौ॥छं०॥१९४८॥

अत्ताताई का युद्ध वर्णन।

दूहा ॥ *चौरंगी नन्दन सुभर। अत्ताताइ उतंग ॥
समरि ईस आनंद न्रप। धरि त्रिसूल जुरि जंग ॥ छं०॥१९४९॥

अत्ताताई की सजावट और युद्ध के लिये उसका ओज एवं उत्साह वर्णन।

पद्धरी ॥ जुरि जंग सूर चौरंगि नंद। धकि दंत मंत उप्पर मयंद ॥
जो गिनिय पच लै [3]सजिय संग। उल्हास ईस आनंद अंग ॥
छं० ॥ १९५० ॥

---

(१) ए. कृ. को.-भर। (२) ए. कृ. को.-असत्त।

*दिल्ली के राजा अनंगपाल तूंअर के प्रधान चौरंगी चहुआन जिनका बेटा अताताई था।

(३) ए. कृ. को.-चलिय।

उतंग लोखि त्रिसूल वीर। गज्यौ गगन गल कल कंठीर॥
धर सर पयद्द मधि मत्त दंति। उछ्छारि कमल पग ढिग सु पंति॥
छं० ॥ १९५१ ॥

जलडोहि सु जल वीरत्त रत्त। भंजी सु पारि अरि अनिय मत्त॥
जय जय सु कित्ति जंपै अघाइ। नच्चै सु ईस भर रुंड पाइ॥
छं० ॥ १९५२ ॥

प्राहार लत्त औरत्त एक। है गै तुटंत नर ताम तेक॥
घन रुहिर झाक रंगिय सकत्ति। तन रत्त रुद्र रल ज्यौं अरत्ति॥
छं० ॥ १९५३ ॥

उठ्ठी दुरंग मुषि लग्यौ धाहि। त्रिसूल झारि धर धरनि ढाहि॥
जसवंत कमध कोपै करार। आयौ सु साज सह यट्ट सार॥
छं० ॥ १९५४ ॥

प्राहार कियौ चहुआन जाम। [1]संग्रह्यौ हक्क कंठह सु ताम॥
घसि घाइ सीस उप्पर उझार। प्राहार अवरि अवनी सु ढारि॥
छं० ॥ १९५५ ॥

रुहिरै सु पूर पावस प्रवाह। जल रत्त गंग भिलि भयौ [2]नाह॥
भग्गे सु सेन न्त्रिप पंग जाम। आइयौ हनू लंगूर ताम॥
छं० ॥ १९५६ ॥

अत्ताताई पर मुसल्मान सेना का आक्रमण करना।

दूहा ॥ तत्तारिय तमि पंग भर। करि उप्पर द्रिग वीर॥
अत्तताई उप्परै। आइ षरक्कै मीर॥ छं० ॥ १९५७ ॥

अत्ताताई का यवन सेना को विदार देना।

कवित्त ॥ अततार्इ बर वीर। सेन रुंध्यौ तत्तारी॥
छोह सामि तजि मोह। कोह कढ्ढी कट्टारी॥
गलह अष्षि आभंग। वज्जि नंष्यौ बर बाही॥
जाम समंत विप्फरे। पंग सेना सब गाही॥

(१) ए. कृ. को.-संग्रह्यौ कंठ हासिहक्क ताम। (२) ए. कृ. को.-ताह।

तोषार [1]तुंग पष्पर सहित। परिग भीर गंभीर भर॥
पहु पंग फेरि पारस परिय। घटिय तीय घट्टी पहर॥
छं०॥ १९५८॥

अत्ताताई का अतुलित पराक्रम वर्णन।

अतताई बर वीर। स्वामि लद्धौ न पार बल॥
तीय पहर बाजिग्ग। बज्र बिच परे जूह घल॥
धर समुंद परमान। बद्द मेलौ देषी जुअ॥
धुअ प्रमान पै मंडि। धूअ की नौत अप्प भुअ॥
धर परत धरनि उट्ठे भिरन। हक्कि सीस तिहि ईस बर॥
जंपरे वीर धरनी सु बर। बरन रंभ बंटेति भर॥ छं०॥ १९५९॥

बरन रंभ बंटयौ। भरन पिष्षै पौरिष बर॥
बरन सु नर किय चित्त। सूर रंछिय रन चित्त भर॥
रंभ कहत्तिय आदि। हूर उर वसि उर मंडं॥
जमगत्तौ जिन अंनि। वंद छंडे जिन छंडं॥
संभरी बोल तम बर बरी। भित्त छंछ इच्छी सु बर॥
नन बरे बरहि रहि सु बर। बर्यौ न को रवि चक्रतर॥
छं०॥ १९६०॥

कोपि चाइ चहुआन। तठ्ठि तर सूर उपारिय॥
सिंगी नाद अनंद। इष्ट करि इष्ट संभारिय॥
सुधिर सत्त सामंत। रुधिर पष्पर लष संगह॥
रहसि राइ लंगूर। ग्रीव चंप्यौ आभंगह॥
जै सद्द बद्द जोगिनि करिय। अत्ताताइ उतंग सिर॥
भरि हरिय पंग पंगुर सयन। गंग सु रंगिय रंग ढरि॥ छं०॥ १९६१॥

अत्ताताई के युद्ध करते करते चहुआन का गंगा पार करना।

दूहा॥ ढरत सु धर चहुआन कौ। मद्धि गंग वै माहि॥
जय जय सुर जंपिय सु भर। धनि धनि अत्ताताइ॥ छं०॥ १९६२॥

---

(१) मो.-तुरंग।

गंधर्वों का इन्द्र से कहना कि कन्नौज का युद्ध देखने चलिए और इन्द्र का ऐरावत पर सवार होकर युद्ध देखने आना।

पद्धरी ॥ गंध्रब्व सुग्ग पत्ते सु जाम। आनंद उअर उप्पनौ ताम ॥
आदर सु इंद्र दीनौ विश्राम। मेलयौ जुद्ध भल कीन काम ॥
छं ॥ १९६३ ॥

गंध्रब्ब कहै सुनि सुग्ग देव। सामंत जुद्ध पिघ्घन स टेव ॥
जस करौ रथ्थ ऐराय इंद्र। देषनह जुद्ध कमधज्ज दंद ॥
छं० ॥ १९६४ ॥

सजि चले देव अन्नेक सथ्थ। सोभंत रंग अन्नेक रथ्थ ॥
अपछर अनेक चालंत सुग्ग। अन्नेक सुभट लेपंत मग्ग ॥
छं० ॥ १९६५ ॥

गंगह दुकूल ढाहंत सेन। रेलयौ कटक सरिता प्रवेन ॥
अन्नेक करी वहता सु दीस। वेहाल मुष्य पारंत चीस ॥
छं० ॥ १९६६ ॥

चंपे लँगूर अतताइ जब्ब। बंधेव तोन संकर गुरब्ब ॥
सा बद्ध वेध लाघव्व सार। मारंत सेन संगह प्रहार ॥ छं० ॥ १९६७ ॥
सामंत सज्जि चव ओर जोर। अन्नेक सेन चिच करत सोर ॥
रोप्पयौ बीच सित सहस षंभ। गज गाह रंधि देषत अचंभ ॥
छं० ॥ १९६८ ॥

पच्चास कोस रिन षेत ह्रूअ। कीनौ सु जुद्ध सामंत धूअ ॥
* * * * ॥ * * छं० ॥ १९६९ ॥

पृथ्वीराज का कविचन्द से अत्तात्ताई की कथा पूछना।

दूहा ॥ अत्तातोइ अभंग भर। सब पहु प्राक्रम पेषि ॥
लग्गी टगटगी दुअ दलनि। न्त्रिप कवि पुच्छि विसेष ॥ छं० ॥ १९७० ॥
अतुलित बल अतुलित तनह। अतुलित जुद्ध सु विंद ॥
अतुलित रन संग्राम किय। कहि उतपति कविचंद ॥ छं० ॥ १९७१ ॥

(१) ए. कृ. को.-सर्ग। (२) ए. कृ. को.-तव्व।

कविचन्द का अत्ताताई की उत्पत्ति कहना कि तुअरों के मंत्री चौरंगी चहुआन को पुत्री जन्मी और प्रसिद्ध हुआ कि पुत्र जन्मा है।

कवित्त ॥ चौरंगी चहुआन । राज मंडल आसापुर ॥
तूंअर धर परधान । सु बर जानै वृत्तासुर ॥
[1]धर असंघ धन धरिय । एक नारिय सुचि धाइय ॥
तिहिं उर पुत्री जाइ । पुत्र करि कही बधाइय ॥
करि संसकार दुज दान दिय । अत्ताताइय कुल कुंअर ॥
न्रिप अनँगपाल दीवान महि । पुत्र नाम अनुसरइ सर ॥
छं० ॥ १९७२ ॥

पुत्री का यौवन काल आने पर माता का उसे हरिद्वार में शिवजी के स्थान पर लेजाकर शिवार्चन करना।

अति तन रूप सरूप । भूप आदर कर उट्ठहि ॥
चौरंगी चहुआन । नाम कीरति कर पट्ठहि ॥
द्वादस बरष सु पुज्ज । मात गोचर करि रष्यौ ॥
राज काज चहुआन । पुत्र कहि कहि करि भष्यौ ॥
हरद्वार जाइ बुल्ल्यौ सु हर । सेव जननि संहर करिय ॥
नर कहै रवन [2]रवनिय पुरुष । रूप देषि सुर उद्धरिय ॥
छं० ॥ १९७३ ॥

दूहा ॥ जब त्रिय अंग प्रगट्ट हुअ । तब किय अंग दुराइ ॥
अद्ध रयन लै अनुसरिय । सिव सेवन सत भाइ ॥ छं० ॥ १९७४ ॥

शिवस्तुति।

विराज ॥ स्वयं संभु सारी । समं जे सुरारी ॥
उरं विष्य धारी । गरल्लं विचारी ॥ छं० ॥ १९७५ ॥
ससी सीस सारी । जटा जूट धारी ॥
सिरं गंग भारी । कटिं ब्रह्मचारी ॥ छं० ॥ १९७६ ॥

(१) ए. कृ. को.-धन ।　　(२) ए. कृ. को.-नवनिय ।

मया मोह कारी। अपंजा विडारी ॥
गिरिज्जास पारी। उछंगं सु नारी ॥ छं० ॥ १९७७ ॥
धरी वज्र तारी। चयं नाउंकारी ॥
प्रलै जद्दि झारी। करे नेन कारी ॥ छं० ॥ १९७८ ॥
अनंगं प्रहारी। मतं ब्रह्मचारी ॥
धरै सिंग सारी। विभूतं अधारी ॥ छं० ॥ १९७९ ॥
जुगं तत्त जारी। छिनं जे निवारी ॥
सुअं सार धारी। [1]भुगत्तं उधारी ॥ छं० ॥ १९८० ॥
इसौ सिंभु राया। न दिष्यौ न माया ॥
तिनं कित्ति पाया। जगत्तं न चाया ॥ छं० ॥ १९८१ ॥
चढ़े वृष्य सीसं। विभूती वरीसं ॥
मनों कन्न रव्वी। अपं जोध सव्वी ॥ छं० ॥ १९८२ ॥
दूहा ॥ मात पिता बंधव सकल। तजि तजि मोह प्रमान ॥
दस कन्या वर संग लै। गायन गौ सुरयान ॥ छं० ॥ १९८३ ॥

कन्या का निराहार वृत कर के शिवजी का पूजन करना।

ईस जप्प दिन उर धरति। तजि संका सुर [2]वार ॥
सो बाली लंघन किये। पानी पन्न अधार ॥ छं० ॥ १९८४॥
पंच धने पुज्जंत सिव। गहि गिरिजा तस पानि ॥
चिय कि पुरुष हवि संचु कहि। विधि कलि बंध प्रमान ॥
छं० ॥ १९८५ ॥

शिवजी का प्रसन्न होना।

एक दिवस सिव रीझ कै। पूछन छंहन लीन ॥
सुनि सुनि बाल विसाल तौ। जो मंगै सोइ दीन ॥ छं० ॥ १९८६॥

कन्या का बरदान मांगना।

सुझ पित जुग्गिनिपुर धनिय। अनँगपाल परधान ॥
पुत्र पुत्र [3]कहि अनुसरिय। जानि वितड्डर मानि ॥ छं० ॥ १९८७॥

(१) ए. कृ. को.-भुगत्तं। (२) ए. कृ. को.-बाल। (३) ए. कृ. को.-कर।

कवित्त ॥ [1]विदित सकल सुनि चपल। सतीअ लंपट विन कपटे ॥
भगत उधव अरविंद। सीस चंदह दिषि झपटे ॥
गीत राग रस सार। सुभर भासत तन सोभित ॥
काम दहन जम दहन। तीन लोकह सोय लोकित ॥
सुर अनँग निद्वि सामँत गवन। अरि भंजन मज्जन रवन ॥
मो तात दोष वर भंजनह। तुअ विन नह भंजै कवन ॥
छं० ॥ १९८८ ॥

शिवजी का बरदान देना।

दूहा ॥ जयति जुवति संतोष घन। संचहि यामी आव ॥
सुवर बाल नन आइयै। सो विह लघ्यौ सु पाव ॥ छं० ॥ १९८९ ॥
पुच लिपिनि पुञ्चैं कहौं। देउ सु ताहि प्रमान ॥
जु कछु इंछ वंछै मनह। सो अप्पौ तुहि ध्यान ॥ छं० ॥ १९९० ॥

शिवजी का बरदान कि आज से तेरा नाम अत्ताताई होगा और तू ऐसा वीर और पराक्रमी होगा कि कोई भी तुझ से समर में न जीत सकेगा।

पद्धरी ॥ बोलेति सिंभ बालह प्रमान। आघात कियौ देवलनि आनि ॥
आना नरिंद वेताल हक्कि। डर करै नाथ बाला प मुक्कि ॥
छं० ॥ १९९१ ॥
षट मास गये विन अन्न पान। दिष्यौ सु चिंत निह कपट मान ॥
चल चलइ चित्त तिन लोइ होइ। पावै न देव तप झूठ कोइ।
छं० ॥ १९९२ ॥
निश्चलह चित्त जिन होइ बीर। पावै जु सुर्ग सुष मद्धि कीर ॥
जगि जग्गि निसा तज्जिय चिजाम। सपनंत ईस दिष्यौ [2]प्रमान ॥
छं० ॥ १९९३ ॥
अतताइ नाम तो धरौं बीर। पावैव राज राजन सरीर ॥
ना लषै पुत्त तुअ तात येह। तजि नारि रूप धरि अम्म देह ॥
छं० ॥ १९९४ ॥

(१) ए. कृ. को.-दिवस तरल। (२) ए. कृ. को.-पनाम।

जं होई सब्ब भारथ्थ काल। भंजै न तूअ तिन अंग साल ॥
किरनेव किरन फुट्टत प्रकाल। भंजै सु वलह लुकि अग्ग धार ॥
छं० ॥ १९९५ ॥

भारथ्थ रमन जब होइ काल। मरअंत काल वाल हति वाल ॥
तुअ अंग जंग 'पुज्जै न जुद्ध। मानुच्छ कोन करिहै विरुद्ध ॥
छं० ॥ १९९६

जिन मध्य होइ अतताइ भान। कट्टिहैं तिमिर दुज्जन निधान ॥
झलकंत कनक दिष्यौत वाल। जग्गयौ वीर तिन मध्य काल ॥
छं० ॥ १९९७ ॥

लच्छि कच्छि वंधी सु थाल। पावहि सु वीर वीरह विसाल ॥
इह कहिरु वीर गय अप्प थान। विभ्भूत चक्र डोंरु प्रमान ॥
छं० ॥ १९९८ ॥

मालाति अरत्त दीसै उतंग। सिव रूप धरिग मन दुति अनंग ॥
सिर नेत दीन सुष्पम थान। इह काल करिग आयौ सु पान ॥
छं० ॥ १९९९ ॥

साटक ॥ जुत्तं जो सिव थान अनगति वरं, कायाल भूतं वरं ॥
डोंरु डक्कय नद्द नारद वलं, वेताल वेतालयं ॥
तूं जीता रन वारुनैव कमलं, जै जै अताताइयं ॥
क्षातं मंचय छित्ति तारन तूही, पुज्जै न कोई वलं ॥ २००० ॥

कवि का कहना कि अत्ताताई अजेय योद्धा है।

दूहा ॥ नागति नर सुर असुर मय। असुर चित्त परमान ॥
तो जित्तै अतताइ जुध। सो नह दिष्षिय आन ॥ छं० ॥२००१ ॥

अत्ताताई के वीरत्व का आतंक।

कवित्त ॥ अत्ताताइ उतंग। जुद्ध पुज्जै न भीम वल ॥
थुति धावत करै देव। चक्र वक्रैत काल कल ॥
गह गह गह उच्चार। मध्य कंपै मघवा भर ॥

(१) ए. कृ. को.-पुच्छै।

अरु कंपै हगपाल। काल कंपै सु नाग नर॥
उच्छाह तात संमुह करिय। जाय सपत्तह पुत्त पह॥
लभ्भै सु कोटि कोटिह सु नन। सो लभ्यौ [1]सत्ती सु दहि॥
छं० ॥ २००२ ॥

दूहा ॥ तूं तारन कल उपज्यौ। अत्ताताइ उतंग॥
जिन हुकंम कल कल करिय। करै सु रनह अभंग॥
छं० ॥ २००३ ॥

रन अभंग को करै तुहि। तूं वढ़ देवह थान॥
चाव द्दिसि सो भिंटई। हरत पान गुन मान॥ छं० ॥ २००४ ॥

उस कन्या के दिल्ली लौट आने पर एक महीने में उसे पुरुषत्व प्राप्त हुआ।

इक मास षट दिवस वर। रहि न्टप दिल्ली थान॥
सु वर वीर गुन उप्पजिय। सुनि संभरि चहुआन॥ छं० ॥ २००५ ॥
भाई सोई पय सु लहि। वंछि जनम सँघ नाव॥
दुसतर जुग ने तीर ज्यौं। छुटै न वंधव पाव॥ छं० ॥ २००६ ॥
नर चिंता पाच तलभै। जौ परुपन सुष्याइ॥
तौं वंधन छुट्टै परी। जौ सुद्धौ जग्गाइ॥ छं० ॥ २००७

इस प्रकार से कवि का अत्ताताई के नाम का अर्थ और उसके स्वरूप का वर्णन बतलाना।

कवित्त ॥ सिव सिवाह सिर हथ्थ। भयौ कर पर समथ्थ दै॥
सु विधि राज आदरिय। सत्ति स्वामित्त अथ्थलै॥
वपु विभूति आसरै। सिंगि संग्राह धरै उर॥
त्रिजट कथं कंठरिय। तिष्यि तिरसूल धरै कर॥
कलकंत वार किलकंत क्रमि। जुग्गिनि सह सथ्थै फिरै॥
चौरंगि नंद चहुआन चित। अत्तताइ नामह सरै॥ छं० ॥ २००८॥

(१) ए. कृ. को.-छत्ती।

आयौ तब ढिल्ली पुरह। लै चहुआन सु भार॥
कोट सबैं सामंत भय। अत्तताइ [1]हम नार॥ छं०॥ २००९॥

नमसकार सामंत करि। जब जब दिष्पहि ताहि॥
तब तब राज बिराज में। रहें भूप मुय चाहि॥ छं०॥ २०१०॥

ढिल्ली सह सामंत सह। अमर सु क्रत ढिग थान॥
[2]समर सिंघ रावल सुभर। ग्रह लै गौ चहुआन॥ छं०॥२०११॥

इह बत्ती कविचंद कहि। सुनिय राज प्रथिराज॥
जुद्ध पराक्रम पेषि कैं। मंन्यौ सब क्रत काज॥ छं०॥ २०१२॥

अत्ताताई के मरने पर कमधुज्ज सेना का जोर पकड़ना और केहरि मल्ल कमधुज्ज का धावा करना।

कवित्त॥ अतताइय धर पन्यौ। वाग उप्परी पंग भर॥
गहन हुकम किय राज। वीर पंगुरा सुभर भर॥
सस्त्र वीर प्रथिराज। दिसा केहरि करि जिल्लं॥
हुकम वीर कमधज्ज। सस्त्र [3]ओडन सब झिल्लं॥
कम्मान सीस धनि न्त्रपति गुन। कढ़ी रेष नरपत्ति वर॥
सामंत सूर तीरह निकसि। करिग राज उप्पर सु भर॥
छं०॥ २०१३॥

पंग की कुपित सेना का अनेक वर्णन।

भुजंगी॥ कहै चंद कव्वी कह्यौ ज्यों फुनिंदं। वरं चार चारं भुजंगी सुछंदं॥
ससी सोम सूरं करूरं जु धायं। गिरि पंग सेनं छिनं भेह लायं॥
छं०॥ २०१४॥

करी बीर दून दुहन्नं दुहाइ। दुहुं अग्गि सिंगी दुहुं नैन नाई॥
दोऊ बीर रूपं बिरूझ्झाय धाई। मनों घोटरं टक्करं एक छाई॥
छं०॥ २०१५॥

अनी सों अनी अंग अंगी षरक्की। मनों भोंन भानं दुहुं बीच बक्की॥
मिली मंडली फौज पहूपंग घेरी। किय क्रोध दिट्ठी चहूआन हेरी॥
छं०॥ २०१६॥

(१) ए. इम। (२) मो. अमर सिंह। (३) मो. ओड़त।

सनै सल्ल मंतं अवतं ज सूरं । भारै दिष्ट वैरी लगै जे करूरं ॥
दिसा धुंधरी पंच विम्भान छायौ। किधौं फेरि वरिषा जु आषाढ़ आयौ॥
छं० ॥ २०१७ ॥

गजै सार धारं निसानं प्रमानं। फिरै पंति दंती घनं सेस मानं ॥
वजै सद्द झिंगूर [1]उदंद क्रूरं। पढै भट्ट वीरं सम जानि [2]सूरं ॥
छं० ॥ २०१८ ॥

धजा सेत नीलं सु मतं फिरंती। मनों सुक्क मालं वगं पच्छ जंती॥
उडै सार धारं [3]किरचान तथ्थं।उड़ै भिंगनं जानियै विज्ज सथ्थं ॥
छं० ॥ २०१९ ॥

उडै सार सारं असी वंक भारं।मनों अभ्भि सरन वाल वज्यौ सवारं॥
भयं अंग रत्तं ढुरै रुद्धि इल्ली। मनों दृष्य पायं नदी जानि चल्ली॥
छं० ॥ २०२० ॥

कहै रंभ लेयं नहीं हथ्थ आवै ।तिनं सार धारं सु मंगल्ल गावै॥
रही अच्छरी हारि मनोरथ्थ पुट्टै।मनो विरहिनी हथ्थ तें पीउ छुट्टै॥
छं०॥ २०२१ ॥

ढलं ढाल ढालं सु रत्ती फिरंती । गुरं गज्ज छंडै चढ़ै पंष पंती॥
परे पंच सूरं जु भारथ्थ भारै । जिनं पंग सेनं सवं पग्ग झारै॥
छं० ॥ २०२२ ॥

दूहा ॥ पंग राव चहुआन वर । सब वित्ते कविचंद ॥
देवासुर भारथ्थ [4]नन । नन व्रित्ते सुर इंद्र ॥ छं० ॥ २०२३ ॥

कवित्त ॥ परत पंच भारथ्थ । चंपि चहुआन अरुझि झय ॥
डररि सब्ब सामंत । मुत्ति लब्बन मन सुभिझय ॥
धर धारव चंपिय सु । पंग पारस गहि नंषिय ॥
जियन जुद्ध तुछ कीय । कित्ति कीनी जुग सष्यिय ॥
कलहंत केलि लग्गी विषम । [5]तन सुरत्त वर उम्भरिय ॥
मनों पुहप हथ्थ बंधन वलह । अमर अम्भ पूजा करिय ॥
छं० ॥ २०२४ ॥

---

(१) ए. कृ. को.-उज्झंत ।　　(२) मो. सूरं ।　　(३) मो. किरवान ।
(४) ए. कृ. को.-सन ।　　(५) मो.-नन ।

युद्ध स्थल की पावस से उपमा वर्णन।

बर माधव पहुपंग। सार उन्नयौ सरुष झर॥
बज्जी बर प्रथिराज। सोर मंडै अद्भुै गिरि॥
सस्त्र तेज उद्धाय। [1]सांम खगियन सु बुंद असि॥
घरी एक धर धरे। सार बुट्टंन स्रूर धसि॥
अवरत्त बीय बज्जे विषम। भगि अप्पी नर स्रूर विव॥
प्रथिराज दान घन दीय सस्त्र। ग्रहन राह अरि भजन रवि॥
छं०॥ २०२५॥

दूहा॥ छिंनक उसरि बद्दलति दल। छत्र पंग सिर भास॥
हेम दंड चलि उदै सय। ग्रह चंपे रवि रास॥ छं०॥ २०२६॥

पंगराज के हाथी की सजावट और शोभा।

कवित्त॥ रत्ति ढाल ढलंकति। रत्त अम्मरिय पीत धज्ज॥
सेत मंत गज झंप। रत्त मंडत्त सहस गज्ज॥
मनों राइ रवि व्योम। भोम चढ़ि षिष्षि दल बयवं॥
सज्जि सेन कमधज्ज। अग्ग दीनी अरि हिंबं॥
तिम चढ्ढत घटत किरनाल कर। भै भ्रभंत चतुरंगिनिय॥
तन कढ्ढि करषि कायर धरषि। सुमरि सोम वासर गनिय॥
छं०॥ २०२७॥

पंगराज की आज्ञा पाकर सैनिकों का उत्साह से बढ़ना। उनकी शोभा वर्णन।

दूहा॥ इन भज्जै संजोगि ग्रह। जीय संपतौ राज॥
अजुत जुद्ध रिन जित्तही। पंग सु भर [2]किहि काज॥छं०॥२०२८॥

रसावला॥ पंग कोपे घनं। लोह बज्जे भनं॥
ओड मंडे [3]ननं। बीर बज्जै रनं॥ छं०॥ २०२९॥
चचरं चंमनं। चंपि पुत्ते मनं॥
वान रोसं भनं। अंत [4]तुट्टै घनं॥ छं०॥ २०३०॥

---

(१) ए. कृ. का.-स्याम। (२) ए. कृ. को.-कहि।
(३) ए. कृ. को.-ननं। (४) ए. कृ. को.-छट्टे

सज्ज वीरं धनं। वीर नंचै छिनं॥
दंत दंती तनं। सीस चट्ठी फनं॥ छं०॥ २०३१॥
माहि सेलं ननं। जोत रिप्पे कनं॥
सोर लग्गो तिनं। जक्क जे संमनं॥ छं०॥ २०३२॥
सिंघ देषे तिनं। ग्रब्ब मेरं मनं॥
कोटि तप्पं तनं। पग्ग पावं छिनं॥ छं०॥ २०३३॥
सीस घक्के फनं। द्रोम नंचे घनं॥
सूर दिप्पे छिनं। जानि कीयं ननं॥ छं०॥ २०३४॥
सज्ज पंकं [1]पुतं। ढोरि पन्नं जुतं॥
लोटि घंनं मनं। कित्ति वंधं तनं॥ छं०॥ २०३५॥

पृथ्वीराज की तरफ से हाड़ा हम्मीर का अग्रसर होना।

कवित्त॥ हाड़ा राव हमीर। राय गंभीर विवंधौ॥
लष्यौ ना तोषार। लष्य जर जीन सहंदौ॥
राज अग्ग फेरि यंहि। जाहि जंगल पति जानहि॥
